सूर्योदय : 6:07
सूर्यास्त : 5:34
अधिकतम तापमान : 31.0
न्यूनतम : 18.0

RNI NO : UPHIN/2010/31173

डाक पंजीकरण संख्याः
SSP/LW/NP-422/2014-2016

वर्ष-17 अंक-133 पेज-16
मूल्य : 3 रुपया

लखनऊ, शुक्रवार, 20 अक्टूबर 2023
04 रबीउस्सानी, 1445 हिजरी

हिन्दी दैनिक
# अवधनामा
www.avadhnama.com

G20



### मुख्यमंत्री योगी ने हाथरस में किया 177.29 करोड़ रुपये की 214 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण, नारी शक्ति वंदन कार्यक्रम में हुए शामिल

# महिलाओं का विकास हमारी प्राथमिकता है: योगी

**संबोधन**

- पुलिस में 33 फीसदी महिलाओं की होगी भर्ती
- सरकार का उद्देश्य, हाथरस की बेटियां भी आगे बढ़ें
- बेटा और बेटी में भेदभाव नहीं होना चाहिए



**हाथरस।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि महिलाओं का विकास हमारी प्राथमिकता है। आज सरकार की सभी योजनाओं का लाभ गरीबों को मिल रहा है। गांव, गरीब, किसान, नौजवान और महिलाएं डबल इंजन की सरकार के एजेंडे में हैं। पिछले साढ़े नौ साल के अंदर हमने नए भारत का दर्शन किया है, जिसमें किसी के साथ जाति, धर्म और लिंग के आधार पर कोई भेदभाव नहीं हो रहा है। महिलाओं की भागीदारी को सुनिश्चित करते हुए उनको आगे लाया जा रहा है। सीएम योगी ने गुरुवार को सेठ फूल चंद बांग्ला पीजी कॉलेज में आयोजित नारी शक्ति वंदन कार्यक्रम को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने 177.29 करोड़ रुपये की 214 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण/शिलान्यास किया। साथ ही सीएम योगी ने सरकार की विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को प्रमाण पत्र वितरित करते हुए संवाद किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि अब उत्तर प्रदेश के अंदर दंगे बंद हो गए हैं। खुशी के साथ यहां त्यौहार मनाए जा रहे हैं। सीएम योगी ने कहा कि डबल इंजन की सरकार की सोच विकास की है। इसी के अंतर्गत सरकार सड़क, पेयजल, स्टेडियम सहित अपने तमाम कार्यक्रम को आगे बढ़ा रही है। उन्होंने कहा कि सभी ने साढ़े नौ वर्ष के अंदर देश और साढ़े छह वर्ष के अंदर उत्तर प्रदेश में बदलती हुई स्थितियों को देखा है।

## सीएम योगी ने अलीगढ़ को दी 496.46 करोड़ की सौगात

- बिना भेदभाव मिल रहा योजनाओं का लाभ: सीएम

**अलीगढ़।** यूपी सीएम योगी आदित्यनाथ ने अलीगढ़ को 496.46 करोड़ रुपये की 208 विकास परियोजनाओं की सौगात दी, जिसमें 231.83 करोड़ रुपये के 103 कार्यों का लोकार्पण एवं 264.63 करोड़ के 105 कार्यों का शिलान्यास शामिल हैं। इस दौरान सीएम योगी ने विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को प्रमाण-पत्र वितरित किए। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि 2017 से पहले की सरकारों में अनुसूचित वर्ग को यातनाएं देने का काम होता था। उन्हें सिर्फ सिर्फ वोट बैंक के रूप में उपयोग किया था। मगर कभी कल्याण नहीं हुआ और सम्मान नहीं दिया गया। अनुसूचित वर्ग के महापुरुषों की मूर्तियों को हटाने के प्रयास के साथ उन्हें अपमानित किया गया। मगर भाजपा की केंद्र व प्रदेश की सरकारें उन्हें सम्मान व सुरक्षा देने का काम कर रही हैं। बिना भेदभाव योजनाओं का लाभ मिल रहा है। प्रधानमंत्री मोदी के साढ़े नौ वर्ष के कार्यकाल दौरान देश परिवर्तन और नई ऊंचाई को प्राप्त कर रहा है।



सीएम योगी ने नुमाइश मैदान में आयोजित अनुसूचित वर्ग सम्मेलन में बटन दबाकर शिला पट्टिकाओं का अनावरण किया

# पति या पत्नी के जीवित रहते दूसरी शादी अवैध

- दिल्ली हाईकोर्ट ने पारिवारिक अदालत का फैसला पलटते हुए की टिप्पणी
- एक पक्ष की सहमति दूसरी शादी को वैधता प्रदान नहीं कर सकती है



**नई दिल्ली।** एक पक्ष की सहमति पर दूसरी शादी करने से जुड़े एक मामले में दिल्ली हाईकोर्ट ने अहम निर्णय सुनाते हुए कहा कि हिंदू विवाह अधिनियम में पति-पत्नी में से किसी एक के जीवित रहने पर दूसरी शादी करने पर कानूनी रोक लग जाती है।

ऐसे में एक पक्ष की सहमति दूसरी शादी को वैधता प्रदान नहीं कर सकती है। न्यायमूर्ति सुरेश कुमार कैत व न्यायमूर्ति नीना बंसल कृष्णा की पीठ ने कहा कि अधिनियम की धारा 5 (आई) के अनुसार दूसरी शादी के लिए जीवन जीवनसाथी नहीं होना चाहिए। अदालत ने उक्त टिप्पणी पारिवारिक अदालत के आदेश को चुनौती देने वाली एक पत्नी की याचिका को खारिज करते हुए की। पारिवारिक अदालत ने पति की याचिका को स्वीकार कर लिया और महिला की दूसरी शादी को अमान्य घोषित कर दिया था। दोनों की शादी वर्ष 2009 में हुई थी।

महिला ने इससे पहले एक व्यक्ति से शादी की थी और वर्ष 2008 में उसे तलाक दे दिया गया था। हालांकि, उसके पहले पति ने तलाक की मंजूरी के खिलाफ अपील दायर की थी। पत्नी ने स्वीकार किया कि उसे दिसंबर 2008 में अपने पहले पति की अपील की लंबितता के बारे में पता चला, लेकिन वर्ष 2012 में चार साल से अधिक समय के बाद उक्त अपील वापस ले ली गई थी। इसके बाद उनकी दूसरी शादी में पक्षों के बीच मतभेद के कारण दूसरे पति ने इस आधार पर शादी को रद करने के लिए याचिका दायर की कि पत्नी की पहली शादी कायम थी। उन्होंने दावा किया कि पहली शादी के अस्तित्व के दौरान पत्नी की दूसरी शादी अमान्य है।

### पीएम मोदी ने फिलिस्तीन के राष्ट्रपति महमूद अब्बास से फोन पर की बात

# दुख की घड़ी में साथ है भारत: मोदी

- फिलिस्तीन को लेकर पुरानी नीति पर भारत अडिग
- पीएम मोदी ने मदद का दिया आश्वासन
- मानवीय सहायता भेजना जारी रखेगा भारत




**नई दिल्ली।** भारत ने एक बार फिर स्पष्ट किया है कि फलस्तीन को लेकर उसकी पुरानी नीति में कोई बदलाव नहीं आया है। गुरुवार को पीएम नरेन्द्र मोदी ने ना सिर्फ फलस्तीन के राष्ट्रपति महमूद अब्बास से टेलीफोन पर बात करके इजरायल-फलस्तीन मुद्दे पर भारत की पारंपरिक नीति को लेकर अपनी प्रतिबद्धता जताई बल्कि उन्हें यह भी आश्वस्त किया कि फलस्तीन को भारत मानवीय आधार पर मदद भी देना जारी रखेगा।

इजरायल की तरफ से गाजा पट्टी पर हो रहे हमले और आतंकी संगठन हमास की तरफ से इजरायल पर हो रहे हमले के बीच भारतीय विदेश मंत्रालय ने यह भी कहा है कि इस विवाद में मानवीय कानूनों का पूरी तरह से पालन होनी चाहिए। साफ है कि रूस-यूक्रेन युद्ध की तरह यहां भी अपने हितों के बीच कूटनीतिक तालमेल बिठाने में कोई कसर नहीं छोड़ रहा। पीएम मोदी ने गुरुवार को सोशल मीडिया साइट एक्स पर बताया है कि, फलस्तीन के राष्ट्रपति महमूद अब्बास से टेलीफोन पर बात हुई है। गाजा स्थित अल अहली अस्पताल में मारे गये जनता के प्रति अपनी शोक संवेदना को प्रकट किया। हम फलस्तीन की जनता को मानवीय आधार पर मदद पहुंचाना जारी रखेंगे। आतंकवाद, हिंसा और इस क्षेत्र की बिगड़ती सुरक्षा हालात को लेकर अपनी गहरी चिंता भी साझा की। इजरायल-फलस्तीन मुद्दे पर भारत की पहले से चली आ रही सैद्धांतिक नीति को जारी रखने के बारे में भी बताया। पीएम मोदी इसके पहले इजरायल के पीएम बेंजामिन नेतन्याहू से भी टेलीफोन पर बात की थी और हमास के हमले में मारे गये इजरायली जनता के प्रति अपनी संवेदना प्रकट की थी। मोदी ने तब कहा था कि इस दुख की घड़ी में भारत की जनता इजरायल के साथ है।

**इजरायल से लौटे 1200 भारतीय**

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अरिंदम बागची ने बताया कि इजरायल से भारतीयों को लाने का काम जारी है। अभी तक पांच फ्लाइटों से 1200 भारतीयों को स्वदेश लाया जा चुका है। अगर जरूरत पड़ी तो और भी फ्लाइटें शुरू की जाएंगी। लेबनान में भी स्थित के बिगड़ने को लेकर उन्होंने बताया कि भारत की नजर उस पर है, लेकिन अभी वहां भारतीयों को जाने को ले कर कोई सतर्कता संबंधी नोटिस जारी

### राष्ट्रपति ने महात्मा गांधी केंद्रीय विवि. के दीक्षांत समारोह में लिया भाग, कहा

# सबको शिक्षा का समान अवसर मिले: मुर्मू

- विश्व समुदाय में अनेक लोग गांधीजी में भारत का मूर्त रूप देखते हैं: राष्ट्रपति




**मोतिहारी।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू गुरुवार को मोतिहारी के महात्मा गांधी सेंट्रल यूनिवर्सिटी के पहले दीक्षांत समारोह में शामिल हुईं। इस दौरान उन्होंने कहा कि यहां आकर मुझे बहुत प्रसन्नता हो रही है।

मैं उपाधि प्राप्त करने वाले सभी विद्यार्थियों को बधाई देती हूं। आज मानद उपाधियों से सम्मानित किए गए विशिष्ट लोगों को भी मैं बधाई देती हूं। पदक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों की मैं विशेष सराहना करती हूं। कहा कि मुझे बताया गया है कि विश्वविद्यालय के विभिन्न शिक्षण कार्यक्रमों में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों में छात्राओं की संख्या लगभग 60 प्रतिशत है। इस शानदार उपलब्धि के लिए मैं सभी छात्राओं को साधुवाद देती हूं। ऐसी होनहार छात्राओं के उत्कृष्ट प्रदर्शन और बढ़ते हुए आत्म-विश्वास में मुझे भविष्य के विकसित भारत का स्वरूप दिखाई देता है। उन्होंने कहा कि महात्मा गांधी यह मानते थे कि छात्राओं और छात्रों को शिक्षा के समान अवसर मिलने चाहिए। वे कहते थे कि यदि आवश्यकता पड़े तो छात्राओं की शिक्षा हेतु विशेष सुविधाएं प्रदान करनी चाहिए। गांधीजी के इस विचार को, इस विश्वविद्यालय से जुड़े प्रत्येक व्यक्ति को सदैव ध्यान में रखना चाहिए। बापू ने यह भी कहा था कि विश्वविद्यालय की शिक्षा का उद्देश्य ऐसे सच्चे जन-सेवकों को तैयार करना है जो देश के लिए जिएं। गांधीजी ने अहिंसा, करुणा, नैतिकता और निस्वार्थ सेवा के आदर्शों में लोगों की आस्था बढ़ाई। उन्होंने भारतीय समाज, राजनीति और अध्यात्म को बहुत गहराई के साथ भारत की भाव-भूमि से जोड़ा।

द्रौपदी मुर्मू ने कहा कि आप सब राष्ट्रपिता महात्मा गांधी द्वारा भारत-भूमि में किए गए पहले सत्याग्रह की स्मृति में स्थापित विश्वविद्यालय के विद्यार्थी हैं। यहां के विद्यार्थी होने के नाते आप सब एक ऐसी अनमोल विरासत से जुड़े हुए हैं जिसका पूरे विश्व में सम्मान किया जाता है। ऐतिहासिक चंपारन सत्याग्रह के दौरान, इस क्षेत्र में गांधीजी बहुत लंबे समय तक रहे थे।

## तेज गति में वाहन चलाया तो खैर नहीं

**गुरुग्राम।** दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेस-वे पर 120 किलोमीटर प्रतिघंटे से अधिक की स्पीड से वाहन चलाने वाले सावधान हो जाएं। तय स्पीड से अधिक होते ही ऑनलाइन चालान हो जाएगा। एक्सप्रेस-वे पर व्हीकल स्पीड डिडक्शन सिस्टम (वीएसडीएस) विकसित कर दिया गया है। स्पीड अधिक होते ही एनएचएआई के कंट्रोल रूम में जानकारी आएगी। वहां से सीधे जानकारी ट्रैफिक पुलिस के पास पहुंचेगी और चालान कर दिया जाएगा। वीएसडीएस चालू हो गया है। पहला चालान जिस वाहन का किया गया उसकी स्पीड 140 किमी थी। साथ-साथ वाहन चालकों को जागरूक भी किया जाएगा ताकि वे अधिक स्पीड से वाहन न चला सकें। 10 किलोमीटर के अंतराल पर सिस्टम विकसित किया गया है। ऐसे में स्पीड बढ़ते ही कहीं न कहीं सिस्टम की पकड़ में वाहन आ जाएंगे।

### पाक के कलाकारों को भारत में बैन करने की मांग खारिज

# देशभक्त होने के लिए दुश्मनी जरूरी नहीं: हाईकोर्ट

**मुंबई।** बंबई उच्च न्यायालय ने पाकिस्तान के कलाकारों को प्रतिबंधित करने की मांग खारिज कर दी है। हाईकोर्ट में दायर याचिका में अपील की गई थी कि पाकिस्तानी कलाकारों को भारत में प्रदर्शन या काम करने की अनुमति न दी जाए। कलाकारों पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने की मांग करने वाली याचिका खारिज करते हुए अदालत ने देशभक्ति के इजहार पर भी अहम टिप्पणी की।

हाईकोर्ट ने कहा देशभक्त होने के लिए किसी को विदेश से, विशेषकर पड़ोसी देश से आए लोगों या कलाकारों के प्रति शत्रुतापूर्ण होने की जरूरत नहीं है। गुरुवार को याचिका खारिज करते हुए हाईकोर्ट ने कहा, एक व्यक्ति जो दिल से अच्छा है वह अपने देश में किसी भी ऐसी गतिविधि का स्वागत करेगा जो देश के भीतर और सीमा पार शांति, सद्भाव और शांति को बढ़ावा देती है। न्यायमूर्ति सुनील शुक्रे और न्यायमूर्ति फिरदोश पूनीवाला की खंडपीठ ने 17 अक्तूबर को फैज अनवर कुरैशी द्वारा दायर याचिका को खारिज कर दिया। खबर के अनुसार फैज अनवर कुरैशी एक सिने कार्यकर्ता और कलाकार होने का दावा करता है। याचिका में केंद्र सरकार को यह निर्देश देने की मांग की गई थी कि किसी भी पाकिस्तानी कलाकार पर, भारतीय नागरिकों, कंपनियों, फर्मों और एसोसिएशनों में काम पर रखने, काम ऑफर करने, उनकी किसी भी सेवा को लेने या किसी भी एसोसिएशन में प्रवेश करने आदि पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने का फैसला लिया जाए। जिन लोगों पर प्रतिबंध की मांग की गई है, इनमें सिने कर्मी, गायक, संगीतकार, गीतकार और तकनीशियन शामिल हैं। अदालत ने याचिका खारिज कर अपनी टिप्पणी में कहा, सांस्कृतिक सद्भाव, एकता और शांति को बढ़ावा देने की दिशा में उठाया गया कदम नहीं है।



अदालत ने देशभक्ति का पाठ पढ़ाते हुए कहा, एक सच्चा देशभक्त वह व्यक्ति है जो निस्वार्थ है, जो अपने देश के लिए समर्पित है। व्यक्ति देशभक्त तब तक नहीं हो सकता जब तक वह दिल का अच्छा व्यक्ति न हो। जो व्यक्ति दिल का अच्छा है वह अपने देश में किसी भी गतिविधि का स्वागत करेगा जो देश के भीतर और सीमा पार शांति और सद्भाव को बढ़ावा देता है।

# ज्ञानवापी सर्वे कराने की मांग पर सुनवाई पूरी

- 21 अक्तूबर को आएगा आदेश



**वाराणसी।** वाराणसी के ज्ञानवापी स्थित सील वजूखाने में एएसआई सर्वे के लिए राखी सिंह की तरफ से दाखिल प्रार्थना पत्र पर गुरुवार को सुनवाई पूरी हो गई। दोनों पक्ष की दलीलें सुनने के बाद जिला जज की अदालत ने आदेश के लिए 21 अक्तूबर की तिथि तय की है। मां श्रृंगार गौरी केस की वादिनी राखी सिंह ने बीते 29 अगस्त 2023 को अधिवक्ता सौरभ तिवारी और अनुपम द्विवेदी के माध्यम से ज्ञानवापी के सील वजूखाने के एएसआई सर्वे के लिए 64 पृष्ठ का आवेदन पत्र दायर किया था। मसाजिद कमेटी ने राखी सिंह की तरफ से दायर आवेदन पर कड़ी आपत्ति दर्ज करते हुए वजूखाने के सर्वे का विरोध किया है। एएसआई के वैज्ञानिक सर्वे से ढांचे को किसी प्रकार का कोई नुकसान नहीं होगा। वजूखाना पूर्णतया सुरक्षित रहेगा और सुप्रीम कोर्ट के आदेशानुसार यथास्थिति बनी रहेगी। गुरुवार को हुई सुनवाई में दोनों पक्ष के अधिवक्ताओं ने दलील पेश की। अदालत ने मामले में आदेश के लिए 21 अक्तूबर की तिथि तय की है। मसाजिद कमेटी ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने 17 मई 2022 को वजूखाने को संरक्षित व सील किया था। सुप्रीम कोर्ट के आदेश के परे जाकर वजूखाने के एएसआई सर्वे हेतु आदेश नहीं दिया जा सकता। इस पर प्रति आपत्ति दाखिल की गई है।

**खुशी**

### भारत ने बांग्लादेश को सात विकेट से हराया

# विराट के शतक से भारत की जीत

- भारत की लगातार चौथी जीत
- छक्के के साथ विराट ने पूरा किया शतक
- कोहली 103 और राहुल 34 रन बनाकर नाबाद रहे



**पुणे।** वनडे विश्व कप 2023 में भारत ने लगातार चौथे मैच में जीत हासिल की है। पुणे के मैदान में टीम इंडिया ने बांग्लादेश को सात विकेट से हराया। बांग्लादेश ने पहले बल्लेबाजी करते हुए आठ विकेट खोकर 256 रन बनाए थे। इसके जवाब में टीम इंडिया ने 41.3 ओवर में तीन विकेट खोकर 261 रन बना लिए और मैच अपने नाम किया। भारत के लिए विराट कोहली ने नाबाद 103 रन बनाए। शुभमन गिल ने भी 53 रन की शानदार पारी खेली। रोहित शर्मा ने 48 रन बनाए। गेंदबाजी में रवींद्र जडेजा, जसप्रीत बुमराह और मोहम्मद सिराज ने दो-दो विकेट लिए। बांग्लादेश के लिए लिटन दास ने 66 और तंजिद हसन ने 51 रन बनाए। महमुदुल्लाह ने 46 रन की पारी खेली। वहीं, गेंद के साथ मेहदी हसन ने दो विकेट लिए। बांग्लादेश के कप्तान शाकिब अल हसन चोट की वजह से यह मैच नहीं खेले। उनकी जगह टीम की कमान संभाल रहे नजमुल हसन ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। तंजीद हसन और लिटन दास ने शानदार शुरुआत की। दोनों ने पावरप्ले में 63 रन जोड़े। बांग्लादेश का पहला विकेट 93 रन के स्कोर पर गिरा। तंजिद 43 गेंद में 51 रन बनाकर आउट हुए। कुलदीप यादव ने उन्हें विकेटों के सामने फंसाया। इसके बाद कप्तान नजमुल आठ रन बनाकर जडेजा का शिकार बने। महेदी हसन को तीन रन के स्कोर पर सिराज ने आउट किया। इसके बाद लिटन दास भी 66 रन बनाकर जडेजा का शिकार बने।

**हार्दिक ने बढ़ाई चिंता**

हार्दिक पांड्या इस मैच में तीन गेंद करने के बाद ही चोटिल हो गए। गेंद करने के बाद फील्डिंग के प्रयास में उनके पैर की मांसपेशियों में खिंचाव आ गया। इस वजह से वह आगे गेंदबाजी नहीं कर पाए। विराट ने उनके ओवर की बची हुई तीन गेंदें की। हार्दिक की चोट की गंभीरता का पता नहीं लगाया जा सका है, लेकिन स्कैन के लिए वह अस्पताल गए।



# जमीनी स्तर पर समग्रतापूर्वक करे दुर्घटनाओं को रोकने के लिए प्रयास: एल वेंकटेश्वर लू



*अवधनामा संवाददाता*

त्त्फ्रद्ध4 त्त्फ्रद्यह्वद्भद्धद्य×द्बद्ध0 1

**लखीमपुर खीरी।** प्रमुख सचिव (परिवहन) एल वेंकटेश्वर लू जनपद खीरी पहुंचे, जहां उन्होंने जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक ली। उन्होंने ट्रैफिक जागरूकता का निर्देश दिया। बैठक की शुरुआत में डीएम महेंद्र बहादुर सिंह, सीडीओ अनिल कुमार सिंह ने पुष्प देकर स्वागत कियाबैठक की अध्यक्षता करते हुए प्रमुख सचिव ने विभागीय कार्य प्रणाली में सुधार, अंतरविभागीय समन्वय, विकास की बधाओ को दूर करने के लिए गहन समीक्षा कर संबंधित को जरूरी निर्देश दिए। कहा कि सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए जमीनी स्तर पर और समग्रतापूर्वक अधिक बेहतर प्रयास किए जाएं। अफसर दुर्घटनाओं के कारण की एनालिसिस कर उन्हें दूर कराए, ताकि दुर्घटनाओं में कमी आ सके। आमजन को इलेक्ट्रिक वाहनों के लिए प्रेरित करे। दुर्घटनाओं को रोकने को चालकों का प्रशिक्षण कराए। एएसपी नेपाल सिंह को निर्देश दिए कि शराब पीकर वाहन चलाने वालों को चिन्हित करते हुए प्रभावी कार्यवाही करे। यूपीएसआरटीसी की बसों को भी चेक किया जाए। सड़कों पर डिसिप्लिन को सुनिश्चित कराते हुए जन जागरूकता को बढ़ाए। बिना फिटनेस वालों वाहनों का संचालन कदापि न हो।उन्होंने चीनी मिल प्रबंधन से दुर्घटनाओं के रोकने के लिए किए जाने वाले प्रयास जाने। डीआईओएस-बीएसए को जागरूकता कार्यक्रम एवं गोष्ठी करने के निर्देश दिए। प्रशासन मॉडर्न स्कब केंद्र, ड्राइविंग सेंटर के अच्छे कॉलेज संचालित किए जाने के लिए लोगों को प्रेरित करें। उन्होंने निर्देश दिए की सड़कों पर संचालित अनफिट वाहनों को विदआउट कराए। एआरटीओ-एआरएम कांटेक्ट कैरिज के नाम पर स्टेज केरिज का काम करने वालों पर वाहन स्वामियों पर अंकुश लगाने हेतु प्रभावी कार्यवाही करें। सड़क जन जागरूकता कार्यक्रमों से स्कूल, कॉलेज, एनएसएस, एनसीसी, पूर्व सैनिक, सेवानिवृत्ति कार्मिको, विशेष कर यूथ को जोड़ें। हाईवे सड़कों पर संकेतक एवं रोड़ सेफ्टी लगाये जाये इसके लिये आवश्यक होगा की रोड़ सेफ्टी क्लब का ज्यादा से ज्यादा गठन कराया जाए।बैठक में अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग खंड (तृतीय) अनिल कुमार यादव ने ब्लैक स्पॉटवार की जाने वाली कार्यवाहिया बताई। घटित सड़क दुर्घटनाओ में घायलों, मृतकों का तुलनात्मक डाटा बताया। एआरटीओ आलोक कुमार ने परिवहन विभाग की ओर से की जाने वाली कार्यवाहियां बताइ। बैठक के अंत में डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने कहा कि जिन महत्वपूर्ण विषयों पर मार्गदर्शन दिशा निर्देश प्राप्त हुआ व उनका पूर्णतया अनुपालन किया जाएगा। बैठक में सीडीओ अनिल कुमार सिंह, एडीएम संजय कुमार सिंह, एएसपी नेपाल सिंह, आरटीओ संदीप कुमार पंकज, आरपी द्विवेदी, एआरटीओ आलोक कुमार, पीटीओ कौशलेंद्र यादव सहित बड़ी संख्या में सड़क सुरक्षा से जुड़े जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

## बेसहारा पशु का बाघ ने किया शिकार

**सीतापुर।** पिसावां क्षेत्र राम हरैया फत्तेपुर के निकट खेतों में बाघ ने एक बेसहारा पशु का शिकार किया। देर रात हरैया फत्ते पुर के निवासी भूपराम अपने गन्ना के खेत को देखने पहुंचे। वहां पर बेसहारा पशु का क्षत विक्षत शव देख भूपराम डर कर गांव भाग आया।

जानकारी होते ही ग्रामीणों ने सूचना वन विभाग को दी। सूचना पर वन दरोगा राहुल यादव ,संतराम , नंदलाल , विनीत कुमार ,लाल बहादुर मौके पर पहुंचे। वन विभाग की टीम ने जांच करने के साथ बाघ की कांबिंग की। वहीं ग्रामीणों से सतर्क रहने को कहा। टीम को बाघ के पगचिह्न भी मिले हैं। रेंजर एन भार्गव ने बताया कि बाघ को पकडने के लिये पिंजडा लगाया गया है । कैमरों के माध्यम से बाघ की लोकेशन ली जा रही है। उन्होंने बताया ग्रामीण को सतर्कता बरतने के लिये कहा गया है।

## दीक्षारम्भ कार्यक्रम का किया गया आयोजन



*अवधनामा संवाददाता*

**लखीमपुर खीरी।** युवराज दत्त स्नातकोत्तर महाविद्यालय, लखीमपुर में नव प्रवेशित विद्यार्थी अभिप्रेरण कार्यक्रम की श्रृंखला में बी.एड विभाग के छात्राध्यापकों के लिये दीक्षारम्भ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो हेमन्त पाल, बी. एड. विभागाध्यक्ष प्रो विशाल द्विवेदी एवं चीफ प्राक्टर प्रो. सुभाष चन्द्रा द्वारा माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन कर किया गया। दीप प्रज्ज्वलन के पश्चात बी. एड की छात्राओं द्वारा सरस्वती वंदना प्रस्तुत की गई। कार्यक्रम में विषय प्रवर्तन करते हुए चीफ प्राक्टर प्रो सुभाष चन्द्रा ने परिसर के अनुशासन सम्बन्धी दिशा निर्देश दिये। बी.एड. विभाग के प्रो. सत्यनाम ने चरित्र निर्माण के पाँच आधार स्तम्भ आत्मविश्वास, आत्मनिर्भरता, आत्मज्ञान, आत्मत्याग एवं आत्मसंयम को विस्तार से बताया। प्रो मनोज मिश्र ने वैदिक शिक्षण पद्धति विशेषकर उपनयन संस्कार एवं प्रवज्या के बारे में जानकारी देते हुए सभी छात्र-छात्राओं को मानवतावादी दृष्टिकोण अपनाने पर बल दिया। प्रो. ज्योति पंत ने शिक्षक की भूमिका एवं विद्यार्थी के सम्बन्धों को सदगुणों के आधार पर विकसित करने पर बल दिया तथा मुक्त विश्वविद्यालयी शिक्षा के बारे में भी जानकारी दी। प्रो. नीलम त्रिवेदी ने पठन-पाठन की सूक्ष्म प्रक्रियाओं के साथ-साथ सांस्कृतिक गतिविधियों की जानकारी देकर छात्र-छात्राओं को उनमें प्रतिभाग करने के लिये प्रेरित किया। बी.एड. विभागाध्यक्ष प्रो. विशाल द्विवेदी ने छात्राध्यापको एवं शिक्षको के सम्बन्ध को समाज के साथ जोडकर कथनी एवं करनी में एकता, सिद्धान्त व्यवहार और विचार में सकारात्मक होना आवश्यक बताया। साथ ही अच्छी आदतों के निर्माण की प्रक्रिया में विचार की भूमिका को विस्तार से रेखांकित किया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो हेमन्त पाल ने छात्र-छात्राओं को बेहतर भविष्य की बुनियाद रखने के लिए अनुशासित जीवन शैली अपनाने के लिये प्रेरित कर महाविद्यालय के गौरवशाली इतिहास की जानकारी दी साथ ही छात्र-छात्राओं को शिक्षण प्रक्रिया में एकाग्रचित होकर कार्य करने की सीख दी। जिससे कि वे जीवन में सफलता प्राप्त कर राष्ट्र निर्माण में अपना योगदान दे सकें। कार्यक्रम का संयोजन एवं सफल संचालन चीफ प्राक्टर प्रो. सुभाष चन्द्रा ने किया। कार्यक्रम में अनुशासन मण्डल के सदस्यों सहित बड़ी संख्या में बी.एड. विभाग के छात्र-छात्रायें उपस्थित रहे।

## आजीवन कारावास और 21,000 रुपए के अर्थदण्ड से किया गया दण्डित

*अवधनामा संवाददाता*

**लखीमपुर खीरी।** पुलिस महानिदेशक उ0प्र0 द्वारा चलाये जा रहे ऑपरेशन कन्विक्शन अभियान के दृष्टिगत पुलिस अधीक्षक गणेश प्रसाद साहा के निर्देशन में पुलिस के द्वारा गुणवत्तापूर्ण विवेचना तथा अभियोजन व मॉनिटरिंग सेल द्वारा प्रभावी पैरवी के क्रम में दिनांक 19.10.2023 को न्यायालय द्वारा थाना फरधान क्षेत्रान्तर्गत 08 वर्षीय नाबालिग बालिका को घर से सोते समय जबरिया उठाकर गांव के बाहर स्कूल में ले जाकर मारने पीटने और जबरदस्ती दुष्कर्म करने÷ के अभियुक्त को 16 माह के अंदर न्यायालय द्वारा दोषी करार देते हुए आजीवन कारावास और 21,000 रुपए के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया दिनांक 06.05.2022 को थाना फरधान पर वादी मनीराम पुत्र बूधर निवासी सूरत सराय थाना फरधान जनपद खीरी की सूचना पर मु0अ0सं0- 193/2022 धारा 376(AB)/ 323 भादवि व 5(m)/ 6 पाक्सो एक्ट बनाम अभियुक्त सर्वेश उर्फ भूरे पुत्र सरवन निवासी सूरत सराय थाना फरधान जनपद खीरी बाबत अभियुक्त द्वारा वादी की पुत्री कुछ खुशबू उम्र करीब 8 वर्ष को रात को सोते हुए जबरिया घर से उठा ले जाने तथा गाँव के ही प्राइमरी स्कूल में ले जाकर मारने-पीटने और जबदस्ती बलात्कार करने के सम्बन्ध में पंजीकृत किया। जिसके सापेक्ष ग्राम सूरत सराय व आस-पास के गाँव के लोगों में 08 वर्ष की छोटी बच्ची के साथ ऐसी जघन्य घटना होने के कारण काफी रोष व्याप्त हो गया। पुलिस अधीक्षक द्वारा क्राइम ब्रान्च की टीम को भी उक्त घटना के अनावरण हेतु सहयोग करने हेतु निर्देशित किया गया। उपरोक्त कार्यवाही के दौरान दिनांक- 20.05.2022 को पुलिस बल द्वारा अभियुक्त उपरोक्त को मुठभेड में गिरफ्तार किया गया।

## प्रमुख सचिव ने किया आरटीओ दफ्तर, रोडवेज बस अड्डे का निरीक्षण

*अवधनामा संवाददाता*

**लखीमपुर खीरी।** परिवहन विभाग के प्रमुख सचिव एल. वेंकटेश्वर लू ने सीडीओ अनिल कुमार सिंह, एडीएम संजय सिंह के संग गुरुवार को रोडवेज बस अड्डे लखीमपुर और आरटीओ ऑफिस का निरीक्षण किया। बसअड्डे पर उन्होंने यात्री सुविधाओं की जानकारी ली। वहीं आरटीओ ऑफिस में निरुद्ध खड़े वाहनों के संबंध में निर्देश दिए कि विभागीय नियमों का पालन करते हुए इनकी नीलामी कराई जाए।प्रमुख सचिव सबसे पहले बस अड्डे पहुंचे, उन्होंने अफसरों से बसअड्डे पर यात्रियों को दी जा रही सुविधाओं के बारे में पूछा। उन्होंने यात्रियों को पेयजल, शौचालय और बैठने की बेहतर सुविधाएं मुहैया कराने को कहा। उन्होंने रोडवेज की आमदनी में किस तरह और भी बढ़ोत्तरी की जा सके। इस मामले में अफसरों से राय ली। इसके बाद प्रमुख सचिव ने आरटीओ ऑफिस पहुंचे। वहां सीज एवं निरुद्ध वाहनों को खड़े देख निर्देश दिए कि नियमानुसार विभागीय नियमों का पालन करते हुए इनकी नीलामी कराई जाए। आरटीओ दफ्तर के सभी अनुभागों का निरीक्षण कर पत्रावलियों और अभिलेखों का रखरखाव देखा। प्रवर्तन कार्यों की समीक्षा करते हुए प्रवर्तन कार्य से प्राप्त राजस्व की प्रशंसा की और निरंतरता बनाने के निर्देश दिए। इसके बाद अभिलेखागार,



ड्राइविंग लाइसेंस पटल और अन्य कमरों को देखा। इसके अलावा साफ-सफाई, जन सुविधाओं का गहनता से निरीक्षण किया। आरटीओ दफ्तर आए आवेदकों से भी उन्होंने संवाद किया। उन्होंने एआरटीओ को लक्ष्य के सापेक्ष राजस्व प्राप्ति करने के निर्देश दिए।

## मूर्ती विसर्जन स्थल शारदा घाट का किया निरीक्षण

*अवधनामा संवाददाता*

**लखीमपुर खीरी।** पुलिस अधीक्षक गणेश प्रसाद साहा द्वारा थाना शारदानगर क्षेत्रान्तर्गत आगामी त्यौहार दुर्गा पूजा मूर्ती विसर्जन स्थल एवं शासन द्वारा दिये गये निर्देशों के अनुपालन में शांति व सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने के उद्देश्य को लेकर मूर्ती विसर्जन स्थल शारदा घाट का निरीक्षण किया गया एवं प्रभारी निरीक्षक थाना शारदा नगर को दूर्गा पूजा मूर्ती विसर्जन एवं शान्ति व सुरक्षा व्यवस्था को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये।



## महिला शक्ति दौड़ और खेलकूद का हुआ आयोजन



**बांदा।** राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय बाँदा में बालिका, महिलाओं की जागरूकता एवं सशक्तिकरण के लिए मिशन शक्ति अभियान के चतुर्थ चरण के शुभारंभ के श्रंखला में महिला शक्ति दौड़ और खेलकूद का आयोजन किया गया । यह आयोजन संरक्षक,प्राचार्य प्रोफेसर दीपाली गुप्ता के दिशा-निर्देशन में हुआ । आज प्रभारी प्राचार्य प्रोफेसर जितेन्द्र कुमार के द्वारा महिला शक्ति दौड़ का शुभारंभ किया गया। महिला दौड़-खेलकूद का आयोजन डॉक्टर सबीहा रहमानी सह-नोडल अधिकारी ने किया । इस आयोजन में महाविद्यालय की छात्राओं के साथ अभ्युदय कोचिंग की छात्राएं भी सम्मिलित हुई । इस अवसर पर डॉक्टर जयकुमार चौरसिया, डॉक्टर अस्तुति वर्मा, डॉक्टर नीतू सिंह, डॉक्टर विनय कुमार पटेल, डॉक्टर वीरेन्द्र प्रताप चौरसिया, नीलम मिश्रा, शोभित पाठक आदि उपस्थित रहे।

## नवरात्रि की पंचमी पर भव्यता पूर्ण संपन्न हुआ अखंड दुर्गा चालीसा पाठ



**बांदा।** शारदीय नवरात्रि के पावन पर्व पंचमी दिवस पर भगवती मानव कल्याण संगठन के शक्ति साधकों टीम प्रमुख द्वारा भव्यता 5 घंटे का अखंड श्री दुर्गा चालीसा पाठ संपन्न कराया गया। डीएम कालोनी रोड विधायक कार्यालय के पास निवासी अंजनी कुमार सिंह के निज निवास पर संपन्न हुआ। बताते चलें कि भगवती मानव कल्याण संगठन द्वारा विगत कई वर्षो से नशा मुक्त मांसाहार मुक्त जन जागरण अभियान के तहत कई वर्षो से समाज में भगवती मानव कल्याण संगठन द्वारा नशा मुक्त व धर्म के प्रति जागरूक मानवता की सेवा की जा रही है।जिससे इस क्रम पर आज बांदा जी आई सी फील्ड के सामने अंजनी कुमार सिंह एडवोकेट के आवास पर 5 घंटे का आखंड श्री दुर्गा चालीसा पाठ संपन्न हुआ,और उसी क्रम पर कन्या भोज वा भंडारे का प्रसाद भी सभी को खिलाया गया। भगवती मानव कल्याण संगठन के टीम प्रमुख धर्मेंद्र सिंह द्वारा जनजागरण चालीसा पाठ संपन्न किया गया, जिसमे आए हुए भगवती मानव कल्याण संगठन वा भारतीय शक्ति चेतना पार्टी के सदस्य पधाधिकारी वा नए भक्तो ने दुर्गा पाठ पर समलित होकर गुरुवर श्री के जयकारे वा मां जगदंबा, गुरुवर श्री की आरती का लाभ लिया। इसी क्रम पर टीम प्रमुख धर्मेंद्र सिंह द्वारा बताया गया की, संगठन द्वारा गांव से लेकर शहर व प्रदेशों में संगठन के टीम प्रमुख द्वारा यह जनजागरण अभियान कराया जाता है जिसमें गरीब से गरीब व्यक्ति अमीर से अमीर व्यक्ति इस मां की साधना क्रम को अपने घर में करवा सकता है जिससे इन क्रम पर जुड़कर गुरुवर श्री की विचारधारा पर चलकर मां जगत जननी की शक्ति चेतना मंत्रों वा गुरुवर श्री के चेतना मंत्र पर, संगठन की विचारधारा की कड़ियों से जुड़कर व्यक्ति अपने आप को नशा मुक्त होते हुए अपने परिवार को भी सुधार सकता है और मानवता की सेवा कर सकता है।

## सीतापुर पहुंचे अखिलेश यादव ने कांग्रेस को जमकर सुनाई खरी खोटी

### ■ गठबंधन को लेकर कांग्रेस पर जमकर बरसे



*अवधनामा संवाददाता*

**सीतापुर।** गुरुवार सीतापुर पहुंचे समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने मध्य प्रदेश विधानसभा चुनाव में सीट न देने पर कांग्रेस से नाराजगी जताई। उन्होंने कहा कि कांग्रेस नेता अपने छोटे नेताओं से सपा के बारे में बयान न दिलवाए। वे मध्यप्रदेश विधानसभा चुनाव में सीट बंटवारें को लेकर कांग्रेस से नाराज हैं। अखिलेश ने कांग्रेस को धोखेबाज बताते हुए कहा कि अगर उन्हें पता होता इंडिया गठबंधन विधानसभा स्तर पर नहीं है तो कांग्रेस से बात ही नहीं करते। शाहजहांपुर जाते समय सपा मुखिया अखिलेश यादव सपा जिलाध्यक्ष छत्रपाल यादव के आवास पर पहुंचे थे। पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि अगर वे (कांग्रेस) कहते हैं, कि विधानसभा स्तर पर गठबंधन नहीं है तो हम स्वीकार करते हैं। शायद हमें ही कन्फ्यूजन रहा होगा। मध्य प्रदेश में सपा की कोई हैसियत नहीं है, यूपी कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अजय राय के इस बयान पर पलटवार करते हुए अखिलेश बोले कि उनकी हैसियत क्या है। इंडिया गठबंधन के बारे में वे कितना जानते हैं, कितनी बैठकों में थे। अखिलेश ने कहा कि कांग्रेस के बड़े नेताओं से अपील हैं कि छोटे नेताओं से इस तरह की बयानबाजी न कराएं। उन्होंने कहा कि इंडिया गठबंधन की मीटिंग में कमलनाथ और दिग्विजय सिंह ने रात-रात भर वार्ता की। मध्य प्रदेश में कहां, किस सीट पर सपा जीती, कहां नंबर दो पर रही यह आंकड़ा लेकर भरोसा दिया कि 6 सीटों पर विचार करेंगे। फिर सपा को एक भी सीट नहीं दी इसलिए हमने वहां अपने प्रत्याशियों की सूची जारी कर दी। इंडिया गठबंधन पर कहा कि अगर यह सिर्फलोकसभा के लिए है तो इस पर विचार किया जाएगा। कांग्रेस जैसा व्यवहार सपा के साथ करेगी, वैसा ही उनके साथ किया जाएगा। इस मौके पर एमएलसी जासमीर अंसारी, पूर्व विधायक अनूप गुप्ता आदि मौजूद रहे।

## गायत्री महायज्ञ का शुभारंभ



*अवधनामा संवाददाता*

**सीतापुर।** सीतापुर के तिवारी चौराहा पर गायत्री महायज्ञ व सन्त समागम का आयोजन किया गया। यह समागम 19 अक्टूबर से 24 अक्टूबर तक चलेगा। समागम का शुभारंभ कलश यात्रा के साथ किया गया। कलश यात्रा नारायण शक्तिपीठ स्थल से बड़े धूमधाम से निकली।

कलश यात्रा में काफी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। श्रद्धालुओं ने शीतला देवी मंदिर, काली मंदिर, श्यामनाथ मन्दिर सहित पांच मंदिरों में पूजन अर्चन किया। श्यामनाथ मन्दिर के पवित्र तीर्थ में घट भरकर वापस यज्ञ स्थल पर पहुंचे। यज्ञाचार्य ब्रजेंद्राचार्य जी, शिव कुमार शास्त्री सहित आचार्य मंडल ने विधिविधान से वेदी पूजन करवाकर मुख्य यजमान जीवेश रत्न तिवारी सहित यजमानों को यज्ञशाला में प्रवेश कराया। कार्यक्रम के अंर्तगत प्रति दिवस प्रातः 7 से यज्ञ तथा दोपहर में व रात्रि में हरदोई से पधारे। कमल भाई जी महाराज एवं लखीमपुर के आचार्य संकर्षण त्रिवेदी के मुखारविन्द द्वारा प्रवचन होंगे। 24 अक्टूबर को विशम्भर कालेज प्रांगण में विशाल कन्या पूजन व भंडारे का आयोजन किया जाएगा। उक्त अवसर पर नैमिष रत्न तिवारी, विश्म्भर तिवारी, पंकज पांडेय, कृष्ण बिहारी अवस्थी,डॉ वेद प्रकाश त्रिपाठी आदि मौजूद रहे।

## रोगों के प्रति किया जागरुक



*अवधनामा संवाददाता*

**सीतापुर।** पिसावां स्वास्थ्य केंद्र पर राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत जादू के माध्यम से जागरूक किया गया। स्वास्थ्य केंद्र पर गुरुवार को अधीक्षक डाक्टर संजय श्रीवास्तव के नेतृत्व मे मुन्ना जादूगर ने जादू दिखाया।

इस दौरान जादू के माध्यम से क्षेत्र के लोगों को मानसिक रोग के विषय पर जागरूक किया। मानसिक रोग के लक्षण बताए। नींद न आना, देर से नींद आना,उदास या मासूम रहना, चिंता, घबराहट, उलझन, आत्महत्या का विचार, अधिक गुस्सा करना, बेहोशी का दौरा आना, अकारण डर लगना आदि की जानकारी दी। इस अवसर पर उन्होंने जादू के माध्यम नशा करने पर शरीर मे होने वाले नुकसान की जानकारी दी। नशा मुक्त रहने के लिये जागरूक किया। इस अवसर पर डाक्टर अवनीश कुमार, डाक्टर पूर्णिक पटेल, डाक्टर रजनीशचंद्र, स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी आनंद याद फार्मा सिस्ट कीर्ति प्रकाश त्रिवेदी अवनीश कुमार आदि मौजूद रहे।

## उच्च जोखिम समूह के विधिक अधिकार विषय पर आयोजित हुआ विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर



*अवधनामा संवाददाता*

**रायबरेली।** राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार व तरुण सक्सेना, जिला एवं सत्र न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, रायबरेली के दिशा निर्देशन व अपर जिला जज/सचिव उमाशंकर कहार के मार्गदर्शन में समाज की मुख्यधारा से कटे हुए उच्च जोखिम समूह को विधिक व सामाजिक रूप से जागरूक किए जाने के लिए जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, रायबरेली व टीसीआई फाउंडेशन के संयुक्त तत्वाधान में विधिक जागरूकता शिविर आयोजित किया गया। शिविर में उपस्थित उच्च जोखिम समूह के लोगों को उनके विधिक अधिकार विषय पर जानकारी प्रदान की गयी। शिविर में बताया गया कि उच्च जोखिम समूह को भी पूरी मानवीय गरिमा के साथ जीने के अधिकार है कि प्रत्येक व्यक्ति को बिना किसी भेदभाव के गरिमापूर्ण जीवन जीने का अपरिहार्य अधिकार है। सभी राज्य के साथ-साथ अन्य व्यक्तियों से समान सम्मान का दावा करने का हकदार हैं। टीसीआई फाउंडेशन की प्रोजेक्ट मैनेजर तमन्ना आफरीन के द्वारा बताया गया कि यौनकर्मी के साथ किसी भी व्यक्ति या विभाग के द्वारा शिक्षा, रोजगार में किसी प्रकार का कोई भेदभाव नहीं किया जा सकता है। पराविधिक स्वयं सेवक पवन कुमार श्रीवास्तव के द्वारा बताया गया कि यौनकर्मी समुदाय को किसी प्रकार की विधिक सहायता की आवश्यकता होने पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से निःशुल्क विधिक सहायता प्राप्त की जा सकती है। इस अवसर पर काउंसलर गीता श्रीवास्तव तथा पराविधिक स्वयं सेवक अभिषेक भारद्वाज, पूनम सिंह व मनोज कुमार प्रजापति व उच्च जोखिम समुदाय के लोग उपस्थित रहे।

## फर्जी दस्तावेजों के सहारे बेसिक शिक्षा विभाग में अध्यापक की नौकरी की हासिल

**महराजगंज, रायबरेली।** फर्जी दस्तावेजों के सहारे बेसिक शिक्षा विभाग में अध्यापक की नौकरी हासिल कर लेने के मामले में खंड शिक्षा अधिकारी ने आरोपी शिक्षक के विरुद्ध थाने में तहरीर देकर 420 का मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस मामले की छानबीन में जुट गई है।

आपको बता दें कि, पुलिस को दी गई तहरीर में खंड शिक्षा अधिकारी राममिलन यादव ने बताया कि, उनके विभाग में नरेंद्र कुमार पुत्र रामपाल निवासी बड़ागांव अहरिया जिला फतेहपुर ने फर्जी दस्तावेज लगाकर अध्यापक की नौकरी हासिल कर ली थी। शिकायत मिलने पर जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने जांच में अध्यापक के विरुद्ध फर्जीवाड़ा करके नौकरी हासिल कर लेने का मामला सही पाया, तो उन्होंने उक्त शिक्षक नरेंद्र कुमार को बर्खास्त कर दिया।

## खोए हुए मोबाइल बरामद, मालिकों को सौंपे गए



*अवधनामा संवाददाता*

**नसीराबाद, रायबरेली।** थाना क्षेत्र नसीराबाद में गुम हुए मोबाइल और टैबलेट की रिकवरी हेतु जारी किए गए पोर्टल पर प्राप्त सूचनाओं के आधार पर खोजने के लिए प्रयास किया गया। थाना नसीराबाद सीसीटीएनएस में नियुक्त कंप्यूटर ऑपरेटर रोहित यादव ने खोज की उपलब्धता ट्रेसएबिलिटी के आधार पर खोए हुए मोबाइल में प्रयोग किए गए सिम नंबरों का विवरण एवं उनकी लोकेशन के आधार पर कुल दो अदद एंड्रॉयड स्मार्ट फोन ओप्पो बरामद कर लिया। इस कार्य में आरक्षी मो.चांद और महिला आरक्षी सिंधु उपाध्याय ने सराहनीय सहयोग किया। 19 अक्टूबर गुरुवार को प्रभारी निरीक्षक राम लखन पटेल ने दोनों मोबाइल फोन उनके स्वामियों के सुपुर्द कर दिया। प्रसन्नता व्यक्त करते हुए मोबाइल धारकों ने नसीराबाद सीसीटीएनएस टीम का आभार व्यक्त किया है।क्षेत्र में इसकी खूब प्रशंसा की जा रही है।

अवधनामा

लखनऊ, शुक्रवार, 20 अक्टूबर, 2023



# लोकसभा अयोध्या क्षेत्र में रेलवे सुविधाओं के विकास के लिए सांसद लल्लू सिंह

*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** विश्वस्तरीय मानकों की सुविधाओं से युक्त अयोध्या रेलवे स्टेशन के दूसरे फेज के कार्य की



स्वीकृति मिल गई है। लोकसभा अयोध्या क्षेत्र में रेलवे सुविधाओं के विकास के लिए सांसद लल्लू सिंह लगातार प्रयासरत रहते हैं। फेज टू के कार्य के लिए 422.26 करोड़ की स्वीकृति मिली है। जिसमें भूमि अधिग्रहण के लिए 158.4 करोड़ रुपए दिए गए है। सांसद लल्लू सिंह ने बताया कि फेज टू में टिकट काउंटर के साथ दक्षिणी साइड के भवन का निर्माण होगा। रूफिंग के साथ एयर कनकोर्स, लिफ्ट व एस्केलेटर्स बनाया जाएगा। यार्ड का विकास, तीन अतिरिक्त प्लेटफार्म व चार नई रेल लाइन, गेट के साथ रायगंज व महोबरा क्रॉसिंग की सड़क, सिक्योरिटी टावर की बाउंड्री वॉल,पार्किंग, सबस्टेशन, यूजी टैंक का कार्य होगा।उन्होंने कहा कि अयोध्या रेलवे स्टेशन के दूसरे फेज के कार्य की स्वीकृति प्रदान करने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व रेल मंत्री अश्वनी वैष्णव को अयोध्या के संतो, जनता व रामभक्तो की ओर से धन्यवाद। दूसरे फेज का कार्य जल्द शुरू किया जाएगा। प्रथम फेज में अद्वतीय निर्माण का कार्य हुआ है। अयोध्या रेलवे स्टेशन पर उतरते ही यात्रियों को रामनगरी की प्रथम विकसित तस्वीर का दर्शन होता है। देश भर से अयोध्या आने वाले रामभक्त यहां के रेलवे स्टेशन की तारीफ अपने शब्दों में करते रहते है। अयोध्या के संतों, जनता व यहां आने वाले श्रद्धालुओं की हर अपेक्षा को पूरा करने के लिए हम संकल्पित है।

## विकास कार्यों की जन सूचना मांगने पर युवक को धमकी देने का आरोप

**बीकापुर- अयोध्या।** विकासखंड क्षेत्र के सराय भनौली ग्राम पंचायत में एक युवक द्वारा ग्राम पंचायत में कराए गए विकास कार्यों की सूचना मांगना उसे समय महंगा पड़ गया जब मोबाइल पर उसे खरी खोटी सुनाई गई और धमकी दी गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार सराय भनौली निवासी अनिरुद्ध कुमार ने जन सूचना अधिकार के तहत ग्राम पंचायत में हुए विकास कार्यों के बाबत जन सूचना अधिकार नियम के तहत विधिक जानकारी प्राप्त करने के लिए आवेदन किया। अनिरुद्ध कुमार के पुत्र रमाकांत मिश्रा ने जनसुनवाई शिकायत पोर्टल पर पुलिस में शिकायत करते हुए आरोप लगाया है कि एक फोन से उसे शिकायत वापस लेने की हिदायत देते हुए धमकी दी गई है।

## सुकन्या समृद्धि खाता रुपया 250 में नवजात से 10 वर्ष तक आयु की बच्चियों का खाता खोला जाता है

**अयोध्या।** मोदी और योगी सरकार की योजनाओं के माध्यम से नारी शक्ति को आत्मनिर्भर बनाने की कोशिश की जा रही है। योगी सरकार बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना के अंतर्गत किए गए सुकन्या समृद्धि योजना का लाभ जन जन तक पहुंचाने के लिए भारतीय डाक विभाग ने समृद्ध सुकन्या समृद्धि समाज अभियान चलाया है जिसके तहत डाक विभाग घर जाकर बेटियों का खाता खोल रहा है। इस योजनाओं में सुकन्या समृद्धि योजना जो बेटियों के लिए भविष्य में पढ़ाई विवाह के लिए मां बाप को चिंता ना करने पड़े इसके लिए प्रधानमंत्री मोदी व सीएम योगी के द्वारा बेटियों का भविष्य सुरक्षित रहे इसके लिए यह योजना सुचारू रूप से चलाई जा रही पहले बेटियों के भविष्य की चिंता जन्म के बाद से ही माता-पिता को सताने लगती है। पहले यह फिक्र शादी से जुड़ी होती थी लेकिन अब जमाना बदल गया है। बेटियां भी पढ़-लिखकर मां-बाप का नाम रोशन कर रही हैं। हालांकि शादी हो या पढ़ाई दोनों के लिए एक समय के बाद पैसों की जरूरत होती है, इसलिए माता-पिता की यह जिम्मेदारी बनती है कि वे बेटी के सुरक्षित भविष्य के लिए उसके जन्म के बाद से ही निवेश करना शुरू कर दें।

**21 साल की अवधि के बाद बेटियों के लिए एक बड़ी रकम**

केंद्र की मोदी सरकार व प्रदेश की योगी सरकार सुकन्या समृद्धि योजना बेटियों के सुरक्षित भविष्य और माता-पिता की इस चिंता को दूर करेगी। ऐसे में माता-पिता को बेटियों की परवरिश, शिक्षा एवं शादी की कोई चिंता नहीं होगी। सुकन्या समृद्धि योजना के तहत 21 साल की अवधि के बाद बेटियों के लिए एक बड़ी रकम अर्जित की जा सकती है।

**सुकन्या समृद्धि खाता खुलवा लेने मात्र से ही भ्रूण हत्या जैसे जघन्य अपराध को विराम**

अयोध्या मण्डल के प्रवर अधीक्षक डाकघर पीके सिंह ने सुकन्या समृद्धि योजना के बारे में कहा कि सुकन्या समृद्धि से अपनी बेटियों के भविष्य को सुरक्षित किया जा सकता है जब बेटियाँ आर्थिक रूप से मजबूत होंगी तभी उनके सपनों का साकार किया जा सकेगा।

# लोकसभा चुनाव में जनता महंगाई बेरोजगारी गरीबी और बुनियादी मुद्दों पर वोट करेगी: सरोज यादव

*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या ।** बीकापुर विधानसभा के खिरौनी नगर पंचायत के वार्ड नंबर 1 में खिरौनी की नगर अध्यक्ष श्रीमती कान्ति रावत ने महिला जागरूकता चौपाल लगाया बतौर मुख्य अतिथि समाजवादी पार्टी जिलाध्यक्ष महिला सभा सरोज यादव ने कहा भाजपा सरकार में महंगाई, बेरोजगारी, भ्रष्टाचार, चरम सीमा पर है महिलाओं को घर गृहस्थी चलाने में बहुत कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है किसान,नौजवान परेशान है, इस डबल इंजन की सरकार में कानून व्यवस्था ठीक नहीं है महिलाओं का सम्मान सपा में सुरक्षित है क्योंकि राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के शासनकाल में कन्या विद्या धन, पढ़े बेटियां बड़े बेटियां, साइकिल एवं लैपटॉप वितरण बेरोजगारी भत्ता, समाजवादी महिला पेंशन, गरीब महिलाओं को विवाह योजना, लोहिया आवास, एंबुलेंस योजना, मेट्रो आदि दर्जनों जनहित में कार्य किए गए हैं। जो आज भी ऐतिहासिक है। जिसे जनता आज भी याद कर



रही है। लोकसभा चुनाव में जनता महंगाई बेरोजगारी गरीबी और बुनियादी मुद्दों पर वोट करेगी। प्रदेश सचिव छोटे लाल यादव जी ने कहा कि लोकसभा चुनाव में जनता मन बना चुकी है भाजपा सरकार का उत्तर प्रदेश में सफाया होगा। उन्होंने कहा कि इंडिया गठबंधन बहुत मजबूत है। इंडिया गठबंधन के समर्थन में जनता है इंडिया जीतेगा। किसान, नौजवान, मध्यम वर्ग, महिलाएं, बुनकर और हर गरीब आदमी इंडिया गठबंधन के साथ खड़ा है। हर गांव में नब्बे फीसदी से ज्यादा नौजवान बेरोजगार है। भाजपा ने नौजवानों और किसानों से झूठे वादे किए थे। किसानों की आय दुगनी नहीं हुई। उपाध्यक्ष विमल निषाद जी ने कहा की किसानों को फसलों का लागत मूल्य भी नहीं मिल रहा है। खिरौनी पंचायत की अध्यक्ष रेशमा भारती जी ने कहा महंगाई बहुत तेजी से बढ़ी है। हर वर्ग परेशान है। महंगाई के कारण लोग गैस सिलेण्डर नहीं भरा पा रहे हैं। सांड़ और आवारा जानवरों से लोग परेशान हैं। बतौर मुख्य अतिथि महिलाओ को जागरूक करने का काम किया हमारे साथ प्रदेश सचिव छोटे लाल यादव , खिरौनी नगर पंचायत चेयरमैन रेशमा भारती , जीतेंद्र रावत, दिनेश रावत ,जय सिंह रावत आदि लोग उपस्थित रहे।

## कान्वेंट स्कूल में पुलिस ने मिशन शक्ति अभियान के तहत छात्र छात्राओं को किया जागरूक

**गोसाईंगंज- अयोध्या।** बृहस्पतिवार को बाबू गया प्रसाद कान्वेंट स्कूल समदा गोसाईंगंज अयोध्या में मिशन शक्ति अभियान के तहत महिलाओं को जागरूक करने के लिए कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का अध्यक्षता थाना प्रभारी संतोष कुमार सिंह ने किया। थाना प्रभारी ने बताया कि मिशन शक्ति अभियान सरकार द्वारा बहू-बेटियों की सुरक्षा के लिए चलाया जा रहा है। इसलिए महिलाओं व बालिकाओं को कहीं भी अकेला महसूस नहीं करना चाहिए। उन्हें निडर होकर रहना चाहिए। कहा कि कहीं किसी महिला या छात्राओं को किसी व्यक्ति पर भी संदेह होता है तो वह हेल्पलाइन नंबर 181, 1076, 112, 1098,102, 108 पर फोन कर सकती है।

## सड़क के बगैर गांवों का विकास संभव नहीं है: विधायक वेद प्रकाश गुप्ता

*अवधनामा संवाददाता*

**पूराबाजार- अयोध्या।** सड़क के बगैर गांवों का विकास संभव नहीं है। गांवों में सड़कों के निर्माण के लिए केंद्र और प्रदेश की भाजपा सरकार संकल्पित है। यह बातें अयोध्या के विधायक वेद प्रकाश गुप्ता ने गुरुवार को ग्रामोदय महाविद्यालय रामपुर सरधा में आयोजित 335.38 लाख की 43 सड़कों के लोकार्पण व शिलान्यास समारोह के दौरान कही।

उन्होंने कहा समाज के कमजोर लोगों के लिए तमाम सरकारी योजनाएं लागू हैं जिसका लाभ गरीब व असहाय व्यक्तियों को मिल रहा है। विधायक ने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना, शौचालय, हर घर पानी, बिजली सहित तमाम योजनाएं लोगों के कल्याण के लिए लागू है। नगर विधायक के द्वारा विधायक निधि



से 15 सड़कें जिसकी लागत 127.36 लाख व पूर्वांचल निधि से 10 सड़कों जिसकी लागत 83.5 लाख से निर्मित सड़कों का लोकार्पण किया। विधायक निधि से निर्मित होने वाली 18 सड़कों जिसकी लागत 124.58 है का शिलान्यास भी किया।

# 551 महिलाओं ने सामूहिक दुरदुरिया पूजा किया

*अवधनामा संवाददाता*

**पूरा बाजार अयोध्या।** स्थानीय बाजार में स्थित श्री महाशक्ति नवरात्रि दुर्गा पूजा समिति के तत्वाधन में बृहस्पतिवार को 551 महिलाओं ने दुरदुरिया पूजा किया पूजा समिति के अध्यक्ष उमेश चंद्र गुप्ता ने कहा कि क्षेत्र और समाज के कल्याण व उत्थान के लिए दुरदुरिया पूजा का आयोजन किया गया है दुरदुरिया पूजा में समस्त ग्राम वासियों ने भी सहयोग किया पूजा के बाद महिलाओं ने पूजा का प्रसाद उपस्थित समस्त ग्राम वासियों में वितरित किया इस पूजा स्थल पर ग्रामीणों की उमड़ी भीड़ देखकर आयोजक गदगद दिखे आयोजक श्री महाशक्ति नवरात्रि दुर्गा पूजा समिति के लोगों वेद प्रकाश सोनी ,श्याम नारायण गुप्ता आदि ने पूजा करने वाली महिलाओं एवं ग्रामीणों का आभार व्यक्त किया पूजा कर रही महिलाओं ने बताया कि इस पूजन में गौरी माता का पान फूल से पूजा किया जाता है तथा प्रसाद के रूप में मीठा ,लइया ,चना का उपयोग किया जाता है



## 18 वर्षीय युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

**बीकापुर- अयोध्या।** कोतवाली बीकापुर क्षेत्र के हदयीपुर के पास प्रयागराज हाईवे पर बुधवार को रात करीब एक बजे 18 वर्षीय युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो जाने का मामला प्रकाश में आया है। मृतक के चेहरे के आधे से अधिक हिस्सा कुचलकर गायब हो गया था। जिससे मौके पर युवक की पहचान नहीं हो पाई। दोनों पैर तथा बाया हाथ टूटा हुआ था। पैर में जूता और चप्पल भी नहीं था। कोतवाली पुलिस द्वारा आसपास के मकान में रहने वाले लोगों को बुलाकर पहचान करने का प्रयास किया गया लेकिन पहचान नहीं हो सकी। पहचान न होने के बाद कोतवाली पुलिस द्वारा पंचनामा भरकर अज्ञात में मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए मोर्चरी भेजवा दिया गया।

## प्रेमी ने ही प्रेमिका की गला घोंटकर की थी हत्या

**सहारनपुर।** प्रेमिका से कहासुनी के चलते उसके प्रेमी ने ही युवती की चुनरी से गला घोंटकर हत्या की थी और शव को जंगल में फेंक दिया था। गिरफ्तारी के डर से हत्यारोपी घर से भाग गया था, लेकिन पुलिस ने हत्यारोपी को आखिर रोडवेज बस स्टैण्ड के पास से गिरफ्तार कर लिया। गौतरलब रहे कि 30 सितम्बर को लियाकत पुत्र हकीमुद्दीन निवासी ग्राम सादौली हरिया थाना कोतवाली देहात ने थाने लिखित सूचना दी कि उसकी पत्नी 42 वर्षीया अनिशा 27 सितम्बर को घर से दवाई लेने घर से बाहर गयी थी, जो अभी तक वापस नही आयी है। जिसकी तहरीर के आधार पर उसकी पत्नी अनिशा की गुमशुदगी 30 सितम्बर को दर्ज की गयी है। 12 अक्टूबर को पुलिस लियाकत के साथ तलाश कर रही थी कि इसी बीच सूचना मिली कि किसी अज्ञात महिला की लाश थाना मन्सुरपुर जनपद मुजफ्फरनगर क्षेत्र में ग्राम जड़ौदा के जंगल में मिली है। जिस पर लियाकत व दामाद राशिद ने मोर्चरी मुजफ्फरनगर पर जाकर अज्ञात महिला के शव की पहचान अनिशा के शव के रूप की। इसके पश्चात थाने पर आकर 14 अक्टूबर को लियाकत द्वारा अभियुक्त रैयान पुत्र सब्बीर त्यागी निवासी ग्राम जडौदा थाना मन्सूरपुर जनपद मुजफ्फरनगर द्वारा अनिशा की हत्या किये जाने के सम्बन्ध में लिखित तहरीर दी। जिसके आधार पर थाना कोतवाली देहात पर मुकदमा पंजीकृत किया गया। जिसकी विवेचना प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार चाहल द्वारा प्रारम्भ की गयी। आज थाना कोतवाली देहात पुलिस ने अभियुक्त रैयान को रोडवेज बस स्टैण्ड सहारनपुर के बाहर से गिरफ्तार कर लिया। अभियुक्त रैयान ने पूछताछ में बताया कि अनिशा को वह करीब 08 वर्ष से जानता है। उसका व अनिशा का सम्बन्ध काफी सालो से थे। 27 सितम्बर 23 को अनिशा को वह सहारनपुर से अपने गाँव जड़ौदा थाना मन्सूरपुर मुजफ्फरनगर के जंगल में ले गया था, जहाँ पर अनिशा से किसी बात को लेकर कहा सुनी हो गयी थी। इस बात पर अनिशा गुस्सा हो गयी और मेरे साथ गाली गलौच करने लगी और उसको चांटा मार दिया, जिससे उसे गुस्सा आ गया और उसने अनिशा के गले में पड़ी उसकी लाल रंग की चुन्नी से गला घोंट कर हत्या कर दी।

# मेला गुघाल ने विभिन्न संस्कृतियों और भाषाओं को एक सूत्र में पिरोया: महापौर

*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** महापौर डॉ. अजय कुमार ने कहा है कि मेला गुघाल के माध्यम से निगम ने देश की विभिन्न संस्कृतियों और भाषाओं को एक सूत्र में पिरोने का काम किया है। मेला गुघाल हमारे लिए सामाजिक समरसता, सामाजिक सौहार्द और शहरवासियों के बीच परस्पर समन्वय बढ़ाने का उद्देश्य है। महापौर बुधवार की रात उत्तरी भारत के ऐतिहासिक मेला गुघाल के समापन समारोह को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि मेला गुघाल में अन्य कार्यक्रमों के अलावा पर्वतीय व पूर्वांचल संस्कृतियों के माध्यम से देश की विभिन्न संस्कृतियों को एक सूत्र में पिरोया गया वहीं अखिल भारतीय कवि सम्मेलन, पंजाबी कवि दरबार व आल इण्डिया मुशायरे के साथ हमारी भाषाएं भी एक मंच पर खड़ी दिखायी दी, और यही हमारी संस्कृति भी है और विरासत भी। उन्होंने कहा कि 'एक शाम बाबा साहब के नाम'

**प्रयास**

**महापौर ने विश्वास दिलाया कि अगले सालों में मेले का और बेहतर बनाने का प्रयास किया जायेगा।**

कार्यक्रम राजनीतिक नहीं एक विचार कार्यक्रम था। बाबा साहब हम सबके पूज्य है। महापौर ने विश्वास दिलाया कि अगले सालों में मेले का और बेहतर बनाने का प्रयास किया जायेगा। उन्होंने मेले के आयोजन में पार्षदों के सहयोग की सराहना करते हुए कहा कि इसी तरह हम आगे भी मिलकर काम करेंगे और महानगर में एक गुणात्मक बदलाव लाने का प्रयास करेंगे। अपर नगरायुक्त व मेलाधिकारी राजेश यादव ने कहा कि



निगम की ओर से प्रकाश व सफाई की श्रेष्ठ व्यवस्था के साथ ही अन्य सभी बेहतर व्यवस्थाएं देने का प्रयास किया है। उन्होंने कहा कि निगम का प्रयास मेले के माध्यम से निगम की आय बढ़ाना तो है ही अपनी सांस्कृतिक धरोहर को संजोने और संवारने का प्रयास भी है। पार्षद मंसूर बदर, मयंक गर्ग, ज्योति अग्रवाल, मनोज प्रजापति व पार्षद प्रतिनिधि राकेश कल्याण आदि ने भी सम्बोधित किया। मेला चेयरमैन पार्षद चौधरी वीरसेन सिद्धू ने मेले के सफल आयोजन के लिए सभी पार्षदों, नगर निगम के पथ प्रकाश, स्वास्थय विभाग के अलावा पुलिस विभाग के सहयोग की सराहना करते हुए उनका आभार जताया।

# फसल अवशेष प्रबंधन पर निबंध, चित्रकला व भाषण प्रतियोगिता का आयोजन

*अवधनामा संवाददाता*

सहारनपुर। एसएएम इंटर कालेज में कृषि विज्ञान केंद्र के सौजन्य से फ़सल अवशेष प्रबंधन जनजागरूकता अभियान के अंतर्गत एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसके अंतर्गत फ़सल अवशेष प्रबंधन विषयवस्तु आधारित निबंध, चित्रकला एवं भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

कॉलेज में आयोजित कार्यक्रम में कृषि विज्ञान केन्द्र सहारनपुर से वैज्ञानिक डॉ.रविन्द्र तोमर ने कृषि क्षेत्र के विविध संदर्भ देते हुए फसल अवशेष प्रबंधन हेतु अनेक उपाय सुझाए और सभी शिक्षक-शिक्षिकाओ एवं छात्र-छात्राओ से इसका प्रचार प्रसार करने की अपील की, ताकि फसल अवशेष के उचित निपटारा न होने से होने वाले दुष्परिणामो से बचा जा सकें। फसल अवशेष प्रबंधन विषयवस्तु पर आधारित निबंध प्रतियोगिता में मनजीत कक्षा 10 ने



प्रथम, अंशिव वैश कक्षा 9 ने द्वितीय एवं काव्या शर्मा कक्षा 11 व अभय सिंह कक्षा 10 ने संयुक्त रूप से तृतीय स्थान प्राप्त किया। चित्रकला प्रतियोगिता में नमन कक्षा 9 ने प्रथम, मनजीत कक्षा 10 ने द्वितीय एवं आर्यन गौतम कक्षा 10 ने तृतीय स्थान प्राप्त किया, जबकि भाषण प्रतियोगिता में कार्तिक कक्षा 10 ने प्रथम, अमृत कक्षा 9 ने द्वितीय एवं रोहित कक्षा 12 ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। सभी विजेता प्रतिभागी छात्र छात्राओ को कृषि विभाग द्वारा प्रमाण पत्र देकर पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम के अंत मे कालेज प्रधानाचार्य डॉ.अजय कुमार गुप्ता ने कृषि विभाग के आगंतुक अधिकारियो का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि फसल अवशेष प्रबंधन कार्यक्रम सर्वकालिक अति महत्वपूर्ण कार्यक्रम है, जिसका प्रचार प्रसार वैश्विक स्तर की अपरिहार्य आवश्यकता है। इस अवसर पर मनोज कुमार काकरान, नवीन गुलाटी, ब्रिजेश पुंडीर, रामवीर सिंह, अब्बास खान, फरत मियां, अजय विश्वास, सुधीर शर्मा, मुनीश गुप्ता, अमित कुमार, सुनील सिंह, दिलीप त्रिपाठी आदि का सहयोग रहा।

## मिशन शक्ति अभियान के तहत छात्राओं को किया अधिकारों के प्रति जागरूक

**सहारनपुर।** पुलिस अधीक्षक नगर अभिमन्यु मांगलिक ने कहा कि वर्तमान युग में महिलाएं व बालिकाएं हर क्षेत्र में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कर रही हैं। उन्होंने छात्र-छात्राओं का आह्वान किया कि वे बेखौफ होकर अपने लक्ष्य पर ध्यान केंद्रित कर सफलता हासिल करें तथा किसी भी परेशानी की स्थिति में महिला हेल्पलाईन नम्बर पर सूचना दें, ताकि उनकी समस्याओं का समाधान किया जा सके। पुलिस अधीक्षक नगर अभिमन्यु मांगलिक आज यहां देहरादून रोड स्थित खालसा इंटर कालेज में मिशन शक्ति फेज-4 अभियान के तहत आयोजित जागरूकता कार्यशाला को बतौर मुख्य अतिथि सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने महिलाओं व छात्राओं को सरकार द्वारा महिलाओं के हित में चलाई गई योजनाओं व सुरक्षा हेल्प लाईन नम्बर की भी जानकारी दी।

## बैठक कर भाजपाइयों ने बनाई रणनीति



*अवधनामा संवाददाता*

**नौतनवा (महराजगंज)।** आगामी लोकसभा चुनाव को देखकर भाजपा के कार्यकर्ता लगातार बैठक कर रहे हैं। गुरूवार को कोल्हुई मंडल अध्यक्ष प्रदीप पाण्डेय की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेश मंत्री खुर्शीद अहमद उपस्थित रहे।

कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए खुर्शीद अहमद ने कहा कि हम विश्व के सबसे बड़े पार्टी के कार्यकर्ता हैं और जनता का रुझान भी प्रधानमंत्री के कार्यों को देखते हुए पुनः उन्हें प्रधान मंत्री बनाने की है। इसलिए आप सभी को तन मन धन से जुड़कर पार्टी का कार्य करना चाहिए। उन्होंने कहा कि गांव में जाकर मतदाताओं को बढ़ाने, गलत मतदाताओं के नाम को हटाने का कार्य पूरे मनोयोग से करना चाहिए। जिससे हम अपनी पार्टी की सरकार पुनः बना सकें। कार्यक्रम का संचालन ओम प्रकाश त्रिपाठी ने किया। तथा इस अवसर पर पंकज सिंह, ट्विंकल पाण्डेय, महेन्द्र राय, प्रदीप सिंह,शैलैष सिंह सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।


# मतदाता पुनरीक्षण के लिए एसडीएम ने दिया आवश्यक निर्देश

*अवधनामा संवाददाता*

**फरेन्दा (महराजगंज)।** स्थानीय तहसील सभागर में गुरूवार को विधानसभा फरेंदा के सभी बीएलओ के साथ एसडीएम फरेन्दा राकेश कुमार ने एक बैठक की। जिसमें आगामी 27 अक्टूबर से 9 दिसम्बर तक चलाये जाने वाले विशेष मतदाता पुनरीक्षण अभियान के बारे मे जानकारी दी गई।

उन्होंने बताया कि अभियान समवेशी अभियान होगा जिसमें दिव्यांग मतदाता, ट्रांसजेंडर तथा समस्त छूटे हुए मतदाता को शामिल किया जाना हैं साथ ही ऐसे भारतीय नागरिक को 1 जनवरी 2024 को 18 वर्ष पूर्ण कर रहे हैं, उन्हें मतदाता बनाया जाना हैं। अभियान के दौरान संबंधित बीएलओ अपने अपने बूथ पर अद्यतन निर्वाचक नामवली के साथ उपस्थित रहेंगे। समस्त नागरिक जिनका नाम अपने मतदान बूथ पर मतदाता सूची मे शामिल नहीं हैं वह फार्म 6 के साथ संपर्क कर सकते हैं। मतदाता voter.eci.gov. in पर ऑनलाइन अथवा वोटर सर्विस पोर्टल अथवा वोटर हेल्पलाइन एप्प के माध्यम से अपना नाम मतदाता सूची मे जोड़वा सकते हैं। वहीं जिनकी मृत्यु हो चुकी है उनके लिए फार्म 7 द्वारा नाम विलोपन किया जाना है व किसी भी प्रकार के संशोधन के लिए फ़ार्म 8 का प्रयोग किया जाना है। बैठक में एसडीएम फरेन्दा ने सभी बीएलओ को एप के माध्यम से सभी फार्मों को अपलोड कराने व 18 से 19 वर्ष के नये मतदाता एवं महिला मतदाता को जोड़ने पर जोर देते हुए फार्म उपलब्ध कराने हेतु निर्देशित किया गया। कार्य मे लापरवाही व निर्वाचन कार्य मे रूचि नहीं लेने पर नियमानुसार विभागीय कार्यवाही की जाएगी। इस अवसर पर सभी सुपरवाइजर, सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी सहित अन्य बीएलओ उपस्थित रहें।

## कबड्डी में छात्र खिलाड़ियों ने दिखाया दमखम



**महराजगंज।** स्थानीय घुघली के ऐंग्लों संस्कृत इंटरमीडिएट कालेज में गुरूवार को एक दिवसीय जिला स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। इसका उद्घाटन डीआईओएस अमरनाथ राय ने किया। उद्घाटन मैच में सीनियर बालिका वर्ग चौक और पनियरा के बीच खेला गया। जिसमें चौक ने पनियरा को 25 और 8 से करारी शिकस्त दी। सीनियर बालक वर्ग में पनियरा ने महात्मा गांधी इंटर कालेज सिसवा को 12 अंको, डीएवी घुघली ने बसंतपुर को 15, बाली ने बरगदवा को तीन, चौक ने टीडी घुघली को 28, ऐंग्लों घुघली ने लक्ष्मीपुर एकडंगा को दो, निचलौल ने परतावल को 11 अंको से हराया।

बालिका वर्ग में चौक ने ऐंग्लों को 22, महराजगंज ने डीएवी घुघली को 16 अंकों से हराया। प्रतियोगिता का संचालन चंद्रमौलि मिश्र व रंजीत बहादुर ने किया। निर्णायक की भूमिका में दीनानाथ विश्वकर्मा, अजय श्रीवास्तव ने निभाई। इस दौरान डीआईओएस ने कहा कि खेल से भाई चारा के बढ़ने के साथ शारीरिक व मानसिक विकास होता है। प्रतियोगिता में बेहरत प्रदर्शन देखने को मिला है। प्रबंधक सुरेश कुमार रूंगटा ने कहा कि खेल के आयोजन से बच्चों का मनोबल बढ़ता है। यही बच्चे जनपद से लेकर राष्ट्रीय स्तर पर अपना परचम लहराते है। इस दौरान पीडी रामदरश चौधरी, बीडीओ घुघली मनोज कुमार, प्रधानाचार्य होशिला प्रसाद, रमाकर कृष्ण त्रिपाठी, इस्तेखार, दुर्गेश आजाद, नजीरूद्दीन, शिक्षक अखिलेश तिवारी, बैकुंठ लाल श्रीवास्तव, अशोक तिवारी, सुनील सिंह, दिवाकर पटेल, तेजेन्द्र सिंह, खलिद खा, सोमा मुखर्जी, रोमा सिंह, नम्रता, सुनील, सुंदर प्रसाद, आदि मौजूद रहे।

## सिसवा के दुर्गा पांडाल में अक्षरधाम मंदिर का प्रतिरुप दिखाने की तैयारी



*अवधनामा संवाददाता*

**सिसवा बाजार(महराजगंज)।** शारदीय नवरात्र पर सिसवा नगर में आयोजित दुर्गा पूजा महोत्सव में श्री बाल दुर्गा पूजा समिति दूरभाष केंद्र रोड द्वारा भव्य पांडाल में भारत के प्रसिद्ध अक्षरधाम मंदिर का प्रतिरुप श्रद्धांलुओं को दर्शन कराने की तैयारी में है। वहीं समाज में व्याप्त कुरीतियों के खिलाफ जनमानस को जागरूक करेंगी और पर्यावरण सुरक्षा के प्रति जागरूक करने के लिये पौधे के रुप में प्रसाद का वितरित किया जायेगा।

सिसवा बाजार के सुप्रसिद्ध बाल दुर्गा पूजा सेवा समिति रेलवे स्टेशन दूरभाष केंद्र रोड के अध्यक्ष गंगा सागर जायसवाल ने बताया कि पांडाल को अक्षरधाम मंदिर का स्वरूप देने का प्रयास किया जा रहा है। नवरात्रि में पांडाल में पहुंचने वाले श्रद्धालु माता जगदंबा के विभन्न रूपों का दर्शन प्राप्त करेंगे साथ ही सामजिक कुरीति कन्या भ्रूण हत्या के प्रति लोगों को जागरूक किया जायेगा।

## मंजेश को पहला, अवधेश को दूसरा स्थान मिला

**महराजगंज।** भीमराव अंबेडकर राजकीय महाविद्यालय धनेवा धनेई में गुरूवार को सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान का आयोजन हुआ। इस दौरान सड़क दुर्घटना के कारण एवं निवारण में युवाओं की भूमिका विषय पर वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें कुल 15 विद्यार्थियों ने भाग लिया। जिसमें बीए भाग तीन के छात्र मंजेश साहनी को को पहला, बीए प्रथम वर्ष के छात्र अवधेश को को दूसरा व बीएससी भाग तीन की छात्रा सुषमा शुक्ला को तीसरा स्थान मिला। प्राचार्य प्रोफेसर विनोद कुमार पाल ने सड़क सुरक्षा नियमों की जानकारी दी।

## युद्ध की विभीषिका

युद्ध सेना का काम है। इसे सेना तक ही सीमित रहना चाहिये। पर व्योहारिक रूप से सेना के साथ-साथ आम नागरिक भी माल और जान से तबाह होते। कितना दयनीय अमानवीय और दर्दनाक होता है कि देख सुन कर ही दिल दहल जाता है, फिर भुगतने वालो के दर्द भुगतने वाले ही जानते है। जब अबोध बच्चों, आदमियो, महिलाओं की तस्वीर सामने आती है तो दिल दहलने के साथ दर्द से भर उठता है आंखे रोकने पर ही छलक उठती है। दो-दो विश्व युद्ध झेल लेने के बाद भी, उसकी जानमाल की बरबादी देख लेने के बाद भी उसके नतीजे भुगत लेने के बाद भी कहीं न कहीं युद्ध जारी है। अभी रूस यूक्रेन का युद्ध समाप्त भी नहीं हो पाया है कि हमास इस्राइल का युद्ध शुरू हो गया है।

हालाकि युद्ध की शुरूआत हमास ने की है पर बढ़त इस्राइल बनाये हुये है। गाजापट्टी की हालत दयनीय और दर्दनाक हो गई है। बिजली पानी और बुनियादी सुविधायें इस्राइल ने रोक दी है। अस्पतालो में आक्सीजन नहीं है। इस्राइल ने गाजापट्टी छोड़ने की धमकी दी है और समय सीमा भी निर्धारित कर दी है। लोग शरणार्थी बन विस्थपित हो रहे है। हमास ने जिस क्रूरता से इस्राइल में चल रहे उत्सव पर अचानक हमला किया उसमें बच्चे, बूढे महिलाओं की मौत दर्दनाक है। इस्राइल हमास को मिटा देने की कसम खाई है और भयानक रूप से अपनी कसम को अन्जाम देने में लगा है। हमास की हालत दयनीय हो गई है। विश्व दो गुटों में बट गया है जो ठीक नही है। एक फिलिस्तीन की ओर है दूसरा इस्राइल की ओर अगर इस पर नियन्त्रण नहीं लगा तो नतीजा भयंकर होगा। विश्व युद्ध का विस्फोट हो सकता है। गाजा ही के उत्तरी हिस्से से लाखो लोगो को दक्षिणी हिस्से में चले जाने का फरमान विस्थापन की भयानक दुर्घटना प्रस्तुत करेगी।

हालाकि इस्राइल ने जीत का पलड़ा अपनी ओर झुका लिया है पर उसके हमले सिर्फ हमास आतंकवादियों और पनाहगारो को नष्ट नहीं कर रहे है। जैसा की युद्ध में होता है बहुत से निर्दोष भी मर रहे है। इस्राइल को इस विषय में संयम बरतना चाहिये। पर जीत की ललक ऐसा कहां होने देती है। युद्ध और प्यार में सब जायज हो जाता है। अन्तरराष्ट्रीय सहमति है युद्ध सेना से सेना तक या दोषियो तक ही सीमित रहना चाहिये। पर ऐसा कहां हो पाता है ताकतवर देश अपनी इच्छा अनुसार सब तोड़ते मरोड़ते रहते है। इस्राइल भी ऐसा ही कर रहा है। इसीलिये विश्व विरादरी में उसके प्रति गुस्सा है। रूस और चीन ने युद्ध के मानको का उल्लघंन सहन न किये जाने की बात कही है। अमेरिका ने इस्राइली प्रधानमंत्री को हद में रहने की बात कही है। युद्ध के लेकर दुनियां दो गुटो में बंट गई है। पाकिस्तान, ईरान, जोर्डन, सीरिया, लेबनान, इस्राइल के विरोध में हमास के साथ खड़े है। इस्लामी दुनियां इस्राइल के विरोध में प्रदर्शन कर रहे है। अमेरिका ब्रिटेन, फ्रान्स, जर्मनी, आदि देशो ने फिलिस्तीन के पक्ष में प्रदर्शन पर रोक लगा रक्खी है। पर हमास आतंकवादी है, इस्राइल उसके खिलाफ खड़ा है इसलिये इस्राइल का पक्ष लिया जाना अनुचित नहीं है। पर मानवीय मूल्यों की अनदेखी किसी के भी पक्ष में नहीं की जानी चाहिये।

प्रधानमंत्री मोदी ने ठीक ही कहा है युद्ध से किसी को फायदा नहीं है, यही बात अमेरिका इस्राइल को समझा रहा है। दरसल अमेरिका ईरान से भी इसी बहाने निपटना चाहता है। उपयुक्त अवसर की तलाश में है। पर जिस तरह के हालात इस समय दिख रहे है उससे आशंका बनती जा रही है कही यह विश्व युद्ध की भूमिका न बन जाये। जबकि इस्राइल हमास को हमेशा के लिये नष्ट कर देने के लिये जी जान से लगा हुआ है उसे सफलता भी मिलते दिख रही है। पर पूरा फिलीस्तीन तो आतंकवादी नहीं है। यह भी इस्राइल को ध्यान में रखना चाहिये। पर इस्राइल अपनी धुन में लगा हुआ है। इसके लिये हमास के हिमायती हिज्जबुल्लाह से लेबनान में लड़ रहा है। अगर अरब और दुनियां के दूसरे मुल्क भी इस युद्ध में कूद पड़े तो स्थिति संभाले नहीं सभल पायेगी। क्योकि युद्ध के और फंसने की स्थिति बढ़ती दिख रही है। तटस्थ मुल्क क्या कर रहे है। उन्हें आगे बढ़ कर स्थीति सभालनी चाहिये। दोनो गुटो से बातचीत कर उनके हर विन्दु पर विचार कर शान्ती को बहाल करनी चाहिये। भारत इसमें महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकने की स्थिति में है। क्योकि अधिकतर देश मोदी की बातों को तवज्जो देते है और इस समय वह दुनियां के ग्राह्य नेताओं में अपना स्थान बनाये हुये है। कुछ देश भ्रम फैला कर अपना उल्लू सीधा करने में लगे है। उन्हें इस समय विश्वहित की बात सोचनी चाहिये। आफवाह न फैलाये खासकर अमेरिका के खिलाफ इरान और रूस अमेरिका के खिलाफ काफी दिलचस्पी लेते दिख रहे है। चीन भी उनसे मिल गया है। रूस और चीन की दोस्ती बढ़ती जा रही है। युद्ध से किसी को फायदा नहीं मिलेगा।

## दिशाहीन होता धार्मिक अतिवाद और औपनिवेशिक विस्तारवाद

संजीव ठाकुर

वर्तमान परिदृश्य में वैश्विक स्तर पर धार्मिक अतिवाद औपनिवेशिक विस्तारवाद के कारण कई देशों के मध्य युद्ध तथा हिंसा का तांडव मचा हुआ है जो वैश्विक शांति, मानवता, सौहार्द के लिए सर्वथा बहुत ज्यादा घातक एवं भविष्य में अप्रिय परिणाम देने वाले हैं। धर्म की अवधारणा परोपकार, जनकल्याण, अहिंसा तथा मानवता को निरंतर आगे बढ़ाना है। जबकि अतिवाद किसी मान्यता विचार व अवधारणा को जबरन लागू करने की प्रक्रियागत सोच है। अतिवाद ही किसी भी विचारधारा या किसी पंथ को अति होने तक ले जाना है। अतिवाद किसी भी धार्मिक और राजनीतिक विषय में ऐसी विचारधारा के लिए प्रयुक्त होता है जो समाज की मुख्यधारा के नजरिए को स्वीकार नहीं करती है। यह एक ऐसा राजनीतिक अथवा धार्मिक सिद्धांत है जो अमर्यादित नीति का पक्षधर है तथा इसमें मध्यस्थता की कोई गुंजाइश भी नही होतीहै। यह धर्म की ओर एवं कठोर मान्यताओं को लोगों पर जबरदस्ती थोपने का कार्य करता है, तथा हिंसा ,हत्या बलात्कार आदि को सर्व मान्य रूप से सही ठहराता है। भारत में धार्मिक विवाद का असर युवाओं पर सबसे ज्यादा पड़ता है क्योंकि युवा मन अपरिपक्व तथा किसी विचारधारा में ढला हुआ नहीं रहता और भारत में 65त्न 35 साल से कम उम्र के युवा निवासरत हैं। भारत विश्व का सबसे बड़ा लोकतांत्रिक देश हैद्य स्वतंत्रता के बाद से भारत के संविधान में लोकतंत्र को सर्वोपरि स्थान दिया गया हैद्य देश की भौगोलिक तथा जनसंख्यात्मक विशालता में कुछ तत्व सांप्रदायिक हिंसा एवं अराजकता के परिस्थितियों के कारण उत्पन्न हो सकतें हैं, पर भारतीय लोकतंत्र की महानता एवं विशालता है कि इससे संवैधानिक भारतीय लोकतंत्र को बहुत ज्यादा फर्क नहीं पड़ता, पर यह तय है कि सांप्रदायिक हिंसा एवं धार्मिक कट्टरता से लोकतंत्र की अवधारणा थोड़ी दिग्भ्रमित जरूर होती है पर इसकी मजबूती ना तो पहले कम हुई है और ना ही भविष्य में होने की कोई गुंजाइश ही है। हिंसा ,विवाद किसी भी बात का कोई हल नहीं। यह लोकतंत्र के लिए एक धब्बे के समान है। किसी भी देश में लोकतंत्र की आम धारणा आपसी सद्भाव और समभाव को लेकर आधारभूत रचनात्मक रूप से की गई है। विश्व के शांति प्रस्तावक भारत देश में हिंसा और हिंसक आंदोलन की कोई जगह नहीं एवं यह किसी धार्मिक, सामाजिक अथवा आर्थिक असहमति का परिणाम तो कतई नहीं हो सकती है। भारत विश्व का सबसे बड़ा लोकतांत्रिक,प्रजातांत्रिक स्वतंत्र राष्ट्र है। वैचारिक चिंतन, प्रभुद्धता लोकतंत्र के प्रमुख अवयव होते हैं, राष्ट्र के किसी भी नीति में सहमत और असहमत होना एक सामान्य प्रक्रिया, प्रतिक्रिया हो सकती है, और आम जनमानस का किसी मुद्दे पर आप सहमत होना भी एक सामान्य बात हो सकती है पर किन्ही भी परिस्थितियों में असहमति हिंसा के रूप में कतई बर्दाश्त के योग्य नहीं होनी चाहिए।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक व सम्पादक तकदीस फ़ातिमा रिज़वी ने ग्रुप-5 प्रकाशन, 55-बी, वज़ीर हसन रोड, लखनऊ से मुद्रित कराकर प्रथम तल, मस्जिद नूर महल, साकेत पल्ली, नरही, लखनऊ से प्रकाशित किया।

किसी भी लेख में कोई विवाद के लिए 'अवधनामा' जिम्मेदार नहीं होगा, इसकी जिम्मेदारी लेखक की है। किसी भी समाचार के विवाद के लिए न्याय क्षेत्र लखनऊ ही होगा।

पोलिटिकल एडीटर : एम.एम. मोहसिन

स्थानीय संपादक

मोहम्मद आलम रिज़वी

RNI No UPHIN/2010/31173

टेली फैक्स नं. : 2288091, 4065716

avadhnamahindi@gmail.com,

विवाह मानव-समाज की अत्यंत महत्वपूर्ण प्रथा या समाजशास्त्रीय संस्था है। यह समाज का निर्माण करने वाली सबसे छोटी इकाई- परिवार-का मूल है। यह मानव प्रजाति के सातत्य को बनाए रखने का प्रधान जीवशास्त्री माध्यम भी है। शादी केवल यौन सुख भोगने का एक अवसर नहीं बल्कि वंश परम्परा को आगे बढ़ाने का माध्यम है। भारतीय परम्परा एवं संस्कृति में विवाह द्वारा शारीरिक संबंधों को संयमित रखने, संतति निर्माण करने, जैसे जिम्मेदारी भरे कार्य भी किये जाते हैं। जबकि समलैंगिक विवाह को कानूनी मान्यता मिल जाने का अर्थ होगा प्राचीन उच्च एवं आदर्श मूल्यों पर कुठाराघात करना।

# अदालत का फैसला भारतीय संस्कृति की जीत



ललित गर्ग

समलैंगिक विवाह को कानूनी मान्यता का मुद्दा भारतीय जनजीवन में लंबे समय से चर्चा का विषय रहा है। देश की शीर्ष अदालत सुप्रीम कोर्ट ने समलैंगिक शादी को स्पेशल मैरिज ऐक्ट के तहत मान्यता देने से इनकार कर वाकई ऐतिहासिक फैसला सुनाया है। देखा जाये तो सुप्रीम कोर्ट की पांच जजों की संवैधानिक बेंच का यह फैसला भारतीय संस्कृति, भारतीय परम्पराओं, जीवनमूल्यों, संस्कारों, आदर्शों और भारतीयता की जीत है। अदालत ने समलैंगिक कपल को बच्चे गोद लेने का हक भी देने से इंकार किया है। अदालत का फैसला भारतीय जन भावनाओं एवं संस्कारों की पुष्टि भी करता है साथ ही भारतीय मूल्यों, संस्कृति एवं आदर्शों को धुंधलाने एवं आहत करने वाली विदेशी ताकतों को चेताता है जो कि भारत का सामाजिक एवं पारिवारिक चरित्र बिगाड़ने की साजिश रच रहे हैं। निश्चित ही अदालत का यह सराहनीय फैसला भारत की अतीत से चली आ रही विवाह परम्परा एवं संस्कृति को जीवंत रखने एवं मजबूती देने का अनूठा उपक्रम है।

कोर्ट ने यह साफ कर दिया है कि कोर्ट कानून नहीं बना सकता, उनकी व्याख्या कर सकता है। स्पेशल मैरिज ऐक्ट में बदलाव करना संसद का काम है। निश्चित ही सुप्रीम कोर्ट की यह टिप्पणी गौर करने योग्य है। सम्मानित एवं विद्वान न्यायमूर्तियों ने यह स्वीकार किया है कि समलैंगिक सम्बन्ध रखने वाले व्यक्तियों के एक नागरिक के नाते जो अधिकार हैं वे उन्हें मिलने चाहिए और सामाजिक क्षेत्र में अन्य नागरिकों की तरह उन्हें भी बराबर के मौलिक अधिकार दिये जाने चाहिए परन्तु जहां तक उनके आपस में ही शादी करने का मामला है तो यह विषय संसद में बैठे जनता के चुने हुए प्रतिनिधियों को देखना चाहिए। वैसे जो लोग समलैंगिक विवाह को कानूनी मान्यता दिये जाने के पक्ष में खड़े थे या अब भी खड़े हैं उन्हें समझना चाहिए कि हिंदू धर्म में शादी के गहरे अर्थ है, विवाह, जिसे शादी भी कहा जाता है, दो विपरीत लिंगी लोगों के बीच एक सामाजिक या धार्मिक मान्यता प्राप्त मिलन है जो उन लोगों के बीच, साथ ही उनके और किसी भी परिणामी जैविक या दत्तक बच्चों तथा समधियों के बीच अधिकारों और दायित्वों को स्थापित करता है।

विवाह मानव-समाज की अत्यंत महत्वपूर्ण प्रथा या समाजशास्त्रीय संस्था है। यह समाज का निर्माण करने वाली सबसे छोटी इकाई- परिवार-का मूल है। यह मानव प्रजाति के सातत्य को बनाए रखने का प्रधान जीवशास्त्री माध्यम भी है। शादी केवल यौन सुख भोगने का एक अवसर नहीं बल्कि वंश परम्परा को आगे बढ़ाने का माध्यम है। भारतीय परम्परा एवं संस्कृति में विवाह द्वारा शारीरिक संबंधों को संयमित रखने, संतति निर्माण करने, उनका उचित पोषण करने, वंश परंपरा को आगे बढ़ाने और अपनी संतति को समाज के लिए उपयोगी नागरिक बनाने जैसे जिम्मेदारी भरे कार्य भी किये जाते हैं। जबकि समलैंगिक विवाह को



कानूनी मान्यता मिल जाने का अर्थ होगा प्राचीन उच्च एवं आदर्श मूल्यों पर कुठाराघात करना। पश्चिमी देशों से आंधी की तरह देश में प्रवेश कर ही इस तरह की परम्पराओं को लेकर आम जनता में समर्थन बढ़ना कोई आश्चर्य की बात नहीं है, इसलिये वस्तुतः देश में समलैंगिक विवाह को लेकर दो तरह की धारणाएं रही हैं। देश में एक बड़ा वर्ग इसे कानूनी और सामाजिक-धार्मिक स्तर पर मान्यता देने का विरोधी रहा है। वह इसलिए भी कि भारतीय समाज में इस तरह की स्वच्छंद, उच्छृंखल एवं स्वैच्छाचारी जीवन शैली की अनुमति कहीं नहीं है। वैसे भी कानून बनाने की जहां भी बात आती है वहां यह अपेक्षा जरूर रहनी चाहिए कि संस्कृति व परम्पराओं की अनदेखी नहीं हो। हां, गिने-चुने लोग समलैंगिक विवाह को कानूनी मान्यता देने के पक्षधर भी हो सकते हैं।

अब अदालत ने यह मुद्दा संसद के हवाले कर दिया है, लेकिन अहम सवाल यह भी है कि क्या संसद इस दिशा में अपनी तरफ से पहल करके ऐसा कोई कानून बनाएगी? संसद को व्यापक परिवेश में भारतीय परम्परा एवं सांस्कृतिक मूल्यों को देखते हुए आगे का रास्ता बनाना चाहिए। मौजूदा सरकार का इस सवाल पर दिखा रुख आशान्वित कर रहा है क्योंकि सरकार का तर्क है कि समलैंगिक विवाह को इसलिए मान्यता नहीं दी जा सकती, क्योंकि कानून में पति और पत्नी की परिभाषा जैविक तौर पर दी गई है। उसी के मुताबिक दोनों के कानूनी अधिकार भी हैं। समलैंगिक विवाहों को कानूनी मान्यता देने से गोद लेने, तलाक, भरण-पोषण, विरासत आदि से संबंधित मुद्दों में बहुत सारी जटिलताएं पैदा होंगी। इन मामलों से संबंधित सभी वैधानिक प्रावधान पुरुष और महिला के बीच विवाह पर आधारित हैं। पुरातन और आधुनिक सोच में फंसे इस जटिल विषय पर कानूनी मान्यता को लेकर निर्णय लेने की जिम्मेदारी अब देश की विधायिका के कंधों पर है। उम्मीद की जा सकती है कि इस पर कोई भी कानून बनाने से पहले जनभावनाओं और सामाजिक-धार्मिक मान्यताओं का खास ध्यान रखा जाएगा।

भारत विविधता में एकता वाला देश है, लगभग सभी धर्म एवं सम्प्रदायों में समलैंगिक विवाहों को लेकर विरोध ही है। हाल ही में सिख समुदाय में ऐसे स्पष्ट स्वर सुनने को मिले हैं। अकाल तख्त जत्थेदार ज्ञानी रघबीर सिंह ने कहा कि सिख सिद्धांतों के तहत समलैंगिक विवाह के लिए कोई जगह नहीं है। अकाल तख्त ने पिछले महीने बठिंडा गुरुद्वारे में समलैंगिक विवाह कराने के बाद वहां के पुजारियों को धार्मिक सेवाएं करने से अयोग्य घोषित कर दिया है। सुप्रीम कोर्ट द्वारा अपना फैसला सुनाए जाने से एक दिन पहले अमृतसर में 'पंज सिंह साहिबान' (पांच सिख पादरी) की एक बैठक के बाद, सिखों की सर्वोच्च लौकिक संस्था, अकाल तख्त के जत्थेदार ने इस फैसले की घोषणा की थी।

भले ही समलैंगिक यौन सम्बन्ध बनाने को सर्वोच्च न्यायालय 2018 में ही गैर आपराधिक कृत्य करार दे चुका है। इसी से प्रेरित होकर समलैंगिक समर्थक कई संगठनों ने सर्वोच्च न्यायालय में उनके विवाह को भी वैध करार देने की याचिका दायर की थी जिसका विरोध केन्द्र सरकार ने किया था। भला एक स्त्री का दूसरी स्त्री से, एक पुरुष का दूसरे पुरुष से विवाह कैसे परिपूर्ण माना जा सकता है? यह विवाह नहीं, एक आपसी संबंध भले ही हो, लेकिन इसे विवाह की मान्यता एवं सारे अधिकार कैसे दिये जा सकते हैं? इसलिये भारत की सामाजिक संरचना को देखते हुए यदि केन्द्र सरकार ने समलैंगिक शादी को मान्यता देने का विरोध किया तो उसे किसी भी तरह गलत नहीं ठहराया जा सकता। भले ही भारत में ही प्राचीन काल में भी ऐसे उदाहरण मिले हो या धार्मिक ग्रन्थों में कई ऐसे उदाहरणों का उल्लेख हो, जो समलैंगिक सम्बन्धों की तरफ इशारा करते हैं परन्तु भारतीय समाज ने हमेशा ही ऐसे सम्बन्धों को प्रकृति के विरुद्ध यौन सम्बन्ध माना है और सामाजिक विकार की श्रेणी में रखा है। स्त्री और पुरुष का यौन सम्बन्ध ही प्रकृति को गतिशील रखते हैं। घर और कुटुम्ब का मतलब ही स्त्री-पुरुष के सम्बन्धों से उत्पन्न फल का ही विस्तृत स्वरूप होता है। स्त्री-पुरुष सम्बन्ध ही प्यार या मोहब्बत की महायात्रा है और इन दोनों के यौन संबंधों से उत्पन्न संतान ही परिवार एवं वंश को आगे बढ़ाने का आधार है।

# समलैंगिक विवाह अब गेंद सरकार के पाले में

पांच न्यायाधीशों की संविधान पीठ ने समलैंगिक विवाह के मद्देनजर विशेष विवाह अधिनियम में संशोधन करने या मान्यता देते हुए पंजीकरण करने से भी इंकार कर दिया है। प्रधान न्यायाधीश ने स्पष्ट किया है कि कानून बनाना अदालत का विशेषाधिकार नहीं है। वह सिर्फ कानून की समीक्षा और व्याख्या कर सकती है, लिहाजा इस मामले को संसद और सरकार के विवेकाधीन छोड दिया गया है।



रोहित माहेश्वरी

सुप्रीम कोर्ट की पांच न्यायाधीशों की संविधान पीठ ने मंगलवार को सर्वसम्मति से विशेष विवाह अधिनियम के तहत समलैंगिक विवाह को कानूनी मान्यता देने से इनकार कर दिया और फैसला सुनाया कि ऐसे मिलन को मान्य करने के लिए कानून में बदलाव करना संसद के दायरे में है। इस पर उन्होंने कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने समान-लिंग वाले व्यक्तियों को एक साथ रहने से नहीं रोका है। चूंकि देश में समान-लिंग वाले व्यक्तियों के बीच विवाह के लिए ऐसा कोई कानून नहीं है। इसलिए, सुप्रीम कोर्ट ने इसमें हस्तक्षेप नहीं किया।

असल में संविधान में विवाह एक मौलिक अधिकार नहीं है, लिहाजा सर्वोच्च अदालत की संविधान पीठ ने समलैंगिक विवाह को मान्यता देने से इंकार कर दिया है। हालांकि अदालत ने समलैंगिकों के हितों और कुछ अधिकारों को संरक्षण देने की पैरवी जरूर की है। प्रधान न्यायाधीश जस्टिस डीवाई चंद्रचूड की अध्यक्षता वाली पांच न्यायाधीशों की संविधान पीठ ने समलैंगिक विवाह के मद्देनजर विशेष विवाह अधिनियम में संशोधन करने या मान्यता देते हुए पंजीकरण करने से भी इंकार कर दिया है। प्रधान न्यायाधीश ने स्पष्ट किया है कि कानून बनाना अदालत का विशेषाधिकार नहीं है। वह सिर्फ कानून की समीक्षा और व्याख्या कर सकती है, लिहाजा इस मामले को संसद और सरकार के विवेकाधीन छोड दिया गया है।

एक सुझाव जरूर दिया गया है कि सरकार कैबिनेट सचिव की अध्यक्षता में एक समिति का गठन करे, जो समलैंगिक विवाह के तमाम आयामों पर विमर्श करने के बाद अपनी रपट सरकार को सौंपे। उसके आधार पर संसद में बहस की जा सकती है। संविधान पीठ ने यह निर्देश भी दिया है कि केंद्रीय कानून के अभाव में राज्य भी कानून बना सकते हैं। हालांकि चार न्यायाधीशों ने अलग-अलग फैसले दिए, असहमतियां भी व्यक्त कीं, लेकिन समलैंगिक विवाह को मान्यता न देने पर पूरी पीठ एकमत थी।

समलैंगिक विवाह को 'विशेष विवाह अधिनियम' के तहत मान्यता देने और अन्य संबद्ध पहलुओं को लेकर 21 याचिकाएं सर्वोच्च अदालत में दाखिल की गई थीं। सवाल यह भी था कि क्या 'लैंगिक अल्पसंख्यक' भी जीवन, आजादी, समानता और गैर-भेदभाव सरीखे मौलिक अधिकारों के पात्र हैं? क्या विशेष विवाह अधिनियम को 'लैंगिक तटस्थ' बनाया जा सकता है? वे एक 'भारतीय पारिवारिक ईकाई' के तौर पर धार्मिक वैधता या सामाजिक स्वीकार्यता नहीं मांग रहे थे, लिहाजा साफ है कि वे 'विवाह' की संस्था के मायने, उसके उत्तरदायित्व, समर्पण, सहवास और जिम्मेदारियों के मायने बदलने के पक्षधर हैं। दरअसल भारतीय समाज में, किसी भी समुदाय में, विवाह एक पुरुष और एक स्त्री के बीच सम्पन्न कराए जाते हैं। यही प्रकृति का भी नियम है। पुरुष को 'पति' और स्त्री को 'पत्नी' का दर्जा दिया जाता है। इस मामले की शुरुआती



सुनवाई के दौरान ऐसा लग रहा था कि भारत समलैंगिक विवाह को मान्यता देकर इतिहास बनाने के करीब है। चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पांच जजों की संवैधानिक खंडपीठ ने कहा था कि वह धार्मिक व्यक्तिगत कानूनों में दखल नहीं देगी लेकिन इस बात पर विचार किया जाएगा कि एलजीबीटीक्यू समुदाय के लिए अंतरजातीय और अंतरधार्मिक विवाहों को मान्यता देने वाले विशेष कानून में बदलाव किए जा सकते हैं या नहीं। लेकिन जैसे-जैसे अदालती कार्यवाही आगे बढी, यह स्पष्ट होता चला गया कि मामला कितना पेचीदा है। पांच जजों की खंडपीठ ने माना कि सिर्फ एक कानून में बदलाव लाने से कुछ नहीं होगा क्योंकि तलाक, गोद लेने, उत्तराधिकार और गुजारा देने जैसे अन्य करीब 35 कानून हैं जिनमें से कई धार्मिक व्यक्तिगत कानूनों के दायरे तक जाते हैं।

याचिकाकर्ताओं के वकीलों का तर्क था कि शादी दो लोगों का मिलन है, न कि सिर्फ एक महिला और पुरुष का। ऐसे में उन्हें शादी करने का अधिकार न देना संविधान के खिलाफ है क्योंकि संविधान सभी नागरिकों को अपनी पसंद के व्यक्ति से शादी करने का अधिकार देता है और सेक्शुअल ओरिएंटेशन के आधार पर भेदभाव पर रोक लगाता है। उन्होंने अदालत को यह भी बताया कि शादी न कर पाने के कारण इस समुदाय के लोग न तो संयुक्त बैंक खाता खोल सकते हैं, न घर के साझे मालिक बन सकते हैं और न ही बच्चों को गोद ले सकते हैं वे शादी के साथ मिलने वाली इज्जत से भी महरूम हैं।

वहीं, एलजीबीटीक्यू समुदाय को शादी की समानता देने का कड़ा विरोध कर रही सरकार का कहना था कि शादी के इस सामाजिक-कानूनी विषय पर सिर्फ संसद चर्चा कर सकती है और अदालत को इसकी सुनवाई का अधिकार नहीं है। सरकार का पक्ष रख रहे सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता की दलील थी कि प्यार करने और साथ रहने का अधिकार बुनियादी है मगर शादी एक 'संपूर्ण अधिकार नहीं है' और यह बात विषमलैंगिक (महिला-पुरुष) जोडों पर भी लागू होती है। विवाह एक सामाजिक-धार्मिक अनुष्ठान है। उसके कानूनी पक्ष भी हैं। दो विपरीत लिंगी 'सहवास' करते हैं, तो एक नया जीव, प्राणी इस दुनिया में जन्म लेता है। कोख में मानवीय शरीर की संरचना ही इस ब्रह्मांड का सबसे अनूठा करिश्मा है। इसे कोई नकार नहीं सकता। सृष्टि ऐसे ही आकार लेती रही है और उसका विस्तार भी होता रहा है। कानूनी रूप से समलैंगिक समुदाय को बच्चा गोद लेने की भी अनुमति नहीं है। समलैंगिक विवाह एक मनोविकार है और कुदरत को नकारने का एक बौना-सा, निरर्थक प्रयास है।

एक शहरी, पढी-लिखी, कथित आधुनिक जमात इस मनोविकार की बीमार है। अदालत ने 2018 में समलैंगिक संबंधों को 'अपराध से मुक्ति' देने का फैसला सुनाया था। उसी के बाद ऐसे विवाह को संवैधानिक मान्यता देने का मुद्दा भडका है। हम ऐसे विवाह और संबंधों को अनैतिक, असामाजिक, अप्राकृतिक और अपवित्र मानते हैं। बेशक अपना जीवन-साथी चुनने का अधिकार सभी को है। यदि यही होता, तो संविधान पीठ ने समलैंगिक विवाह को मान्यता देने से इंकार क्यों कर दिया? क्या एक सामान्य जोड और समलैंगिक साथियों के 'संवैधानिक अधिकार' समान हैं? सुप्रीम कोर्ट के फैसले से उन समलैंगिक जोडों को निराशा मिली है जो इससे उम्मीदें लगाए हुए बैठे थे। इनमें से कई ने मीडिया को बताया कि कानूनी मान्यता मिल गई होती तो वे शादी कर लेते। उनका कहना है कि इस आदेश से उनकी जिंदगी आसान तो होगी लेकिन अभी भी उन्हें उनके संवैधानिक अधिकारों से वंचित रखा गया है। खासकर दिसंबर 2018 के बाद से, जब सुप्रीम कोर्ट ने समलैंगिक सम्बंधों को अपराध की श्रेणी से बाहर निकाला था। एक्टिविस्ट कहते हैं कि यह समुदाय लगातार लांछनों और भेदभाव का सामना कर रहा है। सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ताओं की ओर से पेश अधिवक्ताओं में शामिल मुकुल रोहतगी ने कहा था कि 'कई बार समाज को एलजीबीटीक्यू लोगों को संविधान के तहत समान मानने के लिए हल्के से धक्के (प्रोत्साहन) की जरूरत होती है।

# दुनियां एक नए तरह के युद्ध के मुहाने पर पहुंची?

बाइडेन ने कहा, हमें ये भी ध्यान रखना होगा कि हमास सभी फिलिस्तीनी लोगों का प्रतिनिधित्व नहीं करता। ये संगठन फिलिस्तीनियों के लिए सिर्फ दुख-दर्द लेकर आया है। बाइडन ऐसे समय में इजरायल पहुंचे हैं, जब हमास के साथ जंग बहुत ही गंभीर मोड़ पर है। गाजा के अस्पताल पर हुए हमले के बाद स्थितियां और जटिल हो गई हैं।



किशन सनमुखदास

वैश्विक स्तरपर हम अगर हालिया 2022 वर्ष से लेकर नजर डालें तो दुनियां के देशों को हम चार भागों में बंटे देखतें हैं। पहले पश्चिमी देश सहित कुछ मंच, दूसरा अरब मुस्लिम देश जो अभी हम इसराइल हमास युद्ध में देख रहे हैं, तीसरा चीन रूस पाक सहित कुछ देश और चौथा भारत अफ्रीकी यूनियन व मित्र देश। इस समय हर समूह अपने आप को श्रेष्ठता की श्रेणी में रखना चाहता है और समूह को अपने पाले में रखना चाहता है। आजके वैश्विक समुदाय में उसकी पूछ परख बड़े। अगर उसके गुट के किसी छोटे देश पर भी किसी ने तिरछी नजर डाली तो वह ग्रुप उसका उसके साथ खड़ा हो जाता है, जिसका अभी ताजा उदाहरण हम इसराइल-हमास और रूस-यूक्रेन युद्ध में देख रहे हैं कि पिछले करीब 17 माह से यूक्रेनमुकाबला करने की ताकत संजोए हुए हैं। उधर मुस्लिम देशों के बीचों बीच घिरा हुआ देश इसराइल भी दमखम के साथ अपनी हिम्मत दिखा रहा है, जो हर कोई जानता है कि यह बल किससे प्राप्त हो रहा है। यानें दूसरी भाषा में हम यूं कह सकते हैं कि जैसे 32 दांतों के बीच जीभ रहती है वैसे ही अरब राष्ट्रों के बीच इसराइल हैं। यानें इसराइल एक दुनियां का इकलौता ऐसा देश है जो बहुत ही छोटा होने पर भी इतने अरब देशों के बीच घिरा हुआ है, इसके बावजूद अपनी शर्तों पर जी रहा है, प्रगति कर रहा है, रक्षा क्षेत्र में तेजी से बढ़ रहा है और उसके पीछे पश्चिमी देश खड़े हैं जो अभी हम हमास इजरायल युद्ध में देख रहे हैं। अमेरिका ने दिनांक 18 अक्टूबर 2023 को देर रात्रि तुर्की में अपना दूतावास बंद करने की घोषणा की, वहीं ब्रिटेन फ्रांस ने अपने नागरिकों को इसराइल छोड़ने को कहा है तो भारत में भी मिशन अजेय के माध्यम से 18000 भारतीयों के फंसे होने से सात ट्रिप लगा चुका है जो अभी चालू है वही दिनांक 18 अक्टूबर 2023 को अमेरिकन राष्ट्रपति जो बायडेन दोपहर इसराइल पहुंचे जिसपर इस मामले की गंभीरता को समझा जा सकता है कि दुनिया एक नए तरह के युद्ध के मुहाने पर जा पहुंची है, जिसे अमेरिका सहित पूरी दुनिया टेंशन में है, चूंकि जो बाइडेन आज इजरायल में नेतन्याहू से बैठक किए और अस्पताल पर हमले में मृत 500 से अधिक लोगों पर संवेदना के साथ इसराइल को क्लीन चिट देकर बाहरी हाथ होने और अनेक बातों की चर्चा की इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे, हमास इजरायल युद्ध जंग का दायरा बड़ा, अगले कुछ दिन पूरी दुनियां के लिए बेहद आहम है।

साथियों बात अगर हम अमेरिकी राष्ट्रपति का 18 अक्टूबर 2023 को इसराइल दौरे की करें तो, तेल अवीव पहुंचे जो बाइडेन ने इजरायल के पीएम के साथ एक प्रेस कांफ्रेंस को संबोधित किया। उन्होंने कहा है कि ऐसा लगता नहीं है कि गाजा के अस्पताल में हुए ब्लास्ट के पीछे इजराइल का हाथ है, उन्होंने गाजा में हॉस्पिटल पर हमले



के लिए हमास को जिम्मेदार ठहराया है। बाइडेन ने कहा कि हमास की बर्बरता के सामने आईएसआईएस भी कुछ नहीं है।तेल अवीव पहुंचने के बाद मीडिया से बात करते हुए बाइडेन ने कहा, गाजा के अस्पताल पर आज हुए हमले से मैं बहुत दुखी हूं, मैंने जितना भी देखा है मुझे लगता है कि ये दूसरी टीम (हमास) ने किया है। आपने (इजरायल) नही। बाइडेन ने इजरायल को अमेरिका के पूरे समर्थन की बात दोहराई। बाइडेन ने कहा कि हमास ने 1300 से ज्यादा लोगों का कत्ल किया है, जिनमें कई अमेरिकी भी शामिल हैं। कई लोगों को अगवा कर लिया। हमास ने इतनी बर्बरता की है कि आईएसआईएस भी उसके सामने कुछ नहीं ठहरता। बाइडेन ने कहा, हमें ये भी ध्यान रखना होगा कि हमास सभी फिलिस्तीनी लोगों का प्रतिनिधित्व नहीं करता। ये संगठन फिलिस्तीनियों के लिए सिर्फ दुख-दर्द लेकर आया है। बाइडन ऐसे समय में इजरायल पहुंचे हैं, जब हमास के साथ जंग बहुत ही गंभीर मोड़ पर है। गाजा के अस्पताल पर हुए हमले के बाद स्थितियां और जटिल हो गई हैं। इस हमले की वजह से मध्य पूर्व में अमेरिका के लिए भी काफी मुश्किलें खड़ी होने वाली हैं। जॉर्डन, मिस्र और फिलिस्तीन ने जहां इसकी शुरुआत कर दी है तो वहीं लेबनान में प्रदर्शन बाइडन के लिए सिरदर्द बढ़ाने वाले हैं।

साथियों बात अगर हम गाजा के अल अहली अस्पताल पर हमले के बयान की करें तो, इजरायल ने गाजा के एक अस्पताल पर हमले किए जिसमें करीब 500 लोगो की मौत हो गई जिसकीजानकारी गाजा के स्वास्थ्य मंत्रालय ने दी। गाजा की तरफ से जारी बयान के मुताबिक जिस अस्पताल पर हमले किए गए, वहां सैंकड़ों लोग बीमार और घायल थे. इजरायल पर फिलस्तीनियों ने दक्षिणी गाजा में भीषण हवाई हमले करने का भी आरोप लगाया है.वहीं इजरायल वॉर रूम ने अस्पताल पर हमले से इनकार करते हुए कहा कि ये हमला इजरायल ने नहीं किया बल्कि ये हमास के मिसफायर का नतीजा है। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर इजरायल वॉर रूम ने कहा कि गाजा शहर के बैपटिस्ट अस्पताल में बड़े पैमाने पर लोगों के मोत और घायल होने की घटना हमास द्वारा की गई रॉकेट की गलत लॉन्चिंग की वजह से हुई।इजरायल के पीएम ने कहा कि,पूरी दुनिया को पता होना चाहिए कि गाजा के बर्बर आतंकवादियों ने ही गाजा के अस्पताल पर हमला किया था, आईडीएफ ने नहीं. पीएम ने कहा, जिन लोगों ने इजरायल के बच्चों की बेरहमी से हत्या की, उन्होंने अपने बच्चों की भी हत्या कर दी।

साथियों बात अगर हम अरब देशोंके खफा होने की करें तो गाजा पर हमले के बाद मुस्लिम देश खासे नाराज हैं। मिस्र से लेकर तुर्की, लेबनान और फिलिस्?तीन अमेरिका से खासे खफा हैं। सीरिया ने तो सारी स्थिति के लिए अमेरिका को ही दोषी ठहरा दिया है। बाइडन पहले जॉर्डन की भी यात्रा करने वाले थे लेकिन वाशिंगटन से रवाना होने से पहले अरब नेताओं के साथ उनकी बैठक रद्द हो गई।इससे संघर्ष के इस क्षण में अहम बातचीत के लिए नेताओं की आमने सामने की बैठक का मौका नहीं मिल पाया। बाइडन अब सिर्फ तेल अवीव में रुकें। साथियों बात कर हम हमास इजरायल युद्ध और अस्पताल पर हमले पर भारत के बयान की करें तो भारतीय पीएम ने गाजा के अल अहली अस्पताल में लोगों के मारे जाने पर गहरा दुख व्यक्त किया है। उन्होंने पीड़ितों के परिवारों के प्रति हार्दिक संवेदना व्यक्त की और घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने के लिए प्रार्थना की।एक एक्स पोस्ट में पीएम ने कहा गाजा के अल अहली अस्पताल में जन-हानि से गहरा सदमा लगा है। पीड़ितों के परिवारों के प्रतिहमारी हार्दिकसंवेदनाएं हैं और घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने के लिएप्रार्थना करते है।वर्तमान संघर्ष में नागरिकों का हताहत होना गंभीर और निरंतर चिंता का विषय है। इसमें शामिल लोगों को जिम्मेदार ठहराया जाना चाहिए।घायल लोगों के जल्द ठीक होने की प्रार्थना करता हूं। हमले के जिम्मेदार लोगों कोसजा दिए जाने की भी बात कही।उन्होंने कहा, मौजूदा संघर्ष में आम नागरिकों की जान जाना गंभीर चिंता का विषय है।जो लोग हमले में शामिल रहे हैं, उन्हें निश्चित ही सजा दी जानी चाहिए।

# राज्यपाल ने जारी किया फिल्म 'लकीरों' का ट्रेलर

## तीन नवम्बर को होगी रिलीज, फिल्म के कलाकार आशुतोष राणा और गौरव चोपड़ा राज्यपाल से मिले

अवधनामा संवाददाता



**राज्यपाल ने दिया संदेश महिलाएं हो आर्थिक रूप से सशक्त**

**लखनऊ।** लखनऊ के निर्देशक दुर्गेश पाठक के निर्देशन में शूट हुई फिल्म लकीरें आगामी 3 नवम्बर को रिलीज होगी। इस फिल्म का ट्रेलर गुरुवार 19 अक्टूबर को राजभवन परिसर में राज्यपाल आनंदी बेन पटेल ने जारी किया। इस अवसर पर फिल्म के निर्देशक दुर्गेश पाठक, अभिनेता आशुतोष राणा, गौरव चोपड़ा, डॉ.अनिल रस्तोगी सहित निर्माता कविता पाठक, संस्कृतिविद् कमलेश पाठक सहित अन्य उपस्थित रहे। इस अवसर पर माननीय राज्यपाल आनंदी बेन पटेल ने कहा कि महिलाओं को जागरूक होकर अपने पैरों पर खड़ा होना चाहिए। महिलाओं को आर्थिक रूप से भी सशक्त होने की आवश्यकता है।

दुर्गेश पाठ ने बताया कि यह फिल्म वैवाहिक बलात्कार और विवाह के भीतर सहमति जैसे संवेदनशील विषय पर आधारित है वहीं यह सामाजिक मानदंडों को चुनौती भी देती है। इसमें आशुतोष राणा, बिदिता बाग़, टिया बाजपेयी, गौरव चोपड़ा, राजेश जैस, अमन वर्मा, सहर्ष शुक्ला, मुकेश भट्ट, अनिल रस्तोगी, कासिम विभिन्न किरदारों में नजर आएंगे। इस फिल्म के निर्माता नवल किशोर टंडन, कविता पाठक और दिनेश कुमार हैं। फिल्म के निर्देशक दुर्गेश पाठक ने बताया कि इसकी शूटिंग उत्तर प्रदेश के लखनऊ और अयोध्या सहित अन्य शहरों में हुई हैं। लकीरें फिल्म इमेज एंड क्रिएशन, बीटीसी मल्टीमीडिया प्रोडक्शंस और ब्लैक पर्ल मूवीज़ के बैनर तले निर्मित और रिलायंस एंटरटेनमेंट द्वारा वितरित की गई है। इसके संगीत निर्देशक विपिन पटवा हैं जबकि गीत निहारिका पाण्डेय ने लिखे हैं। इसका स्क्रीनप्ले और संवाद दिलीप शुक्ला ने लिखे हैं। कविता पाठक ने बताया कि टिया बाजपेई का जन्म लखनऊ शहर में ही हुआ है। इसके साथ ही टिया, साल 2005 के संगीत टीवी शो सारेगामापा की फाइनलिस्ट रह चुकी हैं। लकीरें फिल्म काव्या और उसके पति विवेक दामोदर अग्निहोत्री के सम्बंधों पर आधारित है। इसमें काव्या का किरदार टिया और विवेक का गौरव चौपड़ा अदा कर रहे हैं। फिल्म के कथानक के अनुसार काव्या, वैवाहिक बलात्कार के भयानक कृत्य के लिए अपने पति के खिलाफ न्याय मांगती है। फिल्म लकीरें में न केवल काव्या बल्कि उसकी नौकरानी नसीमा और उसकी दोस्त अनीता के साथ भी वैवाहिक बलात्कार किया जाता था। अदालत में, एडवोकेट गीता विश्वास की भूमिका बिदिता बाग और एडवोकेट दुधारी सिंह का किरदार आशुतोष राणा अदा करते दिखेंगे। फिल्म में रामबाबू की भूमिका में मुकेश भट्ट, पुरुषोत्तम भारती के किरदार में राजेश जैस जबकि नसीमा का अदिति दीक्षित, अली मोहम्मद का कासिम, रवि वर्मा का अमन वर्मा, अनीता का मीनाक्षी आर्या, एडवोकेट सागर श्रीवास्तव का सहर्ष शुक्ला, नीलू का पूर्णिमा तिवारी, पदम सिंह का डॉ.अनिल रस्तोगी, अल्ताफ भाई का रेहान किदवई, एंकर का समरीन सिद्धीकी और फील्ड रिपोर्टर का आयुषी शर्मा ने चरित्र निभाया है।

# मुख्यमंत्री योगी की फटकार के बाद राजस्व संबंधी मामलों के निपटारे में आयी तेजी

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की फटकार के बाद राजस्व के पेंडिंग मामलों के निपटारे में तेजी दर्ज की गयी है। वर्तमान में राजस्व वाद के पेंडिंग मामलों के निस्तारण का रेश्यो शत-प्रतिशत दर्ज किया गया है जबकि राजस्व के मामलों के निस्तारण का रेश्यो 90 प्रतिशत पार कर गया है। यह जानकारी 16 अक्तूबर को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को राजस्व विभाग की समीक्षा बैठक के दौरान अपर मुख्य सचिव राजस्व ने दी।

मालूम हो कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 16 सितंबर को एनेक्सी में सीएम कमांड सेंटर की रिपोर्ट की समीक्षा की थी, जिसमें उन्होंने राजस्व के मामलों को समयबद्ध तरीके से निपटाने में हीलाहवाली पर कड़ी फटकार लगाई थी। उन्होंने अधिकारियों को इसमें सुधार लाने की सख्त हिदायत देते हुए एक माह का वक्त दिया था। उसी का असर है कि एक माह में करीब-करीब पांच लाख राजस्व वादों का निपटारा किया गया है

**लखनऊ सबसे आगे**



जबकि एक वर्ष से पांच वर्ष के विचाराधीन 2.6 लाख वादों का निपटारा किया गया।

अपर मुख्य सचिव राजस्व सुधीर गर्ग ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 16 अक्तूबर को राजस्व की समीक्षा बैठक में राजस्व के पेंडिंग मामलों के निस्तारण के शत-प्रतिशत रेश्यो पर खुशी जाहिर की जबकि राजस्व के अन्य मामलों के निपटारे का रेश्यो 95 प्रतिशत करने के निर्देश दिये। सर्वाधिक राजस्व वादों का निस्तारण लखनऊ (1,00,307 वाद), बलिया (70,761 वाद), प्रयागराज (65,771 वाद), गोरखपुर (62,906 वाद), गोंडा (58,264 वाद) द्वारा किया गया है। इसी तरह पैमाइश के मामलों के निपटारे में टॉप पांच जिलों में बलिया, आजमगढ़, एटा, गाजीपुर और लखनऊ शामिल हैं। कुल 5,33,089 मामले रजिस्टर्ड हुए, जिनमें से 4,36,921 मामले निस्तारित किए जा चुके हैं। पिछले एक माह में 29,032 मामलों को निपटाया गया है। इन मामलों को उपजिलाधिकारी स्तर पर 90 दिनों में निपटाने का प्राविधान है। नामान्तरण के 1,26,29,738 आवेदन आए, जिसमें से 1,18,86,265 आवेदन का निस्तारण किया गया, जिसका रेश्यो 94 प्रतिशत से अधिक रहा। इनमें बलिया, गोंडा, शाहजहांपुर, लखनऊ और बस्ती का अच्छा प्रदर्शन रहा। इसी तरह कुर्रा बटवारा के 4,82,238 आवेदन आए, जिसमें से 31,282 आवेदन का निस्तारण किया गया।

# संजय प्रसाद ने नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को दिलाई शपथ

अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** प्रमुख सचिव सूचना संजय प्रसाद ने पं0 दीनदयाल उपाध्याय सूचना परिसर में आयोजित शपथ ग्रहण समारोह में मिनिस्टीरियल कर्मचारी संघ के नव निर्वाचित पदाधिकारियों एवं कार्यकारिणी सदस्यों को शपथ दिलायी एवं निर्वाचित पदाधिकारियों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया और उन्हें भविष्य के दायित्वों के निर्वहन की शुभकामनाएं दी। प्रमुख सचिव सूचना संजय प्रसाद ने समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि सूचना विभाग कर्मचारियों के द्वारा भरोसा जताते हुए आप सभी को नई जिम्मेदारी दी गई है, जिसका बेहतर ढंग से निर्वहन करें। उन्होंने कहा कि सूचना विभाग के अधिकारियों एवं कार्मिकों की बहुत बड़ी जिम्मेदारी होती है। वे अपने दायित्व को निभाते हुए सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी को समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक पहुंचाने में सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करते हैं, जिससे गरीब व्यक्ति को भी समाज की मुख्यधारा में आने का मौका मिलता है। निदेशक, सूचना शिशिर ने प्रमुख सचिव सूचना द्वारा अपना अमूल्य समय सूचना परिवार के मुखिया के नाते इस कार्यक्रम को देने के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया। उन्होंने कहा कि कार्यकारिणी के सदस्यों द्वारा प्रमोद कुमार के अलावा महिलाओं के प्रतिनिधि के रूप में श्रीमती शालिनी तोमर को सलाहकार सदस्य नामित करना हर्ष का विषय है। उन्होंने कहा कि मिनिस्ट्रियल कर्मचारी संघ रचनात्मक रूप से कर्मचारियों के हितों से संबंधित विषयों को उच्च स्तर तक पहुंचाने का कार्य करेंगे। सूचना विभाग के मिनिस्टीरियल कर्मचारी संघ में नवनिर्वाचित सदस्यों में कपिल सिंह ने अध्यक्ष पद (निर्विरोध निर्वाचित) की शपथ ली।

# प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना की प्रदेश कार्यशाला सम्पन्न

अवधनामा संवाददाता



**लखनऊ।** भारतीय जनता पार्टी प्रदेश कार्यालय में प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना की प्रदेश कार्यशाला सम्पन्न हुई। पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी, केन्द्रीय मंत्री बीएल वर्मा तथा प्रदेश महामंत्री (संगठन) धर्मपाल सिंह की उपस्थिति में सम्पन्न हुई कार्यशाला में जन सम्पर्क व संवाद से पात्र लोगों को विश्वकर्मा योजना से जोड़ने का प्रशिक्षण दिया गया। भाजपा हर बूथ पर प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना से पात्र लोगों को जोड़ने का अभियान प्रारम्भ करेगी।

प्रदेश भाजपा अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी ने कहा कि हस्तशिल्पी कारीगर परिवारों के लिए पीएम विश्वकर्मा योजना आशा की किरण बनकर आई है। उन्होंने कहा कि हर शहर, गांव, गली, मौहल्ले, मजरों में कारीगर परिवार है जो पीढ़ी दर पीढ़ी मिट्टी के बर्तन बनाने, बाल काटने, गलीचे और दरियां बनाने, खिलोने बनाने, मालाएं गूथने जैसे पारम्परिक व्यवसाय से जुड़े हुए हैं। देश का यह वर्ग ना सिर्फ परम्परागत उद्योगों को जीवित रखे हुए है बल्कि देश की परम्पराओं का संवाहक भी है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में केन्द्र सरकार ऐसे सभी विश्वकर्माओं का सम्मान, क्षमता व समृद्धि बढ़ाने के लिए भागीदार बनकर आगे आई है। भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता ऐसे सभी विश्वकर्मा मित्रों से सम्पर्क करके उन्हें प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना से जोड़ने का काम करेंगे। केन्द्रीय मंत्री बीएल वर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी का पीएम विश्वकर्मा योजना के द्वारा देश के विश्वकर्मा बन्धुओं को आधुनिक युग से जोड़ने का प्रयास है। उन्होंने कहा कि जब देश के शिल्पी आर्थिक रूप से मजबूत होंगे तो देश भी मजबूत होगा। योजना के तहत विश्वकर्मा बन्धुओं को प्रशिक्षण दिया जाएगा तथा आधुनिक टूलकिट के लिए भी 15 हजार रूपए की मदद की जाएगी। इसके साथ ही उत्पादों की ब्रांडिग, पैकेजिंग तथा मार्केटिंग में भी सरकार सहायता करेगी तथा बहुत कम ब्याज दर पर 3 लाख रूपए तक का ऋण भी योजना के तहत दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री जी लोकल को वोकल और वोकल को ग्लोबल बनाने के संकल्प के साथ काम कर रहे है। हम सभी कोअधिक से अधिक विश्वकर्मा बन्धुओं को योजना से जोड़ने में सहायक बनकर काम करना है। प्रदेश महामंत्री (संगठन) धर्मपाल सिंह ने कहा कि देश के हस्तशिल्पी देश के अर्थव्यवस्था की मजबूत कड़ी है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी भारत की विरासत को संजों रहे हैं। लकड़ी का कार्य, नांव बनाने का कार्य, लौहे के बर्तन बनाने वाले, मूर्तिकार, मिट्टी के बर्तन, चमड़े का कार्य, कपड़े की सिलाई, भवन निर्माण जैसे 18 तरह के परम्परागत कार्यों को करने वाले लोगों को विकास की मुख्यधारा से जोड़ने का कार्य पीएम विश्वकर्मा योजना से संभव होगा। परम्परागत हस्तशिल्पियों और कारीगरों के प्रोत्साहन हेतु प्रारम्भ की गई यह योजना देश की अर्थव्यवस्था में असंगठित वर्ग को मजबूती प्रदान करेगी। उन्होंने कहा कि पार्टी के पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं कार्यकर्ता बूथ स्तर तक पहुंचकर पात्र हस्तशिल्पियों को योजना की जानकारी उपलब्ध कराएगें तथा उन्हें योजना से जोड़ने के लिए प्रेरित करेंगे। उन्होंने कहा कि पार्टी योजना को अभियान के रूप में प्रदेश के प्रत्येक हस्तशिल्पी तक पहुंचाने के लिए काम करेगी। बैठक का संचालन प्रदेश उपाध्यक्ष मानवेन्द्र सिंह ने किया।

# सिविल इंजीनियरिंग विभाग में एक दिवसीय संगोष्ठी का आयोजन

अवधनामा संवाददाता



**लखनऊ।** सिविल इंजीनियरिंग विभाग के द्वारा आज रोल ऑफ प्रिमावेरा, रीवेट एंड ऑटो कैड इन सिविल इंजीनियरिंग विषयक एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी का आयोजन कुलपति महोदय प्रो एनबी सिंह की अध्यक्षता में किया गया। इस संगोष्ठी के मुख्य वक्ता के रूप में टेक पीएमसी इन्फोसोल्यूशन्स से लव पंत रहे।

अपने उद्बोधन में उन्होंने छात्र छत्राओं को सिविल इंजीनियरिंग से जुड़े महत्वपूर्ण तकनीकी सॉफ्टवेयर के बारे में बताया। इसके साथ ही उन्होंने कई महत्वपूर्ण विषयों जिसमें मुख्यता प्रिमावेरा, रेविट एवं ऑटोकैड की जानकारी भी साझा की। सॉफ्टवेयर्स की जानकारी के साथ साथ इसका उपयोग एवं भविष्य में नौकरी के लिए इनका महत्व भी विद्यार्थियों को बताया। संगोष्ठी में बोलते हुए कुलपति प्रोफेसर एनबी सिंह ने विद्यार्थियों को उज्जवल भविष्य के लिए प्रोत्साहित किया। धन्यवाद ज्ञापन इं कौशलेश कुमार साह, विषय प्रभारी, सिविल इंजीनियरिंग द्वारा किया गया। इस अवसर पर संगोष्ठी के संरक्षक प्रोफेसर एस.के. त्रिवेदी ने सभी विद्यार्थियों को सदेव जागरूक रहने का संदेश दिया। इस अवसार पर डॉ. आर के त्रिपाठी, निधि सोनकर, आस्था चौरसिया, अभिषेक अवस्थी एवं अन्य शिक्षकगण एवं छात्र छात्राएं मौजुद रहे।

# टीएमयू और शारदा पैथोलॉजी-दिल्ली के बीच एमओयू

अवधनामा संवाददाता



**लखनऊ।** तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी, मुरादाबाद के कॉलेज ऑफ पैरामेडिकल साइंसेज और शारदा इमेजिंग एंड पैथोलॉजी, नई दिल्ली के बीच एमओयू भी साइन हुआ। टीएमयू की ओर से रजिस्ट्रार डॉ. आदित्य शर्मा तो शारदा इमेजिंग एंड पैथोलॉजी की ओर से डायरेक्टर डॉ. सुनील मेहरोत्रा ने हस्ताक्षर किए। इस मौके पर टीएमयू की डीन एकेडमिक्स प्रो. मंजुला जैन की भी गरिमामयी उपस्थिति रही। इससे पहले डॉ. सुनील मेहरोत्रा ने बतौर मुख्य अतिथि, पैरामेडिकल के वाइस प्रिंसिपल प्रो. नवनीत कुमार, एओडी श्रीमती प्रियंका सिंह ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन करके सरस्वती वंदना के साथ गेस्ट लेक्चर का शुभारम्भ किया। शारदा इमेजिंग एंड पैथोलॉजी, नई दिल्ली के डायरेक्टर डॉ. सुनील मेहरोत्रा ने पैरामेडिकल के स्टुडेंट्स को व्यावसायिक क्षेत्र की प्रेरणा देते हुए कहा, आधुनिक युवा परिश्रमी और महत्वाकांक्षी बिजनेसमैन साबित हो सकता है।

डॉ. मेहरोत्रा बोले, युवा छात्र प्रोफेशनल दुनिया में अपनी व्यक्तिगत यात्राओं, सफलताओं और चुनौतियों का साहस के साथ सामना करके स्वर्णिम करियर बना सकता है। उन्होंने स्टुडेंट्स के सवाल-जवाब करते हुए बिजनेस के प्रति जागरूकता के संग-संग अपने विचारों को साझा किया। उन्होंने छात्रों की समस्याओं के समाधान भी दिए। डॉ. मेहरोत्रा तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी, मुरादाबाद के कॉलेज ऑफ पैरामेडिकल साइंसेज के रेडियोलॉजी विभाग की ओर से आयोजित गेस्ट लेक्चर में बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे। इस मौके पर श्रीमती ममता वर्मा, श्री रोशन कुमार, श्रीमती प्राची सिंह, श्री दीपक कटियार, श्री अमित विष्ट डॉ. आभा तिवारी, श्रीमती रश्मि पांडे, श्री हिमाशु यादव आदि मौजूद रहे। संचालन स्टुडेंट्स गुरलीन और भारवी ने किया।

# अन्तर्राष्ट्रीय आर्केस्ट्रा प्रस्तुति सीएमएस में 28 अक्टूबर को

अवधनामा संवाददाता

- **27 देशों के 300 कलाकारों की होगी सामूहिक प्रस्तुति**
- **मुख्य सचिव दुर्गाशंकर मिश्र होंगे मुख्य अतिथि**

**लखनऊ।** सिटी मोन्टेसरी स्कूल, राजाजीपुरम (प्रथम कैम्पस) के तत्वावधान में विश्व की सबसे बड़ी आर्केस्ट्रा प्रस्तुति 'कार्मिना बुराना' का भव्य आयोजन आगामी 28 अक्टूबर शनिवार को सायं 6.00 बजे से सी.एम.एस. कानपुर रोड ऑडिटोरियम में आयोजित किया जा रहा है। प्रदेश के मुख्य सचिव, श्री दुर्गाशंकर मिश्र, आई.ए.एस. समारोह के मुख्य अतिथि होंगे। यह जानकारी सी.एम.एस. के मुख्य जन-सम्पर्क अधिकारी श्री हरि ओम शर्मा ने दी है। श्री शर्मा ने बताया कि यह इण्टरनेशनल आर्केस्ट्रा इण्डिया नेशनल यूथ आर्केस्ट्रा, फिलहार्मोनिक वियना आर्केस्ट्रा, आस्ट्रिया, एसोसिएटेड बोर्ड ऑफ रायल स्कूल ऑफ म्यूजिक (ए.बी.आर.एस.एम.), लंदन एवं सिटी मोन्टेसरी स्कूल, लखनऊ के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किया जा रहा है। इस संगीत महोत्सव में 27 देशों के 200 से अधिक गायक व 100 से अधिक संगीतकार विश्व-स्तरीय संगीत प्रस्तुति के माध्यम से भारत-आस्ट्रिया के 75 वर्षीय राजनैतिक सहयोग को नई ऊचाइयाँ प्रदान करेंगे। श्री शर्मा ने बताया कि इस अन्तर्राष्ट्रीय आर्केस्ट्रा में विश्व के 27 देशों के 300 से अधिक कलाकार जर्मन संगीतकार कार्ल ओर्फ द्वारा रचित गीतों की प्रस्तुति देंगे, जिसमें विश्व प्रसिद्ध गीत 'ओ फार्च्यूना' भी शामिल है। इस अन्तर्राष्ट्रीय संगीत महोत्सव में जिन 27 देशों के कलाकार प्रतिभाग कर रहे हैं, उनमें आस्ट्रिया, अर्जेन्टीना, बोस्निया एण्ड हर्जेगोविना, ब्रिटेन, कनाडा, चीन, क्रोएशिया, साइप्रस, ग्रीस, चेक रिपब्लिक, जर्मनी, इजिप्ट, फिनलैंड, हंगरी, इटली, अमेरिका, वेनेजुएला सहित भारत प्रमुख हैं।

# प्रदेश में साल में होती है लगभग 5000 करोड़ की बिजली चोरी

अवधनामा संवाददाता

**बिजली चोरी पकड़ कर छोड़ने के एवज में घुस लेने के मामले बढ़े**

**लखनऊ।** पूरे उत्तर प्रदेश में वर्तमान में सभी बिजली कंपनियों की बात करें तो लगभग 5016 करोड की बिजली चोरी एक वर्ष में हो रही यानी कि हर महीने लगभग 418 करोड की बिजली चोरी हो रही है इसक रोकथाम के लिए जहां बिजली विभाग में एक भारी भरकम विजिलेंस विंग है उसके मुखिया अपर पुलिस महानिदेशक स्तर के हैं और अनेकों पुलिस अधीक्षक सहित डिप्टी एसपी व इंस्पेक्टर पूरी बिंग में काम कर रहे हैं और वहीं विभागीय जांच टीम भी है सबका यह दायित्व होता है कि वह कोई गोपनीय सूचना मिले या उन्हें खुद से कोई सूचना मिले तो वह बिजली चोरी को पकडे और विद्युत अधिनियम 2003 की धारा 135 के प्रावधानों के अनुसार कार्यवाही करें लेकिन बिजली विभाग में यह धंधा जोरों पर चल रहा है बिजली चोरी पकडो डील करो और भारी भरकम घूस लेकर बिजली चोरी को छोड दो ऐसा ही एक मामला कल जब आगरा में सामने आया जहां पर एक उपभोक्ता से बिजली चोरी के एवरेज में उसे छोडने के लिए 80000 रुपए की डिमांड की गई और रुपए 35000 लेकर कहा गया कि उसके खिलाफ कोई एफआईआर नहीं होगी बिजली चोरी का जो वीडियो बनाया गया है वह डिलीट कर दिया जाएगा जब मामला प्रबंध निदेशक आगरा अमित किशोर के पास पहुंचा तो उन्होंने आनन फानन में गोपनीय जांच कराकर मामले को सही पाया और पहली बार ऊर्जा क्षेत्र के इतिहास में प्रबंध निदेशक आगरा के हस्तक्षेप के बाद विजिलेंस टीम के दो सब इंस्पेक्टर दो अवर अभियंता और एक कांस्टेबल के खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम 1988 की धारा 7 के तहत एफआईआर दर्ज कराई गई और जिसमें से दो अवर अभियंताओं को जेल भी भेज दिया गया अन्य पुलिस के इंस्पेक्टर को जेल भेजने की कार्यवाही की जा रही है छापे डाले जा रहे हैं निश्चित तौर पर इसी प्रकार की कार्यवाही आगे भी करने की जरूरत है। यह एक सराहनीय कदम था जिसक प्रदेश के सभी उपभोक्ता स्वागत करते हैं।

उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष व राज्य सलाहकार समिति के सदस्य अवधेश कुमार वर्मा ने इस ऐतिहासिक कार्यवाही को उचित बताते हुए तुरंत प्रबंध निदेशक आगरा श्री अमित किशोर को बधाई दी और साथ ही पावर कारपोरेशन के अध्यक्ष आशीष कुमार गोयल व प्रबंध निदेशक पंकज कुमार से बात कर आगे भी इसी प्रकार का अभियान चलाने की मांग की और कहा ऑपरेशन क्लीन के तहत इस प्रकार का अभियान सभी बिजली कंपनियों मे चलना जरूरी है।



## 51 शक्ति पीठ में हरितांबर श्रंगार

**लखनऊ।** नन्दना बीकेटी स्थित इक्यावन शक्तिपीठ तीर्थ धाम में शारदीय नवरात्र उत्सव के पांचवें दिन गुरुवार कोद्दमां स्कंदमाता का पिंडी स्वरूप मे पूजन किया गया। पिंडी पूजन का सौभाग्य सभी आचार्यों को प्राप्त हुआ। बाद में हवन हुआ। शक्तिपीठ में आज मां का हरितांबर श्रंगार किया गया।

## खनन/खनन परिवहन का किया गया औचक निरीक्षण

**लखनऊ।** निदेशक भूतत्व एवं खनिकर्म माला श्रीवास्तव के निर्देश पर जनपद रामपुर एवं बांदा में अवैध खनन एवं परिवहन की प्राप्त हो रही शिकायतों के दृष्टिगत निदेशालय के जाँच दल के माध्यम से जाँच करायी गयी। जाँच दल द्वारा 18 अक्टूबर को जनपद रामपुर में खनिजों के परिवहन करने वाले 50 वाहनों की जाँच की गयी, जिसमें से पाँच वाहन बिना परिवहन प्रपत्र के खनिजों का परिवहन किये जाने के कारण उन्हें थाना-अजीमनगर व गज की अभिरक्षा में दिया गया है। जाँच दल द्वारा जनपद रामपुर में चार स्टोन क्रेशर की भी जाँच की गयी।

# भाला फेंक में अंजली प्रथम व दिव्या रही द्वितीय

अवधनामा संवाददाता



**लखनऊ।** भारतीय शिक्षा समिति उत्तर प्रदेश द्वारा आयोजित एवं विद्या भारती अखिल भारतीय शिक्षा संस्थान कुशल निर्देशन में संपन्न हो रहे बाबू केडी सिंह स्टेडियम में क्षेत्रीय खेलकूद समारोह के तीसरे दिन गुरुवार को विभिन्न कूद, फेंक, की प्रतियोगिताएं आयोजित की गई।

गुरुवार को संपन्न हुई प्रतियोगिताओं के विजयी खिलाड़ी भैया बहनों को क्षेत्रीय संगठन मंत्री हेमचंद्र जी, प्रदेश निरीक्षक रामजी सिंह, सुनील, राजेन्द्र बाबू, दिनेश सिंह, आदि विद्या भारती के पदाधिकारियों के द्वारा मेडल और प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया गया।

तीसरे दिन सम्पन्न हुए एथलेटिक्स प्रतियोगिता में भाला फेंक 500 ग्राम अंजली गोरख नगरी प्रथम, दिव्या अवध नगरी द्वितीय, आरुषि काशी ग्रामीण तृतीय रहीं। त्रिकूद किशोर वर्ग में लक्ष्मी प्रसाद कानपुर नगरी प्रथम, आशुतोष गोरख नगरी द्वितीय, आलोक यादव अवध नगरी तीसरे स्थान पर सफल रहे। 50 मीटर दौड़ शिशु वर्ग आशीष कुमार गोरख नगरी पहले, भालचंद्र काशी ग्रामीण दूसरे तथा आकाश यादव तीसरे स्थान पर रहे। वही 50 मीटर बालिका शिशु वर्ग में पायल पटेल गोरख ग्रामीण प्रथम, अंशु पटेल कानपुर नगरी द्वितीय,अन्वी दीक्षित अवध नगरी तृतीय रहीं। 200 मीटर दौड़ बालक बाल वर्ग में पीयूष गोरख नगरी प्रथम, शिवचरण काशी ग्रामीण द्वितीय, अभिषेक यादव तृतीय रहे। 200 मीटर बालिका बाल वर्ग में नैनी राजपूत कानपुर नगरी प्रथम, तान्या साहू अवध नगरी द्वितीय, आस्था पांडेय काशी ग्रामीण तृतीय रहीं। 80 मीटर बाधा दौड़ बालक में रितेश पटेल काशी नगर प्रथम, मुकेश चौहान गोरख नगरी द्वितीय तथा रितेश गोरख ग्रामीण तृतीय स्थान प्राप्त किया। 80 मीटर बाधा दौड़ बालिका वर्ग सुभी द्विवेदी काशी नगर प्रथम,यशस्वी सिंह अवध नगरी द्वितीय, आशिका राजपूत कानपुर नगरी तृतीय रहीं। 200 मीटर शिशु वर्ग बालक दौड़ भैया प्रताप अवध ग्रामीण प्रथम, शिवांशु मिश्रा काशी ग्रामीण द्वितीय तथा आकाश यादव काशी नगरी तीसरे स्थान पर रहे। 200 मीटर दौड़ तरुण बालक वर्ग अनिकेत कानपुर नगर प्रथम, मुकेश प्रताप काशी नगर द्वितीय तथा अमित कुमार अवध नगरी तृतीय स्थान पर सफल हुए। 200 मीटर किशोर वर्ग बालिका तृप्ति मिश्रा गोरख नगरी प्रथम, काजल कानपुर नगर द्वितीय तथा वंशिका पाल अवध तृतीय रही। 200 मी किशोर वर्ग दौड़ बालक वर्ग में आकाश तिवारी कानपुर नगर प्रथम, आनंद कुमार कानपुर ग्रामीण द्वितीय तथा अमन कुशवाहा काशी नगर तृतीय रहे। त्रिकूद तरुण वर्ग बालिका में बहन सेजल अवध नगरी प्रथम, सुरभि काशी ग्रामीण द्वितीय तथा नैना कानपुर नगर तृतीय रही। त्रिकूद किशोर वर्ग बालिका काजल कानपुर नगर प्रथम, लक्ष्मी वर्मा काशी नगर द्वितीय तथा प्रतीक्षा अवध नगरी तृतीय स्थान पर रही 100 मीटर बाधा दौड़ तरुण वर्ग बालिका में खुशी कानपुर नगर प्रथम, जागृति गोरक्ष नगर द्वितीय एवं साक्षी पाण्डेय अवध प्रांत ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। शेष प्रतियोगिताएं संपन्न हो रही हैं समाचार लिखे जाने तक विभिन्न प्रांतों का परिणाम इस प्रकार रहा कुल 267 पदक प्राप्त कर काशी नगर प्रथम 186 पदक प्राप्त कर कानपुर नगर द्वितीय तथा 170 पदक प्राप्त कर अवध नगरी तृतीय स्थान पर चल रहे हैं।

# इण्टरनेशनल मेंटल मैथमेटिक्स ओलम्पियाड में सीएमएस छात्र को गोल्ड मेडल

अवधनामा संवाददाता



**लखनऊ।** सिटी मोन्टेसरी स्कूल, राजाजीपुरम (प्रथम कैम्पस) के कक्षा-8 के छात्र समर्थ तयाल ने सेंटर फॉर रिसर्च एण्ड एक्जाम इन साइंस एण्ड टेक्नोलॉजी (क्रेस्ट) के अन्तर्गत आयोजित इण्टरनेशनल मेंटल मैथमेटिक्स ओलम्पियाड में गोल्ड मैडल अर्जित कर लखनऊ का गौरव बढ़ाया है। सी.एम.एस. संस्थापक डा. जगदीश गाँधी ने इस प्रतिभाशाली छात्र के उज्जवल भविष्य की कामना की है। यह जानकारी सी.एम.एस. के मुख्य जन-सम्पर्क अधिकारी श्री हरि ओम शर्मा ने दी है। श्री शर्मा ने बताया कि इस अन्तर्राष्ट्रीय ओलम्पियाड में कई देशों के छात्रों ने प्रतिभाग कर अपनी गणितीय प्रतिभा का प्रदर्शन किया। इस ओलम्पियाड में समर्थ ने तार्किक क्षमता, गणित ज्ञान व बगैर कैलकुलेटर तेजी से गणित के सवालों के जवाब निकालकर अपनी बहुमुखी प्रतिभा का जोरदार प्रदर्शन किया और दिखा दिया कि आगे चलकर यह छात्र राष्ट्रीय एवं अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर देश का नाम रोशन करने को तत्पर है। आयोजकों ने समर्थ की बहुमुखी प्रतिभा की भूरि-भूरि प्रशंसा करते हुए गोल्ड मेडल, प्रशस्ति पत्र व अन्य आकर्षक उपहारों से पुरष्कृत कर सम्मानित किया। श्री शर्मा ने बताया कि यह प्रतियागिता छात्रों को बौद्धिक क्षमता पर ध्यान केन्द्रित करने तथा त्वरित गति से समाधान ढूढ़ने एवं सीखने की क्षमता का विकास करने के उद्देश्य से आयोजित की गई।

# लोक कल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र लोगों को ही मिलें: सीडीओ

वहाज अली निहाल

- सचेत नहीं हुए सचिव तो होगी बड़ी कार्यवाही
- जनप्रतिनिधियों से करें सम्मान जनक व्यवहार
- सामाजिक रूप से पिछले लोगों के लिए संवेदनशील होकर काम करें सचिव



**इटावा।** प्रणता ऐश्वर्या, मुख्य विकास अधिकारी द्वारा जनपद के समस्त ग्राम पंचायत सचिव एवं खंड विकास अधिकारी की समीक्षा विकास भवन प्रेरणा सभागार में बुधवार एवं गुरुवार को किया गया। उन्होंने उपस्थित सचिवों को लोक कल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र लोगों को ही देने के लिए निर्देशित किया। कहा कि सामाजिक रूप से पिछले लोगों के लिए संवेदनशील होकर काम करें। ग्रामीण से सीधा संपर्क में रहे। गांव के बारे में प्रत्येक छोटी-बड़ी योजनाओं की जानकारी अपने पास रखें। ग्राम विकास हमारी प्राथमिकता है। उन्होंने स्वच्छ भारत मिशन अंतर्गत निर्मित शौचालय एवं प्रधानमंत्री आवास ग्रामीण के लाभार्थियों में महिलाओं को प्राथमिकता देने, आवास पर मोनोग्राम लगाने और जियोटेग करने के लिए सभी को निर्देशित किया। बताया कि प्रथम किस्त मिलने के 3 माह के अंदर मकान बनना चाहिए। सभी प्रधानमंत्री आवास ग्रामीण के लाभार्थी, मनरेगा जॉब कार्ड धारक परिवार के महिलाओं एवं छूते हुए पात्र परिवार की महिलाओं को अनिवार्य रूप से स्वयं सहायता समूह से जुड़वाने के निर्देश दिए। अगर आवास के लिए पात्र व्यक्ति गांव में नहीं है तो खंड विकास अधिकारी को प्रमाण पत्र देना होगा। पंचायत सेवक पर निर्भर नहीं रहे। कोई भी सचिव ठेकेदारी नहीं करेंगे। अपने निर्धारित समय एवं तिथि को अपने स्थान कार्यालय पर बैठेंगे। ग्रामीण चौपाल के दिन ग्राम में रहकर आमजन के समस्याओं का निस्तारण करेंगे। सरकारी हैंड पंप सार्वजनिक उपयोग के लिए है, जिसका अधिकतम लाभ गरीब लोगों को मिलना चाहिए। हर घर नल जल के लिए लोगों को जागरूक करेंगे। पाइप क्षतिग्रस्त व पानी की बर्बादी न हो, इसके लिए निरंतर जागरूक करेंगे। आमजन से संपर्क रखें। किसान खेत में पराली नहीं जलाएं। अवशेष पराली को गौशाला में दान करें। खेत में पराली जलाने पर योजनाओं के लाभ से वंचित हो सकते हैं और कानूनी कार्रवाई भी की जाएगी। महिला मेठ, महिला रोजगार सेवक, महिला प्रधान के साथ मर्यादित व्यवहार करें। महिला प्रधान के बदले उनके रिश्तेदार उनकी जगह काम नहीं करेंगे। उन्हें सचिव सहयोग करें। उन्होंने मनरेगा के तहत बहुत कम काम देने वाले पर कड़ी नाराजगी जताई। ताखा में ठीक से कार्य नहीं हो रहा है। भुगतान लंबित है। 3 साल से लगातार काम नहीं करने वाले या मृत्य मनरेगा जॉब कार्ड धारक लोगों का नाम काटने एवं इच्छुक लोगों को नाम जोड़ने के लिए निर्देशित किया। इसमें मनरेगा मजदूर का आधार कार्ड अनिवार्य होगा। उन्होंने कठोर चेतावनी देते हुए कहा कि गांव कि गरीब, निर्बल लोगों के कल्याण के लिए कार्य करें। शिकायत मिलने पर कठोर कार्यवाही होगी। सामुदायिक शौचालय के केयरटेकर के मानदेय भुगतान नहीं होने पर कई कठोर निर्णय लिए गए। मौके पर जिला विकास अधिकारी एस. कृष्णा, परियोजना अधिकारी शरद कुमार श्रीवास्तव, डीपीआरओ बनवारीलाल, जिला प्रोबेशन अधिकारी सूरज सिंह, खंड विकास अधिकारी प्रतिमा शर्मा, एनआरएलएम से नन्दकिशोर साह सहित सभी खंड विकास अधिकारी एवं सचिव मौजूद रहे।

# जिलाधिकारी की अध्यक्षता में हुई समीक्षा बैठक

अवधनामा संवाददाता




**हरदोई।** जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह की अध्यक्षता में सीएम डैश बोर्ड की समीक्षा बैठक हुई। जिलाधिकारी ने कहा कि खराब ग्रेड वाली योजनाओं में प्रगति लाते हुए ग्रेड में सुधार किया जाए। विभागीय पोर्टल पर ससमय फीडिंग सुनिश्चित की जाए। विभागीय पोर्टल के डाटा की नियमित समीक्षा की जाए। उन्होंने जिला पंचायती राज अधिकारी को विभागीय योजनाओं पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। उन्होंने श्रम विभाग की विभागीय योजनाओं में खराब प्रगति पर कड़ी नाराजगी जतायी तथा श्रम प्रवर्तन अधिकारियों को प्रतिदिन कलेक्ट्रेट में उपस्थिति दर्ज कराने के निर्देश दिए। आईजीआरएस की समीक्षा करते हुए उन्होंने कहा कि शिकायतों का ससमय गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी सौम्या गुरुरानी, अपर जिलाधिकारी प्रियंका सिंह, जिला विकास अधिकारी अरविन्द कुमार व अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# देश को सशक्त बनाने के लिए बचपन का सशक्त होना जरूरी: जिलाधिकारी

अवधनामा संवाददाता



**हरदोई।** राजकीय इण्टर कालेज, हरदोई के सभागार में मिशन शक्ति फेज-4 के अंतर्गत ''हक की बात जिलाधिकारी के साथ'' आयोजित कार्यक्रम में जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह ने एक दिव्यांग महिला पेंशनर तथा बच्चियों से दीप प्रज्जवलन कराकर एवं मां सरस्वती माता के चित्र पर पुष्प अर्पित कराकर कार्यक्रम का शुभारम्भ कराया तथा दिव्यांग महिला पेंशनरों व बच्चियों के साथ विशेष वार्ता की। कार्यक्रम में जिलाधिकारी ने दिव्यांगों के लिए चलाई जा रही योजनाओं के बारे में विस्तार से बताते हुए कहा कि सभी लोग इन योजनाओं का लाभ अवश्य उठाएं। दिव्यांग बच्चियों व महिलाओं ने जिलाधिकारी के समक्ष अपने प्रश्न रखे जिलाधिकारी ने उनका जवाब दिया। उन्होंने अरुणिमा सिन्हा का उदाहरण देते हुए कहा कि एक पैर से दिव्यांग होने के बाद भी उन्होंने पर्वतारोहण के क्षेत्र में कीर्तिमान स्थापित किया। सभी दिव्यांगों को ऐसे लोगों से प्रेरणा लेनी चाहिए। एक नेत्र से दिव्यांग बच्ची के सवाल पर जिलाधिकारी ने बताया कि दिव्यांग बच्चों के लिए अलग स्कूल के लिए कार्ययोजना बनाई जा रही है। उन्होंने बच्ची के पिता से कहा कि बच्ची की पढ़ाई में कोई कसर न छोड़ें। उन्होंने कहा कि दिव्यांग बच्चे किसी से कम नही हैं। बच्चों को हीन भावना से ग्रस्त न होने दें। बच्चों को आगे बढ़ने का अवसर दें। सौम्या द्विवेदी ने दिव्यांग बच्चियों के चहुमुखी विकास के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि देश को सशक्त बनाने के लिए बचपन का सशक्त होना जरूरी है। महिला कल्याण अधिकारी ने विभाग द्वारा चलाई जा रही योजनाओं के बारे में बताया। इस अवसर पर जिला दिव्यांग कल्याण अधिकारी ऋचा गुप्ता, प्रधानाचार्य राजकीय इंटर कॉलेज टीआर वर्मा, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी तथा जिला सूचना अधिकारी संतोष कुमार सहित भारी संख्या में दिव्यांग महिला पेंशनर एवं बच्चियां व उनके अभिभावक आदि उपस्थित रहें।

# 2 सैंपल संग्रहित किए गए

**हरदोई।** खाद्य सुरक्षा औषधि प्रशासन विभाग हरदोई द्वारा जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह के निर्देश के क्रम में नवरात्रि एवं दशहरा पर्व की दृष्टिगत मिलावटी खाद्य पदार्थो पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से सतीश कुमार, सहायक आयुक्त (खाद्य) के नेतृत्व एवं निर्देशन मे एस मार्ट बावन रोड से 2सैंपल संग्रहित किए गए साबूदाना, मीठा दाना व वी मार्ट लखनऊ रोड से साबूदाना का नमूना संग्रहित किया गया ।इस तरह कुल 3 सैंपल संग्रहित किए गए जिने जांच हेतु प्रयोगशाला भेजा जा रहा है ,जांच रिपोर्ट प्राप्त होने पर नियमानुसार विधिक कार्यवाही की जाएगी। इस कार्यवाही के दौरान सहायक आयुक्त खाद्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी रामकिशोर ,खुशीराम, अनिरुद्ध गंगवार सुभाष मौर्य अनुराधा वअजीत सिंह तथा पुलिस बल उपस्थित रहा।

# जसवंतनगर राम लीला में लक्ष्मण ने शूर्पणखा के नाक-कान काटे

- श्री राम ने किया खर-दूषण वध

अवधनामा ब्यूरो



**इटावा, जसवंतनगर।** रामलीला में गुरुवार को शूपर्णखा नाक, कान कटे और खर-दूषण वध की लीलाओं का दृश्य दिखाया गया। पहले दृश्य में पंचवटी में बैठे भगवान राम, लक्ष्मण और सीता को देखकर राम पर मोहित होकर शूर्पणखा उनसे शादी का प्रस्ताव रखती है। सच्चाई से वाकिफ राम प्रस्ताव को ठुकराकर लक्ष्मण के सामने प्रस्ताव रखने की बात कहते हैं। लक्ष्मण को शादी करने के लिए कहने पर लक्ष्मण भाई की आज्ञा के बिना शादी न करने की बात कहते हैं। एक बार फिर शूर्पणखा राम के पास जाती है, तो वही जबाव मिलता है। इस पर गुस्साई शूपर्णखा सीता को बुरा भला कहती है और लक्ष्मण के पास जाकर राम को काले रंग का कहकर लक्ष्मण को रिझाने का प्रयास करती है। भाई के लिए अपशब्द सुनने पर लक्ष्मण कटार निकालकर शूपर्णखा के नाक-कान काट देते हैं। इस दृश्य पर दर्शकों ने तालियों की गड़गड़ाहट से जय श्रीराम का जयघोष किया। लज्जित होकर भाई खर-दूषण के पास जाकर शूपर्णखा दोनों भाइयों को मारने का आदेश देती है। बहन की बेइज्जती से गुस्साए खर-दूषण पंचवटी में जाकर उत्पात मचाते हैं और राम को युद्ध के लिए ललकारते है। दोनों ओर से बाणों की वर्षा होती है। राम दोनों को बाण से मार देते है। इसके बाद भाइयों की मृत्यु का समाचार लेकर रावण के दरबार में जाती है और संपूर्ण वृन्तान को अपने भाई रावण को बताती तो रावण क्रोध से भर उठता और यही से रावण के सर्वनाश के दिन प्रारंभ होते है रावण सूर्पनखा की बातों में आ जाता है और रावण अपने मामा मारीच के साथ मिलकर माँ सीता के हरण की योजना बनाते है।

आपको बताते चले कि जसवंतनगर की रामलीला में लगभग सभी पात्र स्थानीय होते है और सिद्दत से सभी पात्र लीलाएं करते है। शूपर्णखा के किरदार में संजू मसाले वाले, श्री राम कन्हैया मिश्रा, लक्ष्मण चिराग चौधरी, माता सीता प्रशांत पाठक, निभा रहे है सभी लीलाए रामायण अनुसार व्यास श्री राम कृष्ण दुबे एवं उमेश चौधरी करा रहे है। आज शुक्रवार की लीला में मारीच वध, सीता हरण कवंध वध, सुग्रीव मिलाई की लीलाए दिखाई जाएगी। लीलाओं को सफल बनाने में रामलीला समिति के प्रबंधक राजीव गुप्ता बबलू, ठाकुर अजेन्द्र सिंह गौर कार्यकारी अध्यक्ष हीरालाल गुप्ता, रतन पांडेय, दशानन सैन्य छावनी इंचार्ज निखिल गुप्ता, पात्र साज सज्जा प्रमुख प्रभाकर दुबे, प्रण दुबे टीटू आदि समिति के सदस्य महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे है।

# देखरेख के अभाव में सीसीटीवी कैमरे बंद

- सीसीटीवी कैमरे सिर्फ दिखावटी बने
- नागरिकों में भरोसा जगा हुआ मगर अब टूटा दिख रहा है

अवधनामा संवाददाता



**हरदोई।** बिलग्राम कस्बे के प्रमुख स्थानों पर नजर आने वाले सीसीटीवी कैमरे सिर्फ दिखा दिखावटी बनकर रह गए हैं।बिलग्राम कस्बे में नगर पालिका के द्वारा नागरिकों की सुरक्षा एवं नगर में होने वाली दुर्घटना एवं घटनाओं की निगरानी हेतु नगर पालिका प्रशासन द्वारा बिलग्राम कस्बे में कई जगहों पर निगरानी हेतु कैमरे लगाए गए थे तब नागरिकों में भरोसा जगा था कि अब चोरी आदि की घटनाओं पर रोक लगेगी। बिलग्राम कस्बे में अगर कोई वारदात हो जाती है तो सबसे पहले पुलिस का ध्यान सीसीटीवी की ओर जाता है लेकिन बिलग्राम नगर पालिका प्रशासन द्वारा लगवाए गए सीसीटीवी कैमरे का ध्यान नहीं रखा जा रहा है जिसके चलते कस्बे की तीसरी आंख को मोतियाबिंद हो चुका है अगर समय रहते इसका आपरेशन नही हुआ तो किसी भी दिन पुलिस को बड़ी परेशानी झेलनी पड़ सकती है।इसके बावजूद भी नगर के मुख्य मार्गो पर खराब पड़े सीसीटीवी कैमरों की ओर किसी का ध्यान नहीं है। हालत यह है कि वारदात के समय सीसीटीवी खराब होने की बात कहकर जिम्मेदार अपना पल्लाझाड़ लेते हैं। ऐसे में नगर की निगरानी के लिए लगाए गए कैमरे महज शोपीस बनकर रह गए हैं। लेकिन दो-चार माह में ही सभी कैमरे खराब हो गए और कस्बे की तीसरी आंख बंद हो गई कई जगहों पर तो कमरे गायब हैं कहीं-कहीं बंद है नगर की मुख्य सदर बाजार में पीपल चौराहे के पास लगा मुख्य कैमरा अपनी जगह से गायब है कैमरे के नाम पर नगर पालिका द्वारा भारी भरकम बजट भी खर्च किया गया था अब तो ऐसा प्रतीत होता है की योजनाओं में बंदर बांट के बाद उन पर कोई ध्यान नहीं दिया जाता है नगर पालिका में नई सरकार बनने के बाद भी इस और कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है।

# एमएसपी का लाभ किसानों को नहीं मिलता: रामवीर

**मथुरा।** केद्र सरकार द्वारा रबी की फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य में 150 रुपये का इजाफा किया है। इसके अलावा जौ, सरसों आदि की एमएसपी में 3 से 7 प्रतिशत की बढ़ोतरी की गई है। इससे जिले के किसान संतुष्ट नहीं दिखाई दे रहे हैं।

भारतीय किसान यूनियन चढ़ूनी के मंडल अध्यक्ष रामवीर सिंह तोमर ने कहा कि एक तरफ फसलों की लागत में लगातार इजाफा हो रहा है। डीजल, डीएपी, यूरिया, थ्रेसिंग, लेबर जिस अनुपात में बढ़े हैं उसको देखते हुए एमएसपी की बढ़ोतरी से किसानों का कोई भला नहीं होने वाला। सरकार को गेंहू का समर्थन मूल्य कम से कम 3000 रुपये रखना चाहिए।

# संस्कृति आयुर्वेद कालेज में शुरू हुए पीजी (मास्टर आफ सर्जरी) कोर्स

अवधनामा संवाददाता



**मथुरा।** संस्कृति आयुर्वेदिक मेडिकल कालेज एवं अस्पताल में नए सत्र से दो नए पीजी कोर्स शुरू किए गए हैं। भारतीय चिकित्सा पद्धति राष्ट्रीय आयोग, आयुष मंत्रालय भारत सरकार ने विवि को प्रसूति तंत्र एवं स्त्री रोग और शल्य तंत्र में स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम की अनुमति दे दी है। संस्कृति आयुर्वेदिक मेडिकल कालेज एंड अस्पताल के प्राचार्य डा. मोहनन ने बताया कि मेडिकल असेसमेंट एंड रेटिंग बोर्ड फॉर इंडियन सिस्टम ऑफ मेडिसिन (एनसीआईएसएम) द्वारा किए गए निरीक्षण और उस निरीक्षण के बाद संस्कृति आयुर्वेदिक मेडिकल कालेज को पीजी कोर्स चलाने की इसी सत्र से अनुमति दी गई है। उन्होंने बताया कि तीन वर्षीय इस पाठ्यक्रम को पूरा करने पर मास्टर आफ सर्जरी (एमएस) की डिग्री मिलती है। इन तीन वर्षो में पहला वर्ष एकेडमिक होता तथा दूसरे-तीसरे वर्ष में रिसर्च और थिसिस का काम होता है। उन्होंने कहा कि इस डीग्री को हासिल करने के बाद विद्यार्थी अपना अस्पताल खोलकर इंटरप्रिन्योर बन सकते हैं, किसी हास्पिटल में स्पेशलाइज्ड चिकित्सक का काम पा सकते हैं। डा. मोहनन ने बताया कि वर्तमान में आयुर्वेदिक मेडिकल कालेज एंड अस्पताल में बीएएमएस की पढ़ाई हो रही है। पीजी कोर्स आ जाने से विद्यार्थियों को कहीं और नहीं भटकना होगा। यहीं से वे एमएस की डिग्री हासिल कर निकलेंगे। उन्होंने बताया कि बीएएमएस में साढ़े चार वर्ष का कोर्स होता है। उसको उत्तीर्ण करने के बाद एक वर्ष की इंटर्नशिप कराई जाती है।

# जैत पुलिस ने एक सप्ताह से दलित युवक को अवैध विरासत में बिठा रखा है

अवधनामा संवाददाता

- थाना प्रभारी की मनमानी पुलिस अधीक्षक के कहने पर भी नहीं छोड़ा

**मथुरा।** उत्तर प्रदेश की भाजपानीत वाली योगी आदित्यनाथ की सरकार में दलित उत्पीड़न की घटनाओं में जो वृद्धि हुई है। ऐसे मामलों में दलित विरोधी मानसिकता के राजनेताओं और अधिकारियों के संरक्षण के चलते पुलिस खुलेआम अत्याचार किया जा रहा है। ऐसा ही एक मामला मथुरा जनपद के थाना जैत का प्रकाश में आया है इसमें थाना प्रभारी एक दलित व्यक्ति को एक सप्ताह से अवैध हिरासत में लेकर थाने में उत्पीड़न किया जा रहा है। पीड़ित के परिजनों के द्वारा दो बार पुलिस अधीक्षक से मिलकर अपनी समस्या से रूबरू करा दिया है। पुलिस अधीक्षक के आदेश के बावजूद अवैध हिरासत में बैठे व्यक्ति को नहीं छोड़े जाने से सामाजिक संगठनों मैं आक्रोश व्याप्त है पुलिस और प्रशासन को आज घेराव करने की चेतावनी दी है। जानकारी के अनुसार छीतर सिंह पुत्र खेमी जाटव निवासी तरोली जनूबी थाना छाता जिला मथुरा ने एस एस पी को उनके कार्यालय में पेश होकर दिये, प्रार्थना पत्र में थाना प्रभारी जैत पर आरोप लगाया है उसके पुत्र बनवारी को 12 अक्टूबर से थाने में बैठा रखा है। पीड़ित का कहना है उसकी पुत्रवधू की गैर इरादतन हत्या के मामले में झोलाछाप डॉक्टर मुकेश ठाकुर को स्पेशल न्यायाधीश एससी एसटी एक्ट ने तलब किया है। मुकेश ठाकुर के धनबल और राजनीतिक प्रभाव के चलते थाना प्रभारी ने बनवारी लाल को जबरन गैर कानूनी तरीके से थाने में बिठाकर शारीरिक और मानसिक उत्पीड़न कर राजीनामा के लिए दबाव बनाया जा रहा है। पीड़ित का पिता दो बार पुलिस अधीक्षक से मिलकर अपने निर्दोष पुत्र को छोड़ने के लिए गुहार लगा चुका है। पुलिस अधीक्षक के द्वारा थाना प्रभारी को छोड़ने का आदेश देने के बावजूद आज तक बनवारी को नहीं छोड़ा गया है। पुलिस की मनमानी के चलते सामाजिक संगठन अखिल भारतीय समता फाऊंडेशन ने आज पुलिस और प्रशासन के अधिकारियों का घेराव करने का निर्णय लिया है। देखना है पुलिस के अधिकारी तानाशाह दरोगा थाना प्रभारी के विरुद्ध कार्रवाई कर निर्दोष को छुड़वा पाने में सफल होते हैं। यह प्रश्न समय के गर्भ में है!

# बाबा की सरकार में कान्हा की नगरी में कचरे के ढेर से भूख मिटाने को मजबूर गोवंश

**मथुरा।** कान्हा की नगरी श्रीधाम वृंदावन में उत्तर प्रदेश के मुख्य योगी आदित्यनाथ बार बार आते रहे हैं। मथुरा वृंदावन को कई सौगात दे चुके हैं। सरकारी गौशालाएं भी खुलवाई गई है। जिसका संचालन प्रदेश सरकार के द्वारा किया जाता है, लेकिन वृंदावन में अक्सर खुले घूम रहे गौवंश कचरे के ढेर में भोजन की तलाश करता हुआ नजर आता है। ऐसा ही वृंदावन छटीकरा मार्ग स्थित वृंदावन शोध संस्थान के समीप देखने को मिला। जहां सड़क किनारे कचरे का ढेर पड़ा हुआ था। उसी कचरे के ढेर में बंदर और गौवंश भोजन खोज रहे थे। वहीं आपको बता दें कि एक दिन पहले ही करीब 200 मीटर की दूरी पर कमिश्नर रितु माहेश्वरी और जिले के डीएम शैलेंद्र सिंह का कार्यक्रम हुआ था और अगले ही दिन कार्यक्रम स्थल से 200 मीटर की दूरी पर कचरे का काफी ढेर देखने को मिला।

# फसल अवशेष प्रबंधन को लेकर जागरूकता रैली आयोजित

अवधनामा संवाददाता

**मथुरा।** उत्तर प्रदेश पंडित दीनदयाल उपाध्याय पशु चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय एवं गौ अनुसंधान संस्थान मथुरा के अधीन संचालित कृषि विज्ञान केंद्र मथुरा द्वारा गांव अलवाई, विकासखंड छाता, जिला मथुरा में यथा स्थान फसल अवशेष प्रबंधन परियोजना के अंतर्गत स्कूल विद्यार्थी जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें स्कूल के 160 से अधिक विद्यार्थियों को फसल अवशेष के विषय में जानकारी दी गई। यह कार्यक्रम वेटरनरी विश्वविद्यालय मथुरा के कुलपति प्रोफेसर ए.के. श्रीवास्तव, निदेशक प्रसार डॉक्टर अतुल सक्सेना एवं केंद्र प्रभारी डॉक्टर वाई. के. शर्मा के दिशा निर्देशन में आयोजित किया गया। कृषि विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिक डॉक्टर रविंद्र कुमार राजपूत द्वारा विद्यार्थियों को पराली न जलने एवं उसे खेत में मिलने हेतु विद्यार्थियों को जागरूक किया। विद्यार्थियों को बताया कि वह अपने माता-पिता को पराली खेत में मिलने के लिए सुपर सीडर, हैप्पी सीडर, रोटावेटर, मल्चर चोपर, कटर कम स्प्रेडर, सरफेस सीडर, स्ट्रॉ मैनेजमेंट सिस्टम इत्यादि मशीनों का प्रयोग करके पराली को खेत में मिलते हैं तथा पराली को समय से प्रबंध करके गेहूं की बुवाई समय से की जा सकती है स्कूल के विद्यार्थियों द्वारा निबंध लेखन, वाद-विवाद प्रतियोगिता एवं चित्रकला प्रतियोगिता में प्रतिभा किया गया जिसमें निबंध लेखन में श्री रोहित कक्षा 7 को प्रथम, कृष्णा कक्षा 8 को द्वितीय एवं कुमारी कीर्ति कक्षा 8 को तृतीय पुरस्कार दिया गया। चित्रकला प्रतियोगिता में कुमारी गौरा कक्षा 7 को प्रथम, कुमारी हरेश कक्षा 7 को द्वितीय, कुमारी गिरिजा कक्षा 5 को तृतीय पुरस्कार एवं सांत्वना पुरस्कार कुमारी नेहा को दिया गया। वाद विवाद प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार कुमारी वर्षा को द्वितीय पुरस्कार किशोर कक्षा चार को तृतीय पुरस्कार किशोरी कक्षा 6 को एवं संतन पुरस्कार कुमारी वंदना कक्षा 7 को दिया गया बच्चों ने परली के बारे में निबंध लेखन में अच्छा निबंध लिखो वाद विवाद प्रतियोगिता में सभी बच्चों ने अच्छा अच्छा उत्साह दिखाया तत्पश्चात रैली का आयोजन भी किया गया जिसमे परली से संबंधित किसानों को भी रैली निकालकर जागरूक किया।

# खाद्य सुरक्षा विभाग का डेरी यूनिट पर छापा

**मथुरा।** नवरात्र तथा दशहरा पर्व के दृष्टिगत जिला अधिकारी द्वारा दिए गए आदेश के क्रम में खाद्य पदार्थो की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए खाद्य सुरक्षा विभाग द्वारा सहायक आयुक्त डॉक्टर गौरी शंकर के निर्देशन में पुलिस बल के साथ ठुद्ध2 स्थित अकबरपुर पर संचालित डेयरी यूनिट पर छापा मार कार्रवाई की गई। डेयरी संचालक मौके पर दूध संग्रह का लाइसेंस नहीं दिखा सके संदेह होने पर डेयरी यूनिट में संग्रहित दूध तथा मध्य प्रदेश से आपूर्ति किए जा रहे दुग्ध टैंकर से जांच हेतु चार दूध के सैंपल संग्रहित किए गए।साथ ही लगभग 500 लीटर दूषित दूध को मौके पर नष्ट कराते हुए संचालक को स्वच्छ वातावरण में दूध के संग्रह करने के निर्देश दिए गए। टीम द्वारा चौमुहा कस्बा में मुखिया जी प्रोविजन स्टोर तथा गिर्राज प्रोविजन स्टोर का निरीक्षण करने के उपरांत एक एक नमुना कुट्टू आटा का संग्रहित किया गया।

# ग्रामीण व शहरी क्षेत्र में विद्युत आपूर्ति नियमानुसार की जाये: डीएम

- विकास कार्यों एवं आमजन हितार्थ योजनाओं की समीक्षा बैठक सम्पन्न

अवधनामा ब्यूरो



**इटावा।** मुख्यमंत्री की प्राथमिकताओं में शामिल विकास कार्यों एवं आमजन हितार्थ योजनाओं की समीक्षा बैठक जिलाधिकारी अवनीश राय की अध्यक्षता में जिलाधिकारी आवास कार्यालय स्थित सभागार में आहूत की गयी। बैठक में जिलाधिकारी ने सभी जनपद स्तरीय अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि वह अपने-अपने विभाग में संचालित योजनाओं की अपने स्तर पर समीक्षा करते हुए प्रदेश स्तर पर ग्रेडिंग में सुधार के लिए आवश्यक कदम उठायें एवं अपने अधीनस्थ कर्मचारियों को भी निर्देश निर्गत करें। उन्होंने कहा कि विभागीय योजनाओं की ग्रेडिंग का प्रभाव जनपद की ग्रडिंग पर भी पड़ता है इसलिए यह आवश्यक है कि उसके लिए जनपद स्तरीय अधिकारी अपने स्तर से मूल्यांकन करते हुए कार्य करें। जिलाधिकारी ने पंचायतीराज विभाग की समीक्षा करते हुए जिला पंचायत राज अधिकारी को निर्देशित किया कि शौचालय व आवास आवंटन की स्थिति का विवरण वित्तीय वर्ष वार उपलब्ध करायें जिसमें यह भी प्रदर्शित हो कि किस वित्तीय वर्ष में लक्ष्य के सापेक्ष कितनी लक्ष्य पूर्ति की गयी और कितने प्रकरण लम्बित हैं। विद्युत विभाग की समीक्षा में उन्होंने अधीक्षण अभियंता विद्युत को निर्देशित किया कि ग्रामीण व शहरी क्षेत्र में विद्युत आपूर्ति नियमानुसार की जाये साथ ही फाल्ट, ट्रांसफार्मर बदलने आदि पर भी विशेष ध्यान दिया जाये। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा करते हुए मुख्य चिकित्साधिकारी को निर्देशित किया कि दवाओं की उपलब्धता को दृष्टिगत रखते हुए आपूर्ति के लिए स्थानीय स्तर पर भी खरीद की जाये जिस पर मुख्य चिकित्साधिकारी ने बताया कि दवाओं की आपूर्ति मुख्यालय स्तर पर की जाती है जो कि चिकित्सालय में दवाओं की खपत के अनुसार मांग पत्र भेज कर आपूर्ति होती है। मांगपत्र भेजने का उत्तरदायित्व मुख्य फार्मासिस्ट का होता है। जिलाधिकारी ने मुख्य फार्मासिस्ट को अपने दायित्वों के निर्वहन में शिथिलता बरतने पर कारण बताओं नोटिस जारी करने के निर्देश दिये। बैठक में उक्त के अतिरिक्त मुख्यमंत्री आवास योजना, मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजना, ओडीओपी, टूल किट योजना, जल जीवन मिशन, सड़क अनुरक्षण सहित विभिन्न विभागों की लगभग 50 से 60 योजनाओं की बिन्दुवार गहन समीक्षा की गयी। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी प्रणता ऐश्वर्या, अपर जिलाधिकारी अभिनव रंजन श्रीवास्तव, प्रभागीय निदेशक सामाजिक वानिकीय अतुल कांत शुक्ला, मुख्य चिकित्साधिकारी गीताराम सहित सम्बन्धित विभागों के जनपदस्तरीय अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# स्काउट गाइड से अनुशासन की भावना विकसित होती है

अवधनामा ब्यूरो



**इटावा।** जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी डा.राजेश कुमार ने जनपद के परिषदीय विद्यालयों में अध्यनरत छात्र-छात्राओं को स्काउट गाइड का प्रशिक्षण प्रारम्भ करने एवं सर्वोत्तम कैडट रैली के तैयारी कराने के निर्देश प्रदान किए।

भारत स्काउट और गाइड द्वारा उच्च प्राथमिक विद्यालय नगला पंछी में तीन दिवसीय स्काउट गाइड प्रथम सोपान जांच शिविर में समापन हुआ। प्रशिक्षण के अंतिम दिन दिशाओं का ज्ञान, टीम भावना, प्राथमिक चिकित्सा, कम्पास का ज्ञान रस्सी के कार्य, ट्रुप मीटिंग, दीक्षा संस्कार, अनुमान लगाना, टेंट निर्माण इत्यादि का प्रशिक्षण प्राप्त किया। इस अवसर पर संकुल शिक्षक मो.अली ने कहा कि यह प्रशिक्षण छात्र- छात्राओ को अनुशासन में रहने कि प्रेरणा देता है। संकुल शिक्षक देवेश त्रिवेदी ने बच्चो की टीम भावना से कार्य करने की सराहना की। शिविर के अन्तिम दिवस अच्युत कुमार जिला स्काउट मास्टर एवं अवनीश दुबे ब्लॉक स्काउट मास्टर, अंजुल यादव ब्लॉक गाइड कैप्टन संकुल शिक्षक अमित यादव, गौरव सारस्वत, शिवम आर्य, आकाश दीक्षित द्वारा बच्चो का उत्साहवर्धन किया गया।

# किसी चुनौती से कम नहीं है क्रायो थेरेपी, जवां और बेदाग स्किन के लिए एक्ट्रेस करती हैं इसका इस्तेमाल

हॉलीवुड की ज्यादातर अभिनेत्रियां जवां बने रहने तथा स्किन को बेदाग रखने के लिए क्रायोथेरेपी का उपयोग करती हैं। हम आपको बताने जा रहे हैं कि क्रायोथेरिपी से कैसे होता है और इसको करने के क्या फायदे होते हैं।

अगर आप भी मांसपेशियों की समस्या से जूझ रहे हैं, तो ऐसे में आपको डॉक्टर से क्रायोथेरेपी के बारे में बात करना चाहिए। बता दें कि इस थेरेपी का इस्तेमाल शरीर की मांसपेशियों के खिंचने और ऊतकों के कमजोर होने पर किया जाता है। इस थेरेपी में व्यक्ति को काफी कम तापमान में रखा जाता है। इसको आइस पैक थेरेपी या क्रायो सर्जरी के नाम से भी जानते हैं।

क्रायोथेरपी के जरिए मसे, तिल, सनबर्न जैसी स्किन की समस्याओं का भी इलाज किया जाता है। हॉलीवुड की ज्यादातर अभिनेत्रियां जवां बने रहने तथा स्किन को बेदाग रखने के लिए क्रायोथेरेपी का उपयोग करती हैं। आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको बताने जा रहे हैं कि क्रायोथेरिपी से कैसे होता है और इसको करने के क्या फायदे होते हैं।



***क्रायोथेरेपी***

बता दें कि इस थेरेपी में शरीर को एकदम से ठंडा किया जाता है। जिससे शरीर की सारी गर्मी और जलन निकल जाए। इस थेरेपी से खून की नसें सिकुड़ने के बाद धीरे-धीरे फैलने लगती हैं। इस थेरेपी को आप ठीक उसी तरह समझ सकते हैं, जैसे शरीर के किसी हिस्से पर चोट लग जाने से बर्फ से सिकाई की जाती है। क्रायोथेरेपी करने के लिए एक ठंडे चैंबर में सिर के हिस्से को छोड़कर बाकी पूरे शरीर को रखा जाता है।

***स्ट्रेचिंग एक्सरसाइज है जरूरी***

इस दौरान चेंबर का तापमान माइनस 150 डिग्री सेल्सियस होता है। क्रायोथेरेपी में चेंबर को ठंडा करने के लिए नाइट्रोजन का सहारा लिया जाता है। वहीं केवल एक अंडरवियर और अच्छी गुणवत्ता वाल मोजे पहनकर चेंबर में जाना होता है। इस थेरेपी को पूरा करने के लिए 30 सेकेंड से लेकर 3 मिनट तक चेंबर में रहना होता है। फिर इसके पूरा होने के बाद आपको स्ट्रेचिंग एक्सरसाइज करनी होती है। जिससे कि संचार वाहिकाओं में सुचारु रूप से रक्त चलने लगे।

***क्रायोथेरेपी करते समय***

***सावधानियां***

हांलाकि भले ही यह थेरेपी सुनने में आपको आसान लग रही हो, लेकिन बता दें कि इसको करने से पहले कुछ सावधानियों का ध्यान रखना जरूरी होता है।

इस थेरेपी को करने से पहले आपको तरल पदार्थ से दूर रहने की सलाह दी जाती है।

क्योंकि तरल पदार्थ के त्वचा पर जमने से ठंड से जलने की आशंका रहती है।

क्रायोथेरेपी को करने से पहले शरीर को अच्छे से सुखा लेना चाहिए।

दिल से जुड़ी बीमारी, अस्थमा, हाई या लो ब्लड प्रेशर, बुखार या जख्म आदि होने पर क्रायोथेरेपी नहीं लेनी चाहिए।

प्रेग्नेंट महिलाओं को इस थेरेपी से दूर रहना चाहिए।

हाइपोथर्मिया या कंपकपाहट होने पर फौरन इस थेरेपी को बंद कर देना चाहिए।

# कॉम्बिनेशन स्किन के लिए घर पर ही बनाएं ये फेस सीरम



कॉम्बिनेशन स्किन के लिए एक सही सीरम ढूंढना थोड़ा मुश्किल हो सकता है। ऐसे में अगर आप चाहें तो घर पर ही अपनी स्किन के लिए फेस सीरम बना सकते हैं। इस तरह आपके पैसे भी बच जाएंगे और स्किन को कोई नुकसान भी नहीं होगा।

स्किन को अतिरिक्त पोषण देने के लिए हम सभी सीरम का इस्तेमाल करते हैं। यूं तो मार्केट में अलग-अलग ब्रांड्स के कई फेस सीरम मिलते हैं, जिन्हें आप अपनी स्किन टाइप के अनुसार चुन सकते हैं। लेकिन ये काफी महंगे होते हैं। इतना ही नहीं, कॉम्बिनेशन स्किन के लिए एक सही सीरम ढूंढना थोड़ा मुश्किल हो सकता है। ऐसे में अगर आप चाहें तो घर पर ही अपनी स्किन के लिए फेस सीरम बना सकते हैं। इस तरह आपके पैसे भी बच जाएंगे और स्किन को कोई नुकसान भी नहीं होगा। तो चलिए आज इस लेख में हम आपको कॉम्बिनेशन स्किन के लिए घर पर ही फेस सीरम बनाने के तरीके के बारे में बता रहे हैं-

***खीरा और विच हेज़ल से बनाएं सीरम***

अगर आपकी कॉम्बिनेशन स्किन है तो ऐसे में खीरे और विच हेज़ल की मदद से सीरम बनाना अच्छा विचार हो सकता है।

***आवश्यक सामग्री***

- एक खीरा छीलकर ब्लेंड किया हुआ
- 2 चम्मच विच हेज़ल
- 2 चम्मच एलोवेरा जेल

***सीरम बनाने का तरीका***

- सीरम बनाने के लिए खीरे को तब तक ब्लेंड करें जब तक यह एक चिकना पेस्ट न बन जाए।
- अब इसमें विच हेज़ल और एलोवेरा जेल मिलाएं।
- तैयार मिश्रण को एक गहरे रंग की कांच की ड्रॉपर बोतल में डालें।
- अब अपने चेहरे और गर्दन पर इसकी कुछ बूंदें लगाएं।

गुलाब जल और एलोवेरा जेल से बनाएं सीरम

यह एक बेहद ही हाइड्रेटिंग सीरम है, जो आपके लिए काफी अच्छा रहेगा। अगर आपकी स्किन कॉम्बिनेशन होने के साथ-साथ सेंसेटिव भी है तो आप इस सीरम को अप्लाई कर सकते हैं।

***आवश्यक सामग्री***

- 2 बड़े चम्मच गुलाब जल
- 1 बड़ा चम्मच एलोवेरा जेल
- 1 बड़ा चम्मच वेजिटेबल ग्लिसरीन
- लैवेंडर एसेंशियल ऑयल की 2-3 बूंदें

***सीरम इस्तेमाल करने का तरीका***

- सबसे पहले एक बाउल में सभी सामग्री डाल लें।
- अब एक गहरे रंग की कांच की ड्रॉपर बोतल लें और उसमें तैयार सीरम डालें।
- इसे हर इस्तेमाल से पहले अच्छी तरह हिलाएं।
- अपनी स्किन को क्लीन करने के बाद और मॉइस्चराइजिंग से पहले अपने चेहरे और गर्दन पर कुछ बूंदें लगाएं।

# ऑरेंज जूस की मदद से बनाएं ये तीन फेस पैक, दमक उठेगी आपकी स्किन



एलोवेरा अपने सुखदायक और हाइड्रेटिंग गुणों के लिए जाना जाता है। इसलिए, संतरे के रस के साथ एलोवेरा जेल को मिक्स करके एक बेहतरीन फेस पैक तैयार किया जा सकता है। संतरे के रस में मौजूद विटामिन सी आपकी स्किन को चमकदार बनाने में मदद करता है।

स्किन की केयर करने के लिए हम सभी कई तरीके अपनाते हैं। लेकिन स्किन को पैम्पर करने का सबसे अच्छा तरीका होता है फेस पैक अप्लाई करना। अगर आप अपनी स्किन को ब्राइटन करना चाहती हैं तो ऐसे में ऑरेंज जूस की मदद से फेस पैक बनाया जा सकता है। संतरे के रस में मौजूद विटामिन सी आपकी स्किन को चमकदार बनाने में मदद करता है। साथ ही साथ, इससे स्किन टोन को बेहतर बनाने और दाग-धब्बों की अपीयरेंस को कम करने में मददगार है। तो चलिए आज इस लेख में हम आपको ऑरेंज जूस की मदद से बनने वाले कुछ स्किन ब्राइटनिंग फेस पैक के बारे में बता रहे हैं-

जहां दही आपकी स्किन को एक्सफोलिएट और मॉइश्चराइज़ करने में मदद कर सकता है, वहीं संतरे का रस स्किन को ग्लोइंग बनाने में मददगार है।

***आवश्यक सामग्री***

- 2 बड़े चम्मच संतरे का रस
- 1 बड़ा चम्मच दही

फेस पैक बनाने का तरीका-

- सबसे पहले एक बाउल में संतरे का रस और दही डालकर मिलाएं।
- अब अपने फेस को क्लीन करें और इस मिश्रण को अपने चेहरे पर लगाएं।
- करीबन 15-20 मिनट के लिए इसे ऐसे ही छोड़ दें।
- अंत में, स्किन को गुनगुने पानी से धो लें और फिर उसे मॉइश्चराइज करें।

संतरे का रस और एलोवेरा से बनाएं फेस पैक

एलोवेरा अपने सुखदायक और हाइड्रेटिंग गुणों के लिए जाना जाता है। इसलिए, संतरे के रस के साथ एलोवेरा जेल को मिक्स करके एक बेहतरीन फेस पैक तैयार किया जा सकता है।

***आवश्यक सामग्री***

- 2 बड़े चम्मच संतरे का रस
- 1 बड़ा चम्मच एलोवेरा जेल

फेस पैक बनाने का तरीका-

- सबसे पहले संतरे का रस और एलोवेरा जेल मिलाएं।
- अब अपने फेस को क्लीन करके इस मिश्रण को अपने चेहरे और गर्दन पर लगाएं।
- इसे 20 मिनट के लिए ऐसे ही छोड़ दें।
- अंत में ठंडे पानी से चेहरे को धो लें।

संतरे का रस और हल्दी फेस पैक

हल्दी में एंटी-इंफ्लेमेटरी प्रॉपर्टीज होती है और जब इसे संतरे के रस के साथ मिक्स किया जाता है तो यह आपकी स्किन को ग्लो करता है।

***आवश्यक सामग्री***

- 2 बड़े चम्मच संतरे का रस
- 1/2 चम्मच हल्दी पाउडर

***फेस पैक बनाने का तरीका***

- सबसे पहले संतरे का रस और हल्दी पाउडर को मिलाकर पेस्ट बना लें।
- अपने चेहरे को क्लीन करके इसे चेहरे पर लगाएं।
- करीबन 15-20 मिनट तक लगा रहने दें।
- ठंडे पानी से धो लें।

# हर फेस्टिव सीजन के लिए स्किन को ऐसे करें तैयार

त्योहारों के सीजन में हर कोई खूबसूरत और अपने लुक को परफेक्ट बनाना चाहता है। ऐसे में आज हम आपको कुछ ऐसे ब्यूटी हैक्स के बारे में बताने जा रहे हैं। जो आपको आपके किचन में ही आसानी से मिल जाएंगे।

जैसा कि त्योहारों का सीजन बहुत जल्द आने वाला है और ऐसे में आपको सिर्फ तस्वीरों में ही नहीं बल्कि रियल लाइफ में परफेक्ट और सुंदर दिखना चाहिए। इसीलिए आज हम आपको कुछ ऐसे टिप्स बताने जा रहे हैं, जो आपकी फोटो को बिना फिल्टर लगाए ही परफेक्ट बना सकती है। ऐसे में सबसे अच्छी बात तो यह है कि आपको खूबसूरत दिखने के लिए अपने घर के किचन में ही सारी सामग्री बड़ी आसानी से मिल जाएगी और आपको घर से बाहर कहीं नहीं जाना होगा।



***फ्रूट पैक***

सेब, पपीता, एवोकाडो, केला, संतरे आदि फलों को ब्लेंड कर एक साथ मिक्स कर लें। इसको आप अपने चेहरे पर मास्क की तरह अप्लाई कर सकती हैं।

पपीता एंजाइमों से भरपूर होता है। यह डेड सेल्स वाली त्वचा को साफ करता है और स्किन को निखारने में मदद करता है।

केला हमारी स्किन में कसाव लाने का काम करता है। वहीं सेब और संतरे से विटामिन और मिनरल्स की पूर्ति होती है।

एवोकाडो त्वचा को हाइड्रेट करता है। क्योंकि यह एंटीऑक्सीडेंट से भरपूर होता है। इससे हमें एंटी-ऐजिंग फायदे भी मिलते हैं।

इसका फेसपैक बनाकर अपने चेहरे पर 30 मिनट के लिए लगाएं और फिर उसे धो दें।

***फेस का स्प्रे***

अगर आपकी त्वचा ऑयली है तो आप स्प्रे का इस्तेमाल कर सकतीं हैं। मिनरल वाटर या फिर डिस्टिल्ड वॉटर को 200 मिली लें और उसमें आप लैवेंडर एसेंशियल ऑयल की 5 बूंदें मिलाकर अपने फेस पर लगाएं।

***नॉर्मल से ड्राइ स्किन के लिए स्प्रे***

अगर आपकी त्वचा में रूखापन है तो आप 100 मिली डिस्टिल्ड वॉटर या मिनरल वाटर लेकर उसमें रोज़ एसेंशियल ऑयल की 5 बूंदें डालें। इसके साथ ही आधा चम्मच शुद्ध ग्लिसरीन मिलाएं और उसे अपने फेस पर अप्लाई करें।

***मुंहासे वाली स्किन के लिए स्प्रे***

अगर आपको मुंहासे की समस्या है तो आप डिस्टिल्ड वॉटर या मिनरल वाटर को 100 मिली तक लें। उसमें टी ट्री ऑयल की 3 से 4 बूंदें मिलाकर अपने चेहरे पर अप्लाई करें। स्प्रे की इन बोतलों को प्रीज़र्व करने के लिए आप इन्हें फ्रिज में रख दें। घरेलू ब्यूटी रेसिपी को अधिक मात्रा में नहीं बनाना चाहिए।

***रिजुविनेटिंग फेस मास्क***

चेहरे की चमक बढ़ाने के लिए 2 चम्मच ओट्स में आधा चम्मच शुद्ध नारियल का तेल मिला लें। एक चम्मच बादाम के साथ 3 चम्मच संतरे का रस मिलाकर उसका पेस्ट बना लें। पेस्ट को ज्यादा पतला न करें। फिर उसे अपने हल्के-हल्के हाथों से होंठों और आंखों के पास से बचते हुए अपने चेहरे पर अप्लाई करें। इसे लगाने के लगभग 20 मिनट बाद फेशवॉस कर लें।

***स्किन टोनर***

आपको बता दें कि ग्रीन टी एक बहुत ही शक्तिशाली एंटीऑक्सीडेंट है। ग्रीन टी से स्किन टोनर बनाने के लिए आप आधा कप पानी में दो चम्मच ग्रीन टी डालें। इसके बाद पानी को उबाल लें। फिर चीनी मिट्टी के प्याले में चायपत्ती को डाल दें। अब उसमें गरम पानी डालकर 2 मिनट के लिए रख दें और ठंडा होने बाद इसे रूई के सहारे धीरे-धीरे अपने चेहरे पर लगाएं।

***बॉडी स्क्रब***

सबसे पहले बॉडी स्क्रब के लिए तिल का तेल या फिर जैतून का तेल अपने शरीर पर लगाएं। फिर इसे अच्छे से स्क्रब करने के लिए एक चुटकी हल्दी के साथ दूध की मलाई, गेहूं, बेसन, और दही का अच्छे से पेस्ट बनाकर शरीर पर लगाएं। इस पेस्ट को नहाने के 20 मिनट पहले लगा सकती हैं। इससे डेड सेल्स दूर होने के साथ यह आपकी त्वचा को साफ, मुलायम और चिकना बनाता है।

***टैन हटाएं***

बॉडी टैन हटाने के लिए एक चम्मच शहद, एक चम्मच नींबू का रस, सूखे पुदीने के पत्ते और तिल लें। सूखे पुदीने के पत्तों का पाउडर बना लें और तिल को दरदरा पीसकर उसमें मिलाएं। फिर इस पाउडर में नींबू का रस और थोड़ा शहद मिलाकर हल्के हाथों से अपने फेस पर मलें और दोनों हाथों में अच्छे से लगाएं। फिर कुछ देर लगाने के बाद इसे सादे पानी से धो लें। तिल के बीज हमें सूरज की किरणों से बचाते हैं। साथ ही टैन हुई त्वचा में निखार भी लाते हैं। यह हमारे चेहरे से टैन को हटा देता है और एक जैसी स्किन टोन बनाता है। पुदीना चेहरे पर उत्तेजक प्रभाव डालता है। यह त्वचा में चमक लाने का भी काम करता है। वहीं शहद हमारे चेहरे को मॉइस्चराइज़ करता है, और मुलायम बनाता है।

***मॉइस्चराइजिंग हेयर मास्क***

एक अंडा लें उसमें एक चम्मच शुद्ध ग्लिसरीन के साथ दो चम्मच सिरका और एलोवेरा जेल को अच्छे से मिला लें। फिर हल्के-हल्के हाथों से अपने बालों में लगाएं और 30 मिनट तक इसे लगा रहने दें। तब तक अपने सिर पर शॉवर कैप पहन लें। 30 मिनट के बाद आप अपने बालों को अच्छे से धो लें।

***बालों को ऐसे करें कंडीशन***

हिना पैक से बालों में बाउन्स और चमक आती है। डैंड्रफ वाले बालों के लिए और ऑयली बालों के लिए कम से कम 2 कच्चे अंडे, 4 चम्मच नींबू का रस, चाय का पानी और काफी इन सभी चीजों को मिलाकर गाढ़ा पेस्ट बना लें। अगर आप अंडे का इस्तेमाल नहीं करते हैं, तो उसके स्थान पर चाय के पानी की मात्रा ज्यादा कर दें। चाय-पानी बनाने के लिए उपयोग की गई चाय-पत्ती को गरम पानी में डालकर उसका इस्तेमाल कर सकती हैं। उस पानी को काफी देर तक पकाएं। लगभग जब 4 से 5 गिलास पानी बचे तो उसे ठंडा करके छान लीजिए और मेंहदी के पेस्ट में मिला दीजिए। इसके बाद अपने बालों में लगाएं और उसके एक घंटे के बाद बालों को सादे पानी से धो डालें।

***ऐसे पाएं चमकते नाखून***

अगर आप भी अपने नाखूनों को चमकाना चाहती हैं, तो हल्के गर्म बादाम के तेल में अपनी उंगलियों और नाखूनों को 10 मिनट के लिए भिगो दें। इसके बाद गीली तौलिये से उंगलियों को पोंछ लें। नाखूनों में और भी ज्यादा चमक चाहतीं हैं तो चामोइस लेदर का इस्तेमाल करें। इसे आप अपने हाथों में धीरे-धीरे से रगड़ें। चामोइस लेदर नाखूनों के कालेपन को दूर कर इन्हें चमकदार बनाता है।

# ब्यूटी/फैशन पिंपल्स से खराब हो रहा है पूरा फेस तो अपनाएं ये तरीके, हफ्ते भर में मिलेगी बेदाग स्किन



आप किसी फंक्शन में जा रहे होते हैं पर आपके चेहरे पर निकली हुई फुंसी या लंबे समय से पैठ जमाया हुआ फोड़ा आपके अच्छे खासे प्लान को खराब कर देता है। आज हम आपको कुछ घरेलू उपायों के बारे में बताएंगे। जिससे आपको जल्द से जल्द छुटकारा मिल जाएगा और आपका चेहरा बेदाग हो जाएगा।

आप किसी फंक्शन में जा रहे होते हैं पर आपके चेहरे पर निकली हुई फुंसी या लंबे समय से पैठ जमाया हुआ फोड़ा आपके अच्छे खासे प्लान को खराब कर देता है। ऐसे में आप मुंहासों से जल्द से जल्द छुटकारा पाना चाहेंगी। मुंहासे त्वचा की सतह पर निकले हुए सफेद या लाल रंग के दाने होते हैं। जिनमें मवाद और पस जमा होता है। इन पके हुए दाने को दबाने से मवाद निकलने लगता है, जिससे गड्ढा सा बन जाता है।

इसीलिए मुंहासों को दबाकर कभी नहीं हटाना चाहिए नहीं तो उस जगह पर पिंपल्स के निशान बन जाते हैं और जल्दी हल्के नहीं होते हैं। इससे चेहरे पर दाग बन जाते हैं। अगर आप भी पिंपल्स से छुटकारा पाना चाहते हैं तो आप भी घरेलू उपाय कर सकते हैं। आज हम आपको कुछ घरेलू उपायों के बारे में बताएंगे। जिससे आपको जल्द से जल्द छुटकारा मिल जाएगा और आपका चेहरा बेदाग हो जाएगा।

***बेसन***

घरेलू उपाय में पिंपल्स को दूर करने के लिए बेसन का इस्तेमाल करना चाहिए। इसके उपयोग के लिए एक चम्मच बेसन में पानी मिलाकर पेस्ट बना लें। इसके बाद उस पेस्ट को अपने चेहरे पर 10 मिनट तक लगाए रखें और फिर हल्के हाथों से अपने चेहरे को धीरे-धीरे धो लें। यह आपकी ऑयली स्किन से पिंपल्स को हटाने का सबसे बेहतरीन नुस्खा है।

***हल्दी और शहद***

हल्दी एंटी-इंफ्लेमेटरी जैसे गुणों से भरपूर होती है। इसलिए यह स्किन पर पिंपल्स को सिकोड़ देती है। जबकि शहद स्किन से बैक्टीरिया को हटाता है। इसके लिए आप आधा चम्मच हल्दी में एक चम्मच शहद मिलाकर गीले चेहरे पर लगाएं और 5 मिनट तक लगाकर रखें। इस उपाय को करने से ना सिर्फ आपके चेहरे पर निखार आएगा, बल्कि पिंपल्स से छुटकारा भी मिल जाएगा।

***ओट्स***

ओट्स के उपयोग से भी पिंपल्स की समस्या दूर हो जाती है। फेस की स्किन पर एक्सेस ऑयल भी पिंपल्स के कारण ही आता है। लेकिन ओट्स त्वचा से ऑयल सोखता है और पिंपल्स को दूर करता है। पिंपल्स से निजात पाने के लिए पिसे ओट्स में थोड़ा सा बेसन मिलाकर पेस्ट बना लें और चेहरे पर अप्लाई करें। फिर इसके बाद फेस को धो दें।

***दही***

त्वचा पर दही लगाने से डेड स्किन सेल्स हट जाते हैं और स्किन में निखार आता है। दही में लैक्टिक एसिड पाया जाता है। दही के एंटी-बैक्टीरियल भी बहुत अच्छा असर दिखाते हैं। आधा कप दही लेकर चेहरे पर लगाएं। इसके बाद अपने चेहरे को 10 मिनट बाद धो लें। मुंहासों को हटाने के लिए हर दूसरे दिन दही का प्रयोग करें।

***एलोवेरा***

ऐलोवेरा कई मायनों में हमारी स्किन के लिए फायदेमंद होता है। इसी तरह आप ऐलोवेरा का इस्तेमाल पिंपल्स की समस्या को दूर करने के लिए भी कर सकती हैं। पिंपल्स को हटाने के लिए आप ताजे ऐलोवेरा के गूदे का इस्तेमाल करें। यह आपकी स्किन के लिए ज्यादा फायदेमंद होता है। इसके अलावा आप फोड़े-फुंसियों पर भी ऐलोवेरा का गूदा लगा सकते हैं। इस उपाय को करने से ना सिर्फ पिंपल्स की समस्या दूर होगी, बल्कि आपको साफ और निखरी स्किन मिलेगी।

# बालों की खास देखभाल के लिए घर पर बनाएं हेयर पैक, कंट्रोल होगा हेयर फॉल

हर लड़की के लिए उनके बाल काफी ज्यादा खास होते हैं। लेकिन आजकल की भागदौड़ भरी और स्ट्रेस वाली जिंदगी के कारण बालों का झड़ना एक आम समस्या है। हम आपको कुछ ऐसे तरीकों के बारे में बताने जा रहे हैं, जिनको फॉलो कर आप बालों का झड़ना रोक सकते हैं।

हर लड़की के लिए उनके बाल काफी ज्यादा खास होते हैं। लेकिन आजकल की भागदौड़ भरी और स्ट्रेस वाली जिंदगी के कारण बालों का झड़ना एक आम समस्या है। इस समस्या से निजात पाने के लिए लोग कई तरह के तरीके अपनाते हैं। कुछ महंगे शैम्पू या हेयर ऑयल यूज करते हैं। लेकिन इससे कुछ ही लोगों को फायदा होता है।

वहीं कुछ लोगों की समस्या खत्म नहीं होती है। ऐसे में अगर आप भी बालों के झड़ने से परेशान हैं, तो यह आर्टिकल आपके लिए है। आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको कुछ ऐसे तरीकों के बारे में बताने जा रहे हैं, जिनको फॉलो कर आप बालों का झड़ना रोक सकते हैं।

नारियल तेल और एलोवेरा जेल हेयर पैक

अगर आपके बाल झड़ रहे हैं, तो नारियल के तेल में एलोवेरा जेल मिक्स कर बालों में अप्लाई करें। यह आपके बालों के लिए काफी फायदेमंद होता है। इस हेयर पैक के इस्तेमाल से आप 80 से 90 परसेंट तक बालों को झड़ने से रोक सकते हैं।



***सामग्री***

***नारियल*** तेल- 1 बड़ा चम्मच

एलोवेरा जेल- 1 बड़ा चम्मच

***बनाने का तरीका***

एक बाउल में नारियल का तेल गर्म कर लें।

फिर इसमें एलोवेरा जेल मिक्स कर दें।

दोनों को अच्छे से मिला लें।

***ऐसे करें अप्लाई***

सबसे पहले बालों को धो लें।

फिर गीले बालों पर इस पेस्ट को अच्छे से अप्लाई कर लें।

कुछ समय तक इसे लगाए के बाद बालों को फिर शैंपू से धो लें।

सप्ताह में दो बार इस उपाय को करने से आपको बेहतर रिजल्ट देखने को मिलेगा।

शहद और ओट्स हेयर पैक

बता दें कि शहद और ओट्स से बना हेयर पैक ना सिर्फ आपके बालों की ग्रोथ को बढ़ाता है, बल्कि उन्हें चमकदार बनाने में भी मदद करता है। इस पैक का आप सप्ताह में कम से कम 1 बार इस्तेमाल करें। इससे आपको बेहतर रिजल्ट देखने को मिलेगा।

***सामग्री***

ओट्स पाउडर- 2 बड़े चम्?मच

शहद- 1 छोटा चम्?मच

ग्लिसरीन- 1 छोटा चम्मच

***बनाने का तरीका***

सबसे पहले ओट्स को पीस लें और उसका पाउडर बना लें।

फिर उसमें ग्लिसरीन और शहद एड कर लें।

अब इन तीनों को अच्छे से मिक्स कर लें।

***ऐसे करें अप्लाई***

इस पैक को लगाने के लिए बालों को धोकर सुखा लें।

फिर इस पैक को अपने स्कैल्प पर लगाएं।

30-45 मिनट तक इसे बालों में लगाए रहें।

***फिर शैंपू से बाल धो लें।***

अगर आपको डैंड्रफ की समस्या है, तो इस पेस्ट में नींबू का रस भी मिला सकती हैं।

***ग्रीन-टी हेयर पैक***

ग्रीन टी का इस्तेमाल भी आप बालों को झड़ने से रोकने के लिए कर सकती हैं। बता दें कि ग्रीन टी में एंटी-ऑक्सीडेंट पाया जाता है, जो बालों को झड़ने से रोकने में मदद करता है।

***सामग्री***

ग्रीन-टी- 2 छोटे चम्मच

***बनाने का तरीका***

सबसे पहले 1 कप पानी को गर्म कर लें।

फिर उसमें ग्रीन टी उबाल लें।

अब इसे ठंडा होने के लिए रख दें।

***ऐसे करें अप्लाई***

इसे बालों में अप्लाई करने के लिए बालों को धोकर सुखा लें।

फिर टी वॉटर को स्कैल्प और बालों की लेंथ में अप्लाई करें।

अब एक घंटे तक इसे लगाए रखने के बाद पानी से बालों को वॉश कर लें।

अवधनामा



# सुप्रीम कोर्ट ने हाई कोर्ट के न्यायाधीश के रूप में सुझाए 13 वकीलों के नाम

**नई दिल्ली।** दिल्ली सहित आठ हाई कोर्ट में बुधवार को 11

**नियुक्त**

**केरल हाई कोर्ट में तीन न्यायिक अधिकारियों को अतिरिक्त न्यायाधीश नियुक्त किया गया है। कर्नाटक और छत्तीसगढ़ हाई कोर्ट में एक-एक वकील को अतिरिक्त न्यायाधीश नियुक्त किया गया है।**

न्यायिक अधिकारियों और छह वकीलों की न्यायाधीश के रूप में नियुक्ति की गई है। वहीं, चार वकीलों को आंध्र प्रदेश हाई कोर्ट का अतिरिक्त न्यायाधीश नियुक्त किया गया है, जबकि बंबई हाई कोर्ट में अतिरिक्त न्यायाधीश के तौर पर तीन न्यायिक अधिकारियों को पदोन्नत किया गया है। केरल हाई




कोर्ट में तीन न्यायिक अधिकारियों को अतिरिक्त न्यायाधीश नियुक्त किया गया है। कर्नाटक और छत्तीसगढ़ हाई कोर्ट में एक-एक वकील को अतिरिक्त न्यायाधीश नियुक्त किया गया है। एक न्यायिक अधिकारी को गुजरात हाई कोर्ट में जज नियुक्त किया गया है, जबकि एक अन्य को त्रिपुरा हाई कोर्ट में नियुक्ति मिली है। वहीं, अन्य न्यायिक अधिकारी को त्रिपुरा हाई कोर्ट में अतिरिक्त न्यायाधीश बनाया गया है। इन नई नियुक्तियों की जानकारी कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने एक्स पोस्ट में दी है। मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाले सुप्रीम कोर्ट कलेजियम ने विभिन्न हाई कोर्ट के न्यायाधीशों के रूप में 13 वकीलों के नामों की सिफारिश की है। कलेजियम ने गौहाटी हाई कोर्ट के न्यायाधीशों के रूप में वकील एन उन्नी कृष्णन नायर और कौशिक गोस्वामी के नामों की सिफारिश की है। उत्तराखंड हाई कोर्ट के न्यायाधीश के रूप में नियुक्ति के लिए वकील सिद्धार्थ साह और आलोक माहरा के नामों की सिफारिश की है।

पंजाब और हरियाणा हाई कोर्ट के न्यायाधीश के रूप में नियुक्ति के लिए वकील हरमीत सिंह ग्रेवाल, दीपिंदर सिंह नलवा, सुमीत गोयल, सुदीप्ति शर्मा और कीर्ति सिंह के नामों की सिफारिश की गई है। मध्य प्रदेश हाई कोर्ट के लिए वकील विनय सराफ, विवेक जैन, आशीष श्रोती और अमित सेठ के नामों की सिफारिश की है।

# शरद पवार को समझना चाहिए कि देशहित से बड़ा कुछ नहीं

**नई दिल्ली।** केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने इजरायल और आतंकी संगठन हमास युद्ध पर राकांपा अध्यक्ष शरद पवार के बयान की निंदा की है। उन्होंने कहा कि शरद पवार जैसे वरिष्ठ नेताओं को यह समझना चाहिए कि राष्ट्रहित और राष्ट्रीय सुरक्षा से बढ़कर कुछ नहीं है। इसे कभी भी राजनीतिक विचारों से प्रभावित नहीं होनी चाहिए। इस पर आम सहमति होनी चाहिए।



उन्होंने कहा कि स्थिति की गंभीरता को समझते हुए आतंकवाद के खिलाफ एकजुट होने की आवश्यकता है। उन्होंने एक्स पर अपने एक पोस्ट में कहा कि भारत लगातार घरेलू और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर आतंकवाद के खिलाफ खड़ा रहा है। पीएम मोदी द्वारा इजरायल में हुए आतंकी हमले की निंदा करना वैश्विक शांति और सुरक्षा के प्रति हमारी अटूट प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने भी शरद पवार के बयान की आलोचना करते हुए कहा कि इस तरह की मानसिकता ठीक नहीं है, इसे रोकना होगा। मुंबई में पार्टी कार्यकर्ताओं की एक सभा को संबोधित करते हुए शरद पवार ने कहा था कि भारत के पूर्व प्रधानमंत्रियों ने फलिस्तीन की मदद की थी। पहली बार हमारे देश के प्रधानमंत्री ने इजरायल को मदद करने में अपनी भूमिका निभाई।

# फ्लिपकार्ट समर्थ और एनआरएलएम ने किया ओरिएंटेशन वर्कशॉप आयोजित

**लखनऊ।** भारत के घरेलू ई-कॉमर्स मार्केटप्लेस फ्लिपकार्ट ने राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के साथ मिलकरएक ओरिएंटेशन वर्कशॉप का आयोजन किया। एनआरएलएम भारत सरकार के ग्रामीण विकास मंत्रालय की एक दीनदयाल अंत्योदय योजना है। इस वर्कशॉप का उद्देश्य स्थानीय कारीगरों एवं शिल्पकारों को सशक्त बनाना था, जिससे वे फ्लिपकार्ट मार्केटप्लेस की क्षमता का लाभ लेते हुए अपने ऑनलाइन कारोबार को बढ़ाने में सक्षम हो सकें। मेरठ में हुये इस कार्यक्रम के दौरान सांसद राजेंद्र अग्रवाल, डिस्ट्रिक्ट मजिस्ट्रेट आईएएस दीपक मीणा, मेरठ की चीफ डेवलपमेंट ऑफिसर श्रीमती नूपुर गोयल और फ्लिपकार्ट ग्रुप के चीफ कॉरपोरेट अफेयर्स ऑफिसर रजनीश कुमार उपस्थित रहे। इस गठजोड़ पर फ्लिपकार्ट ग्रुप के चीफ कॉरपोरेट अफेयर्स ऑफिसर रजनीश कुमार ने कहा देशभर के कारीगरों, एमएसएमई, एसएचजी, महिलाओं द्वारा संचालित उद्यमों और शिल्पकारों की आजीविका में सहयोग करने के लिए फ्लिपकार्ट प्रतिबद्ध है। आज की वर्कशॉप को मिली शानदार प्रतिक्रिया से हम बहुत खुश हैं और हम आगे भी देश में एमएसएमई के लिए व्यापक अवसर सृजित करने की दिशा में प्रयास करते रहेंगे। फ्लिपकार्ट समर्थ के माध्यम से हमारा लक्ष्य उन्हें जानकारी, टूल्स और राष्ट्रीय बाजार तक पहुंच देना है जिसकी जरूरत कर सकते हैं। यह स्थानीय अर्थव्यवस्था के भी व्यापक हित में है। आज की वर्कशॉप के दौरान फ्लिपकार्ट का समर्थन एवं संसाधन इन कारीगरों एवं शिल्पकारों के लिए सीखने का शानदार अवसर बनकर सामने आया। हमें उम्मीद है कि इससे उन्हें जरूरी जानकारी एवं



उन्हें ऑनलाइन प्लेटफॉर्म पर अपने कारोबार को विस्तार देने के लिए है। सांसद राजेंद्र अग्रवाल ने कहा हमारा मानना है कि शिल्पकारों ग्रामीण महिला कारीगरों और स्वयं सहायता समूहों को ई-कॉमर्स का फायदा उठाने के बारे में जानकारी प्रदान करके सशक्त बनाते हुए हम उनके लिए विकास के नए अवसर सृजित क्षमता मिलेगी, जिससे वे ऑनलाइन कारोबार की दुनिया में अपनी उपस्थिति को मजबूत करने में सक्षम होंगे और इससे उद्यमिता के उनके सफर को गति मिलेगी।उत्तर प्रदेश के मेरठ में आयोजित वर्कशॉप का उद्देश्य स्वरोजगार एवं उद्यमिता के लिए स्थानीय समुदायों को सक्षम बनाना था।

# कर्ज में डूबे परिवार के तीन लोगों ने की सुसाइड



**पलक्कड़।** केरल के पलक्कड़ जिले के कुझलमन्नम इलाके में एक परिवार के तीन सदस्यों ने मौत को गले लगा लिया। तीनों ने अपने घर में फंदे से लटक कर अपनी जान दे दी। आत्महत्या करने वालों में सुंदरन की 42 वर्षीय बेटी सिनिला , उसका 19 वर्षीय बेटा रोहित और उसकी बहन का 24 वर्षीय बेटा सुबिन है। पुलिस ने जानकारी दी कि तीनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। वहीं, इस मामले की जांच शुरू हो चुकी है।मीडिया रिपोर्ट्स से सामने आई जानकारी के मुताबिक, परिवार स्वास्थ्य समस्याओं और वित्तीय संकट के कारण परेशान था। जानकारी ये भी मिली है कि सिनिला के भाई बिनिल ने अपने पैतृक घर के दस्तावेज गिरवी रखकर कुझलमंदम सहकारी बैंक से पैसे उधार लिए थे। सिनिला के भाई बिनिल ने अपने पैतृक घर के दस्तावेज गिरवी रखकर कुझलमंदम सहकारी बैंक से पैसे उधार लिए थे।

बैंक अधिकारियों ने परिवार को जानकारी दी कि लोन समय पर ना चुकाने की वजह से वे संपत्ति कुर्क करने की कार्रवाई कर रहे हैं। पुश्तैनी मकान खोने के डर ने शायद परिवार के सदस्यों को यह कदम उठाया।

# हिमंता भी कांग्रेसी और मैं भी उनका और मेरा डीएनए एक जैसा

**तीखा तंज**

**सुप्रिया सुले ने तीखा तंज कसते हुए कहा कि वो हमेशा से हिमंता बिस्वा सरमा पर गर्व करती थीं।**

**नई दिल्ली।** इजरायल और हमास के युद्ध को लेकर एनसीपी प्रमुख शरद पवार के बयान पर आलोचनाओं का दौर जारी है। इस बीच असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा ने तीखी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि पवार शायद सुप्रिया सुले को हमास की तरफ से लड़ने के लिए भेजेंगे। सरमा के बयान को लेकर अब एनसीपी नेता सुप्रिया सुले ने उन्हें कांग्रेसी डीएनए का बता डाला है। मीडिया से बात करते हुए सुप्रिया सुले



ने कहा कि वो सरमा के बयान को लेकर आश्चर्यचकित हैं, क्योंकि हिमंत बिस्वा सरमा और उनका डीएनए एक जैसा है। उन्होंने कहा कि सरमा मूल रूप से कांग्रेसी हैं। इस बीच बीजेपी पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि पार्टी महिलाओं का हमेशा से अपमान करती आई है। इसमें आश्चर्य नहीं होना चाहिए कि सरमा बीजेपी में जाने के बाद बदल गए हैं। सुप्रिया सुले ने तीखा तंज कसते हुए कहा कि वो हमेशा से हिमंता बिस्वा सरमा पर गर्व करती थीं। उनका मानना था कि कांग्रेस डीएनए का कोई आदमी किसी प्रदेश का मुख्यमंत्री है, यह उनके लिए गर्व की बात थी। इस बीच उन्होंने भाजपा से शरद पवार के बयान को एक बार फिर गौर से सुनने की नसीहत भी दी है।

दरअसल, शरद पवार ने मुंबई में पार्टी कार्यकर्ताओं की एक सभा को संबोधित करते हुए कहा था कि भारत के पूर्व प्रधानमंत्रियों ने फलिस्तीन की मदद की थी।

पहली बार हमारे देश के प्रधानमंत्री ने इजरायल को मदद करने में अपनी भूमिका निभाई है। पवार के इस बयान के बाद से राजनीतिक अंचलों में हलचल मची हुई है। केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने राकांपा अध्यक्ष के बयान की निंदा करते हुए कहा कि उनके जैसे वरिष्ठ नेताओं को यह समझना चाहिए कि राष्ट्रहित और राष्ट्रीय सुरक्षा से बढ़कर कुछ नहीं है। इसे कभी भी राजनीतिक विचारों से प्रभावित नहीं होनी चाहिए। वहीं, केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने भी शरद पवार के बयान की आलोचना करते हुए कहा कि इस तरह की मानसिकता ठीक नहीं है, इसे रोकना होगा।

हिमंत बिस्वा सरमा के बयान पर शरद पवार गुट के नेता डॉ.जितेंद्र आव्हाड ने पलटवार करते हुए कहा कि हिमंत बिस्वा सरमा जैसे लोगों को गंभीरता से नहीं लेना चाहिए। उन्होंने कहा कि सरमा के मन में नफरत है, वो नहीं जानते कि अंतरराष्ट्रीय राजनीति क्या है। आव्हाड ने कहा कि फलस्तीन मुसलमानों से जुड़ा हुआ है और मुस्लिम नफरत को भारत में लाना ही भाजपा की एकमात्र योजना है।

# आंध्र प्रदेश में शुरू होगा जातिगत सर्वे

**अमरावती।** आंध्र प्रदेश सरकार 15 नवंबर के आसपास पिछड़ा वर्ग जाति जनगणना शुरू करेगी। राज्य के मंत्री सी श्रीनिवास वेणुगोपाल कृष्णा ने



बुधवार को यह बात कहीं। पिछड़ा वर्ग कल्याण मंत्री कृष्णा ने कहा कि इसका उद्देश्य पिछड़ा वर्ग श्रेणी में आने वाले 139 समुदायों की संख्या पता लगाकर विभिन्न क्षेत्रों में उचित प्रतिनिधित्व उपलब्ध कराना है। कृष्णा ने कहा, 15 नवंबर से जातिगत जनगणना शुरू होगी। पिछड़ी जाति की जनगणना के लिए स्वयंसेवी प्रणाली के साथ-साथ ग्राम सचिवालय प्रणाली का बड़े पैमाने पर इस्तेमाल किया जाएगा। राज्य में लगभग 139 पिछड़े वर्ग की जातियां हैं और इन समुदायों के लोग अपनी संख्या बल से अनजान हैं। उन्होंने कहा कि पिछड़े वर्ग के समुदायों को भी विभिन्न क्षेत्रों में उनके प्रतिनिधित्व के स्तर का पता नहीं है और जनगणना इन पहेलियों को हल करेगी।

# मैदान-ए-जंग में हमास की टॉप महिला लीडर ढेर




**तेल अवीव।** हमास के आतंकियों को चुन-चुनकर इजरायली सेना निशाना बना रही है। गुरुवार को द टाइम्स ऑफ इजरायल की ओर से जानकारी सामने आई कि हमास के सह संस्थापक अब्देल अजीज अल-रंतीसी की विधवा और हमास की इकलौती महिला लीडर जमीला अल शांति को इजरायली सेना ने ढेर कर दिया है। वो आतंकी ग्रुप हमास के राजनीतिक ब्यूरो का कामकाज संभाल रही थीं।

हालांकि, अब तक इस बात की जानकारी सामने नहीं आई है कि आखिर इजरायली सेना ने जमीला अल शांति को किस स्थान पर ढेर किया। जमीला अल शांति, पहली महिला थीं जो 2021 में राजनीतिक ब्यूरो के लिए चुनी गई थीं। सात अक्टूबर से शुरू हुए इस युद्ध में अब तक कुल 4900 से ज्यादा लोगों की मौत हो चुकी है। हमास के हमलों में 1400 से ज्यादा इजरायली लोगों की मौत हो चुकी है। वहीं, गाजा पट्टी में 3478 लोग मारे जा चुके हैं।

कुछ दिनों पहले इजरायली सेना ने जानकारी दी थी कि सेंट्रल गाजा पट्टी में इजरायली एयरस्ट्राइक में हमास का टॉप कमांडर अयमान नोफल उर्फ अबू मोहम्मद बमबारी ढेर हो गया है। वो एक हाई-प्रोफाइल आतंकी था। वहीं, इजरायल डिफेंस फोर्स ने दावा किया कि सेना ने नुखबा इकाई की दक्षिणी खान यूनिस बटालियन के कमांडर बिलाल अल-केदरा को भी ढेर कर दिया।

## हमास से बदला लेने के लिए वेस्ट बैंक में घुसी इजरायली सेना

**यरुशलम।** फलस्तीनी आधिकारिक समाचार एजेंसी डब्लूएएफए ने कहा कि गुरुवार तड़के कब्जे वाले वेस्ट बैंक में अलग-अलग घटनाओं में इजरायली बलों द्वारा दो किशोरों सहित तीन फलस्तीनियों की हत्या कर दी गई। डब्लूएएफए ने कहा कि इजरायली सेना ने रामल्लह के पश्चिम में बुद्रस गांव पर हमला किया, जिसमें एक युवक गेब्रियल अवाद की गोली मारकर हत्या कर दी गई। वेस्ट बैंक में इजरायली सेना के हमले में एक अन्य फलस्तीनी युवक घायल हो गया। समाचार एजेंसी ने कहा कि अन्य घटनाओं में बेथलेहम के दक्षिण में एक शरणार्थी शिविर में सिर में गोली लगने से एक 14 वर्षीय लड़के की मौत हो गई। वहीं, तुलकार्म शहर में इजरायली सेना की गोली लगने के बाद 16 वर्षीय एक लड़के की भी मौत हो गई।

# 65 साल की बुजुर्ग महिला ने कॉफी-कुकीज के जरिए हमास के 5 आतंकियों को दिया चकमा

**तेल अवीव (इजरायल)।** इजरायल-हमास युद्ध के बीच इजरायल की यात्रा पर गए अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन ने 65 वर्षीय इजरायली महिला राचेल एड्री से मुलाकात की। हमास के आतंकवादियों ने 7 अक्टूबर को इजरायल हमले में बुजुर्ग महिला एड्री को उनके पति डेविड के साथ 20 घंटे तक उनके घर पर बंधक बनाया था। इस दौरान अपनी सूझबूझ दिखाते हुए एड्री ने हमास के आतंकियों को अपनी बातों में उलझाए रखा, जब तक इजरायली सैनिक उन्हें बचाने उनके घर नहीं आ गए। हमास के आतंकियों को हथगोले के साथ अपने लिविंग रूम में देख एड्री ने उन्हें धोखा देने के लिए कॉफी और कुकीज ऑफर की। साथ ही तब तक आतंकियों को अपनी बातों में उलझाए रखा, जब तक की इजरायली सेना वहां नहीं

**सूझबूझ**

**इजरायल-हमास युद्ध के बीच बुजुर्ग महिला एड्री अपनी सूझबूझ के कारण काफी सुर्खियों में हैं।**

आ गए। द न्यूयॉर्क पोस्ट की रिपोर्ट के अनुसार, 7 अक्टूबर को इजरायल हमले में राचेल एड्री को उसके पुलिस अधिकारी बेटे ने बचाया। एड्री को उनके घर पर एक हमास के सशस्त्र आतंकवादी ने 20 घंटे तक बंधक बनाकर रखा था, लेकिन जैसे ही इजरायली सेना वहां पहुंची उन्होंने आतंकी को ढेर कर दिया।

इजरायल-हमास युद्ध के बीच बुजुर्ग महिला एड्री अपनी सूझबूझ



के कारण काफी सुर्खियों में हैं। बता दें कि एड्री अमेरिकी राष्ट्रपति बाइडन की इजरायल यात्रा के दौरान उनसे मिलने के लिए आमंत्रित कई इजरायलियों में से एक थीं।

द न्यूयॉर्क पोस्ट की रिपोर्ट के अनुसार, 7 अक्टूबर इजरायल हमले में हमास के 5 आतंकियों ने इजरायली दंपती को बंदूक के बल पर बंदी बना लिया था। इस दौरान एड्री ने खाने और बातचीत से उनका ध्यान भटकाने की कोशिश की। एड्री ने बताया कि आतंकी काफी गुस्से में थे और उनके लिए उन्होंने कॉफी और कुकीज बनाई थीं। इस दौरान एड्री एक आतंकी के हाथ में पट्टी बांधी और दूसरे के साथ बातचीत में व्यस्त रहीं।

## मिस्र के रास्ते गाजा के लोगों तक पहुंचेगा खाने-पीने का सामान

**गाजा।** हमास आतंकियों के खिलाफ इजरायल युद्ध लड़ रहा है। पिछले 13 दिनों से गाजा पट्टी युद्ध भूमि में तब्दील हो चुकी है। इजरायल ने गाजा में नाकेबंदी कर रखी है, जिसकी वजह से इस क्षेत्र में बिजली, ईंधन, भोजन, सामान और पानी की आपूर्ति बिल्कुल ठप हो चुकी है। वहीं गाजा में इजरायली सैनिकों द्वारा किए जा रहे लगातार बमबारी की वजह से मानवीय संकट पैदा हो चुका है। गाजा में लगे नाकेबंदी पर अमेरिका सहित कई देशों ने चिंता जताई है। गाजा में नाकेबंदी में ढील देने पर अब इजरायल ने सहमति जताई है। इजरायल ने बुधवार को कहा कि वो मिस्र को गाजा पट्टी में मौजूद नागरिकों को जीवन रक्षक मानवीय सहायता प्रदान करने की इजाजत देगा। गाजा में हालत इतनी भयावह हो चुकी है कि यहां कई परिवारों ने दिन में एक बार भोजन करना बंद कर दिया है और वो अशुद्ध पानी पीने पर मजबूर हैं।

# भ्रष्टाचार के दो मामलों में नवाज शरीफ को इस्लामाबाद हाईकोर्ट से राहत

**निलंबित**

**बताया जा रहा है कि नवाज शरीफ का गिरफ्तारी वारंट इसलिए निलंबित किया गया, क्योंकि वे एक मामले में उपस्थित होने में विफल रहे थे।**

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ को एवेनफील्ड और अल-अजीजिया भ्रष्टाचार मामलों में इस्लामाबाद हाईकोर्ट ने 24 अक्टूबर तक सुरक्षात्मक जमानत दे दी है। पाकिस्तान लौटने से पहले नवाज शरीफ को इस्लामाबाद हाईकोर्ट ने



शनिवार को अस्थायी राहत दिया है। इसी बीच, पाकिस्तान की एक भ्रष्टाचार निरोधक अदालत ने तोशाखाना वाहन मामले में उनके गिरफ्तारी वारंट को निलंबित कर दिया। पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएल-एन) सुप्रीमो ने एक वकील काजी मुशाहिद के माध्यम से बुधवार को इस्लामाबाद स्थित जवाबदेही अदालत नंबर 1 से संपर्क किया, जिसमें दो साल पहले जारी किए गए स्थायी गिरफ्तारी वारंट को निलंबित करने की मांग की गई थी।

बताया जा रहा है कि नवाज शरीफ का गिरफ्तारी वारंट इसलिए निलंबित किया गया, क्योंकि वे एक मामले में उपस्थित होने में विफल रहे थे। उल्लेखनीय है कि 73 वर्षीय राजनेता को एवेनफील्ड और अल-अजीजिया मामलों में दोषी ठहराया गया था और तोशाखाना वाहन मामले में घोषित अपराधी घोषित किया गया था।

यह दोनों मामले इस्लामाबाद में एक जवाबदेही अदालत के समक्ष लंबित है। नवाज इन मामलों में जमानत पर थे, जब वह 2019 में इलाज के लिए यूके चले गए थे। यह राहत 21 अक्टूबर को नवाज शरीफ के पाकिस्तान आगमन से कुछ ही दिन पहले आई है, जिससे लंदन में लगभग चार साल का आत्म-निर्वासन समाप्त होगा। याचिका के अनुसार, नवाज अदालत के सामने आत्मसमर्पण करने और झन्याय की उचित प्रक्रिया को प्रस्तुत करने और कानून के तहत अनुमत उपायों का लाभ उठाने के लिए सुरक्षात्मक जमानत की मांग कर रहे थे। याचिका में इस्लामाबाद हाईकोर्ट से 21 अक्टूबर को देश लौटने पर नवाज को हवाई अड्डे से गिरफ्तार करने से अधिकारियों को रोकने का निर्देश देने की मांग की गई, ताकि उन्हें अदालत के समक्ष आत्मसमर्पण करने की अनुमति मिल सके। जस्टिस मुहम्मद बशीर ने याचिका पर सुनवाई की और वारंट निलंबित करने का आदेश दिया, जब उन्हें बताया गया कि नवाज अदालत के सामने पेश होना चाहते हैं।

# इजरायली सेना ने हमास के दावों का किया खंडन

**तेल अवीव (इजरायल)।** इजरायल रक्षा बल (आईडीएफ) ने गुरुवार को फलस्तीनी पक्ष के उन दावों का खंडन किया कि गाजा में अल-अहली बैपटिस्ट अस्पताल में बम विस्फोट के पीछे इजरायल का हाथ था। आईडीएफ ने हमास के उन दावों पर भी सवाल उठाए कि विस्फोट में कई लोग मारे गए थे।

एक वीडियो ब्रीफिंग में आईडीएफ के प्रवक्ता लेफ्टिनेंट कर्नल जोनाथन कॉनरिकस ने इजरायली पीएम के बयान को दोहराते हुए कहा कि अस्पताल में विस्फोट के पीछे इस्लामिक जिहाद था। उन्होंने कहा कि प्रारंभिक जांच से पता चलता है कि रॉकेट कार पार्किंग में विस्फोट हुआ था और ऐसा नहीं लगता है कि हमले में 500 लोगों की मौत हुई है। आईडीएफ के प्रवक्ता ने एक वीडियो का विश्लेषण करते हुए कहा, %हम देख सकते हैं कि यह क्षेत्र काफी काला है। ऐसा लगता है कि वहां घटना के वक्त भीषण आग लगी थी। यह वास्तव में वह हिस्सा है जहां रॉकेट से विस्फोट हुआ था। मैं देख रहा हूं कि यहां लगभग 15 कारें हैं जो गिरे हुए रॉकेट से प्रभावित हुई हैं। मुझे आग के अवशेष दिखाई दे रहे हैं। मुझे नहीं दिख रहा वह शव है। आईडीएफ ने गाजा में हमास नियंत्रित स्वास्थ्य मंत्रालय के दावों पर भी सवाल उठाया कि विस्फोट में कई लोग मारे गए थे। लेफ्टिनेंट कर्नल कॉनरिकस ने कहा, %अगर यहां वास्तव में पांच सौ लोग मारे गए हैं या 471 लोग मारे गए, तो सभी शव कहां हैं, जबकि यह आग लगने के कुछ ही मिनट बाद की फुटेज है। आईडीएफ प्रवक्ता ने अपने विश्लेषण में कहा कि विस्फोट स्थल से ली गई तस्वीरों में भीषण आग दिखाई दे रही है, लेकिन जब इजरायली बम किसी लक्ष्य पर गिरता है तो इससे आग नहीं बल्कि बड़ा गड्ढा बन जाता है।



# प्रयागराज जिले में 38 हजार से अधिक महिलाओं को मिला लखपति बनने का अवसर

नारी शक्ति को सशक्त और आत्म निर्भर बनाने के लिए संकल्पित है योगी सरकार

अवधनामा संवाददाता

**प्रयागराज।** योगी सरकार महिलाओं को आर्थिक रूप से स्वावलंबी और सक्षम बनाने के लिए निरंतर प्रयास कर रही है। सरकार ने पायलट प्रोजेक्ट के रूप में लखपति योजना की शुरुआत की है जिसमे प्रयागराज जनपद को भी शामिल किया गया था जिसके नतीजे सामने आने लगे हैं। स्वयं सहायता समूह की महिला सदस्यों की आमदनी बढाकर एक लाख से अधिक करने की इस योजना में प्रयागराज को अहम कामयाबी मिल रही है। प्रयागराज जनपद में स्वयं सहायता समूह में शामिल महिलाओं को लखपति बनाने के लिए पायलट प्रोजेक्ट के रूप में शुरू की गयी लखपति महिला योजना में महिलाओ को रोजगार के साथ उद्यमी बनाने के लिए वित्तीय मदद दी रही है। इसमें प्रत्येक महिला सदस्य की न्यूनतम सालाना आमदनी एक लाख रुपये करने का प्राथमिक लक्ष्य रखा गया है। जिले के मुख्य विकास अधिकारी गौरव कुमार के अनुसार पहले तीन वर्षों में जिले में डेढ़ लाख महिलाओं को लखपति बनाने का लक्ष्य लिया गया था जिसमे 38 हजार का लक्ष्य पूरा कर लिया गया है। उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन को इसका दायित्व सौंपा गया है। लखपति महिला योजना के संचालन के लिए एप्प तैयार किया गया है। लखपति महिला योजना के लिए महिलाओं की सूची एप्प पर अपलोड की जाती है इसके बाद चयनित महिलाओं को कृषि एवं गैर कृषि कार्य से जोड़ा जाता है। कृषि कार्य में महिलाओं को नर्सरी, बागवानी, फूलों की खेती जैसे कार्यो का प्रशिक्षण देकर स्थायी रूप से आय का स्रोत तैयार कराने का लक्ष्य रखा गया है। प्रयागराज जनपद के राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के प्रबंधक शरद कुमार सिंह के मुताबिक़ शुरूआती दौर में चयनित महिलाओं को मनरेगा, एनआरएलएम, कौशल विकास योजना के बजट से कार्य करने के लिए धन मुहैया कराया गया है। इसके बाद अतिरिक्त खर्च के लिए कम ब्याज पर बैंकों से वित्तीय मदद दिलायी जा रही है।

### टास्क फ़ोर्स का गठन भी हुआ पूरा

योगी सरकार इस योजना को मिशन मोड में लागू कर तय समय सीमा के अन्दर ही इसका लक्ष्य हासिल करना चाहती है। जनपद में इसके लिए बाकायदा द्विस्तरीय टास्क फ़ोर्स का भी गठन कर लिया गया है। प्रयागराज जिले में इसकी प्रगति की मासिक समीक्षा के लिए जिला और विकास खंड के स्तर पर टास्क फ़ोर्स गठित हुई है। जिला स्तर पर डीएम इसके अध्यक्ष और मुख्य विकास अधिकारी इसके सचिव बनाये गए है। इसके अलावा इसे अधिक प्रभावी और समावेशी बनाने के लिए इसमें पंचायती राज, कृषि विकास, समाज कल्याण, बागवानी महिला एवं बाल कल्याण, समाज कल्याण , पशु पालन, मत्यस्य पालन, उपायुक्त मनारेगा और उपायुक्त रोजगार को भी सदस्य के रूप में शामिल किया गया है। यह टास्क फ़ोर्स लखपति महिला एप्प पर सभी स्वयं सहायता समूहों की सदस्यों की आय को अपलोड करने का काम भी करेगी।

## स्वकर निर्धारण योजना 31 दिसंबर तक किए जाने का स्वागतः प्रमिल केसरवानी

**प्रयागराज।** जनहित संघर्ष समिति उत्तर प्रदेश की बैठक में सभी पदाधिकारी ने स्वाकर निर्धारण को 31 दिसंबर तक किए जाने का स्वागत किया है। बैठक की अध्यक्षता करते हुए प्रमिल केसरवानी ने कहा कल दिनांक 18 अक्टूबर को नगर निगम हुई कार्यकारिणी की बैठक में तय हुआ कि 31 दिसंबर तक स्वाकर निर्धारण की अवधि 2 महीने बढ़ा दी गई है। इससे भवन स्वामियों को राहत मिलेगी। इसके लिए कार्यकारिणी के सभी सदस्यों एवं महापौर उमेश चंद्र गणेश केसरवानी बधाई के पात्र हैं। हम सभी लोग उनका स्वागत करते हैं लेकिन जलकर 12.25 फ़ीसदी करने की मांग नहीं मानी गई है जबकि गृह कर का 60 प्रतिशत जलकर वसूला जा रहा है यह निंदनीय है। समिति के प्रदेश कार्यवाहक अध्यक्ष शलभ पांडे ने कहा कि गृह कर बकायदार भवन स्वामियों को राहत दिलाने के लिए एक बार फिर से एकमुश्त समाधान योजना लागू की जाए।

# नारी सुरक्षा, नारी सम्मान एवं नारी स्वावलंबन के अंतर्गत एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित

अवधनामा संवाददाता



**प्रयागराज।** राजर्षि टंडन महिला महाविद्यालय प्रयागराज में आज महाविद्यालय के महिला प्रकोष्ठ की ओर से मिशन शक्ति अभियान के नारी सुरक्षा, नारी सम्मान एवं नारी स्वावलंबन के चतुर्थ चरण के अंतर्गत एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित की गयी। इस आयोजन में मुट्ठीगंज थाने से आये सब- इंस्पेक्टर अनुराग मिश्रा सब- इंस्पेक्टर पूनम यादव तथा महिला आरक्षी अभिलाषा मौर्या एवं उनकी टीम उपस्थित थीं। सर्वप्रथम कार्यक्रम का संचालन कर रही डॉ नीलिमा सिंह ने मिशन शक्ति अभियान के विषय में बताया कि इस अभियान का प्रथम चरण 14 अक्टूबर 2020 (शारदीय नवरात्रि) को प्रारंभ किया गया। द्वितीय चरण 14 नवंबर 2020 को शुरू किया गया। तृतीय चरण 21 अगस्त को शुरू हुआ, जिसमें निराश्रित महिलाओं के लिए पेंशन प्रारंभ की गयी। अब 14 अक्टूबर 2023 से चौथा चरण शुरू हो गया है। मुख्य वक्ता अनुराग मिश्रा ने पीपीटी के माध्यम से बताया कि महिला एवं बाल विकास मंत्रालय ने मिशन शक्ति योजना हेतु विस्तृत दिशा निर्देश दिए हैं ,जो 1 अप्रैल 2022 से लागू है। मिशन शक्ति को 15 वें वित्त आयोग की अवधि वर्ष (2021-22 से 2025- 26) के दौरान लॉन्च किया गया है। इसकी अवधि पांच साल की है।यह एकीकृत महिला को सशक्त बनाने का कार्यक्रम है, जिसमें महिलाओं की रक्षा, सुरक्षा और सशक्तिकरण हेतु अंब्रेला योजना के रूप में शुरू किया गया। इस योजना के घटक के रूप में संबल और सामर्थ्य को बताया गया है, जो महिलाओं की सुरक्षा तथा सशक्तिकरण के रूप में कार्य करते हैं।

शक्ति मोबाइल का गठन महिला संबंधी अपराधों की रोकथाम के लिए किया गया है तथा इसमें अपराधियों के विरुद्ध कार्यवाही की जाती है। इसके अलावा उन्होंने महिला हेल्प डेस्क, महिला पुलिस बीट तथा महिला बीट पुलिस अधिकारी, महिला साइबर सेल, महिला रिपोर्टिंग पुलिस चौकी परामर्श केंद्र, मिशन शक्ति कक्ष आदि के विषय में विस्तृत जानकारी दी।

# वोटर महाचेतना अभियान के तहत नए वोटर्स को जोड़ेगी भाजपाः राजेंद्र मिश्रा

अवधनामा संवाददाता

भाजपा वोटर महा चेतना अभियान मंडलीय कार्यशाला का शुभारंभ

**प्रयागराज।** भारतीय जनता पार्टी प्रयागराज महानगर के द्वारा मंडल स्तर पर वोटर महा चेतना अभियान कार्यशाला का शुभारंभ किया गया इस अवसर पर भाजपा महानगर अध्यक्ष राजेंद्र मिश्रा ने कहा कि इस अभियान के तहत भारतीय जनता पार्टी प्रत्येक बूथों में अभियान चलाकर आगामी आने वाले लोकतंत्र के महासमर के लिए नए मतदाता को जोड़ने का कार्य करेगी और मतदाता सूची में वर्षो से पड़े फर्जी मतदाताओं का नाम कटवाने का काम करेगी।

भाजपा महानगर के द्वारा चौक, मीरापुर, प्रीतम नगर में कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसमें संगठन के द्वारा निर्धारित वक्ताओं ने वोटर चेतना महा अभियान के तहत करने वाले सभी करणीय कार्यों को पूर्ण रूप से करने के लिए एवं संगठन के द्वारा आए हुए सभी कार्यक्रमों को सफल बनाने के लिए जोर दिया।



मीडिया प्रभारी राजेश केसरवानी ने बताया कि वोटर चेतना महा अभियान का शुभारंभ 27 अक्टूबर से प्रारंभ किया जाएगा। इसके अंतर्गत घर-घर संपर्क अभियान दो चरणों में आयोजित किया जाएगा। प्रथम चरण 30 अक्टूबर से 5 नवंबर तक द्वितीय चरण 25 नवंबर से 3 दिसंबर तक चलाया जाएगा और महानगर के बाकी सभी मंडलों की कार्यशाला 20 अक्टूबर को आयोजित की जाएगी।

मंडल कार्यशाला की अध्यक्षता मंडल अध्यक्षों ने किया। मंडल की मुख्य वक्ता के रूप में मीरापुर मंडल के मुख्य वक्ता प्रमोद मोदी, चौक मंडल के मुख्य वक्ता कुंज बिहारी मिश्रा, प्रीतम नगर मंडल के मुख्य वक्ता आशीष गुप्ता रहे। कार्यशाला में प्रमुख रूप से में प्रमुख रूप से दिनेश विश्वकर्मा, रणविजय सिंह ,संजय कुशवाहा, ज्ञानेंद्र मिश्रा और मंडल प्रभारी, विधानसभा मतदाता सूची प्रमुख, सह प्रमुख, पूर्व मंडल अध्यक्ष, मंडल पदाधिकारी, मंडल मतदाता सूची प्रमुख, सह प्रमुख, शक्ति केंद्र प्रभारी, शक्ति केंद्र संयोजक, मंडलों के बूथ अध्यक्ष, बी एल ए 2, मंडल मोर्चा अध्यक्षगण, मंडल आईटी सोशल मीडिया प्रमुख एवं मंडल में रहने वाले सभी पाषर्दगण और जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## जनपदीय विद्यालयीय अंडर-14 क्रिकेट ट्रॉयल 22 को

**प्रयागराज।** जनपदीय विद्यालयीय अंडर-14 क्रिकेट ट्रॉयल 22 अक्टूबर को मजीदिया इस्लामिया इंटर कॉलेज मैदान पर सुबह 11 बजे से होगा। जनपदीय संयोजक एवं एमआईसी के प्रधानाचार्य के अनुसार इच्छुक प्रतिभागी अपने विद्यालय के प्रधानाचार्य से अग्रसारित पात्रता प्रमाण पत्र, सीबीएसई एवं आईसीएसई बोर्ड के खिलाड़ी जिनके विद्यालय ने जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय में क्रीड़ा शुल्क जमा किया हो वह फोटो कॉपी एवं पात्रता प्रमाण पत्र के साथ एमआईसी मैदान पर शारीरिक शिक्षा प्रवक्ता अकील अब्बास रिजवी से सम्पर्क कर करें।

# राईस मील खरीदने आया युवक ठगी का लगाया आरोप

**जौनपुर (खुटहन)** बीते मंगलवार की दोपहर आजमगढ़ निवासी युवक अपने दोस्त के साथ खुटहन के शेखपुर सुतौली गाँव पहुचा वह उक्त गाँव में एक राईस मील खरीदने आया था युवक थाने में तहरीर देकर ठगी करने का आरोप लगाया है। आजमगढ़ जिले के कन्धरापुर थाना अंतर्गत भुर्रामकवुल गाँव निवासी आशीष यादव फेसबुक पर एक राईस मील पसंद कर उसे खरीदने के लिए खुटहन थाना क्षेत्र के शेखपुर सुतौली गाँव निवासी राकेश यादव के घर पहुचा दी गई तहरीर में पीड़ित युवक ने आरोप लगाया कि मेरे द्वारा राकेश पुत्र तिलक धारी यादव शेखपुर सुतौली को एक लाख इकहत्तर हजार रुपये देकर मसीन खरीद लिया गया जब मसीन लेकर जाने की बात किये तो उनकी पत्नी ने कहा की आप लोग पानी चाय पीकर जाइए मै अपने ट्रक्टर से भिजवा देती हूँ हम सब चाय पानी पीने लगे ट्रक्टर मसीन को लेकर निकला थोड़ी देर बाद हम सब निकले पर रास्ते में ट्रक्टर न दिखाई देने पर वापस लौट उनके घर आ पहुंचे।

# मन से पढ़े, सपने होंगे साकारः कुलपति

प्रेरणा कोचिंग के ग्रामीण बच्चों से मिली कुलपति

प्रेरणा कोचिंग से 1700 से अधिक बच्चे हुए लाभान्वित

अवधनामा संवाददाता



**जौनपुर।** वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय की कुलपति प्रोफेसर वंदना सिंह ने गुरुवार को प्रेरणा निशुल्क कोचिंग में पढ़ने वाले बच्चों से मुलाकात की, सवालों को पूछा और ब्लैक बोर्ड पर पढ़ाया भी कुलपति प्रोफेसर वंदना सिंह ने कहा कि विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों द्वारा प्रेरणा निशुल्क कोचिंग में अपना योगदान देना बहुत ही नेक काम है।उनकी लगन और मेहनत का असर है कि गांव के बच्चों के चेहरे पर मुस्कान है। उन्होंने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि पूरा मन लगाकर पढ़े यही पढ़ाई आपके सपने को साकार करेगी।गौरतलब है कि विश्वविद्यालय से सटे देवकली गांव में वर्ष 2014 से ग्रामीण बच्चों के लिए निशुल्क कोचिंग संचालित की जाती है।इसमें विश्वविद्यालय में इंजीनियरिंग की पढ़ाई करने वाले बच्चे अपनी सेवा देते हैं और ग्रामीण बच्चों को कोचिंग पढ़ाते हैं। वर्तमान वर्ष में इस निःशुल्क कोचिंग से 151 बच्चे लाभान्वित हो रहे हैं प्रेरणा कोचिंग में एलकेजी से 12 वीं तक में पढ़ने वाले बच्चे आते है। शुरुआत में कोचिंग पढ़ाने वाले शिक्षकों जो कि इंजीनियरिंग एवं तकनीकी संकाय के विद्यार्थी थे उनकी संख्या 8 थी। इस समय 22 विद्यार्थी अपनी सेवा दे रहे है। प्रेरणा कोचिंग के समन्वयक डॉ. राजकुमार ने कोचिंग की विकास यात्रा पर प्रकाश डाला एवं विद्यार्थियों से परिचय कराया. उन्होंने कहा कि अभी तक इस कोचिंग से 1708 बच्चे लाभान्वित हुए हैं। इस अवसर पर कोचिंग पढ़ाने वाले अभिषेक,आनंद यादव, ओमप्रकाश, विकास, सौरभ, आदित्य, अभिजीत, कौशल, अमन, स्वर्णिम, अफ़जल अली, आयुष यादव उपस्थित रहे।

## मिशन शक्ति फेज-4 के तहत बालक व बालिकाओं को जागरूक



**आजमगढ़।** जिलाधिकारी के आदेशानुसार जिला प्रवेशन अधिकारी के निर्देश पर आजमगढ़ एसवीएस मेमोरियल इंटर कालेज में मिशन शक्ति फेज-4 का कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें हर बच्चां हेतु परिवार थीम पर उपस्थित सभी बालक व बालिकाओं को जागरूक किया गया तथा विभागीय योजनाओं से अवगत कराया गया। जिसमें बच्चियों को सभी हेल्पलाइन नंबरों के बारे में बताया गया। महिला शक्ति केंद्र से जिला समन्वयक अन्नु सिंह एवं जिला बाल संरक्षण इकाई से श्रीमती रिंकी सिंह सामाजिक कार्यकर्ता एवं वन स्टॉप सेंटर से पिंकी सिंह स्टाप नर्स एवं विद्यालय के समस्त स्टाफ उपस्थित रहे।

# विद्यालय में मिशन शक्ति के प्रति किया जागरूक



अवधनामा संवाददाता

सीओ, थाना प्रभारी सहित महिला कांस्टेबल ने बताएं शोषण से बचाव के टिप्स

**जौनपुर (मुंगराबादशाहपुर)** सिटी पब्लिक स्कूल एंड कॉलेज में मिशन शक्ति के तहत आयोजित कार्यक्रम में सीओ अतर सिंह व थाना प्रभारी त्रिवेणी सिंह ने छात्राओं को शिक्षा के साथ देश की प्रगति में भागीदार बनने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में नारी सुरक्षा, नारी सम्मान व नारी स्वावलंबन समेत महिला हेल्पलाइन के बारे में जानकारी दी गई। इस दौरान को अतर सिंह ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि रास्तों में यदि कोई व्यक्ति उन्हें परेशान करता है तो उसका डटकर सामना करें। यदि जरा सी भी असहिष्ठा महसूस हो तो वूमेन पावर हेल्पलाइन 1090, महिला पावर हेल्पलाइन 181, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076, पुलिस आपात सहायता 112 आदि टोल फ्री नंबरों पर कॉल कर तुरंत आपात सहायता प्राप्त कर सकती है।

थाना प्रभारी त्रिवेणी सिंह ने कहा कि विद्यालय परिवेश, घर के आसपास कहीं भी बालिकाएं छेड़छाड़ या भद्दे कमेंट का अक्सर शिकार होती है। इस स्थिति में मुझे तुम अपने परिजनों एवं अपने शिक्षकों को इसकी जानकारी देनी चाहिए महिला हेल्पलाइन नंबर 1090 पर संपर्क कर भी सुरक्षा सहायता ले सकती है। महिला सिपाहियों ने सशक्त नारी सशक्त, प्रदेश का संदेश देते हुए बताया कि पुलिस सदैव छात्रों व महिलाओं की मदद के लिए 24 घंटा तत्पर रहती है कोई भी समस्या हो 112,181 ,1076,1090 आदि पर सूचना देकर सहायता प्रदान की जा सकती है। इस अवसर पर प्रबंधक आलोक कुमार गुप्ता (पिंटू), प्रधानाचार्य शिव चंद तिवारी, महिला कांस्टेबल शिवानी सिंह व इंदू वर्मा, हेड कांस्टेबल संजीव सिंह,कांस्टेबल दिनेश कुमार सरोज, अजय राय,शिवांशु ओझा, जाकिर हुसैन व रंजीत गुप्ता आदि लोग मौजूद रहे।

## सामाजिक, साहित्यिक एवं सांस्कृतिक संस्था हुनर संस्थान ने की बैठक

**आजमगढ़।** रंगमंच एवं ललित कलाओं के लिए समर्पित सामाजिक, साहित्यिक एवं सांस्कृतिक संस्था हुनर संस्थान आजमगढ़ के पदाधिकारी की बैठक निकेतन इंटर कॉलेज के प्रांगण में की गई। बैठक को संबोधित करते हुए संस्थान सचिव रंगकर्मी सुनील दत्त विश्वकर्मा ने कहा की संस्थान सदैव ही जनपद मे रंगमंच की समृद्धि के लिए कार्य करता रहता है। देश की एकता-अखंडता को मजबूत करने के उद्देश्य से पिछले 22 वर्षो से आयोजित हो रहे हुनर रंग महोत्सव (अखिल भारतीय नाटक एवं लोक नृत्य समारोह) का आयोजन पिछले वर्ष की तरह इस वर्ष भी 26 से 30 दिसंबर तक प्रतिभा निकेतन इंटर कॉलेज के प्रांगण में आयोजित किया जाने का निर्णय लिया गया है। इस वर्ष कुल आठ राज्यों के आठ राष्ट्रीय नाटकों का मंचन राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त व संगीत नाटक अकादमी द्वारा पुरस्कार प्राप्त निर्देशकों के निर्देशन में किया जाएगा।

# दुष्कर्म के आरोपी को मिली सज़ा, चार माह में आया फैसला

अवधनामा संवाददाता

**जौनपुर।** अपर सत्र न्यायाधीश पॉक्सो काशी प्रसाद सिंह यादव की अदालत ने 4 माह पूर्व 7 वर्षीय बालिका से दुष्कर्म करने के आरोपी को आजीवन कारावास व 22000 रूपये अर्थदंड से दंडित किया। अभियोजन कथानक के अनुसार खेतासराय थाना क्षेत्र की निवासी वादिनी ने अभियोग पंजीकृत करवाया कि उसके पति के दोस्त और दूर के रिश्तेदार राम हरि उर्फ राम आशीष निवासी दीदारगंज आजमगढ़ दिनांक 12 जून 2023 को उसके गांव में नंदे बिन्द के यहां आई बारात में शामिल होने के लिए आए थे और उसकी 7 वर्षीय पुत्री को यह कहकर ले गए की जय माल दिखाकर घर छोड़ देंगे। रात में बच्ची को घर छोड़कर चले गए। सुबह बच्ची ने बताया कि रामाशीष ने उसके साथ गलत काम किया था और जान से मारने की धमकी दिया था इसलिए वह रात में कुछ नहीं बताई। पति को बताने पर उन्होंने लोक लोक लाज के डर से इस बात को छिपाने के लिए कहा। किंतु दूसरे दिन पीड़िता को बुखार होने पर उसे डॉक्टर के यहां ले गई और माँ ने थाने में मुकदमा दर्ज करवाया। पुलिस ने विवेचना करके आरोप पत्र न्यायालय में प्रस्तुत किया। शासकीय अधिवक्ता राजेश कुमार उपाध्याय एवम कमलेश राय के द्वारा परीक्षित कराए गए गवाहों के बयान एवं पत्रावली पर उपलब्ध साक्ष्यों के परिशीलन के पश्चात अदालत ने आरोपी राम हरि उर्फ राम आशीष को पॉक्सो ऐक्ट के अंतर्गत दुष्कर्म का दोषी पाते हुए आजीवन कारावास एवं 22000 अर्थ दंड से दंडित किया।

# डीएम ने किया प्राथमिक विद्यालय को चेक

पढ़ाया बच्चों को गणित

अवधनामा संवाददाता



**जौनपुर।** जिलाधिकारी अनुज कुमार झा के द्वारा कंपोजिट पूर्व माध्यमिक विद्यालय शिवापार विकासखंड सिरकोनी, प्राथमिक विद्यालय इस्मैला, कंपोजिट विद्यालय कुदुपुर, प्राथमिक विद्यालय कुदुपुर प्रथम, प्राथमिक विद्यालय कुड़वा परियावा का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने प्रत्येक विद्यालयों में बच्चों एवं अध्यापकों की उपस्थिति रजिस्टर, शौचालयों की स्थिति, पेयजल की उपलब्धता , मिड डे मील आदि मूलभूत व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान जिलाधिकारी शिक्षक की भूमिका में भी नजर आए। उन्होने बच्चों से प्रश्न भी पूछे और बच्चो ने जवाब भी दिया। उन्होंने प्राथमिक विद्यालय इस्मैला, सिरकोनी के निरीक्षण के दौरान कक्षा तीन के छात्र तेजस्वी से हिंदी के कठिन शब्द लिखवाए और शिक्षा मित्र रंजना सिंह को निर्देशित किया कि बच्चों को अधिक से अधिक अभ्यास कराया जाए। कक्षा 05 के छात्रों से इंग्लिश के शब्द जैसे ब्यूटीफुल, क्रिक, कंप्यूटर आदि की वर्ड मीनिंग लिखवाई और सहायक अध्यापिका नीलम यादव को निर्देशित किया कि बच्चों को अधिक से अधिक अभ्यास कराया जाए। कंपोजिट विद्यालय कुदुपुर के निरीक्षण के दौरान कक्षा 05 की रोशनी और खुशी से गणित के एलसीएम के सवाल हल करवाए और शिक्षामित्र प्रमोद कुमार सिंह को निर्देशित किया कि बच्चों को ब्लैकबोर्ड पर भी अभ्यास कराया जाए। उन्होंने विद्यालय का बाउंड्री वाल बनाये जाने हेतु निर्देश भी दिया। प्राथमिक विद्यालय कुदुपुर प्रथम के निरीक्षण के दौरान कक्षा 02 के बच्चों गौरी एवं राज से गणित के सवाल हल करवाए। प्राथमिक विद्यालय कुड़वा परियावा के निरीक्षण के दौरान कक्षा 05 की छात्राओ अंशिका एवं उन्नति से हिंदी की किताब पढ़वाई। इसके पश्चात जिलाधिकारी ने विद्यालय के शौचालय एवं मैदान को समतल करने हेतु सचिव को निर्देशित करते हुए कहा कि विद्यालय का कार्य प्राथमिकता पर कराया जाए। विद्यालयों में बच्चों का लर्निंग लेवल बढाने के प्रयास किए जाए। सभी अध्यापक समय से विद्यालय उपस्थित होकर बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा दे और सुनिश्चित किया जाए कि सभी विद्यालयों में नामांकित छात्र छात्राओं की उपस्थिति शत-प्रतिशत हो।

# औषधीय पौधों के उत्पादन हेतु दिया गया प्रशिक्षण



अवधनामा संवाददाता

**मुबारकपुर,आजमगढ़।** मुबारकपुर के ब्लाक सठियांव अंतर्गत राष्ट्रीय कृषि एवं ग्रामीण विकास बैंक (नाबार्ड) एवं द अवेकनिंग सोसायटी फॉर सोशल एण्ड कल्चरल डेवलपमेंट के तत्वाधान में स्वंय सहायता समूह की महिलाओं के आजीविका सम्वर्धन हेतु औषधीय पौधों के उत्पादन एवं प्रसंस्करण पर 10 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन विकास खण्ड सठियॉव के ग्राम पंचायत अवांव में किया जा रहा है। कार्यक्रम का उद्घाटन उपायुक्त स्वतः रोजगार श्री अखिलेश तिवारी द्वारा किया गया। उपायुक्त स्वतः रोजगार द्वारा उपस्थित महिलाओं को बताया गया कि औषधीय पौधों की खेती कर उनसे विभीन्न उत्पाद तैयार कर उनकी बिक्री से अपनी आजीविका में वृद्धि कर सकती है, जिसके लिए हर सम्भव मदद आजीविका मिशन के माध्यम से की जायेगी, महिलायें सहजन के पावडर, आचार, जर्मन केमोमाईल के टी बैग, अश्वगंधा, लेमन ग्रास की उपयोगिता एवं उनसे तैयार उत्पादो की बिक्री से अपनी आय में वृद्धि कर सकती है।

# केंचुए से बनती है वर्मी कम्पोस्ट जो है काला सोनाः डॉ. वर्मा

अवधनामा संवाददाता




**प्रयागराज।** सीएमपी डिग्री कॉलेज के जंतु विज्ञान विभाग में चल रहे शॉर्ट टर्म कोर्स वर्मी कंपोस्टिंग एवं वर्मी कल्चर में दिनांक 3 अक्टूबर को डॉक्टर निशि सेवक (असिस्टेंट प्रोफेसर जंतु विज्ञान विभाग ईसीसी) ने वर्मी कल्चर दी कल्चर ऑफ वर्म के अंतर्गत वर्ग ऐनेलिडा की सामान्य गुणधर्म एवं वर्गीकरण के बारे में चर्चा की इसी क्रम में दिनांक 4 अक्टूबर को डॉक्टर आदेश वर्मा( असिस्टेंट प्रोफेसर कृषि प्रसार के . ए.पी.जी कॉलेज प्रयागराज )ने अर्थवर्म ए विटल प्लेयर ऑफ़ जेनरेटिंग ब्लैक गोल्ड नमक व्याख्यान में बताया कि केंचुए मिट्टी की आत्मा है यह मृदा की उर्वरा शक्ति को बढ़ाते हैं क्योंकि इसमें मृदा में ह्यूमस और नमी बढ़ जाती है वर्मी कंपोस्ट में सभी बृहद एवं सूक्ष्म पोषक तत्व पाए जाते हैं वर्मी कंपोस्ट को काले सोने की संज्ञा दी इसी क्रम में दिनांक 10 अक्टूबर को डॉक्टर एसपी यादव (असिस्टेंट प्रोफेसर मृदा विभाग) ने प्रिपरेशन मेथड ऑफ़ वर्मीकंपोस्ट और इंपॉर्टेंस के अंतर्गत वर्मी कंपोस्ट बनाने की पूरी विधि एवं इसकी उपयोगिता की पूरी चर्चा की उन्होंने बताया कि वर्मी कंपोस्ट में पोषक तत्वों के साथ-साथ वृद्धि नियामक हार्मोन एवं विटामिन भी पाए जाते हैं इसी श्रृंखला में 13 अक्टूबर को डॉक्टर राकेश द्विवेदी (सीनियर असिस्टेंट प्रोफेसर, गोवर्नमेंट पी.जी कॉलेज जहरीखाल,उत्तराखंड) ने ऑनलाइन व्याख्यान में जैव उर्वरकों के विषय में चर्चा करते हुए बताया कि रासायनिक उर्वरकों से मिट्टी लगातार खराब हो रही है अतः हमें जैविक उर्वरक को जैसे राइजोबियम, एजीटोबेक्टर साइनोबैक्टीरिया फास्फोरस घोलक सूक्ष्म जीवाणु का प्रयोग करना चाहिए ।इस कार्यक्रम में सभी का स्वागत डॉक्टर हेमलता पंत एवं धन्यवाद ज्ञापन डॉक्टर ज्योति वर्मा ने किया इस कार्यक्रम में अनुष्का, शिवानी साक्षी, रंजन, स्वेच्छा, श्रेया, अंकित, राम श्रेष्ठ, आकाश, पलक, प्रिंस, सौरभ, संध्या रिया, अनामिका, रोशन, प्रेरणा, निकिता, रजनी, आभा, अर्चना, हेमलता, कशिश दीपांजन, सुयश एवं मृत्युंजय आदि उपस्थित थे।

## 31 कन्याओं का पूजन एवं अन्य सामग्री का वितरण

**प्रयागराज।** आज भारत विकास परिषद मंगलम द्वारा संगम स्थित कुष्ठ बस्ती में 31 कन्याओं का पूजन किया गया। उन्हें भोजन एवं प्रसाद उपलब्ध कराया गया तथा आर्थिक सहयोग संकल्प प्रदान किया गया। इसके अतिरिक्त वहां पर कुष्ठ महिलाओं एवं पुरुषों को भोजन का वितरण किया गया तथा उन्हें आर्थिक सहयोग प्रदान किया गया। भारत विकास परिषद मंगलम के संरक्षक नागेंद्र सिंह ने बताया कि हम मानव सेवा ईश्वर सेवा के सिद्धांत पर काम करते हैं। जो समाज के लिए हमेशा जारी रहेगा। इस अवसर पर मुख्य रूप से उपस्थित संरक्षक नागेंद्र सिंह , शिवनंदन गुप्ता, अमित श्याम , जितेंद्र कुमार, नागेंद्र जायसवाल, डॉ. श्यामल मुखर्जी, अनामिका बरनवाल, निखिलेश श्रीवास्तव , कीर्तिका सिंह, श्वेता तिवारी, शुभम अनुष्का इत्यादि लोग उपस्थित रहे।

# डीएम ने मंदिर का किया निरीक्षण

अवधनामा संवाददाता



**आजमगढ़।** जिलाधिकारी विशाल भारद्वाज ने आज अपने जनपद भ्रमण कार्यक्रम के अन्तर्गत तहसील निजामाबाद के ब्लाक रानी की सराय में स्थित प्राचीन अवंतिकापुरी (आंवक) मंदिर का निरीक्षण किया गया।जिलाधिकारी ने मंदिर परिसर के चारो तरफविशेष रूप से साफ-सफाई कराने के निर्देश दिये। उन्होने प्राचीन तालाब के घाटों एवं तालाब में घास एवं जलकुम्भी साफ कराने के निर्देश दिये। जिलाधिकारी ने ग्रामीण एवं मंदिर कमेटी के द्वारा मांग किये जाने पर तालाब की खुदायी कर गहराई बढ़ाने का आश्वासन दिया। उन्होने मौके पर उपस्थित खण्ड विकास अधिकारी को तालाब को मनरेगा के अन्तर्गत गहराई एवं सौन्दर्यीकरण करने के लिए प्रस्ताव तैयार करने का निर्देश दिया। ग्रामीणों ने तालाब के चारो तरफ किये गये अतिक्रमण को हटाने एवं बाउण्ड्रीवाल बनाने के लिए भी जिलाधिकारी से अनुरोध किया। जिलाधिकारी ने कहा कि इस पर कार्यवाही की जायेगी। उप जिलाधिकारी ने जिलाधिकारी को अवगत कराया कि वर्तमान में तालाब का क्षेत्रफल 47 बीघा है। जिलाधिकारी ने मौके पर तालाब की जमीन का नक्शे में मुआयना किया तथा कहा कि 1359 फस्ली में कितना दर्ज किया गया है। जिलाधिकारी ने रामलीला मैदान के लिए ग्राम सभा से प्रस्ताव करने का निर्देश दिया।

# त्योहारों के दौरान खाने-पीने की जरूरी वस्तुओं की कीमतें रहेंगी स्थिर, खाद्य सचिव ने दिया भरोसा

**नई दिल्ली।** सरकार ने त्योहारी सीजन के दौरान घरेलू बाजार में चीनी की उपलब्धता बढ़ाने के उद्देश्य से चीनी निर्यात पर प्रतिबंधों को इस साल 31 अक्टूबर से आगे और अगले आदेश तक बढ़ा दिया। इससे पहले, प्रतिबंध इस साल 31 अक्टूबर तक लगाए गए थे।

त्योहारों के दौरान देश में खाद्य पदार्थों की कीमतों में कोई बड़ा इजाफा नहीं होगा। उम्मीद है कि कीमतें स्थिर बनी रहेंगी। केंद्रीय खाद्य सचिव ने गुरुवार को यह भरोसा दिया। केंद्रीय खाद्य सचिव संजीव चोपड़ा ने कहा कि त्योहारी सीजन के दौरान आवश्यक खाद्य वस्तुओं की कीमतें स्थिर रहेंगी। उन्होंने कहा कि चालू विपणन वर्ष 2023-24 (अक्टूबर-सितंबर) के दौरान चीनी निर्यात की अनुमति देने पर निर्णय कृषि मंत्रालय की ओर से गन्ने के उत्पादन अनुमान जारी करने के बाद लिया जाएगा।

केंद्रीय खाद्य सचिव गेहूं, चावल, चीनी और खाद्य तेलों जैसे प्रमुख आवश्यक खाद्य पदार्थों की घरेलू आपूर्ति और कीमतों के बारे में मीडिया को जानकारी दे रहे थे।



उन्होंने कहा, त्योहारी सीजन के दौरान कीमतें स्थिर रहने की उम्मीद है। हम त्योहारी सीजन में (खाद्य पदार्थों की कीमतों में) किसी भी तरह की वृद्धि की उम्मीद नहीं कर रहे हैं। उम्मीद है कि अगले कुछ महीनों में कीमतें स्थिर रहेंगी। सचिव ने कहा कि सरकार ने मूल्य स्थिरीकरण सुनिश्चित करने के लिए हाल में कुछ फैसले किए हैं। सरकार ने हाल ही में अपने पास मौजूद सभी उपायों का प्रयोग किया है फिर चाहे वो व्यापार नीति हो या स्टॉक सीमा मानदंड। चोपड़ा ने कहा कि कीमतों को नियंत्रित करने के लिए और स्थिर रखने के लिए इन उपकरणों का विवेकपूर्ण तरीके से उपयोग किया गया है।

चोपड़ा ने कहा कि नए विपणन वर्ष की शुरुआत में एक अक्तूबर को चीनी का शुरुआती स्टॉक 57 लाख टन था। बुधवार को, सरकार ने त्योहारी सीजन के दौरान घरेलू बाजार में चीनी की उपलब्धता बढ़ाने के उद्देश्य से चीनी निर्यात पर प्रतिबंधों को इस साल 31 अक्टूबर से आगे और अगले आदेश तक बढ़ा दिया।

इससे पहले, प्रतिबंध इस साल 31 अक्टूबर तक लगाए गए थे। विदेश व्यापार महानिदेशालय (डीजीएफटी) ने एक अधिसूचना में कहा, चीनी (कच्ची चीनी, सफेद चीनी, परिष्कृत चीनी और जैविक चीनी) के निर्यात पर प्रतिबंध 31 अक्टूबर,2023 से अगले आदेश तक बढ़ाया गया है। अन्य शर्तों में कोई बदलाव नहीं किया गया।

# ड्राइवर कल्याण और उत्कृष्टता के प्रति टाटा मोटर्स की बेजोड़ प्रतिबद्धता

**नई दिल्ली।** एक ट्रक ड्राइवर समाज में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। न केवल व्यवस्थित और समय पर डिलीवरी सुनिश्चित करने में, बल्कि सड़क सुरक्षा और वाहन के आर्थिक परिचालन का ज्यादा से ज्यादा लाभ उठाने में भी उसकी भूमिका होती है। टाटा मोटर्स ने देश भर में ड्राइवर ट्रेनिंग इंस्टिट्यूट्स स्थापित करने के लिए राज्य सरकारों के साथ सहयोग किया है। ये इंस्टिट्यूट सैद्धांतिक ज्ञान और व्यावहारिक प्रशिक्षण, दोनों प्रदान करते हैं। इससे सुरक्षा और जिम्मेदार ड्राइविंग की संस्कृति को भी प्रोत्साहन मिला है।

राजेश कौल, टाटा मोटर्स के बिजनेस हेड - ट्रक्स ने कहा टाटा मोटर्स अपने सर्वोच्च गुणवत्ता वाले उत्पादों के लिए मशहूर है। यह ट्रक ड्राइवर्स के कल्याण के प्रति भी वचनबद्ध रही है। टाटा मोटर्स इन ड्राइवर्स की कठिनाइयों को गहराई से समझती है और अपने सभी कार्यों में ड्राइवर्स की जरूरतों को प्राथमिकता देने का हमेशा प्रयास कर रही है।



अपनी टाटा समर्थ पहल के माध्यम से टाटा मोटर्स एक समग्र कल्याण दृष्टिकोण की परिकल्पना के साथ ट्रक ड्राइवर्स की सेहत को लेकर वचनबद्धता का प्रदर्शन करती है। टाटा मोटर्स स्वास्थ्य समर्थ के माध्यम से ड्राइवर्स के लिए सामान्य जाँच से लेकर विशिष्ट परामर्श तक आवश्यक मेडिकल सर्विसेज की सुलभता सुनिश्चित करती है और इसमें हॉस्पिटलाइजेशन कवरेज भी शामिल है। संपत्ति समर्थ के तहत टाटा मोटर्स ड्राइवर्स को विशिष्ट वित्तीय परामर्श और निवेश के लिए मार्गदर्शन प्रदान करता है, ताकि वे अपनी कमाई को बुद्धिमानी से निवेश कर सकें। शिक्षा समर्थ में आजीविका संबंधी सम्पूर्ण परामर्श के साथ ऑनलाइन पढ़ाई को शामिल किया गया है, जिसके द्वारा ट्रक ड्राइवर्स के बच्चों को भविष्य की पढ़ाई के लिए तैयार किया जाता है। अंत में, सुरक्षित समर्थ दुर्घटना और अस्पताल में भर्ती होने की स्थिति में महत्वपूर्ण लाभ प्रदान करता है, जिसमें 10 लाख रुपये तक कवरेज उपलब्ध है। इससे ड्राइवर और उनके परिवारों के लिए अप्रत्याशित विपत्ति के विरुद्ध सुरक्षा सुनिश्चित होती है।

राजेश कौल, टाटा मोटर्स के बिजनेस हेड - ट्रक्स ने कहा ÷ टाटा मोटर्स के लिए सुरक्षा सबसे महत्वपूर्ण उत्पाद लक्षण है, जिसमें न केवल ड्राइवर की तंदुरुस्ती बल्कि व्हीकल और इसके कार्गो की सुरक्षा भी शामिल है।

## सोने में 250 रुपये का उछाल, चांदी की कीमत 500 रुपये कमजोर हुई

**नई दिल्ली।** दिल्ली सर्राफा बाजार में गुरुवार को सोना 250 रुपये की तेजी के साथ 60,900 रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया। पिछले कारोबारी सत्र में सोना 60,650 रुपये प्रति 10 ग्राम पर के भाव पर बंद हुआ था। हालांकि, इस दौरान चांदी की कीमत 500 रुपये की गिरावट के साथ 74,200 रुपये प्रति किलोग्राम रह गई।

वैश्विक स्तर पर बहुमूल्य धातुओं की कीमतों में तेजी के बीच दिल्ली सर्राफा बाजार में गुरुवार को सोना 250 रुपये की तेजी के साथ 60,900 रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया। पिछले कारोबारी सत्र में सोना 60,650 रुपये प्रति 10 ग्राम पर के भाव पर बंद हुआ था।

हालांकि, इस दौरान चांदी की कीमत 500 रुपये की गिरावट के साथ 74,200 रुपये प्रति किलोग्राम रह गई। अंतरराष्ट्रीय बाजार में सोना लाभ के साथ 1,952 डॉलर प्रति औंस हो गया जबकि चांदी गिरावट के साथ 22.94 डॉलर प्रति औंस रह गई।

## वेदांता दिल्ली हाफ मैराथन में भाग लेने से एथलीटों को विश्व स्तर पर प्रदर्शन करने में मदद मिल सकती हैः एश्टन ईटन





**लखनऊ।** वेदांता दिल्ली हाफ मैराथन 2023 के अंतरराष्ट्रीय स्पर्धा दूत एश्टन ईटन ने कहा कि वह रविवार को होने वाली विश्व एथलेटिक्स गोल्ड लेबल रोड रेस का हिस्सा बनकर काफी उत्साहित हैं। नई दिल्ली में एक प्रेस मीट के दौरान बोलते हुए ईटन ने कहा, मैं यहां आने के लिए उत्साहित हूं। मैंने हाल ही में हाफ मैराथन में भाग लिया और मुझे जीवन के सभी क्षेत्रों के लोगों के साथ दौड़ना पसंद था।

दो बार के ओलंपिक चैंपियन ने आगे कहा कि वेदांत दिल्ली हाफ मैराथन जैसे आयोजन एथलीटों को एशियाई खेलों जैसे मेगा चतुष्कोणीय आयोजनों के लिए तैयार करने में मदद कर सकते हैं, इस तरह के आयोजन प्रतिभा खोजने के लिए पूर्ण उत्प्रेरक हैं और मुझे लगता है कि पीढ़ियों को प्रेरित करता है। और कभी-कभी आप इन सामूहिक सहभागी कार्यक्रमों का लाभ भी नहीं देखते हैं जब तक कि कोई अच्छा प्रदर्शन नहीं करता है। बस तब तक प्रतीक्षा करें जब तक आप एक युवा बच्चे को यह कहते हुए न सुनें कि वह वेदांत दिल्ली हाफ मैराथन के कारण सफल है। इसलिए, इस प्रकार की घटनाओं के बहुत सारे लाभ हैं।

डेकाथलॉन इवेंट में दो बार 9,000 अंक से अधिक अंक हासिल करने वाले एकमात्र खिलाड़ी ने यह भी कहा कि वह हमेशा भारत की यात्रा करना चाहते थे, मुझे दुनिया का अनुभव करना और विभिन्न संस्कृतियों के बारे में सीखना पसंद है, और भारत एक ऐसी जगह है जहां मैं हमेशा बहुत लंबे समय से जाना चाहता था। यह हमारे ग्रह पर एक ऐसा गढ़ रहा है और इसकी एक समृद्ध संस्कृति है। मैंने पहले से ही भोजन, यातायात और संस्कृति का अनुभव किया है। उम्मीद है, मैं और भी बहुत कुछ देख सकता हूं।

## पुरानी पेंशन पर सियासी चोट के डैमेज कंट्रोल को भांप रहे कर्मचारी

**नई दिल्ली।** पुरानी पेंशन के मुद्दे पर केंद्र और राज्य सरकारों के कर्मचारी संगठनों को अब विपक्ष की तरफ से भरपूर समर्थन मिल रहा है। हिमाचल प्रदेश और कर्नाटक में कांग्रेस पार्टी ने पुरानी पेंशन का वादा कर सत्ता में वापसी कर ली है। अब जहां भी चुनाव हो रहा है, वहीं पर कांग्रेस ने ओपीएस बहाली के मुद्दे को अपने घोषणा पत्र या वचन पत्र में शामिल कर लिया है।

दिल्ली के रामलीला मैदान में ओपीएस बहाली की मांग के लिए हुई सरकारी कर्मियों की दो रैलियों ने केंद्र सरकार को सोचने के लिए मजबूर कर दिया है। अब ओपीएस पर संभावित सियासी नुकसान से बचने के लिए डैमेज कंट्रोल की तैयारी हो रही है। सरकार, एनपीएस में ही ओपीएस जैसे कुछ प्रावधानों को शामिल कर सकती है। रिटायरमेंट पर मिली बेसिक सैलेरी का, एनपीएस में 40 से 45 फीसदी भुगतान बतौर पेंशन देने पर विचार हो रहा है। दूसरी तरफ कर्मचारी संगठनों का कहना है कि ये बातें केवल ओपीएस से ध्यान भटकाने का प्रयास है। उन्हें बिना गारंटी वाली एनपीएस योजना को खत्म करने और परिभाषित एवं गारंटी वाली पुरानी पेंशन योजना की बहाली से कम कुछ भी मंजूर नहीं है।

**ओपीएस पर अब हो रही तीसरी रैली की तैयारी**

पुरानी पेंशन पर केंद्र एवं राज्यों के सरकारी कर्मियों की एक समान राय है। 10 अगस्त को नई दिल्ली के रामलीला मैदान केंद्रीय कर्मियों ने एक विशाल रैली आयोजित की थी। इसमें राज्य सरकार के कर्मियों ने भी हिस्सा लिया था। कर्मचारियों ने बिना गारंटी वाली एनपीएस योजना को खत्म कर, ओपीएस को उसके मूल रूप में लागू करने की मांग की थी। इस रैली के बाद यह तय हो गया था कि कर्मचारी संगठन, पुरानी पेंशन पर निर्णायक लड़ाई की ओर बढ़ रहे हैं।

कर्मचारी संगठनों ने सरकार को स्पष्ट तौर से बता दिया है कि उन्हें बिना गारंटी वाली एनपीएस योजना को खत्म करने और परिभाषित एवं गारंटी वाली पुरानी पेंशन योजना की बहाली से कम कुछ भी मंजूर नहीं है। इसके बाद नेशनल मूवमेंट फॉर ओल्ड पेंशन स्कीम (एनएमओपीएस) के बैनर तले एक अक्तूबर को पेंशन शंखनाद महारैली में आयोजित की गई थी। इस रैली में केंद्र एवं राज्यों के लाखों कर्मियों ने शिरकत की। अब कॉन्फेडरेशन ऑफ सेंट्रल गवर्नमेंट एम्प्लाइज एंड वर्कर्स के बैनर तले होने 3 नवंबर को रामलीला मैदान में ही तीसरी रैली होने जा रही है। इस रैली में ऑल इंडिया स्टेट गवर्नमेंट एम्प्लाइज फेडरेशन सहित कई कर्मचारी संगठन हिस्सा लेंगे।

**सरकार का फार्मूला कर्मियों को मान्य नहीं**

नेशनल मूवमेंट फॉर ओल्ड पेंशन स्कीम (एनएमओपीएस) की महाराष्ट्र इकाई के वरिष्ठ पदाधिकारी विनायक चौथे ने कहा कि पुरानी पेंशन को लेकर देशभर के सरकारी कर्मचारी एकजुट हो रहे हैं। इस मामले में विपक्षी दल भी, कर्मचारी संगठनों के पक्ष में खड़े हैं। ऐसे में केंद्र सरकार पर दबाव बढ़ रहा है। सरकार को ओपीएस पर सियायत में जोखिम का भी अंदाजा है। यही वजह है कि अब एनपीएस में सुधार की बात हो रही है। राजनीतिक नुकसान से बचने के लिए केंद्र सरकार, अब डैमेज कंट्रोल में जुट गई है। अगर सरकार, एनपीएस में सुधार कर कर्मियों को शांत करना चाहती है तो उसका कोई फायदा नहीं होगा। ये केवल गुमराह करने का प्रयास है।

सरकारी कर्मियों को ओपीएस के कम कुछ भी मंजूर नहीं है। अगर सरकार पुरानी पेंशन की तर्ज पर एनपीएस में लाभ देना चाहती है तो वह ओपीएस ही क्यों नहीं लागू करती। एनपीएस में कर्मियों का दस प्रतिशत हिस्सा कटता है। इस बात का जवाब कोई नहीं देता कि रिटायरमेंट पर क्या ब्याज सहित यह राशि मिलती है। क्या इस राशि पर डीए बढ़ोतरी का कोई असर होता है। एनपीएस में न तो डीए और न ही पे रिवाइज का लाभ मिलता है। नए वेतन आयोग के गठन का भी एनपीएस पर असर नहीं होगा। ऐसे में एनपीएस के तहत अंतिम सेलरी कभी रिवाइज ही नहीं होगी।

# हीरो मोटोकॉर्प ने 'ग्रैंड इंडियन फेस्टिवल ऑफ ट्रस्ट' के दूसरे संस्करण से त्यौहारों के मौसम को रौशन किया

**नई दिल्ली।** मोटरसाइकल्स और स्कूटर्स बनाने वाली, दुनिया की सबसे बड़ी कंपनी हीरो मोटोकॉर्प ने त्यौहारों के मौसम में उत्साह बढ़ाते हुए आज हीरो गिफ्ट- द ग्रैंड इंडियन फेस्टिवल ऑफ ट्रस्ट के दूसरे संस्करण की घोषणा की है।

गिफ्ट प्रोग्राम में मॉडलों को नयापन दिया जाएगा, उनकी कलर स्कीम्स आकर्षक होंगी और रोमांचक फायदे, फाइनेंस स्कीम्स, आदि बहुत कुछ होगा। हीरो गिफ्ट प्रोग्राम को सबसे पहले साल 2022 में लॉन्च किया गया था और यह बेहतर आधुनिक परंपराओं के साथ बेबाकी से भरे उत्सवों को साकार करता है। इस साल मेगा कैम्पेन का थीम है इस त्यौहार, नई रफ्तार , जो कि ऐसे भारतीय परिवारों का सकारात्मक रुझान दिखाता है, जो रोमांच एवं आशा के साथ त्यौहार को मनाने की तैयारी कर रहे हैं। इस मौके पर अपनी बात रखते हुए, हीरो मोटोकॉर्प की इंडिया बिजनेस यूनिट के चीफ बिजनेस ऑफीसर श्री रणजीवजीत सिंह ने कहा, हीरो गिफ्ट प्रोग्राम ग्राहकों द्वारा हम पर किये गये अटूट भरोसे के





लिये आभार व्यक्त करने का हमारा तरीका है। देश के बेहद पसंदीदा घरेलू ब्राण्ड के तौर पर हीरो मोटोकॉर्प को अपने ग्राहकों के लिये सर्वश्रेष्ठ की पेशकश करने पर गर्व है। गिफ्ट प्रोग्राम के माध्यम से हमारा लक्ष्य आकर्षक फाइनेंस स्कीमों और कम ब्याज दरों पर मोटरसाइकल्स और स्कूटर्स की एक रोमांचक श्रृंखला पेश करना है, ताकि ग्राहक हीरो के मशहूर उत्पादों को अपने घर लाने के लिये सशक्त हो सकें। इस प्रोग्राम में हीरो मोटोकॉर्प के पोर्टफोलियो के लिये रोमांचक कलर स्कीम्स होंगी, जैसे कि पर्ल व्हाइट सिल्वर में हीरो जूम एलएक्स, मैट वर्नियर ग्रे में प्लेजर एलएक्स और टील ब्लू एवं मैट्टे ब्लैक ट्रिम्स में प्लेज़र सीएक्स। प्लेज़र वीएक्स नये मैट ब्लैक और पर्ल सिल्वर व्हाइट ट्रिम्स में उपलब्ध होगी, जबकि ग्राहक डेस्टिनी प्राइम के नेक्सस ब्लू, पर्ल सिल्वर व्हाइट और नोबल रेड एडिशंस को तथा डेस्टिनी एक्सटीईसी को पर्ल सिल्वर व्हाइट कलर ट्रिम में अपने घर ले जा सकेंगे। त्यौहारों के मौसम में एचएफ डीलक्स के लिये नये कैनवास स्ट्रिप ट्रिम्स, सुपर स्प्लेंडर एक्सटीईसी के लिये मैट नेक्सस ब्लू ट्रिम और स्प्लेंडर+ तथा स्प्लेंडर+ एक्सटीईसी के लिये बिलकुल नये ट्रिम्स होंगे। पैशन+ और पैशन एक्सटीईसी क्रमशः ब्लैक ग्रे और मैट एक्सिस ग्रे ट्रिम्स में उपलब्ध होंगे।

हीरो मोटोकॉर्प कई नये फायदे भी देगी, जैसे कि 5500 रूपये तक का कैश बोनस और 3000 रूपये तक का एक्सचेंज बोनस एवं 'बाय नाऊ, पे इन 2024' की रोमांचक फाइनेंस स्कीम। ग्राहकों को 6.99% की कम ब्याज दर पर लोन पाने का मौका भी मिलेगा, वे हाइपोथेकैशन फीस से मुक्त रहेंगे और उन्हें आधार पर आधारित लोन तथा सुविधाजनक कैश ईएमआई का फायदा मिलेगा।

## सैमसंग पेश किया Galaxy A05s





**गुरूग्राम।** भारत की सबसे बड़ी इलेक्ट्रॉनिक्स कंपनी सैमसंग ने आज Galaxy A05s को लॉन्च कर दिया है। सैमसंग की लोकप्रिय त्ड्डुद्यड्डु×4 सीरीज़ के तहत ये सबसे नवीनतम पेशकश है। इस फोन में प्रभावशाली 6.7 फुल HD+ डिस्प्ले दिया गया है, जो ग्राहकों को देखने का एक शानदार अनुभव प्रदान करता है। वहीं इसका 50MP का मुख्य कैमरा उन्हें शानदार फोटोग्राफी की क्षमता प्रदान करना है। इन बेमिसाल खूबियों के साथ यह स्मार्टफोन त्योहारी सीजन के दौरान ग्राहकों के लिए एक शानदार विकल्प बनकर सामने आता है। अक्षय एस राव, जनरल मैनेजर, रूङ्ग बिजनेस, सैमसंग इंडिया ने कहा, Galaxy A सीरीज़ के साथ, हमारा मिशन सार्थक तकनीक को और अधिक सुलभ बनाना है। नया Galaxy A05s स्टाइल और परफॉर्मेंस का एकदम सही मिश्रण है। स्नैपड्रैगन प्रोसेसर और 5000mAH की विशाल बैटरी के साथ, गैलेक्सी A05s जेन MZ ग्राहकों को सैमसंग फाइनेंस+ के माध्यम से सैमसंग के इनोवेशन को आसानी से जानने में मदद करता है। Galaxy A05s 4 साल के सिक्योरिटी अपडेट और दूसरी पीढ़ी के OS अपग्रेड के साथ भविष्य के लिए तैयार है। Galaxy A05s के 6GB + 128GB वैरिएंट की कीमत 14999 रुपये है। यह सैमसंग एक्सक्लूसिव और रिटेल स्टोर्स, Samsung.com और अन्य ऑनलाइन पोर्टल पर उपलब्ध होगा। एक विशेष ऑफर के रूप में, ग्राहक सैमसंग फाइनेंस+ प्लेटफॉर्म का उपयोग कर Galaxy A05s को नो कॉस्ट EMI के साथ खरीद सकते हैं। Galaxy A05s 1275 रुपये प्रति माह से शुरू होने वाले आकर्षक EMI विकल्पों के साथ भी उपलब्ध होगा। इसके अतिरिक्त, उपभोक्ता SBI क्रेडिट कार्ड का उपयोग करके सीमित समय में 1000 रुपये का कैशबैक प्राप्त कर सकते हैं।

## कलर्स के 'चांद जलने लगा' पर कनिका मान कहती हैं, यह ऐसी प्रेम कहानी है जो मैं अपनी रील लाइफ में चाहती हूं

कलर्स के नए शो, 'चांद जलने लगा' में विशाल आदित्य सिंह और कनिका मान क्रमशः देव और तारा की भूमिका में हैं। यह कहानी बचपन के दो प्रेमियों के असाधारण जीवन को दर्शाती है, जो कभी एक-दूसरे के साथ में सुकून पाते थे, लेकिन भाग्य की क्रूर चाल उन्हें अलग कर देती है। जैसा कि सदियों पुरानी कहावत है, प्यार वह आग है जो दिल को जला देती है, 'चांद जलने लगा' वह धधकती आग है, जो साल की सबसे भावुक प्रेम कहानी होने का वादा करती है। सिद्धार्थ कुमार तिवारी के स्वस्तिक प्रोडक्शंस द्वारा निर्मित, 'चांद जलने लगा' का प्रीमियर 23 अक्टूबर को होगा और हर सोमवार से शुक्रवार रात 9:30 बजे केवल कलर्स पर प्रसारित होगा। चांद जलने लगा के बारे में बात करते हुए कनिका मान ने कहा कि यह शो प्यार और भाग्य के मोड़ की एक खूबसूरत कहानी है। यह बचपन के दो प्रेमियों देव और तारा के जीवन पर प्रकाश डालता है जिनकी नियति अप्रत्याशित मोड़ लेती है, जिससे वे अलग हो जाते हैं और नई



चुनौतियों के बीच उन्हें वापस एक साथ लाते हैं। एक सुरम्य अंगूर के बाग की पृष्ठभूमि पर स्थापित, यह हृदयस्पर्शी कथा उनके पात्रों के विकास और उनके रिश्ते की जटिलताओं को खूबसूरती से दर्शाती है। अपनी समृद्ध कहानी और सम्मोहक चरित्र आर्क के साथ, चाँद जलने लगा दर्शकों को खोए हुए प्यार को फिर से खोजने की भावनात्मक यात्रा पर ले जाने का वादा करता है। वह कहती हैं कि यह उस तरह की प्रेम कहानी है जिसे वह अपनी रील लाइफ में चाहती हैं।शो में अपने किरदार के बारे में बात करते हुए कनिका कहती हैं कि वह तारा का किरदार निभाती नजर आएंगी। तारा एक तेजस्वी और प्रतिबद्ध युवा महिला है जो अपने घावों को छिपाने के लिए दिखावा करती है। वह एक इंटीरियर डिजाइनर के रूप में अपने करियर में काफी प्रगति कर रही है, और वह अपने परिवार की शांतिदूत है। अपने शांत स्वरूप के तहत, तारा को अपने बचपन के दोस्त, देव की यादें सता रही हैं।

## फ्लिपकार्ट समर्थ और एनआरएलएम ने महिलाओं के लिए मेरठ में आयोजित की ओरिएंटेशन वर्कशॉप

**मेरठ।** भारत के घरेलू ई-कॉमर्स मार्केटप्लेस फ्लिपकार्ट ने राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (एनआरएलएम) के साथ मिलकर आज मेरठ में एक ओरिएंटेशन वर्कशॉप का आयोजन किया। एनआरएलएम भारत सरकार के ग्रामीण विकास मंत्रालय की एक दीनदयाल अंत्योदय योजना है। इस वर्कशॉप का उद्देश्य स्थानीय कारीगरों एवं शिल्पकारों को सशक्त बनाना था, जिससे वे फ्लिपकार्ट मार्केटप्लेस की क्षमता का लाभ लेते हुए अपने ऑनलाइन कारोबार को बढ़ाने में सक्षम हो सकें। इस कार्यक्रम के दौरान माननीय सांसद राजेंद्र अग्रवाल, डिस्ट्रिक्ट मजिस्ट्रेट आईएएस दीपक मीणा, मेरठ की चीफ डेवलपमेंट ऑफिसर नूपुर गोयल और फ्लिपकार्ट ग्रुप के चीफ कॉर्पोरेट अफेयर्स ऑफिसर रजनीश कुमार उपस्थित रहे। इस गठजोड़ पर फ्लिपकार्ट ग्रुप के चीफ कॉरपोरेट अफेयर्स ऑफिसर श्री रजनीश कुमार ने कहा, देशभर के कारीगरों, एमएसएमई, एसएचजी, महिलाओं द्वारा संचालित उद्यमों और शिल्पकारों की आजीविका में सहयोग करने के लिए फ्लिपकार्ट प्रतिबद्ध है। आज की वर्कशॉप को मिली शानदार प्रतिक्रिया से हम बहुत खुश हैं और हम आगे भी देश में एमएसएमई के लिए व्यापक अवसर सृजित करने की दिशा में प्रयास करते रहेंगे। फ्लिपकार्ट समर्थ के माध्यम से हमारा लक्ष्य उन्हें जानकारी, टूल्स और राष्ट्रीय बाजार तक पहुंच देना है, जिसकी जरूरत उन्हें ऑनलाइन प्लेटफॉर्म पर अपने कारोबार को विस्तार देने के लिए है।

उत्तर प्रदेश के मेरठ में आयोजित वर्कशॉप का उद्देश्य स्वरोजगार एवं उद्यमिता के लिए स्थानीय समुदायों को सक्षम बनाना था। फ्लिपकार्ट मार्केटप्लेस ऑफरिंग्स की व्यापक जानकारी पर केंद्रित करते हुए इस वर्कशॉप का लक्ष्य शिल्पकारों, बुनकरों और कारीगरों के वंचित समुदाय को अपना कारोबार बढ़ाने के लिए देशव्यापी बाजार तक पहुंचने में सक्षम बनाना था। इस वर्कशॉप में 150 स्थानीय कारोबारियों और मेरठ में महिलाओं द्वारा संचालित किए जा रहे एसएचजी ने हिस्सा लिया। 2019 में अपनी लॉन्चिंग के बाद से फ्लिपकार्ट समर्थ प्रोग्राम ने 15 लाख से ज्यादा आजीविकाओं को अपना समर्थन दिया है। यह पहल स्थानीय कारीगरों और महिलाओं द्वारा संचालित उद्यमों का सहयोग करने में कारगर साबित हुई है। इस पहल ने उन्हें तेजी से बदलते ई-कॉमर्स मार्केटप्लेस में अपने कारोबार के विकास के लिए नए अवसरों को खोलने में सक्षम बनाया है। सांसद श्री राजेंद्र अग्रवाल ने कहा, हमारा मानना है कि शिल्पकारों, ग्रामीण महिला कारीगरों और स्वयं सहायता समूहों को ई-कॉमर्स का फायदा उठाने के बारे में जानकारी प्रदान करके सशक्त बनाते हुए हम उनके लिए विकास के नए अवसर सृजित कर सकते हैं।

## ब्लूस्टोन के बिग गोल्ड अपग्रेड ने पुराने सोने के एक्सचेंज की बढ़ायी चमक!

**लखनऊ।** भारत के प्रमुख ओम्नीचैनल फाइन ज्वैलरी ब्रांड्स में अग्रणी, ब्लूस्टोन ने इनोवेशन और ग्राहक-संतुष्टि की अपनी प्रतिबद्धता को नया आयाम देते हुए 'बिग गोल्ड





अपग्रेड' ऑफर पेश किया है। अपनी तरह के इस ख़ास ऑफर का उद्देश्य ख़रीददारों को सर्वोत्तम मूल्य में आधुनिक ज्वैलरी और शानदार डिज़ाइन पेश करना है। बिग गोल्ड अपग्रेड में ग्राहकों के पुराने सोने का भावनात्मक महत्व समझते हुए उन्हें ज़्यादा कैरट मूल्य और लेटेस्ट ज्वेलरी डिज़ाइन मिलेंगे।

बिग गोल्ड अपग्रेड ऑफर पुरानी ज्वैलरी के पारंपरिक मूल्य से ज़्यादा फ़ायदा देने का एक प्रयत्न है। यह ऑफर सुन्दर ज्वैलरी को बंद लॉकर से बाहर लाकर विभिन्न अवसरों पर पहने जाने वाले खूबसूरत संग्रह का निर्माण करने का एक प्रयास कर रहा है। इस ऑफर द्वारा ग्राहक 170 से अधिक ब्लूस्टोन स्टोर्स में जाकर अपने पुराने सोने के बदले नयी और ज़्यादा स्टाइलिश ज्वैलरी ख़रीद पायेंगे। और इस परिवर्तन को काफ़ी विशाल रूप दिया गया है, क्योंकि ग्राहकों को अपने 18 कैरेट के बदले 22 कैरेट का मूल्य मिलेगा 7 इस ऑफर द्वारा ब्लूस्टोन का उद्देश्य ग्राहकों को उनके पुराने सोने का सर्वाधिक मूल्य देना है। ब्लूस्टोन आपके गहनों में प्यार और ग्लैम जोड़कर उन्हें सबसे ज़्यादा आकर्षक बना देता है, जो सबकी अपेक्षाओं से ज़्यादा चमचमाते हैं।

ब्लूस्टोन में सेल्स डायरेक्टर, क्षितिज अरोरा ने कहा, बिग गोल्ड अपग्रेड आधुनिक ग्राहकों की लगातार विकसित होती जरूरतों की ओर हमारी प्रतिबद्धता का जगमगाता उदाहरण है। हम उनके पुराने सोने के लिए ज़्यादा भावनात्मक और निवेश मूल्य प्रदान करते हुए उन्हें नए ज्वैलरी के शानदार डिज़ाइन पेश करना चाहते हैं।

ब्लूस्टोन का बिग गोल्ड अपग्रेड विभिन्न प्रकार के पुराने आभूषण को नवीन डिजाइंस में अपग्रेड करने का एक नया प्रयास है।

अपने इनोवेटिव डिजाइन और डेटा-आधारित दृष्टिकोण में तालमेल बनाते हुए ब्लूस्टोन ने ऑनलाइन और ऑफलाइन प्लेटफार्मों पर ग्राहकों को शॉपिंग का एक सरल और बेहतर अनुभव प्रदान करने के लिए फाइन ज्वेलरी उद्योग एक नया मानक स्थापित किया है। ब्लूस्टोन के पास हर अवसर, मूड और बजट के हिसाब से गोल्ड, डायमंड, और रत्न एवं प्लेटिनम ज्वेलरी के 7000 से भी ज्यादा मनमोहक डिजाइन हैं। लखनऊ में 25 से 40 वर्ष की आयु के उनके महानगरीय ग्राहक ऐसे डिज़ाइन चाहते हैं जो उनकी आधुनिक पसंद के साथ उन्हें आज कल चल रहे ट्रेंड में सबसे आगे रखें।

उन्होंने लखनऊ में अपना पहला स्टोर सितंबर 2021 में गोमती नगर में खोला था, जिसके बाद वो लगातार आगे बढ़ते गए, और आज वो शहर में पाँच और स्टोर खोल चुके हैं। इस समय शहर में ब्लूस्टोन के दो मॉल स्टोर और चार हाई-स्ट्रीट स्टोर हैं।

इस क्षेत्र में ब्लूस्टोन डिज़ाइन की ओर ग्राहकों के बढ़ते स्नेह के साथ वो भविष्य में लखनऊ में विस्तार करने के अवसरों के लिए तैयार हैं। ग्राहकों को बेहतरीन अनुभव देने की अपनी प्रतिबद्धता के साथ ब्लूस्टोन उन्हें कई आफ्टर-सेल्स सेवाएं जैसे लाइफटाइम एक्सचेंज, लाइफटाइम बायबैक और ज्वेलरी की फ्री क्लीनिंग प्रदान करता है।

## बीएमडब्ल्यू ग्रुप इंडिया ने सभी ब्रांड्स के लिए इस साल अब तक का शानदार प्रदर्शन दर्ज किया

**नई दिल्ली।** 2023 में अभी तक का सर्वश्रेष्ठ एच1 दर्ज करने के बाद बीएमडब्ल्यू ग्रुप इंडिया सभी तीन ब्रांडों - बीएमडब्ल्यू , मिनी और बीएमडब्ल्यू मोटोराड के लिए इस वर्ष के शुरु से आज तक (जनवरी-सितम्बर) का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए लगातार सफलता हासिल कर रही है। साल के पहले नौ महीनों में 9,580 कारों (बीएमडब्ल्यू और मिनी) तथा 6,778 मोटरसाइकिलों (बीएमडब्ल्यू मोटोराड) की डिलीवरी की जा चुकी है। बीएमडब्ल्यू की 8,998 यूनिट्स और मिनी की 582 यूनिट्स की बिक्री हुई।

श्री विक्रम पावाह, प्रेसिडेंट, बीएमडब्ल्यू ग्रुप इंडिया ने कहा कि, ''बीएमडब्ल्यू ग्रुप इंडिया एक बेरोक रिकॉर्ड-ब्रेकिंग राह पर बढ़ रही है। हमने पिछले साल एक दशक में उच्च वृद्धि दर्ज की और यह प्रवृत्ति पहले अभी तक का सर्वश्रेष्ठ एच 1 और अब अभी तक का सर्वश्रेष्ठ जनवरी से सितम्बर सेल्स दर्ज करते हुए 2023 में जारी है। हमारी व्यवसायिक रणनीति अच्छी तरह काम कर रही है और हमारे लिए सफलता को प्रेरित करने के अनेक महत्वपूर्ण घटक मौजूद हैं। सबसे महत्वपूर्ण यह है कि हम सभी सेगमेंट में मजबूत, संतुलित और लाभकारी तरीके से वृद्धि हासिल कर रहे हैं। चाहे टॉप-एण्ड या एंट्री लेवल हो, बीईवी का प्रभुत्व हो या एसएवी की लोकप्रियता हो, हमारी सेगमेंट-स्पेसिफिक रणनीतियाँ और जबर्दस्त ग्राहक संबंध शानदार परिणाम जनरेट कर रहे हैं। हम अपने भंडार से शक्तिशाली लाँन्चेज के साथ यह जोश बनाए रखेंगे और 2023 का समापन भारी उत्साह के साथ समाप्त करने पर समर्पित होकर फोकस कर रहे हैं। सबसे विविधतापूर्ण इलेक्ट्रिक पोर्टफोलियो - बीएमडब्ल्यू iX1, बीएमडब्ल्यू i7, बीएमडब्ल्यू iX, बीएमडब्ल्यू i4 और मिनी से की बदौलत लग्जरी बैटरी इलेक्ट्रिक व्हीकल सेगमेंट में बीएमडब्ल्यू ग्रुप इंडिया का प्रभुत्व बरकरार है। सभी मॉडलों में बीईवीएस ने उच्च वृद्धि दर्ज की है। जनवरी-सितम्बर 2023 के दौरान 2022 की इसी अवधि की तुलना में पाँच गुणा ज्यादा इलेक्ट्रिक वाहनों की डिलीवरी की गई।

# कोरम के अभाव में नहीं हो सकी अविश्वास प्रस्ताव पर चर्चा



अवधनामा संवाददाता

**अमेठी।** ब्लॉक प्रमुख पद पर लाए गए अविश्वास प्रस्ताव पर चर्चा के लिए गुरुवार को पूर्व निर्धारित बैठक ब्लाक सभागार में आयोजित हुई। कोरम के अभाव में अविश्वास प्रस्ताव पर चर्चा नहीं हो सकी और बैठक स्थगित करनी पड़ी। ब्लॉक प्रमुख मंजू मौर्य के कुर्सी पर छाए संकट के बादल भी छट गए उनके साथ 41 बीडीसी दिखाई पड़े। विकासखंड अमेठी के ब्लॉक प्रमुख मंजू मौर्य के प्रति अविश्वास जताते हुए 47 क्षेत्र पंचायत सदस्यों ने शपथ पत्र देकर जिलाधिकारी के यहां अविश्वास प्रस्ताव की मांग की थी।

- ब्लॉक प्रमुख मंजू मौर्य के साथ दिखे 41 बीडीसी

डीएम के निर्देश पर 19 अक्टूबर को अविश्वास प्रस्ताव पर चर्चा के लिए बैठक की तिथि ब्लॉक सभागार अमेठी में निर्धारित की गई थी।एसडीएम प्रीति तिवारी की निगरानी में अविश्वास प्रस्ताव पर चर्चा होनी थी लेकिन गुरुवार को पूर्वान्ह 11 बजे से दोपहर 1 बजे तक 62 क्षेत्र पंचायत सदस्यों के सदन में मात्र 21 क्षेत्र पंचायत सदस्य उपस्थित हो सके। लिहाजा कोरम के अभाव में बैठक स्थगित कर दी गई और अविश्वास प्रस्ताव पर चर्चा नहीं हो सकी।इसी के साथ प्रमुख मंजू मौर्य की कुर्सी पर आया संकट टल गया। उधर पूर्व प्रमुख घनश्याम चौरसिया के आवास पर ब्लॉक प्रमुख मंजू मौर्य की अगुवाई में 41 क्षेत्र पंचायत सदस्य दिखाई पड़े। वहां एक बैठक को संबोधित करते हुए घनश्याम चौरसिया ने कहा कि उन पर लगाए गए आरोप बेबुनियाद है। क्षेत्र पंचायत सदस्य ब्लॉक प्रमुख के साथ हैं। मंजू मौर्य ने कहा कि उनके साथ क्षेत्र पंचायत सदस्य मौजूद हैं किसी को कोई शिकवा शिकायत नहीं है। स्थानीय सांसद स्मृति ईरानी का आशीर्वाद उनके साथ है वे विकास की गति को आगे बढ़ाएगी। भाजपा नेता पिंटू सिंह ने भी सभा को संबोधित किया कहा विकास के पथ पर ब्लॉक अग्रसर है कुछ लोगों को गलतफहमी हुई है जो समय आने पर दूर हो जाएगी। यहां क्षेत्र के तमाम संभ्रांत लोग भी मौजूद रहे।

## जिला कारागार देवरिया का औचक निरीक्षण

**देवरिया।** राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ के निर्देशानुसार एवं जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण देवरिया देवेन्द्र सिंह के मार्ग दर्शन में सचिव /अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश जिला विधिक सेवा प्राधिकरण देवरिया अशोक कुमार दूबे के द्वारा जिला कारागार देवरिया का औचक निरीक्षण किया गया। सचिव के द्वारा उपस्थित निरूद्ध बंदियों का हाल-चाल जाना गया तथा उनकों विधिक जानकारियॉ दी गयी। सचिव द्वारा जिला कारागार देवरिया में बैरकों पाकशाला तथा महिला बंदियों हेतु प्रशिक्षण केन्द्र में निरंतर स्वच्छता बनायें रखने पर जोर दिया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने निरंतर मीनू के अनुसार ही भोजन बनाने का निर्देश दिया। सचिव द्वारा कहा गया कि यदि किसी बंदी को विधिक सहायता की आवश्यकता हो तो वह जिला विधिक सेवा प्राधिकरण देवरिया में एक प्रार्थना पत्र देकर अपनी समस्या का निस्तारण करा सकता हैं। यदि किसी बंदी को अपने मामलें में पैरवी की आवश्यकता हो तो वह जिला विधिक सेवा प्राधिकरण देवरिया द्वारा निःशुल्क अधिवक्ता प्राप्त कर विधिक सहायता ले सकता हैं।

# जागरूकता से ही नारी सशक्तिकरण पर काबू पाया जा सकता है: नवरंग

अवधनामा संवाददाता



महिला कांसटेम्बल को अंग वस्त्र व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित करते अध्यक्ष व अन्य

- शिक्षा, स्वास्थ्य और पुलिस विभाग में नाम रोशन करने वाली महिलाओं को सम्मानित किया गया

**मथौली बाजार, कुशीनगर।** मिशन शक्ति फेज-4 शक्ति दीदी के तहत नगर पंचायत मथौली कार्यालय में गुरुवार को नारी सुरक्षा, नारी सम्मान व नारी स्वावलंबन के तहत शिक्षा, स्वास्थ्य और पुलिस विभाग में नाम रोशन करने वाली महिलाओं व छात्राओं को अंगवस्त्र एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

सम्मान कार्यक्रम को संबोधित करते हुए चेयरमैन नवरंग सिंह ने कहा कि जागरूकता के माध्यम से ही नारी सशक्तिकरण पर काबू पाया जा सकता है। आज हम सभी लोग बेटे और बेटियों में अन्तर कर रहे है जबकि यह गलत है। बेटीया भी किसी क्षेत्र में बेटों से कम नहीं हैं। आज हमें समाज में बेटियों, नारियों व महिलाओं के प्रति बेहतर सोंच एवं सकारात्मक माहौल बनाने की जरूरत है। प्रभारी थानाध्यक्ष कप्तानगंज सूर्यभान यादव ने कहा कि मिशन शक्ति फेज 4 शक्ति दीदी के रुप में महिलाओं, बालिकाओं को सशक्त बनाने का प्रयास किया जा रहा है। शक्ति दीदी अभियान के तहत महिलाओं, बालिकाओं को यूपी पुलिस द्वारा चलाई जा रही सुरक्षा संबंधित सेवाए जैसे विमेन पावर लाइन 1090, महिला हेल्पलाइन 181, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076, पुलिस आपातकालीन सेवा 112, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, स्वास्थ्य सेवा 102, एम्बुलेंस सेवा 108 एवं अपने अपने सीयूजी नम्बर के बारे में विस्तृत जानकारी दिया। ईओ सीमा राय ने कहा कि महिलाओ एवं बालिकाओं से वार्ता कर उनके अन्दर आत्मविश्वास को बढाने का प्रयत्न किया जायेगा। इस मौके पर जेई कृष्ण कुमार मद्धेशिया, प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉ राजेश मद्धेशिया, रामदरस सिंह, सईद अहमद, हरेराम शर्मा, श्रीराम प्रसाद कुशवाहा, दिनेश राव, हेमंत सिंह, अदालत प्रसाद, रविंद्र सैनी, विवेक चौबे, प्रिंस मद्धेशिया सहित समस्त सभासदगण मौजूद रहे। **इन्हे किया गया सम्मानित:** कप्तानगंज थाने में तैनात महिला कांसटेम्बल संजना पांडेय, रेखा राय, स्वास्थ्य विभाग से एएनएम सबनम खातून, सीएचओ नूर समा, राधिका देवी इंटर कालेज के आंचल, अनन्या, आकृति पांडेय, आशा बिंदु देवी व सोनकेशा देवी आदि को नगर पंचायत द्वारा अंगवस्त्र व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

## प्रजापिता ब्रह्माकुमारी का कार्यक्रम का हुआ समापन



**अमेठी अवधनामा संवाददाता।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी के 5 दिवसीय कार्यक्रम का गुरुवार को सम्मान समारोह के साथ समापन हुआ। बीके सुमित्रा बहन ने बताया कि शारदीय नवरात्र के प्रथम दिवस के साथ नगर स्थित श्रीदेवी पाटन मंदिर में मेडिटेशन योग और संदेश आदि के साथ प्रदर्शनी लगाई गई थी। जिसमें लोगों को सन्मार्ग पर चलने नशा मुक्ति और व्यसन त्यागने आदि के संदेश दिए गए जिससे जीवन सुखमय और सुंदर हो सके। संस्थान के आश्रम पर ब्रह्माभोज के साथ समापन हुआ। जिसमें सुदूर क्षेत्र से आई बहनों को सम्मानित भी किया गया। कार्यक्रम में अन्य प्रांत और जिले से आई ब्रह्माकुमारी बहने भी शामिल हुई। जिसमें बी के नीरज ढिबरामऊ बी के सोनी हाथरस बीके रुचि गजनेर कानपुर बीके गोविंद भाई गजनेर कानपुर बीके रिंकू भाई इंदरगढ़ कन्नौज बीके नवीन फरीदाबाद बीके अशोक रूरा कानपुर बीके मनोज बीके राधेश्याम बीके निर्मला बीके उर्मिला बीके सुषमा बीके अनिल के अलावा तमाम श्रद्धालु शामिल हुए। जिनमें धर्मेंद्र नाथ शुक्ल डीएन सिंह भारत सिंह वीरू यादव आदि रहे।

## वोटर महाअभियान से लोकसभा में विजय आसान होगी



**सलेमपुर अवधनामा संवाददाता।** भाजपा मण्डल सलेमपुर द्वारा सिचाई विभाग के डाकबंगले पर वोटर चेतना महाअभियान की मण्डल कार्यशाला का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि रामदास मिश्र ने कहा कि जो 18 वर्ष की आयु को पूर्ण कर चुके युवाओं विवाह होने के बाद परिवर्तित निवास स्थान बूथ से अन्यंत्र निवास करने वाले तथा बूथ पर नए आए मतदाताओं के नाम मतदाता सूची में जोड़ने या नाम कटने समेत अन्य कार्य वोटर चेतना महाभियान के माध्यम से करना है। उन्होंने कहा कि महाअभियान में पार्टी के प्रत्येक पदाधिकारी, कार्यकर्ता तथा प्रत्येक जनप्रतिनिधि की सहभागिता सुनिश्चित होगी। वोटर चेतना महाअभियान से लोकसभा चुनाव में विजय आसान होगी और नरेन्द्र मोदी फिर प्रधानमंत्री बनेंगे। भाजपा नेता अशोक पाण्डेय ने कहा कि पार्टी के अनुशासित व समर्पित कार्यकताओं को सतत संपर्क व संवाद की भाजपा परम्परा के साथ फिर एक बार घर-घर दस्तक देना है। प्रत्येक घर की दहलीज और प्रत्येक गांव की चौपाल तक कार्यकर्ता पहुंचे। कार्यक्रम को जिलामंत्री अभिषेक जायसवाल एवम रविन्दर श्रीवास्तव ने भी सम्बोधित किया। कार्यक्रम में सभी पदाधिकारी एवम कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## क्विज प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

**अमेठी अवधनामा संवाददाता।** सीखना रचनात्मकता देता है रचनात्मकता सोच की ओर ले जाती है सोच ज्ञान प्रदान करती है। ज्ञान को बढ़ावा देने और कैडेटों को सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए सैनिक स्कूल अमेठी द्वारा 19 अक्टूबर 23 को इंटर हाउस जनरल क्विज़ प्रतियोगिता 2023 का आयोजन किया। इस कार्यक्रम में छात्रों को सामान्य ज्ञान वैज्ञानिक स्वभाव और जिज्ञासा बढ़ाने का अनूठा अवसर प्रदान किया। प्रतियोगिता में जोजिला हाउस प्रथम स्थान पर रहा। इस कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि मुख्य विकास अधिकारी सान्या छाबड़ा ने प्रतिभागियों को सम्मानित किया और छात्रों को ज्ञान और उत्कृष्टता की खोज में ईमानदारी से प्रयास करने के लिए प्रोत्साहित किया।

# ओवरहेड टैंक निर्माण के विरोध में पांच दिनों से पेड़ की डालियों पर चढ़ा दलित

अवधनामा ब्यूरो





- पीड़ित के पुस्तैनी जमीन पर प्रशासन द्वारा प्रस्तावित था ओवरहेड टैंक निर्माण
- एसडीएम के लिखित आश्वासन पर नीचे उतरा पीड़ित सहदेव

**कुशीनगर।** पुस्तैनी भूमि पर ओवरहेड टैंक के प्रस्तावित निर्माण कार्य के विरोध में 5 दिनों से भूखे प्यासे पेड़ की डालियों पर चढ़कर बैठे 60 वर्षीय दलित सहदेव पुत्र हरिहंगी की मांगे मानकर बृहस्पतिवार को खड्डा एसडीएम आशुतोष कुमार व तहसीलदार महेश कुमार ने सहदेव को नीचे उतरवाया।

प्रशासन ने लिखित देकर आश्वासन दिया की उक्त भूमि पर ओवरहेड टैंक का निर्माण कार्य नही कराया जाएगा। हनुमानगंज थाना क्षेत्र के गांव रामनगर में नवीन परती भूमि पर ओवरहेड टैंक का निर्माण कार्य ग्राम पंचायत की ओर से प्रस्तावित था। राजस्व विभाग की टीम के द्वारा जमीन का पैमाईश कर चिन्हित कर दिया। वही जमीन पर कब्जेदार सहदेव पुत्र हरिहंगी ने उक्त जमीन को आबादी की जमीन बताते हुए 3 पुस्तो से खुद के परिवार के स्थाई घर होने की बात कहि। सहदेव ने विभागीय अधिकारियों से न्याय की गुहार लगाई। लेकिन जब कही से भी न्याय नहीं मिला तो सहदेव ने इलाहाबाद हाईकोर्ट में याचिका दाखिल कर हाईकोर्ट से स्थगन आदेश जारी कराया। लेकिन उसके बावजूद ग्राम प्रधान के द्वारा निर्माण कार्य कराए जानें का दबाव बनाये जानें लगा। जब सहदेव को कहि न्याय नही मिला तो नाराज होकर रविवार को वह घर के ही समीप जामुन के पेड़ पर फंदा व कीटनाशक की बोतल लेकर चढ़ गया। उसका कहना था कि जमीन पर ओवरहेड टैंक के निर्माण होने से उसका परिवार बेघर हो जाएगा। प्रशासन यदि उक्त भूमी पर निर्माण कार्य कराता है तो वह आत्म हत्या कर लेगा। जिसकी जानकारी होने पर विभागीय अधिकारियों के हाथ पाव फुल गए। बृहस्पतिवार को खड्डा एसडीएम आशुतोष कुमार, तहसीलदार महेश कुमार, सीओ संदीप वर्मा, एसओ अजय पटेल मयफोर्स पहुंचकर पेड़ पर बैठे सहदेव की मांगे सुनी व लिखित आश्वासन देकर निचे उतारा। पेड़ से निचे उतरे सहदेव की तबीयत बिगड़ी तो परिजनों ने इलाज के लिए एंबुलेंस से सीएचसी तुर्कहा भेजवाया। तहसीलदार महेश कुमार ने बताया कि सहदेव की मांगे मानकर समझा बुझाकर नीचे उतारा गया है और लिखित आश्वासन दिया गया है।

राज्य सूचना आयुक्त की अध्यक्षता में हुई समीक्षा बैठक

# धारित सूचना समय-सीमा के भीतर देना अनिवार्य



**देवरिया अवधनामा संवाददाता।** राज्य सूचना आयुक्त सुभाष चन्द्र सिंह द्वारा आज कलेक्ट्रेट सभागार में जनपद में सूचना के अधिकार के संबंध में समस्त कार्यालयों के जन सूचना अधिकारियों के साथ बैठक की गई। सूचना आयुक्त ने कहा कि वादी को सद्भावनापूर्वक सूचना दी जानी चाहिए। अधिकारियों को सूचना के अधिकार अधिनियम की मूलभूत जानकारी रखनी चाहिए। सूचना के अधिकार के तहत मांगी गई सूचनाओं के संदर्भ में लोकहित को प्राथमिकता दी जानी चाहिए तथा सूचनाओं को प्रदान करने में अनावश्यक विलंब नहीं किया जाना चाहिए। सूचना के अधिकार के तहत मांगी गई सूचना के संदर्भ में पूरी जानकारी मसलन सूचना कब प्राप्त हुई, सूचना का विषय, सूचना की स्थिति आदि के संदर्भ में पूरी जानकारी एक पंजिका में रखी जानी चाहिए। मा0 राज्य सूचना आयुक्त ने कहा कि सूचना देने में अनावश्यक विलंब नहीं करनी चाहिए व निर्धारित तय अवधि 30 दिनों के अंदर सूचना प्रदान की जानी चाहिए। 30 दिनों की अवधि को उन्होनें लक्ष्मण रेखा बताते हुए कहा कि ससमय सूचना प्रदान की जाए। सूचना आयुक्त महोदय ने आरटीआई के बारे में गहनता पूर्वक नियमो व धाराओं यथा धारा 6, 18, 19, 20 आदि के बारे मे विस्तृत जानकारी दी।

# गोरखपुर में 22 को होगा वृहद रोजगार मेले का शुभारंभ

अवधनामा ब्यूरो

- सौ से अधिक कंपनियां 15,000 से अधिक पदों पर करेंगी भर्तियां

**कुशीनगर।** जिला सेवायोजन अधिकारी संजय कुमार ने बताया कि आगामी 22 अक्टूबर को एक दिवसीय वृहद रोजगार मेला एवं कौशल कुम्भ का आयोजन मदन मोहन मालवीय प्रौद्योगिकी विश्व विद्यालय, गोरखपुर के परिसर में किया जाना प्रस्तावित है। उक्त रोजगार मेले का शुभारम्भ मुख्यमंत्री, उप्र सरकार के कर कमलों द्वारा आयोजित किया जायेगा। उन्होंने बताया कि उक्त रोजगार मेले में विभिन्न क्षेत्रों के 100 से अधिक नियोक्ता कम्पनियों द्वारा लगभग 15,000 रिक्तियों के साथ प्रतिभाग किया जायेगा, जिसमें कुशल एवं अकुशल सभी क्षेत्रों के पात्र बेरोजगार युवक-युवतियों को रोजगार प्राप्त करने का एक सुनहरा अवसर है, जिसमे हाईस्कूल, इण्टर, स्नातक, परास्नातक, एम0बी0एम0, कौशल विकास मिशन प्रशिक्षित अभ्यर्थी, आई0टी0आई0, पालिटेक्निक इत्यादि उत्तीर्ण अभ्यर्थी अपने समस्त दस्तावेजों के साथ वृहद रोजगार मेले में सम्मिलित होकर निजी क्षेत्र में रोजगार प्राप्त कर सकते है। जिला सेवायोजन अधिकारी ने जनपद के समस्त बेरोजगार अभ्यर्थियों से अपील किया है कि दिनांक-22 अक्टूबर, 2023 को प्रातः 09.00 बजे से मदन मोहन मालवीय प्रौद्योगिकी विश्व विद्यालय, देवरिया रोड, गोरखपुर के परिसर में अपने बायोडाटा, समस्त शैक्षणिक अभिलेख, आधार कार्ड, फोटो इत्यादि दस्तावेज के साथ उक्त रोजगार मेले में ससमय प्रतिभाग करें।

# कभी जंगल था बसेरा, आज रैंप पर थिरकते हैं आत्मविश्वास भरे कदम

अवधनामा संवाददाता



- गोरखपुर, आगरा के ताज, काशी के जी-20, मथुरा और अयोध्या के सावन झूला महोत्सव में दिख चुका है वनटांगिया महिलाओं के फैशन शो का जलवा

**गोरखपुर।** जिनकी पहचान ही जंगलों तक सिमट गई थी, उनको राज्य के कई महत्वपूर्ण शहरों में रैंप पर जलवा बिखेरते देखने की बात अचरज में डालता है। जो जंगल में बसे अपने गांव में ही सकुचाई सी रहती थीं, आज फैशन व संस्कृति शो में उनके कदम आत्मविश्वास से लबरेज होकर आगे बढ़ते हैं। वास्तव में इस आश्चर्यजनक सत्य के पीछे योगी सरकार की मिशन शक्ति की प्रेरणा है।

नारी स्वावलंबन व सम्मान के लिहाज से बदलाव की यह दास्तां है गोरखपुर के वनटांगिया गांव जंगल तिकोनिया नंबर तीन की। कभी झुग्गियों में रहने को ही जिन वनटांगिया महिलाओं व युवतियों ने अपनी नियति मान लिया था, आज उनका जलवा फैशन शो के रैंप तक नजर आता है। जनवरी 2022 से अब तक गोरखपुर महोत्सव, आगरा महोत्सव, अयोध्या के सावन झूला महोत्सव, मथुरा, काशी में जी-20 समारोह व महराजगंज महोत्सव में आयोजित फैशन व संस्कृति शो में वनटांगिया महिलाओं ने शानदार प्रतिभागिता से यह साबित कर दिखाया है कि मौका मिलने पर वे किसी से कमतर नहीं हैं। वनटांगिया महिलाओं व युवतियों को फैशन शो के रैंप तक का सफर कराया है गोरखपुर में पैदा हुई राजस्थान मूल की की सुगम सिंह शेखावत ने। सुगम की परास्नातक तक की शिक्षा गोरखपुर में ही हुई है और वह वर्तमान में सुप्रीम कोर्ट की वकील हैं। सुगम सिंह शेखावत मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के प्रयासों से कभी वंचितों में गिने जाने वाले वनटांगिया समाज की जिंदगी में आए व्यापक परिवर्तन की मुरीद हैं। उनका कहना है कि फैशन व संस्कृति शो में प्रतिभाग कराकर वह वनटांगिया नारियों को आगे बढ़ाने की सीएम योगी की सोच व उनके द्वारा चलाए जा रहे मिशन शक्ति से खुद को जोड़ रही हैं। फैशन शो में रैंप पर चलने वालों में कोई बकरी चराती थीं, कोई खेती तो कोई सब्जी बेचने का काम। सुगम उन्हें प्रशिक्षित कर रैंप तक ले आई हैं। इन्होंने कभी स्टेज तक नहीं देखा था। आज 17 साल की किशोरी से लेकर 66 वर्ष की बुजुर्ग तक रैंप पर सम्मान बटोर चुकी हैं। वनटांगिया महिलाओं ने अब तक जितने भी फैशन शो किए, वे सब भारतीय संस्कृति के थीम पर रहे हैं। इसका सिलसिला शुरू हुआ गोरखपुर महोत्सव 2022 से जिसके शो स्टॉपर थे फ़िल्म अभिनेता व सांसद रविकिशन। फिर तो आगरा महोत्सव, अयोध्या, मथुरा में भी उनके कदम आत्मविश्वास से आगे बढ़ते गए।

# महिला सुरक्षा व महिला सशक्तिकरण के सम्बन्ध में किया गया जागरुक

अवधनामा संवाददाता



**देवरिया।** प्रदेश सरकार द्वारा महिला सुरक्षा, सम्मान व स्वावलम्बन हेतु चलाए जा रहे विशेष अभियान मिशन शक्ति फेज 4 के अंतर्गत पुलिस अधीक्षक देवरिया श्री संकल्प शर्मा के निर्देशन में जनपद के समस्त थानों के महिला बीट पुलिस अधिकारी द्वारा थाना क्षेत्र के गाँवों/स्कूलों में ग्राम चौपाल का आयोजन कर प्राथमिकता के आधार पर महिला/बालिकाओं को जागरुक करने के साथ ही महिला संबंधित समस्याओं के निस्तारण कराने के संबंध में ग्राम चौपाल के आयोजन करने की शुरुआत की गई है।

अब महिलाओं/बालिकाओं को अपनी समस्या व शिकायत लेकर थाना, पुलिस चौकी व अन्य पुलिस कार्यालय बार-बार नहीं आना पड़ेगा अपितु स्थानीय पुलिस नियमित अन्तराल पर ग्राम चौपाल के माध्यम से विभिन्न गांवों में उपस्थित होकर महिलाओं/बालिकाओं को जागरुक करने के साथ ही संवाद स्थापित कर उनकी शिकायतों का गुण-दोष के आधार पर निराकरण कराया जाएगा। इसी क्रम में आज दिनांक 19.10.23 को जनपद के सभी थानों की महिला बीट पुलिस/शक्ति दीदी, महिला हेल्प डेस्क सहित अन्य पुलिस अधिकारीगण द्वारा गांव, कस्बा, स्कूल/कॉलेज/कोचिंग संस्थानों सहित विभिन्न सार्वजनिक स्थानों पर भ्रमण कर प्राथमिकता के आधार पर महिलाओं एवं बालिकाओं को जागरूक करने के साथ ही महिला संबंधित समस्याओं के निस्तारण कराने के संबंध में ग्राम चौपाल/जन चौपाल का आयोजन किया जा रहा है तथा महिलाओं एवं बालिकाओं के साथ शक्ति दीदी के रूप में जुड़ कर उन्हें सशक्त एवं सुरक्षित वातावरण देने का प्रयास किया जा रहा है। इस क्रम में समस्त थानों की महिला सुरक्षा दलों द्वारा अपने अपने थाना क्षेत्र के विद्यालयों में जाकर विभिन्न प्रकार के खेलकूद व दौड़ कार्यक्रम आयोजित किये गये जिसमें विजेता बालिकाओं को पुरस्कृत करते हुए उत्साहवर्द्धन किया गया।

# डीएम ने मेडिकल कॉलेज के डेंगू वार्ड का किया निरीक्षण



**देवरिया अवधनामा संवाददाता।** जिलाधिकारी अखण्ड प्रताप सिंह ने मेडिकल कॉलेज का निरीक्षण कर डेंगू के इलाज एवं उससे जुड़ी तैयारी का जायजा लिया। उन्होंने डेंगू मरीजों को निर्धारित मानक के मुताबिक चिकित्सकीय सुविधा उपलब्ध कराने के बारे में निर्देश दिए। जिलाधिकारी मेडिकल कॉलेज के डेंगू वार्ड पहुंचे, जहां 09 मरीज भर्ती मिले। उन्होंने मरीजों एवं उनके तीमारदारों से बात की और अस्पताल में मिल रही स्वास्थ्य सुविधाओं एवं दवा की उपलब्धता के बारे में जानकारी प्राप्त की। डीएम ने बताया कि मेडिकल कॉलेज में 30 बेड का डेडीकेटेड डेंगू वार्ड बनाया गया है। मेडिकल कॉलेज में डेंगू जांच की कंफर्मेटरी टेस्ट की सुविधा उपलब्ध है। जनपद में 18 अक्टूबर तक डेंगू के 149 सूचित मरीज मिले हैं, जिनमें से 121 की मरीजों को डेंगू की पुष्टि हुई। सभी मरीज स्वस्थ होकर घर जा चुके हैं। मरीजों को मच्छरदानी के अंदर रखा गया है और उन्हें हल्का भोजन दिया जा रहा है। डॉक्टरों ने बताया कि डेंगू के मरीज 5 से 7 दिन में स्वस्थ्य होकर घर जा रहे हैं। जिलाधिकारी ने बताया कि डेंगू की रोकथाम के लिए पर्याप्त सतर्कता बरती जा रही है।

# आयुर्वेद की ओर देख रहा पूरा विश्व: अवधेश

अवधनामा संवाददाता



- गुरु गोरक्षनाथ इंस्टिट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज में दीक्षा पाठ्यचर्या का समापन

**गोरखपुर।** महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय गोरखपुर के अंतर्गत संचालित गुरु गोरक्षनाथ इंस्टिट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज (आयुर्वेद कॉलेज) के वाग्भट्ट सत्र 2023-24 के नवप्रवेशित विद्यार्थियों के पंद्रह दिवसीय दीक्षा पाठ्यचर्या का गुरुवार को समारोहपूर्वक समापन हुआ।

मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित महायोगी गुरु गोरखनाथ आयुष विश्विद्यालय गोरखपुर के कुलपति प्रोफेसर डॉ. अवधेश कुमार सिंह ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि यह पाठ्यचर्या आयुर्वेद को समझने की शुरुआत है। विद्यार्थियों का सौभाग्य है कि वे गुरु गोरक्षनाथ की पावन भूमि में शिक्षा ग्रहण करने आये हैं। अतः उन पर चिकित्सक के साथ चरित्रवान मनुष्य भी बनने की जिम्मेदारी है। प्रो. सिंह ने कहा कि आज का युग आयुर्वेद का स्वर्णिम युग है। पूरा विश्व आयुर्वेद की ओर देख रहा है। वह समय दूर नहीं जब भारत विश्वगुरू के रूप में स्थापित होगा और इसके सूत्रधारों में आयुर्वेद के विद्यार्थी भी होंगे। महायोगी गोरखनाथ विश्विद्यालय के कुलपति मेजर जनरल डॉ अतुल वाजपेयी ने विद्यार्थियों को आशीर्वाद देते हुए कहा कि विद्यार्थी इतने सशक्त बनें कि स्वयं जीविकोपार्जन करते हुए कम से कम 5 अन्य को भी जीविका दें। दीक्षा पाठ्यचर्या के समापन समारोह में अकादमिक प्रभारी डॉ नवीन ने नव प्रवेशित विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि इस कॉलेज अच्छा इंफ्रास्ट्रक्चर मिलेगा, अच्छे शिक्षक मिलेंगे जो पूर्वनिर्धारित लेशन प्लान से पढाएंगे। यह सौभाग्य की बात है कि यहां के विद्यार्थी इस विश्वविद्यालय के कुलाधिपति, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के स्वर्णिम स्वप्न के भागीदार बन रहे हैं। स्वागत उद्बोधन आयुर्वेद कॉलेज के प्राचार्य डॉ मंजूनाथ एनएस एवं आभार ज्ञापन सह आचार्य डॉ पियूष वर्षा ने किया। समारोह में आयुर्वेद कॉलेज के सभी विद्यार्थी एवं शिक्षक उपस्थित रहे।

# डीएम ने महाराजा सुहेलदेव स्मारक स्थल का किया निरीक्षण

- **महाराजा सुहेलदेव स्मारक स्थल पर निर्माणाधीन डारमेट्री कार्य दिसम्बर तक करें पूर्णः जिलाधिकारी**
- **चित्तौरा झील के चारों तरफ वाकवे का प्रस्ताव तैयार करने के दिये निर्देश, परिसर में लगायी जाय फसाट लाइट**



**अवधनामा संवाददाता**

**बहराइच।** जिलाधिकारी मोनिका रानी ने चित्तौरा झील के तट पर स्थित महाराजा सुहेल देव जी के निर्माणाधीन स्मारक स्थल पर पहुँच कर महाराजा सुहेलदेव जी की अश्वरोही प्रतिमा पर माल्यार्पण कर पुष्पांजलि अर्पित किया। तत्पश्चात स्मारक स्थल पर निर्माणाधीन विकास परियोजना मन्दिर, घाट, महाराजा सुहेल देव की मूर्ति, भव्य द्वार, पार्किंग स्थल, बाउण्ड्रीवाल, हार्टिकल्चर एवं लैण्ड स्केपिंग एवं सभागार इत्यादि कार्यों की गुणवत्ता एवं प्रगति का जायज़ा लेते हुए कार्यदायी संस्था को निर्देश दिया कि निर्माण कार्य को निर्धारित मानक व गुणवत्ता के साथ समय से पूर्ण करायें। कार्यदायी संस्था राजकीय निर्माण निगम को निर्देश दिये गये कि मेनपावर बढ़ाकर डे नाईट कार्य कराते हुए डारमेट्री का कार्य प्रत्येक दशा में दिसम्बर तक पूर्ण कराना सुनिश्चित करें। इस सम्बंध में जिला पर्यटन अधिकारी को निर्देश दिये गये कि नियमित रूप से कार्य स्थल का निरीक्षण करते हुए डारमेट्री के निर्माण कार्य को निर्धारित मानक व गुणवत्ता के साथ प्रत्येक दशा में दिसम्बर तक पूर्ण कराना सुनिश्चित करे।

कार्यदायी संस्था सी एण्ड डीएस को निर्देश दिये गये कि स्मारक स्थल पर फसाट लाइट लगवायी जाय। वीवीआईपी गेस्ट हाउस के निरीक्षण के दौरान कार्यदायी संस्था को निर्देश दिये गये कि भवन में बेड, फर्नीचन, टीबी इत्यादि मानक के अनुसार व्यवस्था करायी जाय तथा गेस्टहाउस के कमरो को एक ही कलर में रंगाई-पोताई करायी जाय ताकि एकरूपता दिखायी दे। झील के निरीक्षण के दौरान जिला पर्यटन अधिकारी को निर्देश दिये गये कि झील की साफ-सफाई तथा चारो तरफ वाकवे का प्रस्ताव तैयार कर शासन को भेजवाएं। डीएम ने यह भी निर्देश दिया कि यहां पर गन्दगी व पूजा की सामग्री कलेक्शन के लिए अलग-अलग बड़े आकार के डस्टबिन रखवा दिये जायें। डीएम ने यह भी निर्देश दिया कि स्मारक स्थल पर स्थापित प्रतिमाओं की रंगाई-पोताई के साथ-साथ नियमित रूप से साफ-सफाई की व्यवस्था सुनिश्चित करायी जाय। डीएम ने यह भी निर्देश दिया कि स्मारक के प्रवेश द्वार से परिसर के अन्दर तक ऐसे लाईटिंग की जाए जिससे भवन और भी भव्य एवं सुन्दर दिखे। डीएम ने यह भी सुझाव दिया कि चित्तौरा झील पर बोटिंग तथा फ्लोटिंग रेस्टोरेन्ट की स्थापना हेतु कार्ययोजना तैयार की जाए।

# बल्दीराय में 272 शिक्षकों को वितरित किए टैबलेट

**अवधनामा संवाददाता**



**बल्दीराय,सुल्तानपुर।** ब्लॉक संसाधन केंद्र बल्दीराय पर प्राथमिक व कम्पोजिट विद्यालयों के शिक्षकों को टैबलेट का वितरण किया। इससे विभागीय ऑनलाइन कार्य आसानी से हो जाएंगे।ब्लॉक संसाधन केंद्र पर बृहस्पतिवार को आयोजित कार्यक्रम में उप जिलाधिकारी बल्दीराय विदुषी सिंह ने शिक्षकों को टैबलेट का वितरण किया। उन्होंने कहा कि शिक्षकों को टैबलेट मिलने से विद्यालय के बच्चों को आधुनिक तकनीक से शिक्षण कार्य करने में आसानी होगी।केंद्र पर 272 प्राथमिक व कम्पोजिट विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों व एवं वरिष्ठ सहायक अध्यापकों को शिक्षकों को टैबलेट वितरित किए गए है।खंड विकास अधिकारी रोजी सिंह ने कहा कि शिक्षक टैबलेट का प्रयोग कर बच्चों को विभिन्न कार्यक्रमों के विषय में समझा सकते है। शिक्षकों को टैबलेट वितरित किया गया है। इससे शिक्षण कार्य बेहतर होगा।इस मौके पर महेंद्र प्रताप सिंह, निहाल अहमद, निशात अंजुम, तालिब खान, अतुल सिंह, अनुसमान, एआरपी रामधर यादव, मोहम्मद शमीम, प्रतिभा सिंह,मनोज यादव, रमेश मिश्रा, जाकिर हुसैन, संदीप पांडे, राजीव तिवारी, गंगा प्रसाद, संचालन संजय यादव, बृजेश सिंह, राजीव तिवारी,धीरेंद्र सिंह,विजय पासी, परशुराम मौर्य सहित विद्यालय के प्रधानाध्यापक मौजूद रहे।

# टेबलेट पाकर खिले शिक्षकों के चेहरे

**अवधनामा संवाददाता**



**लम्भुआ, सुल्तानपुर।** बी आर सी लम्भुआ पर टेबलेट वितरण कार्यक्रम का आयोजन बी ई ओ लम्भुआ की अध्यक्षता में किया गया। टेबलेट वितरण समारोह में मुख्य अतिथि ब्लाक प्रमुख लम्भुआ डॉ. कुँवर बहादुर सिंह ने अपने कर-कमलों से 282 टेब्लेट्स वितरित किये।जिसमें से 138 विद्यालयों में प्रधानाध्यापकों व वरिष्ठ सहायक शिक्षकों को तथा 6 विद्यालयों को एक एक टेबलेट केवल प्रधानाध्यापकों को बॉटे गये। जिसका उद्देश्य डिजिटल लर्निंग के माध्यम से बच्चों को तकनीकी शिक्षा प्रदान करना तथा निपुण लक्ष्य ऐप, दीक्षा ऐप, रीड एलांग ऐप आदि के उपयोग से बच्चों का सतत् व व्यापक मूल्यांकन करने के साथ ही विभिन्न शासकीय योजनाओं के क्रियान्वयन की जानकारी पारदर्शी ढंग से प्रशासन को उपलब्ध भी कराना है। इसके अतिरिक्त इससे शिक्षकों व बच्चों की आ?नलाइन उपस्थिति व अन्य बैठकों की स्थिति व मॉनीटरिंग भी शासन के लक्ष्यों में शामिल है। समारोह का शुभारंभ खण्ड शिक्षा अधिकारी सुधीर कुमार सिंह द्वारा मुख्य अतिथि के स्वागत व शिक्षकों को टेब्लेट्स के उपयोग से परिचित कराते हुए किया गया।मुख्य अतिथि डॉ कुंवर बहादुर सिंह ब्लाक प्रमुख लम्भुआ ने अपने उद्बोधन में उपस्थित शिक्षकों को सम्बोधित करते हुए कहा कि इससे सरकार के डिजिटल इंडिया व पेपरलेस कार्यक्रम को बढ़ावा मिलेगा। उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ लम्भुआ के अध्यक्ष रणवीर सिंह ने कहा कि बच्चों को रीड एलांग एप से भाषाई दक्षता और अधिक विकसित होगी, साथ ही दीक्षा एप से पठन पाठन और प्रभावी ढंग से हो सकेगा। शिक्षकों को आनलाइन प्रशिक्षण में भी मदद मिलेगी। कार्यक्रम का संचालन डॉ राम सागर गुप्ता ने किया। इस अवसर पर विजय प्रताप सिंह विद्या प्रजापति लीला यादव रेनू सिंह प्रीति सिंह शीलू रामकेश हेमन्त सिंह जे के त्रिपाठी आदि मौजूद रहे।

# पीएम ने समझा मातृशक्ति का महत्वः स्वाति सिंह

**अवधनामा संवाददाता**

**अलीगंज,सुलतानपुर।** नवरात्रि के पर्व पर मर्यादा पुरुषोत्तम राम ने लंका विजय के पूर्व मां दुर्गा के नौ रूपों की 9 दिन पूजा करके दसवीं दिन लंका पर विजय प्राप्त की हमारी संस्कृति में भी महिला को अर्धांगिनी माना गया है बीच में विदेशी आक्रमणकारियों के कारण हमारी संस्कृति बिगड़ गई मातृशक्ति को स्वतंत्रता के बाद पहली बार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पहचाना यह बातें पूर्व मंत्री व भाजपा की वरिष्ठ नेता स्वाति सिंह ने कहीं श्रीमती सिंह बनारस जाते समय अलीगंज स्थित मनोरमा देवी इंटरमीडिएट कॉलेज में आयोजित स्वागत समारोह में किसी भी देश का संपूर्ण विकास तब तक नहीं हो सकता जब तक महिलाओं का विकास हो इसी को देखते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने सर्वप्रथम महिलाओं के स्वास्थ्य को सुधारने की दृष्टि से उज्ज्वला योजना की शुरुआत की इसके बाद महिलाओं को शक्ति सौंपने के लिए संसद तथा



विधानसभा में 33 प्रतिशत आरक्षण की व्यवस्था दी कुछ लोग तमाम तरह के आरोप लगाते रहते हैं लेकिन हकीकत में कोई भी अपने दिल में झांक कर देख ले तो विवेकानंद के बाद समाज सुधारक के रूप में प्रधानमंत्री को ही याद कियास्वागत समारोह में प्रधानाचार्य शालिनी अग्रवाल, मीना सिंह, रिमझिम मिश्रा, चंदन यादव, अरमान, श्रवण यादव, अंशिका, जयश्री शुक्ला, प्रतीक्षा, आरबी सिंह, शुशांक मिश्रा, अनिल मौर्य, प्रियंका आदि मौजूद रहे।

## हैप्पीनैस कार्यक्रम से ललितपुर बनेगा हैप्पी ललितपुरः सुबोध शर्मा

**ललितपुर।** आर्ट ऑफ लिविंग के विभिन्न कोर्स संपूर्ण करने के पश्चात अपनी जन्म-कर्म भूमि पर लौटे जिला प्रतिनिधि सुबोध शर्मा विश्वास ने जानकारी दी कि आगामी 2 से 5 नवम्बर तक सुबह 7 बजे से 9 बजे तक आर्ट ऑफ लिविंग का बेहद जनोपयोगी कोर्स हैप्पीनैस प्रोग्राम का आयोजन किया जा रहा है। इस आयोजन में लोगों के आज के माहौल में अस्त-व्यस्त जीवन को सुचारू व स्वास्थ्य के नजरिये से किस प्रकार हम सब अपने अनमोल जीवन को किस प्रकार स्वस्थ व खुशहाल बनायें। युवा व प्रौढ़ के जीवन में सुरसा की तरह मुंह बाये खड़े तनाव (डिप्रेशन), चिंता से कैसे अपने जीवन को कुशलतापूर्वक बचायें। समाज में निरंतर फैल रही हिंसा-नफरत से कैसे जीवन में अहिंसा-प्रेम का विस्तार हो। जीवन में खुशी-प्रेम कितना आवश्यक हो गया है। इन सभी अहम पहलुओं पर विचार-विमर्श के पश्चात हैप्पीनैस प्रोग्राम को आर्ट ऑफ लिविंग के संस्थापक व आध्यात्मिक गुरु श्रीश्री रविशंकरजी ने योगासन, प्राणायाम, ध्यान व दिव्य सुदर्शन क्रिया के माध्यम से सुसज्जित किया है।

# संकुल स्तरीय खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन



**अवधनामा संवाददाता**

**ललितपुर।** संकुल केन्द्र बिल्ला की क्रीड़ा प्रतियोगिता का आयोजन पूर्व माध्यमिक विद्यालय टोरिया में किया गया। जिसमें बालकों 100 मीटर की दौड़ प्रतियोगिता में पूर्व माध्यमिक विद्यालय उमरी के खुशीलाल प्रथम 200 मीटर दौड़ में पूर्व माध्यमिक विद्यालय गुगरवारा के संजय प्रथम स्थान पर रहे। वहीं बालिका वर्ग में 100 मीटर में कशिश एवं 200 मीटर में चायना प्रथम स्थान पर रही। प्राथमिक स्तर पर 50 मीटर दौड़ में पीयूष 100 मीटर दौड़ में हरेंद्र और 200 मीटर दौड़ में सत्यम प्रथम स्थान पर रहे। प्राथमिक स्तर पर बालिका वर्ग में प्राथमिक विद्यालय गुगरवारा की छाया 200 मीटर प्रथम स्थान पर रही। चित्रकला प्रतियोगिता में पूर्व माध्यमिक विद्यालय उमरी की छात्र प्रथम स्थान पर रही। सुलेख प्रतियोगिता में पूर्व माध्यमिक विद्यालय टोरिया की सोमती व जोगेंद्र प्रथम स्थान पर रहे वहीं प्राथमिक स्तर पर दिव्यांश प्राथमिक विद्यालय गुगरवारा प्रथम स्थान पर रहे। प्राथमिक व जूनियर स्तर की कबड्डी प्रतियोगिता में भी गुगरवारा व सेमरबुजुर्ग की टीम ने बाजी मारी। प्रतियोगिताओं को संपन्न कराने में खेल अनुदेशक सुनील कुमार, सनत पुरोहित, मनोज कुमार ने प्रतियोगिताओं को संपन्न कराने में इस सहयोग दिया। प्रतियोगिताएं संपन्न कराने में हरमन कुशवाहा, अरविंद सिंह परमार, रूपेश पटेरिया, अभिषेक शर्मा, नवनीत, प्रकाश, राजेश बबेले, संजीव लोहिया ने विशेष सहयोग दिया।

## मृतक अधिवक्ता के माता पिता बैठे धरने पर

**सुल्तानपुर।** अधिवक्ता आजाद हत्याकांड में मृतक आजाद को अपराधी कहने पर माता-पिता का धैर्य टूट गया। जिलाधिकारी के जनता दर्शन के सामने सड़क पर धरने पर मृतक के माता-पिता बैठ गए। एसपी से मुलाकात के दौरान मृतक अधिवक्ता आजाद के माता-पिता उग्र हो गए। पुलिस अफसरों को संवेदनहीन बताते हुए उन्होंने प्रदर्शन शुरू कर दिया। एस पी से मुलाकात के दौरान उन्होंने हत्या के मुख्य अभियुक्त सिराज अहमद की गिरफ्तारी नहीं होने और शस्त्र लाइसेंस नहीं दिए जाने का मुद्दा उठाया था। मृतक आजाद की मां का बयान, हत्या आरोपियों से नगर कोतवाल मिले हुए हैं।उन्होंने लगाया आरोप, पुलिस के संरक्षण में मेरे बेटे की हत्या की गई है। डीएम कृतिका ज्योत्सना ने माता-पिता को धरना स्थल से बुलवाया, मौके पर अपर जिलाधिकारी प्रशासन पंकज सिंह, एसडीएम सदर सीपी पाठक और सीओ राघवेंद्र चतुर्वेदी पहुंच गए।

# थाने की महिला पुलिस लगा रहीं चौपाल

- **महिलाओं-बालिकाओं को किया जा रहा जागरूक**
- **मिशन शक्ति जागरुकता अभियान**



**अवधनामा संवाददाता**

**ललितपुर।** मुख्यमंत्री के दिशा-निर्देश के क्रम में पुलिस अधीक्षक मो.मुश्ताक के निर्देशन में नवरात्रों पर्व में मिशन शक्ति के चौथे चरण के दृष्टिगत कम्यूनिटी पुलिसिंग व महिला सशक्तिकरण हेतु शक्ति दीदी के माध्यम से चलाये जा रहे अभियान के अंतर्गत महिला बीट आरक्षियों द्वारा गांव-गांव चौपाल लगाकर महिलाओं एवं बालिकाओं को जागरूक किया जा रहा है तथा शासन द्वारा संचालित जन कल्याणकारी योजनाओं के बारे में बताया गया। महिला बीट आरक्षी द्वारा गांव-गांव जाकर महिलाओं, बालिकाओं की सुरक्षा हेतु चौपाल लगाकर घटित होने वाले अपराधों एवं उनके उत्पीडऩ की रोकथाम हेतु समस्त थानों पर शक्ति दीदी, महिला सशक्तिकरण अभियान के तहत थानों पर गठित महिला सुरक्षा दल व थाना पर नियुक्त महिला बीट पुलिस कर्मियों द्वारा थाना क्षेत्र के सार्वजनिक स्थानों प्रमुख चौराहों, कस्बों, प्रमुख बाजारों, मन्दिर, शिवालयों, शापिंग मॉल आदि के आस-पास गश्त/चेकिंग करते हुए महिलाओं व बालिकाओं को आत्मसुरक्षा के लिये जागरुक किया जा रहा है। महिला बीट पुलिस अधिकारी द्वारा अपने-अपने थाना क्षेत्र अन्तर्गत गांव, कस्बों एवं सार्वजनिक स्थानों, मिशन शक्ति कक्ष में चौपाल लगाकर बालिकाओं/महिलाओं को उच्चाधिकारियों के नम्बर व नारी सुरक्षा, मिशन शक्ति अभियान के तहत हेल्प लाइन नम्बर वीमेन पावर लाइन 1090, महिला हेल्पलाइन 181, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076, पुलिस आपातकालीन सेवा 112, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, स्वास्थ्य सेवा 102, एम्बुलेंस सेवा 108 व साइबर हेल्पलाइन 1930 आदि के बारें में विस्तृत जानकारी प्रदान की जा रही है।

## मजदूर को अज्ञात वाहन ने रौंदा, मौत

**सुल्तानपुर।** लखनऊ- वाराणसी राष्ट्रीय राजमार्ग पर कोतवाली देहात के लोहरामऊ के पास अज्ञात वाहन ने साइकिल सवार श्रमिक को रौंद दिया।

# जलता पुआल देखकर खेतों के बीच पहुंची जिलाधिकारी

**अवधनामा संवाददाता**



**बहराइच।** विकास खण्ड चित्तौरा के ग्राम तुरहनी रज्जब गौशाला के स्थलीय निरीक्षण से लौटते समय ग्राम टेण्डवा जलालपुर के एक खेत के बीच में पुआल जलता हुए दिखने पर जिलाधिकारी मोनिका रानी ने तत्काल गाड़ी से उतर कर खेत के बीच पहुंचकर पुआल जलने की घटना के बारे में जानकारी प्राप्त की। खेत में मौजूद काश्तकार व अन्य ग्रामवासियों ने बताया कि यह खेत सन्तराम पुत्र सेवक का है परन्तु तीरथ पुत्र दुलारे द्वारा बटाई पर इसकी बोआई की जाती है। पुआल जलने की घटना के सम्बन्ध में मौजूद लोगों ने बताया कि खेत के बीच में जमा किये गये पुआल में दुर्घटनावश थ्रेसर की चिंगारी से आग लग गई है। डीएम ने खेत के बीच से ही उप जिलाधिकारी सदर डॉ. पूजा यादव को निर्देश दिया कि तत्काल घटना की जांच कराकर नियमानुसार कार्यवाही की जाय।

यहां पर मौजूद कृषकों को डीएम ने बताया कि पराली को कदापि आग के हवाले न करें। ऐसा करने पर आपसे अर्थ दण्ड वसूला जायेगा। डीएम ने कहा कि फसल जलाने से पर्यावरण प्रदूषित होने के साथ-साथ खेत में मौजूद मित्र कीट भी मर जाते हैं। लाभदायक कीटों की क्रियाशीलता कम हो जाने से फसलों की पैदावार में भी कमी हो जाती है। उन्होंने किसानों से अपील की कि पराली व फसल अवशेषों के बायो डीकम्पोज़र डालकर फसल अवशेष सड़ाकर खेत में ही खाद बनाएं। डीएम ने यह भी सुझाव दिया कि अतिरिक्त फसल अवशेष को अपनी नज़दीकी गौशाला का दान कर दें।

### सूचना

सूचित किया जाता है रईस अहमद पुत्र स्व वसीर अहमद निवासी ख्वाजगी पट्टी उर्फ़ बेलहा बांध तहसील फूलपुर प्रयागराज अपने बड़े पुत्र शेख मोहम्मद वारिस व उसकी पत्नी ज़ोया बेगम बूरी संगत व आसामाजिक आपराधिक किस्म के मित्रो के प्रभाव में रहता है मना करने पर मार पीट व झगड़ा करने पर आमादा रहता है , जिससे इन दोनों को अपने से पूरे होसो हवास में सभी पारिवारिक सदस्यों की सहमति व समित से अपनी चल व अचल संपत्ति से बेदखल करता हूँ इनके द्वारा किये गए/ लेन देन, भूत भविष्य वर्तमान में सभी कार्यों की ज़िमेदारी उपरोक्त दोनों की स्वयं की होगी

**रईस अहमद पुत्र**
**स्व. वसीर अहमद**
**निवासी ख्वाजगी पट्टी उर्फ़**
**बेलहा बांध**
**तहसील फूलपुर, प्रयागराज**

## ज्ञान प्रचारक महात्मा होरीलालजी हुए ब्रह्मलीन

**ललितपुर।** संत निरंकारी मिशन जोन बांदा के सरल स्वभाव मिलनसार व्यक्तित्व के धनी परोपकारी ज्ञान प्रचारक महात्मा होरीलाल जी 16 अक्टूबर 2023 को साकार रूप को त्याग कर निराकार में विलीन हो गए। संत जी की आयु 65 वर्ष की थी। उन्होंने पीडब्लूडी विभाग बांदा में भी पूर्णकालिक सेवाएं दी है। वे मूलत- ग्राम इंगुवा (मऊ) तहसील-बबेरू के निवासी थे। वे वर्तमान में परिवार सहित कालू कुआं बांदा मे निवासरत थे। उल्लेखनीय है की 1992 में संत के.के.गुप्ता जी (हमीरपुर) से ब्रह्मज्ञान प्राप्त किया। ज्ञान प्राप्त करने के बाद मिशन के सेवादल कार्यकर्ता के रूप में अपनी सेवाये अर्पित की। कुछ वर्ष बाद उनको निरंकारी बाबा हरदेव सिंह जी महाराज की कृपा से ज्ञान प्रचारक की सेवा प्रदान की गई। ज्ञान प्रचारक की सेवा मिलते ही आपने बहुत से गांवों, शहरो, कस्बों, बुन्देलखण्ड क्षेत्र के साथ ही उत्तर-प्रदेश के विभिन्न जिलो के अलावा देश के अन्य राज्यों में भी सत्य के सन्देश को जन-जन तक पहुचांया। उन्होनें हजारो की संख्या में जिज्ञासु प्रभु भक्तों को परमात्मा का बोध कराया। मीडिया सहायक ललितपुर मानसिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि हर मिलने वाले से प्रभु चर्चा करने वाले मृदुल स्वभाव व्यक्तित्व के धनी ब्रह्मज्ञानी महापुरुष होरीलाल का जीवन परोपकार मय था, वे बांदा साध संगत के रोशन मीनार थे।

### उत्तर रेलवे

**निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल रेल प्रबंधक (संकेत एवं दूरसंचार) उत्तर रेलवे, लखनऊ मंडल, लखनऊ द्वारा निर्धारित निविदा प्रपत्रों पर निम्नलिखित कार्य हेतु ई-निविदायें (सिंगल पैकेट सिस्टम) आमंत्रित की जाती है।

| | |
|---|---|
| निविदा सं. | 106-Sig-Tender-11-2023-24 |
| कार्य का नाम | "ऑग्मेंटेशन एंड उपग्रडेशन ऑफ डाटा लोगर सिस्टम ओवर लखनऊ डिवीजन" |
| अनुमानित लागत | रू. 18610962.75 |
| निविदा प्रपत्र की कीमत | निल |
| धरोहर राशि | रू. 243100.00 |
| कार्य पूरा करने की अवधि | 270 दिन |
| निविदा दस्तावेज जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय | 10.11.2023 15.30 बजे तक |
| वेबसाइट विवरण एवं नोटिस बोर्ड का स्थान जहाँ निविदा दस्तावेजों को देखा जा सकता है | वरिष्ठ सिगनल एवं दूरसंचार अभियंता कार्यालय/ मं.रे.प्र.कार्यालय परिसर/उत्तर रेलवे/लखनऊ |

• ठेकेदारों को ई-निविदा सिस्टम में भाग लेने के लिए भारतीय रेलवे की वेबसाइट www.ireps.gov.in के अतंर्गत पंजीकृत होना चाहिए। • समस्त नियम एवं शर्तें निविदा प्रपत्र में देखी जा सकती है। • मैनुअल निविदायें स्वीकृत नहीं की जायेंगी। • निविदा प्रपत्र एवं बयाना धनराशि का भुगतान सिर्फ नेट बैंकिग या पेमेंट गेटवे द्वारा स्वीकृत की जायेगी।

निविदा सूचना सं. 106-सिग-टेंडर-11/2023-24 दिनांक : 18.10.2023

3252/23

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# कार्यालय मुख्य चिकित्सा अधिकारी, जनपद-पीलीभीत।

पत्रांक- मु0चि0अ0/एन0एच0एम0/चिकित्सक/2023-24/18313-15 दिनांक : 19.10.2023

## विज्ञप्ति

मिशन निदेशक, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, उ0प्र0 लखनऊ के पत्रांक संख्या 179/SPMU/NHM/District-Walk- in/2023-24/4150 दिनांक 18.08.2023 के अनुपालन के कम में जनपद पीलीभीत में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, उ0प्र0 में संचालित विभिन्न कार्यक्रमों के अंतर्गत रिक्त संविदा पदों हेतु चिकित्सकों (एम0बी0बी0एस0) की नियुक्ति वाक-इन-इन्टरव्यू के माध्यम से की जानी है, जिसका विवरण निम्नवत है :-

| क्र. सं. | कार्यक्रम का नाम | पदनाम | अहर्य शैक्षिक योग्यता | वांछित अनुभव (यदि आवश्यक हो) | रिक्त पदों की संख्या (आरक्षण सहित) | रिक्त पदों के सापेक्ष अनुमानित मानदेय |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | एन0यू0एच0एम0 | फुल टाइम मेडिकल ऑफिसर | किसी मान्यता प्राप्त संस्थान से एम0बी0बी0एस0 की डिग्री तथा उ0प्र0 मेडिकल काउंसलिंग से पंजीकरण | अनुभवी को वरीयता दी जायेगी। | 04 (1-अनारक्षित, 1- अन्य पिछड़ा वर्ग, 2- अनुसूचित जाति) | 55000+ 20000 (Basic+PBI) |
| 2 | एन0यू0एच0एम0 (यू0एच0डब्ल्यू0सी0 और 15वें वित्त) | मेडिकल ऑफिसर | | | 05 (2-अनारक्षित, 1-अन्य पिछड़ा वर्ग, 2-अनुसूचित जाति) | 55000+ 20000 (Basic+PBI) |
| 3 | मातृ स्वास्थ्य | महिला चिकित्सा अधिकारी | | | 02 (1-अनारक्षित, 1- अन्य पिछड़ा वर्ग) | 60000-70000 (As per category A,B,C) |
| 4 | टेलीमेडिसिन (ई-संजीवनी) | एम.बी.बी.एस. चिकित्सक | | | 03 (1-अनारक्षित, 1-अन्य पिछड़ा वर्ग, 1-अनुसूचित जाति) | 60000 |

**आवेदन हेतु निर्देश :-**

- उपरोक्त समस्त पदों पर वाक-इन-इन्टरव्यू दिनांक 26.10.2023 को प्रातः 11:00 बजे से दोपहर 01:00 बजे तक कलेक्ट्रट कार्यालय चैम्बर, पीलीभीत में सम्पन्न कराया जाएगा।
- इच्छुक अभ्यर्थी वाक-इन-इन्टरव्यू के समय नवीनतम बायोडाटा, समस्त वांछित मूल अभिलेख, रजिस्ट्रेशन, दो नवीनतम कलर फोटोग्राफ तथा वांछित प्रमाण-पत्रों की स्वप्रमाणित प्रतियों के 01 सेट के साथ साक्षात्कार में प्रतिभाग कर सकते है।
- यह पद पूर्णतयाः नियत मानदेय पर संविदा शर्तो के अधीन है तथा इस पर स्थायीकरण का कोई दावा स्वीकार नहीं होगा। भर्ती प्रक्रिया के किसी भी स्तर पर रिक्त पदों की संख्या में परिवर्तन हो सकता है।
- उपरोक्त पदों पर नियुक्ति एक वित्तीय वर्ष तक के लिए मान्य होगी, जिसे भारत सरकार से अनुमोदनोपरांत आगे बढ़ाया जा सकता है।
- साक्षात्कार हेतु किसी भी प्रकार का यात्रा भत्ता देय नही होगा।
- इच्छुक अभ्यर्थी की आयु विज्ञापन प्रकाशित होने की तिथि पर 65 वर्ष से अधिक न हो।
- चयन प्रक्रिया में उ0प्र0 शासन द्वारा लागू आरक्षण नीति का पालन करते हुए भर्ती प्रक्रिया की जायेगी।
- कोई भी प्रतिकूल तथ्य पाये जाने पर जिला स्वास्थ्य समिति/राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, उ0प्र0 द्वारा एक महीने को नोटिस या नोटिस के बदले एक महीने के वेतन के बराबर राशि देकर चयनित अभ्यर्थी की संविदा/सेवा समाप्त करने का अधिकारी होगा।

**मुख्य चिकित्सा अधिकारी**
**पीलीभीत।**

# सदियों से रोडवेज बस स्टैंड के लिए तरस रहा है मौदहा

अवधनामा संवाददाता



**मौदहा हमीरपुर।** बुन्देलखण्ड का नामी-गिरामी कस्बा मौदहा जहाँ से हजारों लोग प्रतिदिन बसों व ट्रेनों से सफर करते हैं। मौदहा से हर दिन कानपुर, लखनऊ, दिल्ली व इलाहाबाद जैसे शहरों के लिए लोग सफर करते हैं। रोडवेज बसों से सफर करनें वालों का यदि अनुमान लगाया जाए तो वह सैकड़ों की संख्या होगी लेकिन मौदहा में आजादी के बाद से आज तक एक सरकारी रोडवेज बस स्टैंड नही बन सका। किसी की निजी जमीन पर बना बस स्टैंड जो एक खंडर का रूप धारण कर चुका है जहाँ अब बसे भी नही आती है बस वह एक निशानी है कि कभी यहां बस स्टैंड भी था। महोबा डिपो की तमाम बसें बडें चौराहा नेशनल हाइवे 34 के किनारे खड़ी हो कर सवारी उतारती व चढ़ाती हैं जिस के कारण सदैव किसी न किसी हादसे का खतरा बना रहता है। आजादी के 75 वर्ष बीत जाने के बाद सिर्फ दो बस स्टॉप के सहारे पूरा जिला चल रहा है। हमीरपुर व राठ। उत्तरप्रदेश परिवहन निगम ने प्रदेश में करोड़ों रुपए खर्च किए हैं लेकिन उसका थोड़ा भी हिस्सा हमीरपुर तक नहीं पहुंच सका। सरकारें आती जाती रहीं जनप्रतिनिधि वादे करते रहे लेकिन किसी नें आज तक मौदहा में रोडवेज बस स्टैंड बनानें का वादा पूरा नही किया। लोगों का मानना है कि उम्मीद और इन्तज़ार से अब आंखें थक चुकी हैं। अक्सर रोडवेज बसे नेशनल हाइवे पर खड़ी होजाती जिस से जाम की स्थिति उत्पन्न होजाती है। सवारी दौड़ बस में जगह पानें के लिए दौड़ कर रोड पार करती जो बहुत ही खतरनाक होता है बसों का नेशनल हाइवे पर खड़े होकर कर सवारी उतारना चढ़ाना ट्रैफिक नियमों का उल्लंघन भी है लेकिन यह तमाश मौदहा बडें चौराहा पर रोज होता है। चौराहा के आस पास रहनें वालों का कहना है कि जब तक रोडवेज बस स्टैंड नही बनता तब तक किसी ऐसे स्थान पर बसों का ठहराव कर दिया जाए जिस से जाम व जान के खतरे से बचा जा सके।

### थाना सुमेरपुर की पुलिस टीम द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओं को जागरूक किया गया

**सुमेरपुर।** मिशन शक्ति अभियान फेज-IV के क्रम में थाना सुमेरपुर की पुलिस टीम द्वारा थाना क्षेत्र अन्तर्गत युग चेतना महाविद्यालय नजरपुर व स्वामी शिवानंद महाराज विद्या मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भरुआ सुमेरपुर में जाकर बालिकाओं/ शिक्षिकाओं को आत्मरक्षा, गुड टच एवं बैड टच तथा उनके अधिकारों के सम्बन्ध में जागरूक किया गया। इसी क्रम में डायल 112 का उपयोग करने के बारे में बताया गया, बालिकाओं को विभिन्न हेल्पलाइन नंबर 112/ 1090/ 102/108/1098 आदि से अवगत कराया गया। साइबर अपराधों से बचाव के उपायों के सबन्ध में भी जानकारी दी गई। साथ ही उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा महिलाओं/ बालिकाओं हेतु चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं के संबंध में जानकारी दी गई। तथा विभिन्न हेल्पलाइन नंबर व महिलाओं/ बालिकाओं से सम्बंधित योजनाओं के पैम्फलेट वितरित किये गए।

# रामलीला में परशुराम और लक्ष्मण के बीच हुए तीखे संवाद

अवधनामा संवाददाता



**सोनभद्र/चोपन।** स्थानीय रेलवे रामलीला मैदान में चल रही रामलीला में मंगलवार की रात में धनुष भंग लीला का मंचन कलाकारों ने किया तत्पचात बुधवार की रात परशुराम-लक्ष्मण संवाद का मंचन किया गया जिसको देखने सुनने के लिए पूरी रात भीड़ जमी रही। जब परशुराम को भगवान राम के अवतार के बारे में ज्ञान हुआ तो उन्होंने अपने संदेह को दूर करने के लिए धनुष उन्हें दिया। पुत्री सीता के विवाह के लिए राजा जनक ने सीता स्वयंवर का आयोजन किया। उपस्थित राजा जब धनुष को उठाना तो दूर हिला तक नहीं सके तो परेशान होकर राजा जनक विलाप करने लगे उन्होंने कहा कि उन्हें आज पता चला कि पृथ्वी वीरों से खाली हो चुकी है। जनक का विलाप सुन दर्शक भाव विभोर हो गए। जनक की बातें सुन लक्ष्मण क्रोधित हो उठे तब भगवान राम ने इशारे से उन्हें रोका और विश्वामित्र से आज्ञा लेकर धनुष का भंजन किया। धनुष टूटते ही सीता ने भगवान राम के गले में जयमाला डाल दी। धनुष टूटने की आवाज सुनते ही परशुराम स्वयंवर में आ गए और धनुष तोड़ने वाले का नाम पूछने लगे इस पर वहां सन्नाटा छा गया। वहीं परशुराम और लक्ष्मण के बीच जमकर शब्दों के बाण चले। परशुराम लक्ष्मण संवाद का लुत्फ उठाने के लिए पूरी रात भीड़ जमी रही। अंत में रामलीला समिति के अध्यक्ष राजन जायसवाल द्वारा उपस्थित सैकड़ो दर्शको को हलुआ पूड़ी का प्रसाद दिया गया और राम लक्ष्मण भरत शत्रुधन को उपहार स्वरूप बरतन,कपड़ा व आभूषण भेट किए गए। स्वागत संचालन संजय चेतन ने किया। इस मौके पर नगर पंचायत अध्यक्ष उस्मान अली, मंडल अध्यक्ष सुनील सिंह, अशोक सिंघल, राजेंद्र जैन,प्रदीप अग्रवाल डॉ सतेंद्र आर्य, राजू चौरसिया, तीर्थराज शुक्ला, घनश्याम चौधरी, पृथ्वी सिंह, प्रकाश दास, अंकित पांडेय, सुरेश जयसवाल, रामकुमार सोनी, अमर शर्मा, श्यामनारायण दुबे, जितेंद्र जायसवाल, अरविंद, रिंकू अग्रहरी सहित सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।

### बच्चियों की खेल-कूद प्रतियोगिता का किया गया आयोजन

**बांदा।** शासन द्वारा महिला सुरक्षा एवं सशक्तीकरण हेतु चलाये जा रहे मिशन शक्ति अभियान फेज-4.0 के क्रम में पुलिस अधीक्षक बांदा के निर्देशन में जनपद में सघन जागरुकता कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है जिसके अन्तर्गत महिलाओं व बालिकाओं को शासन द्वारा उनकी सुरक्षा एवं सशक्तीकरण हेतु चलाये जा रहे विभिन्न कार्यक्रमों की जानकारी दी जा रही है साथ ही कई रचनात्मक कार्यक्रमों का भी आयोजन किया जा रहा है इसी क्रम में आज पुलिस लाइन ग्राउंड में बच्चियों की खेल-कूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें बच्चियों द्वारा बढ़-चढ़ कर प्रतिभाग किया गया । इस दौरान दौड़, पोल गेम, म्यूजिकल चेयर, इन-आउट प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया । 100 मीटर दौड़ प्रतियोगिता में नीलू को प्रथम तथा मुस्कान दो द्वितीय स्थान प्राप्त हुआ, 400 मीटर दौड़ प्रतियोगिता में प्रियंका को प्रथम तथा अर्पिता को द्वितीय स्थान प्राप्त हुआ।

### दहिनवारा से लौट रहे युवक की मार्ग हादसे में मौत

**बांदा।** फुफेरे भाई के दहिनवारा संस्कार (बधाई पूजन) में शामिल होकर घर लौटते समय बाइक सवार को तेज रफ्तार ट्रक टक्कर मारते हुए निकल गया। हादसे में गंभीर घायल बाइक सवार की मौत हो गई। शिनाख्त के बाद पुलिस ने शव पीएम को भेजा। बिसंडा थानाक्षेत्र के मरौली गांव निवासी बिंदा प्रसाद का 25 वर्षीय बेटा संतोष अपने फुफेरे भाई के दाहिनवारा संस्कार में शामिल होने सिंहपुर पहड़ियां गांव गया था। रात को वह बाइक से घर लौट रहा था। गांव के समीप सामने से आए ट्रक ने उसे कुचल दिया। इससे उसकी मौके पर मौत हो गई। वहां से गुजरे ग्रामीणों ने शव को पहचान लिया। घटना की जानकारी परिजनों को दी। मौत की खबर मिलते ही घरवालों में कोहराम मच गया। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया। मृतक के पिता ने बताया कि संतोष इकलौता बेटा था।

# छेड़खानी का विरोध करना पड़ा भारी, दबंगों ने वृद्ध को पीटा

अवधनामा संवाददाता

**बांदा।** बहू के साथ छेड़छाड़ का विरोध करने पर ससुर को तीन आरोपितों ने लाठी से हमलाकर लहूलुहान कर दिया। पुलिस ने एक पखवारा बाद छेड़छाड़ और मारपीट की रिपोर्ट दर्ज की। नरैनी कोतवाली क्षेत्र के एक गांव की रहनेवाली 35 वर्षीय महिला एक पखवारा पहले अपने ससुर और बच्चों के साथ बरामदे में सोई थी। पड़ोसी दबंग हाथ में तमंचा लेकर घर में घुस आया। महिला के साथ छेड़छाड़ करने लगा। महिला के शोर मचाने पर ससुर की नींद खुल गई। ससुर ने आरोपित को ललकारा तो तमंचा लहराते हुए मौके से फरार हो गया। पीड़िता ने घटना की तहरीर पुलिस को दी। लेकिन पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की। पीड़िता ने एसपी से गुहार लगाई। इसके बावजूद कोई कार्रवाई नहीं हुई। बुधवार शाम 65 वर्षीय ससुर तलाब किनारे बकरी चरा रहा था। आरोपित लवकुश समेत तीन लोग आ धमके और गाली गलौज करने लगे। विरोध करने पर तीनों ने लाठियों से हमला कर दिया, जिससे बुजुर्ग गंभीर रूप से घायल हो गया। वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपित मौके से फरार हो गए। घायल को सीएचसी में भर्ती कराया गया, जहां डाक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया। पीड़ित के परिजनों का कहना है कि आरोपित गांव की अन्य महिलाओं के साथ भी छेड़ाछाड़ कर चुका है।

# पीडीएस हेतु खाद्यान्नों के समय से उठान के संबंध में जिलाधिकारी ने ली बैठक

अवधनामा संवाददाता

**धान एवं ज्वार क्रय की तैयारियों की भी हुई समीक्षा**

**हमीरपुर।** खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत खाद्यान्नों के समयबद्ध उठान के संबंध में तथा ज्वार एवं धान क्रय की तैयारी के संबंध में एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन जिलाधिकारी श्री राहुल पांडेय की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट स्थित डॉ एपीजे अब्दुल कलाम सभागार में संपन्न हुई।

बैठक में जिलाधिकारी ने कहा कि खाद्य सुरक्षा अधिनियम के अंतर्गत सार्वजनिक वितरण प्रणाली / पीडीएस के खाद्यान्न का समयबद्ध उठान सुनिश्चित हो, इसमें किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। 31 अक्टूबर तक अनिवार्य रूप से शत प्रतिशत खाद्यान्न का उठान करा लिया जाए। जिलाधिकारी ने कहा कि जो भी परिवहन ठेकेदार समय से खाद्यान्न का उठान न करें ,उसे नोटिस जारी कर कार्रवाई करें। जिलाधिकारी ने कहा कि वेंडर द्वारा उचित दर / राशन की दुकान पर खाद्यान्न ले जाने पर कोटेदार खाद्यान्न को उतराकर अपने पास रखने की व्यवस्था अवश्य करें। धान एवं ज्वार क्रय की तैयारी के संबंध में जिलाधिकारी ने कहा कि धान एवं ज्वार क्रय करने हेतु सभी क्रय केंद्रों पर सभी तैयारियां पूर्ण कर ली जाए तथा वहां पर सभी जरूरी उपकरण रखे जाएं। उन्होंने कहा कि धान क्रय हेतु सभी केंद्रों पर नमी मापक यंत्र की व्यवस्था अवश्य कर ली जाए। जिलाधिकारी ने कहा कि सभी एसडीएम अपने क्षेत्र में ज्वार के बोए गए क्षेत्र का आकलन कर लें तथा उसका सत्यापन भी कर लें ताकि खरीद के समय में कोई भी समस्या ना हो। जिलाधिकारी ने कहा कि खाद्यान्न एवं चीनी के स्टॉक का सत्यापन कर उसकी सूची भी उपलब्ध कराई जाए। इस मौके पर अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे राजेश कुमार यादव, जिला पूर्ति अधिकारी ,जिला खाद्य विपणन अधिकारी , समस्त विपणन निरीक्षक व पूर्ति निरीक्षक , परिवहन ठेकेदार, मंडी सचिव तथा अन्य संबंधित मौजूद रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### सड़क हादसे में युवक गंभीर, रेफर

**मौदहा हमीरपुर।** सड़क हादसे में युवक गंभीर रूप से घायल हो गया जिसे प्राथमिक उपचार के बाद सदर अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया है। राठ थाना क्षेत्र के ग्राम धनपुरा निवासी राकेश(30)पुत्र सुंदर सिंह सड़क हादसे में गंभीर रूप से घायल हो गया जिसे कस्बे के सरकारी अस्पताल लाया गया जहां से घायल को गंभीर चोंटों के चलते प्राथमिक उपचार के बाद सदर अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया है।फिलहाल युवक की हालत गंभीर बताई जा रही है।

### मौदहा के रहमानिया कालेज में मिशन शक्ति कार्यक्रम



**मौदहा।** हमीरपुर। 19 अक्टूबर मिशन शक्ति अभियान 4 के तहत महिला एवं बालिकाओं की सुरक्षा सम्मान एवं स्वावलम्बन हेतु प्रदेश सरकार द्वारा चलाये जा रहे मिशन शक्ति कार्यक्रम के तहत कस्बे के रहमानिया इंटर कालेज में कोतवाली प्रभारी सुरेश सैनी के नेतृत्व में एक गोष्ठी का आयोजन किया गया जिसमें बालिकाओं को उनके सम्मान एवं सुरक्षा को लेकर जागरूक किया गया है। कार्यक्रम में महिलाओं की सुरक्षा एवं अधिकार के लिये बनाये गये कानून तथा हेल्पलाइन नंबरो की जानकारी दी गई है।इसके साथ ही कालेज में उपस्थित सैकडों छात्राओं को महिला आरक्षियो द्वारा अनेकों जानकारियां दी गयी हैं। इस दौरान प्रधानाचार्या रहमानिया इंटर कालेज डॉ रजिया सुल्ताना सहित विद्यालय स्टाफ मौजूद रहा है।

### मौदहा में रात्रि जागरण का हुआ आयोजन



**मौदहा-हमीरपुर।** नवरात्रि के चौथे दिन मां कुष्मांडा देवी के स्वरूप की पूजा अर्चना पूरे नगर में बड़े धूमधाम से की गई नगर में धर्मशाला रोड में स्थित देवी पंडाल व कोऑपरेटिव बैंक स्थित देवी पंडाल में रात्रि जागरण का आयोजन किया गया जिसमें देश विदेश से आए कलाकारों ने भाग लिया नगर में जगह-जगह डेढ़ दर्जन से अधिक देवी पंडाल सजाए गए जिसमे भक्तों की भारी भीड़ रही पूरे नगर में देर शाम होते ही भक्तों की चहल कदमी बढ़ जाती है, शारदीय नवरात्रि का यह पर्व पूरे 9 दिन चलता है जिसमें भक्त मां की भक्ति में पूरी तरहसराबोर रहते।

# एलईडी वैन के माध्यम से दी गई मिशन शक्ति की जानकारियां

अवधनामा संवाददाता

**कलाकारों की टोली बता रही है यूपी-112 की योजनाओं के फायदे**

**बांदा।** नवरात्री व दशहरे के अवसर पर एडीजी-यूपी112 अशोक कुमार सिंह के दिशा निर्देशन तथा पुलिस अधीक्षक बांदा अंकुर अग्रवाल के नेतृत्व में सात दिवसीय विशेष जागरूकता कार्यक्रम के प्रथम दिन अभियान की शुरुआत जनपद बाँदा के कालू कुवाँ चौराहे से हुई। जहां पर नुक्कड़ नाटक, एलईडी वैन व जनसभा कर नागरिकों को जागरूक किया गया। उन्हें बताया गया कि केवल झगड़े व मारपीट में ही नही बल्कि किसी भी आपात स्थिति जैसे आग लगने, प्राकृतिक आपदा, मेडिकल इमरजेंसी में भी आप 112 नम्बर डायल कर मदद प्राप्त कर सकते है। अपर पुलिस अधीक्षक/ नोडल अधिकारी 112 श्री लक्ष्मी निवास मिश्र ने नुक्कड़ जनसभा आयोजित कर सड़क सुरक्षा के सम्बंध में महत्वपूर्ण जानकारी दी। कालू कुआं के बाद महाराणा प्रताप चौक, कोतवाली नगर व सिविल लाइन चौराहा के पास जागरूकता अभियान चलाया गया। जागरूकता कार्यक्रम के दौरान दूसरों की मदद के लिए 112 नम्बर पर काल करने वाले जागरूक सूचनाकर्ताओं को सम्मानित भी किया

# राम को वन जाते हुए देख नम हुई लीला प्रेमियों की आंखें

अवधनामा संवाददाता



**सोनभद्र/ रेणुकूट।** हिण्डाल्को रामलीला परिषद् द्वारा हिण्डाल्को रामलीला मैदान पर आयोजित हो रही रामलीला के चौथे दिन राम राज्याभिषेक की घोषणा, राम वन गमन, राम-केवट संवाद एवं दशरथ स्वर्गवास आदि लीलाओं को बहुत ही सजीवता से मंचन हुआ। लीलाओं में चारो भाई विवाहोपरांत अयोध्या लौटते है और मंत्रिगणों से मंत्रणा करके राजा दशरथ श्रीराम को अयोध्या की राजगद्दी सौंपने की घोषणा करते हैं। अयोध्यावासी पूरे हर्ष-उल्लास के साथ भगवान राम के राज्याभिषेक की तैयारियों में लगे होते हैं तो इधर नारदजी सोचते है कि यदि रामचन्द्रजी राज-पाट में लग गए तो राक्षसों का संहार कैसे होगा और इस हेतु मां सरस्वती की सहायता से मंथरा के मन में भरत को राजगद्दी और श्रीराम को सात वर्ष के वनवास की कुबुद्धी भर देते हैं। मंथरा कैकेई के कान भरती है और मंथरा की बातों में आकर राजा दशरथ द्वारा दिए गए वरदानों के बदले में भरत के लिए अयोध्या की राजगद्दी और राम के लिए सात वर्ष का वनवास मांग लेती है। पिता के वचनों का पालन करते हुए माता सीता व भ्राता लक्ष्मण के साथ श्री राम वन को प्रस्थान करते है। इस मार्मिक दृश्य को देखकर लीला प्रेमियों की आंखें भी नम हो उठती हैं। उधर अहिल्या प्रसंग के कारण केवट राज श्री राम को नदी पार कराने को तैयार नही होते परन्तु राम द्वारा समझाने पर केवट राज मान जाते हैं और श्रीराम वहां से अयोध्यावासियों से विदा लेते हैं। अयोध्या में श्रीराम के विछोह में राजा दशरथ भी अपना शरीर त्याग देते हैं और इसी के साथ चतुर्थ दिन की लीलाओं का समापन होता है। इससे पूर्व मुख्य अतिथि हिण्डाल्को कॉमर्शियल हेड- रवि गुप्ता, फायनॉन्स हेड- उज्जल केश, लीगल हेड- विवेक कुमार सप्नीक एवं रामलीला परिषद् के अध्यक्ष प्रमोद उपाध्याय ने गौरी-गणेश पूजन कर चौथे दिन की लीलाओं का शुभारंभ किया।

# स्टेडियम के निर्माण कार्य को सदर विधायक ने देखा

अवधनामा संवाददाता

**अवर अभियंता को दिए इस्टीमेट उपलब्ध कराने के निर्देश**

**बांदा।** सदर विधायक ने स्पोर्ट्स स्टेडियम में चल रहे नव निर्माण एवं मरम्मत कार्यो का स्थलीय निरीक्षण किया। कार्यदायी संस्था यूपीपीसीएल यूनिट-13 के अवर अभियंता को शीघ्र ही शासन को इस्टीमेट उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। कहा कि निर्माण कार्य गुणवत्ता के साथ कराए जाएं। सदर विधायक प्रकाश द्विवेदी ने जिला खेल कार्यालय स्पोर्ट्स स्टेडियम में चल रहे नए निर्माण एवं मरम्मत के कार्यों का स्थलीय निरीक्षण किया। उन्होंने इस दौरान खेल मैदान का नव निर्माण, जिसमें मिट्टी की भरवाई, घास की रोपिंग, मैदान की सिंचाई, वाटर सप्लाई, इस्प्रिकल सहित चारों तरफ जाली, जीआई पाइप लगवाने व नाली का निर्माण कार्य विशेषज्ञ को बुलवाकर करवाने के लिए कार्यदायी संस्था यूपीपीसीएल के अवर अभियंता को निर्देश दिए। इसी प्रकार से उन्होंने इंडोर वालीबाल हाल में टिन शेड, फाल सीलिंग, खिड़की दरवाजे, वायरिंग लाइट, सिन्थेटक्स पाथवे के निर्माण, लॉग टेनिस एवं बास्केटबाल कोर्ट के नव निर्माण, कबड्डी एवं कुश्ती हाल के नव निर्माण, जिम हाल का जीर्णोद्धार, बाउंड्रीवाल का निर्माण, पूर्व में बनी हुई पवेलियन का जीर्णोद्धार, क्रिकेट ग्राउंड में तीन क्रिकेट की नई पिच बनाने, गेस्ट रूम के नव निर्माण, ओपेन जिम का निर्माण स्टेडियम ग्राउंड में हाई मास्क लाइट, स्ट्रीट लाइट, सौर ऊर्जा लाइट आदि लगवाने के कार्य का निरीक्षण करते हुए संस्था के अवर अभियंता को निर्देशित किया।

# वोटर चेतना महाअभियानः भाजपा कार्यकर्ताओं ने की बैठक

अवधनामा संवाददाता



**सोनभद्र/चोपन।** चोपन मंडल की महत्वपूर्ण बैठक चोपन मंडल अध्यक्ष सुनील सिंह के अध्यक्षता में श्याम लाज में संपन्न हुई बैठक का शुभारंभ सर्वप्रथम पंडित दीनदयाल उपाध्याय एवं श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन कर वंदे मातरम गान से हुआ । बैठक में पहुंचे बतौर मुख्य अतिथि जिला कोषाध्यक्ष राकेश मेहता ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि आज के बैठक का मुख्य विषय वोटर चेतना महाअभियान आगामी लोकसभा चुनाव में विजय दिलाने का प्रमुख माध्यम है जिसे सभी कार्यकर्ताओं को अपने अपने क्षेत्र में पुरी जिम्मेदारी से लग कर पुरा करना है। बैठक में विशिष्ट अतिथि के रूप में मण्डल प्रभारी जिला उपाध्यक्ष अशोक मौर्य ने कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि किसी भी पार्टी संगठन को चुनाव में विजय उसके मतदाता दिलवाते हैं। हम सभी को इस अभियान में 1जनवरी 2024 को 18 वर्ष पुरा करने वाले सभी मतदाताओं का नाम प्रारूप 6 मे व अवैध रूप से सूची मे नाम को प्रारुप 7 में भरकर नाम कटवाने का काम बड़े पैमाने पर करना है। बैठक समापन से पूर्व इसी हफ्ते हुए जुगैल के बूथ अध्यक्ष की हत्या पर आत्मा की शांति हेतु सभी कार्यकर्ताओं ने दो मिनट का मौन रखा । कार्यक्रम में प्रमुख रूप से जिला कार्यसमिति सदस्य राजेश अग्रहरी, प्रदीप अग्रवाल ,डा सुरेन्द्र मौर्य, दिव्यविकाश सिंह बिट्टू , सत्यप्रकाश तिवारी, घनश्याम चौधरी, सोनी रावत, दुलारी देवी, धर्मेन्द्र जायसवाल ,मनीष तिवारी, संदीप पाण्डेय, सत्यदेव पाण्डेय, धर्मेश जैन, कामेश्वर विश्वकर्मा, हिमांशु आर्य, प्रदीप गिरी, रामकुमार सोनी, मनोज सोलंकी, विजय साहनी, विकाश सिंह छोटकु इत्यादि कार्यकर्ता उपस्थित रहे। बैठक का संचालन मण्डल महामंत्री विकास चौबे ने किया।

# बुखार से पीड़ित वृद्ध की मौत

अवधनामा संवाददाता

**बांदा।** मौसमी परिवर्तन से बीमारियां बढ रही है। वायरल फीवर,बुखार के अलावा डेंगू भी लोगो का पीछा नही छोड़ रहा है। बुखार से पीड़ित एक बृद्ध की जिला अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई। डेंगू के पांच और मरीज मिले है। इन्हे मिला कर डेंगू पीड़ितो की संख्या 221 पहुंच गई है। मौसम की मार से लोग बेजार हो रहे है। हर घर में दो दो चार चार लोग बीमार पड़े है। अस्पताल खुलते ही मरीजो की भीड़ जमा हो जाती है। पर्चा बनवाने के बाद मरीज डाक्टरो के चेंयबंरो के बाहर खड़े होकर अपनी बारी का इंतजार करते है। मर्का गांव निवासी प्रहलाद (65)कई दिनो से बुखार से पीड़ित था। घरवालो ने उसका सरकारी समेत प्राइवेट अस्पतालो में इलाज करवाया लेकिन हालत में सुधार नही हुआ। गुरूवार की सुबह अचानक उसकी हालत बिगड़ गई। उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां उसकी मौत हो गई। परिजन शव लेकर घर चले गए। गुरूवार को जिला अस्पताल की पैथालॉजी में डेगू के 31 सैपल लिए गए। इनमें पांच लोगो की रिपोर्ट पाजिटिव आई है। इनमें धनंजय (38) पुत्र दूधानाथ कटरा, रोहित (20) पुत्र छोटेलाल सिसोलर, खुशी (20) पत्नी रामनरेश छावीतलाब, विकास (20)पुत्र हरिराम स्वाराज्य कालोनी, कुशल (22)पुत्र रामदयाल स्वाराज्य कालोनी शामिल है।

# राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन कर्मचारियों ने बुलंद की आवाज सौंपा पत्र

अवधनामा संवाददाता



**सोनभद्र।** राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन कर्मचारियों के विभिन्न समस्याओं को लेकर गुरुवार को पूर्व जिला अध्यक्ष प्रत्याशी पुष्पेन्द्र शुक्ला ने सीएमओ ऑफिस सीएमओ डॉ अश्वनी कुमार को सौपा ज्ञापन। अवगत कराना है कि राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन सोनभद्र में कार्यरत कर्मचारियों कि विभिन्न समस्याए जिला स्तर पर लंबित है पूर्व में 27-04-2023 को तत्कालीन मुख्य चिकित्साधिकारी को पत्र के माध्यम से कर्मचारियों के समस्यायों से अवगत कराया गया था परन्तु उक्त विषय पर अब तक कोई कार्यवाही नही कि गयी है जिससे कर्मचारियों को समस्या का सामना करना पण रहा है कर्मचारियों कि निम्न लंबित मांगे है। 1- मिशन निदेशक महोदया के द्वारा जनपद एवं मण्डल स्तर पर शिकायत निवारण समिति कि बैठक नियमित रूप से कराने के लिए दिनांक गुरुवार को पत्र जारी किया गया था परन्तु लगभग 1 वर्ष बीत जाने के बाद भी जिले स्तर पर grc कि कोई बैठक नहीं करायी गयी है जिससे कर्मचारियों के समस्यायों का समाधान जनपद स्तर से नही हो पा रहा है। 2- 3 वर्ष एवं 5 वर्ष कि सेवा लगातार पूर्ण कर लेने वाले कर्मचारियों को नियमानुसार लोयलिटी बोनस प्रदान किया जाये। 3- कम्युनिटी हेल्थ ऑफिसर के लंबित पिछले वित्तीय वर्ष एवं इस वर्ष के लंबित 3-4 माह के पी बी आई का भुगतान कराया जाये तथा प्रत्येक माह कार्य आधारित प्रोत्साहन राशी प्रदान कि जाये। 4-एच डब्लू सी पर कार्यरत एएनम के टी बी आई का भुगतान नियमानुसार कराया जाये।

### जाति सूचक शब्दों का प्रयोग करते हुए हाथ तोड़ देने का मुकदमा पंजीकृत

**पैलानी/बांदा।** थाना कोतवाली देहात के लामा गांव निवासी कल्लू पुत्र गिल्ली वर्मा ने थाना कोतवाली देहात में दी गई तहरीर में बताया कि वह 17 अक्टूबर 2023 को 10000 लेकर बांदा खाद लेने के लिए गल्ला मंडी गया था दिनभर खाद का इंतजार करने के बावजूद जब प्रार्थी को खाद नहीं मिली और शाम को प्रार्थी वापस घर लौट कर जा रहा था जैसे ही बारात घर लामा के पास पहुंचा तभी पीछे से पीयूष मिश्रा पुत्र मुन्ना मिश्रा ने प्रार्थी को पड़कर गिरा दिया और लात घुसो थप्पड़ों से मारा पीटा और जाट सूचक शब्दों का प्रयोग करते हुए भद्दी, भद्दी गालियां दी तथा प्रार्थी के बाएं हाथ में जोर से लाठी मार दिया जिससे प्रार्थी का हाथ टूट गया।

# आदिवासी बहुल ग्राम लोझरा में मच्छरदानी का वितरण

अवधनामा संवाददाता



**सोनभद्र/शक्तिनगर।** एनटीपीसी सिंगरौली शक्तिनगर के नैगम सामाजिक दायित्व के तहत ग्रामीण समुदायों के स्वास्थ्य को बढ़ावा देने की दिशा में आदिवासी बहुल ग्राम लोझरा के ग्रामीणो को मच्छरदानी का वितरण किया गया । इसका उद्देश्य मुख्य रूप से बरसात के मौसम में मच्छर जनित बीमारियों के खतरों को कम करना एवं स्थानीय निवासियों के समग्र कल्याण में योगदान करना था।

एनटीपीसी सिंगरौली द्वारा मच्छरदानी के वितरण के साथ-साथ, स्थानीय निवासियों को मच्छरदानी के उपयोग और अन्य निवारक उपायों के महत्व के बारे में सूचित करने के लिए शैक्षिक कार्यक्रम और जागरूकता अभियान भी चलाया जा रहा हैं । ज्ञात हो की मच्छर जनित रोगों से बड़े पैमाने पर आम जन ग्रहसित हो रहे हैं, जिसको ध्यान में रखते हुए एनटीपीसी सिंगरौली के सीएसआर योजना के तहत बीमारियों मच्छरदानी वितरण का यह विशेष अभियान चलाया जा रहा हैं। एनटीपीसी सिंगरौली द्वारा 200 से अधिक मच्छरदानी का वितरण कर लोझरा ग्राम के जरूरतमंद ग्रामीण जनों को लाभान्वित किया गया। इस अवसर पर सीएसआर के अंतर्गत पूर्व माध्यमिक विद्यालय लोझरा को स्वच्छता अभियान के तहत डस्टिबन एवं दरी का भी वितरण भी किया गया। एनटीपीसी सिंगरौली शक्तिनगर द्वारा सीएसआर योजना के अंतर्गत मोबाइल हेल्थ क्लिनिक (एमएचसी) और मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य देखभाल एम्बुलेंस के माध्यम से सम्मानित ग्रामीण जन हेतु विशेषज्ञ चिकित्सक की देखरेख में लोझरा ग्राम के स्थानीय निवासियों को निःशुल्क स्वास्थ्य सेवाएँ एवं आवश्यक दवाएं प्रदान की गई। ग्राम लोझरा के 50 से अधिक महिलाओं, बच्चों, बुजुर्ग ग्रामीण जनों ने एनटीपीसी सिंगरौली द्वारा आयोजित निःशुल्क मोबाइल हेल्थ क्लिनिक स्वास्थ्य सेवा का लाभ उठाया। इस अवसर पर श्री कुमार आदर्श, कार्यपालक (सीएसआर), श्री प्रशान्त श्रीवास्तव, प्रधानाचार्य (पूर्व माध्यमिक विद्यालय लोझरा) एवं एनटीपीसी सिंगरौली की टीम के सदस्य आदि उपस्थित रहें। इस अभियान के तहत निकट भविष्य में भी एनटीपीसी सिंगरौली द्वारा मच्छरदानी का वितरण आस-पास के जरूरतमंद ग्रामीण जनों को किया जाएगा।

# आवास की व्यवस्था के बाद ही सार्वजनिक भूमि से बेदखल होंगे गरीबः सीएम योगी

अवधनामा ब्यूरो

लखनऊ। योगी सरकार ने गरीबों, वंचितों और एससी-एसटी समेत पिछड़ी जातियों के हितों को ध्यान में रखते हुए बड़ा निर्णय लिया है। सरकार ने निर्देश दिया है कि गरीब एवं निराश्रित व्यक्तियों को सार्वजनिक भूमि से बेदखल करने की कार्रवाई करने से पूर्व उनके आवास की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। सरकार ने इसके लिए जिलाधिकारी की जिम्मेदारी तय करते हुए ऐसे मामलों में गरीबों के उत्पीड़न और शोषण पर कड़ा रुख अपनाने के भी निर्देश दिए हैं। उल्लेखनीय है कि सरकार ने ये निर्देश उन शिकायतों पर दिए हैं, जिनमें सार्वजनिक भूमि पर

**शिकायत पर नपेंगे अधिकारी व कर्मचारी**

अनुसूचित जाति, जनजाति के गरीब तथा भूमिहीन व्यक्तियों को बिना विधिक प्रक्रिया के अनुपालन के हटाया जा रहा है।

अपर मुख्य सचिव सुधीर गर्ग द्वारा समस्त मंडलायुक्त, जिलाधिकारी, आयुक्त एवं सचिव राजस्व परिषद एवं पुलिस आयुक्त एवं वरिष्ठ पुलिस आयुक्त को इस संबंध में पत्र लिखा है। इसमें कहा गया है कि अवैध संपत्तियों एवं भूमाफिया का चिन्हीकरण तथा अतिक्रमण हटाए जाने से संबंधी कार्यवाही करते समय किसी गरीब, असहाय एवं कमजोर व्यक्ति का



उत्पीड़न न होने पाए तथा विधिक प्रक्रियाओं का अनुपालन प्रत्येक दशा में सुनिश्चित किया जाए।

गरीबों के उत्पीड़न, शोषण के संबंध में शिकायत प्राप्त होने पर जिलाधिकारी स्वयं प्रकरण की जांच करेंगे तथा जांच में दोषी पाए जाने पर दोषी अधिकारियों व कर्मचारियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई करेंगे। पत्र में कहा गया है कि सरकार ने पहले भी इस संबंध में निर्देश जारी किए थे, लेकिन उसका अनुपालन सुनिश्चित नहीं किया जा रहा है। यह स्थिति अत्यंत खेदजनक व स्वीकार योग्य नहीं है। इसमें कहा गया है कि गरीब एवं निराश्रित व्यक्तियों के आवास की व्यवस्था किए जाने के बाद ही उनको बेदखल करने की कार्रवाई की जाए। जिलाधिकारी की जिम्मेदारी तय करते हुए कहा गया है कि इन निर्देशों का जिलाधिकारी द्वारा कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित किया जाए। अनुपालन में शिथिलता के लिए संबंधित जिलाधिकारी स्वयं उत्तरदायी होंगे।

## राजकीय आईटीआई में रोजगार दिवस कल


लखनऊ। राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, अलीगंज, लखनऊ में 21 अक्टूबर 2023 को रोजगार दिवस का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें 33 कम्पनियाँ प्रतिभाग करेंगी। ट्रेनिंग काउंसिलिंग एण्ड प्लेसमेन्ट आफिसर एम. ए. खाँ ने बताया कि कम्पनी में अभ्यर्थी की विभिन्न पदों के लिए अलग-अलग योग्यता की आवश्यकता है। हाईस्कूल, इण्टरमीडिएट, आईटीआई, स्नातक एवं डिप्लोमा किया हो वे ही प्रतिभाग कर सकते है। जिसमें आयुसीमा 18 से 40 वर्ष तथा वेतन 12,000 से 25,000 रुपये प्रतिमाह एवं अन्य सुविधाएं कम्पनी द्वारा दिया जायेगा। मेले में महिला व पुरूष दोनों अभ्यर्थी प्रतिभाग कर सकते है। कुल 6,700 पदों पर चयन किया जायेगा। इच्छुक अभ्यर्थी अपने बायोडाटा के साथ समस्त शैक्षिक प्रमाण पत्रों को संलग्न करते हुए प्रातः 09 बजे राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, अलीगंज, लखनऊ परिसर में उपस्थित होकर रोजगार प्राप्त कर सकते है।

# भ्रष्टाचार किसी भी रूप में बर्दाश्त नहीं, होगी सख्त कार्रवाईः ऊर्जा मंत्री

**त्योहारों में निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने हेतु सभी कार्मिक रहें मुस्तैदः ए.के. शर्मा**

अवधनामा ब्यूरो

लखनऊ। प्रदेश के नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री ए0के0 शर्मा के निर्देश पर प्रथम दृष्टया भ्रष्टाचार के दोषी पाये जाने के आरोप में आगरा जनपद के दो प्रभारी अवर अभियन्ता, प्रवर्तन टीम के 02 उपनिरीक्षक तथा एक मुख्य आरक्षी पर उपभोक्ता से रिश्वत लेने पर प्रबन्ध निदेशक दक्षिणांचल द्वारा सख्त कार्रवाई की गई। उपभोक्ता द्वारा की गई रिश्वत लेने की शिकायत पर इरादतनगर के प्रभारी अवर अभियन्ता सौरभ कुमार एवं हृदय कुमार को आगरा पुलिस ने उपभोक्ता से वसूली गई 35 हजार की धनराशि सहित गिरफ्तार किया तथा प्रवर्तन टीम के उपनिरीक्षक रजनेश सिंह एवं बिजेन्द्र सिंह तथा मुख्य आरक्षी सोनू प्रताप की



**उपभोक्ताओं का उत्पीड़न करने वाले बख्शे नहीं जायेंगेः ऊर्जा मंत्री**

गिरफ्तारी की कार्यवाही की जा रही। ऊर्जा मंत्री ने सभी विद्युत कार्मिकों एवं बिजिलेंस टीम की कार्यवाहियों पर भ्रष्टाचार की शिकायत मिलने पर सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा है कि प्रदेश सरकार के लिए उपभोक्ता हित सर्वोपरि है। उपभोक्ता का उत्पीड़न किसी भी रूप में बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। उन्होंने कहा कि विद्युत चेकिंग के नाम पर उपभोक्ताओं का उत्पीड़न करने, साथ ही एफआईआर का भय दिखाकर उपभोक्ताओं से अवैध धन की वसूली संबंधी प्रकरणों की जांच की जायेगी और दोषियों पर सख्त कार्रवाई की जायेगी। उन्होंने सभी डिस्कॉम के एम0डी0 को ऐसे मामलों में उपभोक्ताओं की शिकायतों का संज्ञान लेकर जांच करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश की योगी सरकार उपभोक्ताओं को निर्बाध विद्युत आपूर्ति देने के लिए विद्युत तंत्र के पुराने ढाँचे में तेजी से बदलाव कर रही है। फिर भी विभाग की छवि धूमिल करने वाले तथा राजस्व का नुकसान करने वाले विद्युत कार्मिकों के साथ विद्युत चोरी करने वाले और करवाने वाले बख्शे नहीं जायेंगे।

# क्षेत्रीय सेवायोजन कार्यालय लखनऊ में हुआ रोज़गार मेले का आयोजन

अवधनामा ब्यूरो

लखनऊ। क्षेत्रीय सेवायोजन कार्यालय लखनऊ में आज दिनांक 19.10.2023 को रोज़गार मेले का आयोजन किया गया,इस रोज़गार मेले में 9 कंपनियों ने प्रतिभाग किया, जिसमे 281 अभ्यार्थी उपस्थित हुए और इन अभ्यर्थियों में 71 का चयन किया गया। इस मौके पर ए.केड प्रजापति सहायक निदेशक (सेवायोजन) ने नियोजकों एव



आग्नतुको का स्वागत करते हुए बताया कि प्रदेश में युवाओं को रोज़गार/स्वःरोज़गार से जोड़कर आत्म निर्भर भारत अभियान को सफल बनाने तथा हर हाथ को काम सरकार की प्राथमिकताओं में है। इस अवसर पर क्षेत्रीय सेवायोजन कार्यालय के समस्त अधिकारी और कर्मचारीयो ने उपस्थित रहकर रोज़गार मेले में अपना पूर्ण सहयोग दिया।

# प्रमुख सचिव सूचना ने नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को दिलाई शपथ

अवधनामा ब्यूरो

लखनऊ। प्रमुख सचिव सूचना संजय प्रसाद ने पं0 दीनदयाल उपाध्याय सूचना परिसर में आयोजित शपथ ग्रहण समारोह में मिनिस्टीरियल कर्मचारी संघ के नव निर्वाचित पदाधिकारियों एवं कार्यकारिणी सदस्यों को शपथ दिलायी एवं निर्वाचित पदाधिकारियों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया और उन्हें भविष्य के दायित्वों के निर्वहन की शुभकामनाएं दी। प्रमुख सचिव सूचना संजय प्रसाद ने समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि सूचना विभाग कर्मचारियों के द्वारा



भरोसा जताते हुए आप सभी को नई जिम्मेदारी दी गई है, जिसका बेहतर ढंग से निर्वहन करें। उन्होंने कहा कि सूचना विभाग के अधिकारियों एवं कार्मिकों की बहुत बड़ी जिम्मेदारी होती है। वे अपने दायित्व को निभाते हुए सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी को समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक पहुंचाने में सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करते हैं, जिससे गरीब व्यक्ति को भी समाज की मुख्यधारा में आने का मौका मिलता है। निदेशक, सूचना शिशिर ने प्रमुख सचिव सूचना द्वारा अपना अमूल्य समय सूचना परिवार के मुखिया के नाते इस कार्यक्रम को देने के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया। उन्होंने कहा कि कार्यकारिणी के सदस्यों द्वारा प्रमोद कुमार के अलावा महिलाओं के प्रतिनिधि के रूप में शालिनी तोमर को सलाहकार सदस्य नामित करना हर्ष का विषय है। उन्होंने कहा कि मिनिस्ट्रियल कर्मचारी संघ रचनात्मक रूप से कर्मचारियों के हितों से संबंधित विषयों को उच्च स्तर तक पहुंचाने का कार्य करेंगे। सूचना विभाग के मिनिस्टीरियल कर्मचारी संघ में नवनिर्वाचित सदस्यों में कपिल सिंह ने अध्यक्ष पद (निर्विरोध निर्वाचित) की शपथ ली। निखिल मिश्रा एवं राजेश कुमार उपाध्यक्ष, राजकुमार महामंत्री, मो0 सलीम अंसारी कोषाध्यक्ष पद हेतु तथा अंबुज शुक्ला संगठन मंत्री, हरिप्रसाद ऑडीटर, राजेश कुमार भारती संयुक्त मंत्री, प्रणव शुक्ला प्रचार मंत्री सहित राजा भारती, रवि कुमार, पंकज कुमार यादव, आशीष कुमार-2, उमेश कुमार एवं बृजमोहन पाण्डेय ने संघ के सदस्य के रूप में शपथ ली।

# विकास कार्य को गति प्रदान करें अधिकारीः केशव

**उप मुख्यमंत्री ने यू.पी., सी.बी.एस.सी. एवं आई.एस.सी.इ. बोर्ड परीक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली बालिकाओं को किया सम्मानित**

अवधनामा ब्यूरो

लखनऊ। उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा संचालित किये जा रहे जनकल्याणकारी कार्यक्रमों, योजनाओं एवं विकास कार्यों का लाभ प्रत्येक पात्र व्यक्तित्व तक पहुंचाने के उद्देश्य से आज उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने जनपद गौतम बुद्ध नगर का सघन भ्रमण किया।उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने अपने जनपद भ्रमण के दौरान सर्वप्रथम कलेक्ट्रेट परिसर में पहुंचकर प्रदेश में महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलम्बन के उद्देश्य से संचालित मिशन शक्ति 4.0 अभियान के अन्तर्गत कक्षा 12वीं की यू.पी., सी.बी.एस.सी. एवं आई.एस.सी.ई. बोर्ड परीक्षा 2023 में जनपद स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली बालिकाओं को बीस हजार रूपये का डमी चेक, प्रतीक



**प्रधानमंत्री शहरी एवं ग्रामीण आवास योजना की महिला लाभार्थिओं को डमी चाभी का किया वितरण**

चिन्ह एवं सम्मान पत्र वितरण किया गया। साथ ही तीरंदाजी, एथलेटिक फुटबॉल खेल में उत्कृष्ट उपलब्धि प्राप्त करने वाली बालिकाओं को प्रतीक चिन्ह एवं सम्मान पत्र देकर सम्मानित किया। इसी के साथ 6 माह की बालिकाओं को खीर खिलाकर अन्नप्राशन कराया गया एवं प्रधानमंत्री आवास योजना -शहरी एवं प्रधानमंत्री आवास योजना -ग्रामीण की महिला लाभार्थिओं को डमी चाभी वितरण किया गया। इसके अतिरिक्त राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन योजनान्तर्गत स्वयं सहायता समूह की सदस्यों के आर्थिक समृद्धि एवं सशक्त बनाने के उद्देश्य से सामुदायिक निवेश निधि सी आई एफ की धनराशि रू. 4 करोड़ 26 लाख 80 हजार सी.एल.एफ. के पदाधिकारियों को डमी चेक के माध्यम से दिया गया। उप मुख्यमंत्री द्वारा कलेक्ट्रेट सभागार गौतमबुद्धनगर में उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण के उद्यमियों के साथ संवाद करते हुए उद्यमियों एवं निवेशकों की समस्याओं का बहुत ही गहनता के साथ अनुश्रवण किया और उद्यमियों व निवेशकों को आश्वस्त किया कि उद्यमियों व निवेशकों के सहयोग के लिए उत्तर प्रदेश सरकार कृत संकल्पित है। बैठक में उद्यमियों ने उपमुख्यमंत्री को पावर प्रजेंटेशन के माध्यम से अपने-अपने उद्योगों के संबंध में विस्तृत जानकारी उपलब्ध कराई। उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने जिला प्रशासन एवं प्राधिकरणों के अधिकारियों के साथ जनकल्याणकारी कार्यक्रमों, योजनाओं एवं विकास कार्यों को लेकर समीक्षा बैठक करते हुए कहा कि सरकार की मंशा और जनभावनाओं के अनुरूप अधिकारी अपना कार्य करें, विकास कार्य में गति प्रदान करें। सरकार की मंशा है, हर गरीब तक जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुंचे।

# अब इकाना स्टेडियम के पास बनेगा नौसेना का शौर्य संग्रहालय

**राजधानी में नौसेना से सम्बंधित देश का पहला शौर्य संग्रहालय होगाः जयवीर सिंह**

**मुख्यमंत्री 21 अक्टूबर को संग्रहालय की आधारशिला रखेंगे**

अवधनामा ब्यूरो

लखनऊ। प्रदेश की राजधानी लखनऊ में स्थित भारत रत्न एवं पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेयी इकाना स्टेडियम के प्रवेशद्वार-5 के सन्निकट लगभग 23 करोड़ रूपये की लागत से नौ सेना के शौर्य संग्रहालय की स्थापना की जायेगी। पहले इसका निर्माण पुलिस मुख्यालय



के समीप होना था। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ आगामी 21 अक्टूबर को इसका शिलान्यास करेंगे। इस अवसर पर वाइस एडमिरल समेत शासन-प्रशासन के उच्चाधिकारी मौजूद रहेंगे।यह जानकारी पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने आज दी। उन्होंने बताया कि लखनऊ में कई धार्मिक एवं ऐतिहासिक स्थल आकर्षण के केन्द्र हैं। अब नौ सेना का संग्रहालय बनने से पर्यटन के क्षेत्र में नई विविधिता जुड़ जायेगी। पर्यटकों की संख्या में बढ़ोत्तरी के साथ ही रोजगार के नये अवसर बढ़ेगे।

जयवीर सिंह ने बताया कि इस संग्रहालय में नौसेना से रिटायर्ड युद्धपोत, आईएनएस गोमती उससे संबंधित सभी उपकरण जैसे मिसाइल, टारपीडो, कैनन तथा अन्य सामानों का प्रदर्शन किया जायेगा।

यह संग्रहालय नौसेना से संबंधित देश का पहला संग्रहालय होगा, जहां पॉच हजार वर्ष पहले के युद्ध पोतों एवं जलयानों को प्रदर्शित किया जायेगा। इसके अलावा नौसेना से जुड़े अन्य उपकरणों को भी रखा जायेगा।

**परिवहन मंत्री ने दशहरा पर्व के दृष्टिगत विशेष क्षेत्रों में अतिरिक्त बसों का संचालन करने के दिये निर्देश**

# यात्रियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो

**बसों व बस स्टेशनों की साफ-सफाई बेहतर रखेंः दयाशंकर सिंह**

अवधनामा ब्यूरो

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के परिवहन राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दयाशंकर सिंह ने त्योहारों के दृष्टिगत खासतौर पर अभी दशहरा पर्व पर अतिरिक्त परिवहन सेवाएं यात्रियों को उपलब्ध कराने के निर्देश दिये हैं। उन्होंने कहा कि यह सेवाएं उन क्षेत्रों में विशेष रूप से उपलब्ध कराएं जिन क्षेत्रों में यात्रियों की आवागमन की सम्भावना अधिक रहती है। परिवहन मंत्री ने बताया कि दशहरा पर्व के पूर्व और उसकी समाप्ति के तुरन्त पश्चात यात्रियों का



आवागमन अत्यधिक बढ़ जाता है। इस बढ़े हुए आवागमन का लाभ लेने के लिये तथा यात्रियों को अधिक परिवहन सुविधा प्रदान करने के लिए कल दिनांक 20 अक्टूबर से 25 अक्टूबर, 2023 तक की अवधि में अधिक से अधिक बसों के संचालन करने के निर्देश दिये गये हैं। उन्होंने बताया कि आनंद बिहार दिल्ली से विभिन्न स्थानों के लिये जैसे टनकपुर रुपैडिया एवं सोनौली के यात्रियों की अत्यधिक भीड़ रहती है। इसी प्रकार सहारनपुर से अधिक संख्या में शाकुम्भरी देवी के दर्शन हेतु श्रद्धालु जाते हैं एवं इसी प्रकार मुरादाबाद एवं बरेली से पूर्णागिरी देवी के दर्शन हेतु अधिक संख्या में श्रद्धालु जाते हैं। परिवहन मंत्री ने निर्देश दिये कि समस्त बसों को आन रोड कर लिया जाये। किसी भी परिस्थिति में कोई भी बस कार्यशाला में खड़ी न रहे। उन्होंने कहा कि बस स्टेशन व बसें साफ-सुथरी रहें। यात्रियों की मूलभूत सुविधाओं जैसे-बैठने के स्थान पर कुर्सियां लगी हों एवं दुरूस्त हों, पंखे, लाइट, पीने के पानी इत्यादि की समुचित व्यवस्था रहे इसका ध्यान रखें।

# अनारक्षित स्पेशल रेलगाड़ियां चलाने का निर्णय

अवधनामा ब्यूरो

लखनऊ। रेलयात्रियो की सुविधा तथा अतिरिक्त भीड़भाड़ की निकासी हेतु रेलवे ने नई दिल्ली-श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा के बीच गति शक्ति सुपरफास्ट एक्सप्रेस स्पेशल तथा आनन्द विहार टर्मिनल-कटिहार/ सहरसा जं. तथा जयनगर के बीच निम्नानुसार त्यौहार अनारक्षित स्पेशल रेलगाड़ियाँ चलाने का निर्णय लिया हैः- 04071/04072 नई दिल्ली-श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा-नई दिल्ली गति शक्ति सुपरफास्ट एक्सप्रेस स्पेशल रेलगाड़ी (02 फेरे) 04071 नई दिल्ली-श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा गति शक्ति सुपरफास्ट एक्सप्रेस स्पेशल रेलगाड़ी दिनाँक 20.10.2023. को नई दिल्ली से रात्रि 11.30 बजे प्रस्थान कर अगले दिन पूर्वाह्न 11:25 बजे श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा पहूँचेगी 7 वापसी दिशा में 04072 श्री माता वैष्णो देवी कटरा - नई दिल्ली गति शक्ति सुपरफास्ट एक्सप्रेस स्पेशल रेलगाड़ी, 22.10.2023 को श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा से साँय 06.10 बजे प्रस्थान कर अगले दिन सुबह 05:35 बजे नई दिल्ली पहूँचेगी7 वातानुकूलित श्रेणी के डिब्बो वाली यह स्पेशल रेलगाड़ी मार्ग मे सोनीपत, पानीपत, करनाल, कुरुक्षेत्र जंश , अम्बाला



नई दिल्ली-श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा के बीच चलेगी गति शक्ति सुपरफास्ट एक्सप्रेस स्पेशल रेलगाड़ी (02 फेरे) आनन्द विहार टर्मिनल-कटिहार/सहरसा जं. तथा जयनगर के बीच चलेंगी त्यौहार अनारक्षित स्पेशल रेलगाड़ियाँ (24 फेरे)

कैंट, लुधियाना, जालंधर कैंट, पठानकोट कैंट, जम्मू तवी तथा उधमपुर(शहीद कैप्टन तुषार महाजन) स्टेशनों पर दोनों दिशाओ मे रुकेगी। 04048/04047 आनन्द विहार टर्मिनल-कटिहार-आनन्द विहार टर्मिनल अनारक्षित स्पेशल रेलगाड़ी (08 फेरे)

04048 आनन्द विहार टर्मिनल-कटिहार अनारक्षित स्पेशल रेलगाड़ी, 08.11.2023, 11.11.2023, 14.11.2023 एवं 17.11.2023 को कटिहार से साँय 03.30 बजे प्रस्थान कर अगले दिन दोपहर 03:00 बजे कटिहार पहूँचेगी। वापसी दिशा में 04047 कटिहार-आनन्द विहार टर्मिनल अनारक्षित स्पेशल रेलगाड़ी, 09.11.2023, 12.11.2023, 15.11.2023 एवं 18.11.2023 को कटिहार से साँय 06.00 बजे प्रस्थान कर अगले दिन साँय 05:50 बजे आनन्द विहार टर्मिनल पहूँचेगी। सामान्य श्रेणी के डिब्बो वाली यह स्पेशल रेलगाड़ी मार्ग मे कानपुर सेंट्रल, प्रयागराज जं., पंडित दीन दयाल उपाध्याय जं., बक्सर, आरा जं., पाटलिपुत्र ,हाजीपुर , बरौनी , बेगूसराय, खगड़िया तथा मानसी स्टेशनों पर दोनों दिशाओ मे रुकेगी। 04052/04051आनन्द विहार टर्मिनल-सहरसा- आनन्द विहार टर्मिनल अनारक्षित स्पेशल रेलगाड़ी (08 फेरे) 04052 आनन्द विहार टर्मिनल-सहरसा अनारक्षित स्पेशल रेलगाड़ी, 08.11.2023, 11.11.2023, 14.11.2023 एवं 17.11.2023 को आनन्द विहार टर्मिनल से रात्रि 10.45 बजे प्रस्थान कर अगले दिन दोपहर 03:30 बजे सहरसा पहूँचेगी।



मिशन 2024 समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव माननीय शिवपाल सिंह यादव के अलावा इटावा में प्रदेश सचिव अल्पसंख्यक सभा मौलाना सैयद परवेज कमाल वाले चुनाव को लेकर अहम बातचीत हुई और कहा कि हम सब लोगों को मिलकर जन-जन तक अपनी बात को पहुंचाना है और लोगों की बात को सुनना है।समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ता जो जहां भी हैं, ईमानदारी के साथ कम करें और राष्ट्रीय महासचिव शिवपाल सिंह यादव ने यह भी कहा कि हमारी जहां भी जरूरत पड़ती है कार्यकर्ताओं को तो हम उनके लिए हमेशा हमेशा के लिए खड़े हैं।

# उत्तर-पूर्व और जम्मू-कश्मीर में रेल संपर्क को बढ़ावा

**रेल मंत्री ने जम्मू और कश्मीर के उपराज्यपाल, असम और त्रिपुरा के मुख्यमंत्रियों के साथ नई रेलगाड़ियों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया**

अवधनामा ब्यूरो

नई दिल्ली/लखनऊ। केन्द्रीय रेल, संचार, इलेक्ट्रानिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री, भारत सरकार, श्री अश्विनी वैष्णव ने जम्मू और कश्मीर के उपराज्यपाल श्री मनोज सिन्हा, असम के मुख्यमंत्री श्री हिमंता बिस्वा सरमा, त्रिपुरा के मुख्यमंत्री प्रो. (डॉ) माणिक साहा के साथ आज वीडियो कन्फ्रेंसिंग के जरिये सप्ताह में तीन दिन चलने वाली ट्रेन नंबर 15617/15618 दुल्बचेर्रा - गुवाहटी रेलगाड़ी, ट्रेन नंबर 07688/07687 अगरतला-सबरूम डेमू ट्रेन, ट्रेन नंबर 12514/12515 गुवाहटी-सिकंदराबाद एक्सप्रेस को सिल्चर

**विस्टाडोम कोच से जम्मू और कश्मीर में पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा**

(असम) तक बढ़ाने और ट्रेन नंबर 12519/12520 कामाख्या-लोकमान्य तिलक एक्सप्रेस को अगरतला (त्रिपुरा) तक विस्तार को हरी झंडी दिखाई। जम्मू और कश्मीर में बड़गाम- बनिहाल रेलगाड़ी के लिये नये विस्टाडोम डिब्बों को भी हरी झंडी दिखाई गई। कार्यक्रम के दौरान अनेक गणमान्य लोग वीडियो कन्फ्रेंसिंग के जरिये जुड़े हुये थे।

श्री अश्विनी वैष्णव ने इस अवसर पर कहा, ''पिछले नौ वर्ष के दौरान, उत्तर-पूर्व के राज्यों और जम्मू-कश्मीर में काफी बदलाव



गुवाहटी-दुल्बचेर्रा, अगरतला- सबरूम (डेमू ट्रेन) के बीच नई रेलगाड़ियों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया, वहीं गुवाहटी-सिकंदराबाद एक्सप्रेस को सिल्चर तक और लोकमान्य तिलक - कामाख्या एक्सप्रेस को अगरतला तक बढ़ाया गया

देखा गया है और यह बदलाव जमीन पर स्पष्ट देखा जा सकता है। प्रधानमंत्री ने 60 बार से अधिक बार उत्तर-पूर्व राज्यों की यात्रा की है जो कि उनसे पहले रहे भारत के प्रधानमंत्रियों की यात्राओं से अधिक है। धारा 370 हटने के बाद से जम्मू और कश्मीर के विकास में तेजी आई है। हाल ही में जी20 की बैठकें जम्मू और कश्मीर राज्य में हुईं। इन दोनों क्षेत्रों में रेलवे की भी कई विकास परियोजनायें चल रहीं हैं। रेलवे ने उत्तर-पूर्व क्षेत्र के लिये 10,269 करोड़ रूपये का वार्षिक बजट आवंटित किया है, जबकि इससे पहले यह 2,122 करोड़ रूपये के आसपास था। उत्तर-पूर्व राज्यों में रेलवे की विभिन्न परियोजनायें तेजी से आगे बढ़ रहीं हैं। उत्तर-पूर्व के लिये दो वंदेभारत ट्रेन चलाने की भी योजना है। जम्मू और कश्मीर में चेनाब पुल, अंजी पुल, सुरंगों का विकास कार्य कुछ हिस्सों को छोड़कर पूरा हो चुका है। रेलवे उत्तर-पूर्व राज्यों में व्यापक बदलाव के लिये काम कर रहा है। जम्मू और कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने इस अवसर पर कहा, ''बनिहाल और बड़गाम के बीच विस्टाडोम कोच लगाना रेलवे की ओर से इस केंद्र शासित प्रदेश के विकास की दिशा में बड़ा कदम उठाया गया है। अत्याधुनिक डिजाइन वाले विस्टाडोम कोच से बड़ी संख्या में पर्यटकों को आकर्षित किया जा सकेगा।'' उन्होंने कहा कि हाल के समय में पर्यटन को काफी बढ़ावा मिला है और अब नये रेल रेलवे डिब्बों से क्षेत्र के विकास को और प्रोत्साहन मिलेगा।